Website- Edristi.in

नवत्र

समसामयिक घटनाओं की मासिक पत्रिका

वर्ष - 4 >>> अंक - 9 >>> मार्च, 2021

उत्तर प्रदेश बजट 2021-22

VISIT…

प्रथम पृष्ठ

ई-दृष्टि वेबसाइट पर करेन्ट अफेयर्स दिन-प्रतिदिन प्रस्तुत करते समय हमने इस बात का खास ख्याल रखा है कि करेन्ट अफेयर्स के वही टॉपिक चुने जाएं जो प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण हों और इसमें अनर्गल एवं गैर जरूरी तथ्यों को समावेशित कर आपके पढ़ने का भार न बढ़ाया जाए।

दूसरा यह ध्यान रखा गया है कि इस प्रकार की सामग्री के प्रति आपके विश्वसनीयता के संकट को दूर किया जा सके। इस बात के लिए हमने प्रत्येक तथ्य के प्रमाणन हेतु संबंधित लिंक भी उपलब्ध कराया है। लिंक पर जाकर आप स्वयं ही इन तथ्यों की प्रामाणिकता को जांच सकते हैं, परख सकते हैं

करेन्ट अफेयर्स से संबंधित सूचनाओं को तुरंत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा किंतु तथ्यों की प्रामाणिकता को समय पर तरजीह दी गयी है। इस कारण हो सकता है कि घटनाएं जिस दिन घटित हों उसके एक या दो दिन बाद आपको हमारी वेबसाइट पर प्राप्त हों। माह भर की घटनाओं को संशोधित, परिमार्जित और संपादित करके पी.डी.एफ. प्रत्येक माह की 1 तारीख को उपलब्ध करा देने की योजना है। पी.डी.एफ. में प्रायः माह की 28 तारीख तक की घटनाओं को समावेशित किया जाएगा।ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि सभी तथ्यों की जांच करने में कुछ समय अवश्य ही लगेगा।पाठकों की संतुष्टि हमारे लिए सर्वोपरि है, इसीलिए आपसे अनुरोध है कि अपने फीडबैक से हमें अवश्य अवगत कराएं। आपकी आलोचनात्मक प्रतिक्रियाओं का हम तहे दिल से स्वागत करेंगे। इससे हमें आगामी दिनों में सामग्री के स्तर में सुधार की दिशा प्राप्त होगी।करेण्ट अफेयर्स के पीडीएफ को भारी संख्या में डाउनलोड प्राप्त हुए हैं। इसके लिए हम अपने पाठकों का अभिनन्दन करते हैं।हमारे प्रयास के लिए परीक्षार्थियों द्वारा दिखाया गया उत्साह हमें अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग बनाता है।आशा है कि करेन्ट अफेयर्स का पीडीएफ (फरवरी,2021) पाठकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

करेण्ट अफेयर्स पर कोई भी सामग्री बेकार है यदि उस सामग्री में से ही परीक्षा-प्रश्न नहीं बनते हैं। इस दृष्टि से ई-दृष्टि बेहद सफल रही है। पी.सी.एस. उ.प्र. में लगभग सभी प्रश्न एवं अन्य परीक्षाओं में भी अधिकांश प्रश्न हमारी सामग्री से पूछे गये हैं।ई-दृष्टि की सामग्री और परीक्षा प्रश्न-पत्रों का मिलान करके आप स्वयं देख सकते हैं।

Table of Contents

राष्ट्रीय परिदृश्य 14

उत्तर प्रदेश बजट, 2021-22 14

नीति आयोग की छठी गवर्निंग काउंसिल की बैठक, 2021 21

पेयजल सर्वेक्षण 22

प्रधानमंत्री द्वारा केरल और तमिलनाडु में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन 23

महात्मा गांधी नेशनल फैलोशिप, 2021-2023 25

रेल मंत्रालय की 'लौह अयस्क नीति-2021' 27

नेपाल में सांस्कृतिक विरासत परियोजनाओं के जीर्णोद्धार के लिए अनुदान 29

कर्नाटक ने लांच किया डिजिटल अर्थव्यवस्था मिशन कार्यालय 30

केरल का पहला ब्रेस्ट मिल्क बैंक 31

नेशनल मरीन टर्टल एक्शन प्लान 31

पूंजीगत परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त पूंजी पाने वाला देश का पहला राज्य 32

पूर्वोत्तर परिषद का 69वां पूर्ण अधिवेशन 34

भारत-ऑस्ट्रेलिया-जापान-अमेरिका के बीच तीसरी मंत्रिस्तरीय बैठक 35

जल जीवन मिशन के अंतर्गत दूसरे किश्त का पहला ट्रांच लेने वाला देश का पहला राज्य 35

6वां इंडिया फार्मा और इंडिया मेडिकल डिवाइस 2021 36

20वां विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन, 2021 37

दूसरा भारतीय समुद्री शिखर सम्मेलन-2021 38

भारत-ऑस्ट्रेलिया सर्कुलर इकोनॉमी हैकाथॉन, 2021 38

ई-कैबिनेट प्रणाली लागू करने वाला देश का पहला राज्य 39

पहला आसियान-भारत हैकाथॉन, 2021 40

झारखंड सरकार की पहली सीएसआर नीति 42

पश्चिम बंगाल में जलपक्षियों की जनगणना 43

भारत का पहला आर्द्रभूमि संरक्षण और प्रबंधन केंद्र 44

लालंदर (शहतूत) बांध के निर्माण हेतु समझौता 45

चौरी चौरा शताब्दी समारोह 46

व्यापार और निवेश पर प्रथम भारत-यूरोपीय संघ उच्चस्तरीय संवाद, 2020 47

हिंद महासागर क्षेत्र के रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन, 2021 48

वर्चुअल भारत पर्व, 2021 49
आदि महोत्सव, 2021 50
अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य 51
लोकतंत्र सूचकांक, 2020 51
विश्व खाद्य सुरक्षा द्वारा खाद्य प्रणालियों और पोषण पर दिशा-निर्देश जारी 52
डब्ल्यूएचओ द्वारा 10 वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों की सूची जारी 53
लीबिया में नए अंतरिम नेतृत्व का चयन 55
यूएई द्वारा नई नागरिकता नीति जारी 56
भ्रष्टाचार बोध सूचकांक, 2020 57
वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक 2021 58
पीपुल्स क्लाइमेट वोट रिजल्ट 59
हुरून ग्लोबल 500 रिपोर्ट 62
आर्थिक परिदृश्य 63
इंस्टिट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंसियल एनालिसिस (IEEFA) रिपोर्ट 63
सीसीईए द्वारा ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लि., असम को सहायता प्रदान करने को मंजूरी 65
मौद्रिक नीति समिति वक्तव्य, 2020-21 66
क्रेडिट डिफ़ॉल्ट स्वैप्स पर ड्राफ़्ट दिशा-निर्देश 67
'बैंक ऑफ महाराष्ट्र' और 'लोनटैप क्रेडिट प्रोडक्ट्स' के बीच साझेदारी 68
एजीएस ट्रांजैक्ट(AGS Transact) और मास्टरकार्ड के बीच साझेदारी 68
'एनपीसीआई पेआथ (Poy Auth) चैलेंज' : वैश्विक स्तर का हैकथॉन 69
ब्रिक्स के न्यू डेवलपमेंट बैंक की एनआईआईएफ के 'फंड ऑफ फंड्स' (FoK) के लिए 100 मिलियन डॉलर की प्रतिबद्धता 70
आईसीआईसीआई लोम्बार्ड द्वारा पहला कॉर्पोरेट जोखिम सूचकांक जारी किया गया 71
HDFC बैंक के IT अवसंरचना(Infrastructure) के ऑडिट के लिए बाहरी फर्म की नियुक्ति 72
2021 सीजन के लिए कोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी 73
उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति, 2021 74
मैन्यूफैक्चर्ड सैंड (एम-सेंड) नीति, 2020 75
मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में हिस्सेदारी का अधिग्रहण 76
बीओआई एक्सा आईएम और बीओआई एक्सा टीएस का अधिग्रहण 77
एमसीए 21 वर्जन 3.0 78

वर्ष 2020 में भारत के चाय उत्पादन में गिरावट 79
भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंको में शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने के लिए रूपरेखा जारी किया 79
15 वें वित्त आयोग की रिपोर्ट (2021-26) 80
दिसंबर, 2020 में भारतीय कंपनियों का विदेशी निवेश 84
वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अपडेट जनवरी, 2021 85
वर्ल्ड इकोनॉमिक सिचुएशन एंड प्रास्पेक्ट्स रिपोर्ट, 2021 86
जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा 87
वैज्ञानिक परिदृश्य 88
रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी 88
बाबर क्रूज मिसाइल 88
दो सीटर ट्रेनर विमान 89
स्डारडस्ट 1.0 90
नासा का आगामी स्फीयर-एक्स मिशन 90
विज्ञान ज्योति कार्यक्रम का दूसरा चरण 91
डीप-सी फिशिंग वेसल्स डिजाइन एंड स्पेशीफिकेशन को फ्रेम करने के लिए नोडल प्राधिकरण 93
2021 के अंत में पहला ऑल सिविलियन ऑर्बिटल स्पेस फ्लाइट 94
कॉम्बैट Kh35E एंटीशिप मिसाइल 95
स्पेस एक्स ने एक ही बार में अंतरिक्ष में स्थापित किए सौ से अधिक उपग्रह 96
MeerKAT टेलीस्कोप द्वारा दो विशालकाय रेडियो आकाश-गंगाओं की खोज 97
युद्ध अभ्यास-2020 98
एफएसी पोत टी-81 सेवामुक्त 99
माइक्रोस्ट्रक्चर सब्सट्रेट 99
खेल परिदृश्य 101
टेनिस 101
गिप्सलैंड ट्रॉफी, 2021 101
यार्रा वैली क्लासिक, 2021 101
अंताल्या ओपन, 2021 102
एटीपी कप, 2021 103
क्रिकेट 103

टी-10 लीग, 2021 103
सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी, 2020-21 105
बिग-बैश लीग 2020-21 106
आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड (जनवरी, 2021) 106
आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्डर्स शुरू करने की घोषणा 107
ड्रीम 11 का न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ अनुबंध 108
हॉकी 109
10वीं नेशनल आइस हॉकी चैंपियनशिप (पुरुष वर्ग), 2021 109
फुटबॉल 109
फीफा क्लब वर्ल्ड कप, 2020 109
शतरंज 111
ओपेरा यूरो रैपिड ऑनलाइन चेस टूर्नामेंट, 2021 111
टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट, 2021 111
एयरथिंग्स मास्टर्स, 2020 112
बैडमिंटन 113
बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स, 2020 113
योनेक्स थाईलैंड ओपन, 2021 114
टोयोटा थाईलैंड ओपन, 2021 115
गोल्फ 116
ओमेगा दुबई डेजर्ट क्लासिक, 2021 116
एथलेटिक्स 116
18 वीं राष्ट्रीय फेडरेशन कप जूनियर (अंडर-20) एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, 2021 116
खेल विविध 117
100 अंतरराष्ट्रीय टी-20 जीतने वाली विश्व की पहली टीम 117
23वीं महिला सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप, 2020 118
27 वीं पुरुष हैंडबाल विश्व चैंपियनशिप, 2021 120
भारतीय राष्ट्रीय रैली चैंपियनशिप, 2020 120
रेफरेंस मैटेरियल 121
1500 मीटर दौड़ में नया इंडोर विश्व रिकॉर्ड 122

आईसीसी की वैश्विक साझेदारी कंपनी 123
चर्चित खेल व्यक्तित्व 123
फाफ डु प्लेसिस 124
नमन ओझा 124
एशिया में चौथी पारी में दोहरा शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी 125
ब्रूस टेलर 126
100वें टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज 126
प्रशांत डोरा 127
नए खेल विकास महाप्रबंधक 128
ग्रैंडस्लेम के मुख्य ड्रा में जगह बनाने वाली 5वीं भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी 128
अख्तर अली 129
अशोक डिंडा 130
भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष 130
गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई हॉल ऑफ फेम 131
किसी एक देश के लिए तीनों फॉर्मेट में सबसे अधिक रन बनाने वाले विश्व के पहले बल्लेबाज 132
ऑस्ट्रेलियाई अंपायर का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास 132
विश्व के सबसे पुराने (वृद्ध) प्रथम श्रेणी क्रिकेटर का निधन 133
माइकल किंडो 134
भारत के 67 वें ग्रैंडमास्टर 134
लुईस हैमिल्टन को नाइटहुड सम्मान 135
संक्षिप्तियां 136
चर्चित व्यक्ति 136
एम.रामा जोइस 136
अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन के नए महानिदेशक 136
प्रोणिता गुप्ता 137
कांगो गणराज्य में नये प्रधानमंत्री की नियुक्ति 138
विश्व व्यापार संगठन की नई महानिदेशक 138
ऑस्कर विजेता अभिनेता क्रिस्टोफर प्लमर का निधन 139
टीसीआईएल के नए सीएमडी 140

एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष 141
भारतीय मूल की महिला द्वारा यूएन महासचिव पद हेतु उम्मीदवारी 141
एलआईसी के नए प्रबंध निदेशक 142
एसबीआई कार्ड एंड पेमेंट सर्विसेज के नए एमडी एवं सीईओ 143
बूटा सिंह 143
सेल (SAIL) के नए अध्यक्ष 144
वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टॉफ 145
राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के नए अध्यक्ष 145
प्रसारण सामग्री शिकायत परिषद (BCCC) के अध्यक्ष 146
न्यायमूर्ति पंकज मिथल 146
एनसीसी के नए महानिदेशक 147
डॉ.के. सिवान 148
राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) के नए सीईओ 148
चर्चित स्थल 149
महाराजा सुहेलदेव स्मारक और चित्तौरा झील के विकास कार्यों का शिलान्यास 149
डायनों एडवेंचर पार्क एवं फॉसिल्स म्यूजियम 150
भारत का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम 150
डाकुओं पर आधारित पुलिस संग्रहालय 151
कोविड-19 योद्धा स्मारक 152
एक्वा पुनर्जीवन संयंत्र 152
देहरादून में होगी साइंस सिटी की स्थापना 153
विश्व का सबसे बड़ा पवन ऊर्जा संयंत्र 154
विश्व का पहला ऊर्जा द्वीप 155
कलिवेली वेटलैंड्स 156
देश का पहला कोरोना मुक्त केंद्रशासित प्रदेश 157
असम राज्य में पहला हेलीपोर्ट 157
माउंट मेरापी 158
देश के सबसे ऊंचे मौसम विज्ञान केंद्र का उद्घाटन 159
पुरस्कार/सम्मान 159

ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट अवॉर्ड, 2020-21 159
फेमिना मिस इंडिया-2020 160
गणतंत्र दिवस परेड में उत्तर प्रदेश की झांकी ने प्रथम पुरस्कार जीता 161
सेना का वीरता पुरस्कार-2021 162
सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार, 2021 163
डिजिटल इंडिया पुरस्कार, 2020 164
इंजीनियर पुरस्कार-2020 165
आईसीसी अवॉर्ड्स 2020 166
सामाजिक न्याय के लिए मदर टेरेसा मेमोरियल अवॉर्ड, 2020 167
योजना/परियोजना 168
मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना 168
मां योजना 169
नेपाल में सांस्कृतिक विरासत परियोजनाओं के जीर्णोद्धार के लिए अनुदान 170
'केरल ज्ञान मिशन' का शुभारंभ 171
रिवार्ड (REWARD) परियोजना 172
कृषि में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना (NeGPA) 173
आयुष्मान भारत महात्मा गांधी राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना 173
आयुष्मान सीएपीएफ योजना 174
कामेंग जल विद्युत परियोजना 175
'मुख्यमंत्री विज्ञान प्रतिभा परीक्षा' छात्रवृत्ति योजना 176
जम्मू-कश्मीर में बाढ़ पूर्वानुमान संबंधी एक सहयोगात्मक परियोजना 176
देश की पहली भू-तापीय बिजली परियोजना 177
देश की पहली चिकित्सा शिक्षा छात्र बीमा योजना 178
भारत-नेपाल सीमा को जोड़ने वाली नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन 179
लखवाड़ बिजली परियोजना 180
आंध्र प्रदेश द्वारा बिजली क्षेत्र सुधारों को लागू किया गया 181
गोबर्धन योजना की प्रगति की निगरानी के लिए एकीकृत वेब पोर्टल 182
बौद्धिक संपदा अधिकार योजना एवं गुणवत्ता परीक्षण और प्रमाणन योजना का प्रारंभ 183
ओमान में सौर ऊर्जा परियोजना 184

राजक्विक, सक्षम एवं समर्थन योजना 184
24 घंटे में कंक्रीट की सबसे लंबी सड़क बनाने का विश्व रिकॉर्ड 186
असम का सबसे पुराना खादी संस्थान पुनर्जीवित 187
रतले पनबिजली परियोजना 187
बाल हृदय योजना 189
आयोग/समिति 190
प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों पर एक विशेषज्ञ समिति का गठन 190
ऑपरेशन/अभियान 190
'सांस' अभियान 190
'स्विच दिल्ली' अभियान 191
MASCRADE 2021 192
हर घर पानी, हर घर सफाई मिशन 193
किसान कल्याण मिशन 194
वर्ष 2021 के लिए देशव्यापी पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत 195
सम्मेलन/समारोह 195
अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत-बहरीन संयुक्त कार्यसमूह की पहली बैठक संपन्न 195
भारत एवं यूनाइटेड किंगडम संयुक्त कार्य समूह की बैठक संपन्न 196
ग्लोबल चीफ्स ऑफ एयर स्टॉफ, सम्मेलन, 2021 197
भारत-जापान एक्ट ईस्ट फोरम की 5 वीं संयुक्त बैठक, 2021 198
दूसरी भारत-बांग्लादेश कॉन्सुलर वार्ता, 2021 198
उद्योग मंथन-2021 199
भारत जलवायु वक्तव्य,2020 200
संधि/समझौता 201
भारत और विश्व बैंक के मध्य समझौता 201
साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने हेतु समझौता 202
बिहार सरकार-यूएनईपी में समझौता 203
भारतीय रिवर्ज बैंक एवं सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका के मध्य समझौता 204
हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड तथा विप्रो 3D के मध्य समझौता-ज्ञापन 204
संयुक्त उन्नत प्रौद्योगिकी कार्यक्रम हेतु समझौता 205
स्विट्जरलैंड और हरियाणा के मध्य समझौता 206

आईआईटी खड़गपुर और एनआईयूए ने बीएएसआईआईसी के लिए हस्ताक्षर किए 207
फोन पे एवं एक्सिस बैंक के मध्य समझौता 207
भारत-आईईए में समझौता 208
भारत सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार और विश्व बैंक में समझौता 209
आईईपीएफए-इग्नू में समझौता 210
भारत के लिए स्वदेशी मानचित्रण समाधान करने प्रदान करने हेतु इसरो ने किया करार 211
सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया-यूनिसेफ में समझौता 212
पहला आसियान-भारत हैकाथॉन, 2021 213
डीईए-विश्व बैंक में समझौता 214
वस्त्र मंत्रालय की वस्त्र समिति और एम/एस निसेनकेन क्वालिटी इवैल्युएशन सेंटर के मध्य समझौता 216
पुपिल उपग्रह को लांच करने हेतु समझौता 217
भारत-उज्बेकिस्तान के मध्य समझौता 218
पर्यटन सुधार हेतु मध्य प्रदेश एवं केरल के मध्य समझौता 218
टाटा पॉवर एवं सिडबी के मध्य समझौता 219
ट्राइफेड-अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के मध्य समझौता 220
संघ/संगठन 221
गेल ने भारतीय गैस एक्सचेंज में भारतीय ऊर्जा विनिमय की 5% हिस्सेदारी का अधिग्रहण 221
इंडो गल्फ फर्टिलाइजर्स का अधिग्रहण 222
भारतीय गैस एक्सचेंज 222
जम्मू और कश्मीर बैंक की 8.23 प्रतिशत हिस्सेदारी लद्दाख को हस्तांतरित 223
विधि/न्याय 224
प्रमुख बंदरगाह प्राधिकरण विधेयक, 2020 224
आईएनएस विराट को डिस्मैंटल करने पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक 225
मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक, 2020 227
वर्ष/दिवस/सप्ताह 227
विश्व पैंगोलिन दिवस 227
अंतरराष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस 228
अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस 229
विश्व यूनानी दिवस 229

शहीद दिवस 230
विश्व रेडियो दिवस 231
बाल सैनिकों के विरुद्ध अन्तरराष्ट्रीय दिवस, 2021 231
विज्ञान में महिलाओं एवं बालिकाओं का अंतरराष्ट्रीय दिवस 232
विश्व दलहन दिवस 233
विश्व आर्द्रभूमि दिवस 233
विश्व कैंसर दिवस 234
विश्व हिंदी दिवस 235
वित्तीय साक्षरता सप्ताह 235
पुस्तकें 236
पुस्तक-अनफिनिश्ड: ए मेमॉयर 236
पुस्तक-बाई मेनी ए हैप्पी एक्सीडेंट: रीकलेक्शन्स ऑफ ए लाइफ 237
पुस्तक-ब्युटीफुल थिंग्स 237
पुस्तक-फ्लाइंग ब्लाइंड : इंडियाज क्वेस्टर फॉर ग्लोबल लीडरशिप 238
पुस्तक-अनस्क्रिप्टेड : कन्वर्सेशन ऑन लाइफ एंड सिनेमा 238
विविध 239
इंडियन साइन लैंग्वेज डिक्शनरी का तीसरा संस्करण 239
भारत में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज की मैन्युफैक्चरिंग 240
ई-छावनी पोर्टल एवं मोबाइल ऐप 241
मांडू महोत्सव 241
खुफिया इकाई एवं उपभोक्ता संरक्षण प्रणाली की स्थापना 242
कर्नाटक डिजिटल अर्थव्यवस्था मिशन का कार्यालय 243
सैल्यूट टू केयरगिवर्स 244
शिपिंग मंत्रालय और 'नेपच्यून घोषणा' 245
सबसे लंबी मालगाड़ी 'वासुकी' 245
एशियन ऑनलाइन शूटिंग चैंपियनशिप, 2021 246
सीड ट्रेसबिलिटी मोबाइल ऐप 247
उद्यम सारथी ऐप 248
'जेल पर्यटन' पहल 249

भारत का पहला डीजल परिवर्तित सीएनजी ट्रैक्टर लांच 250
भारत खिलौना मेला, 2021 250
उत्तर प्रदेश में लैंड होल्डिंग की पहचान करने के लिए यूनिकोड 251
8वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय सिल्क, मेला 2021 252
आसियान-इंडिया हैकथॉन, 2021 253
ग्रेट इंडियन बस्टर्ड की सुरक्षा के लिए 'फायरफ्लाई बर्ड डायवर्टर पहल 253
गिधवा-परसदा पक्षी विहार महोत्सव 254
सुंदरम्न में हैं पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां 255
एनआईएफ-भारत द्वारा विकसित इनोवेशन पोर्टल लांच 256
आंध्र प्रदेश ने पंचायत से संबंधित ऐप लांच किया 257
वर्ष 2020 का ऑक्सफोर्ड हिंदी शब्द 258
'कृषि सखा' ऐप 258
'इनोवेशन सैंडबॉक्स' वेब पोर्टल 259
वर्चुअल इंटेलिजेंस टूल-तेजस 260
उच्च गतिशीलता वाहनों की आपूर्ति हेतु BEML को निर्देश 261
मास्टकार्ड द्वारा छोटे व मध्यम उद्यमों के लिए डिजिटल एक्सेलेरेशन की सुविधा का प्रारंभ 262
दिल्ली सरकार द्वारा नई 'स्कूल बैग नीति' लागू करने का निर्देश 262
सीएसआईआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस कम्युनिकेशन एंड पॉलिसी रिसर्च (CSIR-NIScPR) 264
भारत में बर्ड फ्लू का पुन: आगमन 265
इसरो द्वारा अटल टिकरिंग लैब्स को अपनाना 266
सीमा पर तैनात जवानों को मिलेगी खादी की दरियां 267
माल ढुलाई उपभोक्ता पोर्टल का प्रारंभ 268
प्रवासी श्रमिक प्रकोष्ठ (Migrant Workers Cell) 269
भारत और पाकिस्तान द्वारा परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान 270
जीरो कूपन बांड 270
गुजरात सौर ऊर्जा नीति, 2021 271
पंजाब राज्य डेटा नीति 272
रिमोट सेंसिंग उपग्रह-याओगन-33 273
भारत का पहला सोशल इम्पैक्ट बांड 274

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आकाश मिसाइल प्रणाली के निर्यात को मंजूरी दी 274
भारत द्वारा तटीय निगरानी नेटवर्क का विस्तार 275
केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा नए भारतीय मिशन खोलने को मंजूरी 277
एयर एशिया इन्वेस्टमेंट लिमिटेड में हिस्सेदारी का अधिग्रहण 278
सुशासन दिवस के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाएं 279
हरियाणा सरकार द्वारा अर्जुन , द्रोणाचार्य और अन्य प्राप्त व्यक्तियों की मानदेश राशि में वृद्धि 280
भारत-फ्रांस पर्यावरण वर्ष 281

राष्ट्रीय परिदृश्य

उत्तर प्रदेश बजट, 2021-22

प्रश्न-22 फरवरी, 2021 को प्रस्तुत उत्तर प्रदेश बजट, 2021-22 से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) उत्तर प्रदेश के वित्तमंत्री सतीश महाना ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए बजट विधानसभा में पेश किया।

(ii) प्रस्तुत बजट का आकार 5,50,270.78 करोड़ रुपये है।

(iii) यह बजट उत्तर प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा बजट है।

(iv) यह प्रदेश का पहला पेपरलेस बजट है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i),(ii) एवं (iv) (b) केवल (ii), (iii) एवं (iv)

(c) केवल (i) एवं (iv) (d) केवल (iii) एवं (iv)

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 22 फरवरी, 2021 को उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए बजट विधानसभा में पेश किया।
- प्रस्तुत बजट का आकार 5,50,270.78 करोड़ रुपये है।
- यह उ.प्र. के इतिहास का सबसे बड़ा बजट है।
- पिछली बार के बजट के मुकाबले 37.410 करोड़ रुपये अधिक है।
- यह प्रदेश का पहला पेपरलेस बजट है।
- बजट में 27, 598.40 करोड़ रुपये की योजनाएं सम्मिलित की गई है।
- बजट में कुल व्यय 5,50.270.78 करोड़ रुपये अनुमोदित है।
- कुल व्यय में 3,95,130.35 करोड़ रुपये राजस्व लेखे का व्यय है तथा 155,140.4 करोड़ रुपये पूंजी लेखे का व्यय है।
- इसके अनुसार, राजकोषीय घाटा 90,729.80 करोड़ रुपये अनुमानित है जो इस वित्त वर्ष के लिए अनुमानित सकल घरेलू उत्पाद का 4.17 प्रतिशत है।
- राज्य की ऋणग्रस्तता सकल घरेलू उत्पाद का 28.1 प्रतिशत अनुमानित है।
- इस बजट की अन्य प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं-
- **कृषि**

- ''प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि'' योजना के अंतर्गत प्रदेश में 2 करोड़ 40 लाख किसानों को 27 हजार 123 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि का भुगतान डी.बी.टी. के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में किया गया है।
- किसानों की आय को वर्ष 2022 तक दोगुना करने हेतु विभिन्न योजनाओं के बेहतर उपयोग के लिये अवस्थापना से संबंधित अंतराल को पूरा करने के लिये वित्तीय वर्ष 2021-2022 से 'आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना' क्रियान्वित की जायेगी।
- योजना हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 600 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है।
- नहरों एवं सरकारी नलकूपों से किसानों को मुफ्त पानी की सुविधा हेतु 700 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्तावित है।
- 'प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान' योजना के अंतर्गत खेतों में विभिन्न क्षमताओं के सोलर पम्पों की स्थापना करायी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2021-2022 में 15000 सोलर पम्पों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- **महिलायें**
- महिला सशक्तिकरण हेतु राज्य सरकार द्वारा दिनांक 01 अप्रैल, 2019 से 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' लागू की गयी है, जिसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा को प्रोत्साहन देना एवं बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना है। इसके अंतर्गत पात्र बालिकाओं को 06 विभिन्न श्रेणियों में 15,000 रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है। योजना हेतु 1,200 करोड़ रुपये की व्यवस्था बजट में प्रस्तावित है।
- महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण की समस्या से निपटने के लिये एक नई योजना 'मुख्यमंत्री सक्षम सुपोषण योजना वित्तीय वर्ष 2021-2022 से क्रियान्वित की जायेगी। इस योजना के अंतर्गत ड्राई राशन के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत 6 माह से 5 वर्ष तक चिन्हित कुपोषित बच्चों तथा एनीमिया ग्रस्त 11-14 वर्ष की स्कूल न जाने वाली किशोरी बालिकाओं को अतिरिक्त पोषण प्रदान किया जायेगा। योजना हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था बजट में प्रस्तावित है।
- पुष्टाहार कार्यक्रम हेतु 4094 करोड़ रुपये तथा राष्ट्रीय पोषण अभियान हेतु 415 करोड़ रुपये की व्यवस्था बजट में प्रस्तावित है।
- महिला शक्ति केंद्रों की स्थापना हेतु 32 करोड़ रुपये की व्यवस्था बजट में प्रस्तावित है।
- **युवा**

- 'नेशनल कैरियर सर्विस प्रोजेक्ट' के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मॉडल कैरियर सेंटर स्थापित किये गये हैं। प्रदेश के 12 अन्य जनपदों में मॉडल कैरियर सेंटर स्थापित किये जाने की योजना है।
- 'युवा खेल विकास एवं प्रोत्साहन योजना' के लिये 8.55 करोड़ रुपये की व्यवस्था बजट में प्रस्तावित है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को खेलकूद के बेहतर अवसर प्रदान किये जाने हेतु ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपेन जिम के निर्माण हेतु 25 करोड़ रुपये की व्यवस्था बजट में प्रस्तावित है।
- जनपद मेरठ में नये स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु 20 करोड़ रुपये की व्यवस्था बजट में प्रस्तावित है।
- वित्तीय वर्ष 2021-2022 में युवक एवं महिला मंगल दलों के प्रोत्साहन हेतु 20 करोड़ रुपये की व्यवस्था बजट में प्रस्तावित है।
- युवा अधिवक्ताओं को आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने हेतु कॉर्पस फंड में 5 करोड़ रुपये की धनराशि की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अधिवक्ता चैंबर का निर्माण एवं उनमें अन्य अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 20 करोड़ रुपये की धनराशि की व्यवस्था बजट में प्रस्तावित है।
- युवा अधिवक्ताओं के लिये पुस्तक एवं पत्रिका आदि के क्रय करने हेतु 10 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है।
- **श्रमिक कल्याण**
- कोरोना महामारी के कारण देश में लागू लॉकडाउन के फलस्वरूप विभिन्न प्रदेशों से वापस आये प्रदेश के श्रमिकों व कामगारों को रोजगार व स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक नयी योजना 'मुख्यमंत्री प्रवासी श्रमिक उद्यमिता विकास योजना' लाई जा रही है। योजना हेतु 100 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है।
- पल्लेदारों, श्रमिक परिवारों तथा असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान किये जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना का प्रारंभ किया जा रहा है जिसके लिये 12 करोड़ रुपये की धनराशि की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सुलभ चिकित्सा सुविधा प्रदान किये जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का प्रारंभ किया जा रहा है जिसके लिये 100 करोड़ रुपये की धनराशि की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- महिला श्रमिकों को विभिन्न रोजगारों में समान अवसरों में वृद्धि, कार्य की प्रकृति, कार्य के घंटे व पुरुषों के समान पारिश्रमिक दिलाये जाने के लिए एक सलाहकार समिति का गठन किया गया है।

- गोवंश संरक्षण एवं निराश्रित पशुओं की देखभाल
- गोवंश संरक्षण एवं बेसहारा पशुओं के भरण-पोषण हेतु प्रदेश में 5206 गो-आश्रय स्थलों का संचालन किया जा रहा है जिनमें संरक्षित गोवंश की संख्या 5 लाख 58 हजार है।
- ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों की संख्या 4487 है। प्रदेश के निराश्रित गोवंश हेतु 187 वृहत गो-संरक्षण केंद्र तथा गोवंश वन्य विहार का निर्माण कराया जाना है।
- नगर विकास विभाग, नियोजन विभाग, पंचायती राज विभाग द्वारा आवश्यक सहयोग एवं मंडी परिषद की वार्षिक आय की प्राप्तियों से 03 प्रतिशत धनराशि भी गोवंश को आश्रय प्रदान करने वाली संस्थाओं को भी दिया जा रहा है।
- बुंदेलखंड क्षेत्र में निराश्रित गोवंश की समस्या के निराकरण हेतु बुंदेलखंड के प्रत्येक जनपद में 05-05 गो-आश्रय केंद्र स्थापित हैं। प्रदेश में पहली बार गोशालाओं का ऑनलाईन पंजीकरण किया जा रहा है। अद्यतन 545 गौशालाएं पंजीकृत हैं।
- प्रदेश में स्वदेशी पशुओं के संरक्षण एवं सम्वर्द्धन हेतु जनपद वाराणसी में गोकुल ग्राम की स्थापना की गयी है।
- वित्तीय वर्ष 2020-2021 में आय-व्यय में प्राविधानित धनराशि 200 करोड़ रुपये के अतिरिक्त 100 करोड़ रुपये निराश्रित पशुओं के भरण-पोषण हेतु निर्गत की गयी है। इसके अतिरिक्त 148 करोड़ रुपये आश्रय स्थलों के निर्माण हेतु प्राविधानित है।
- **जनस्वास्थ्य**
- प्रदेश में कोविड-19 की रोकथाम एवं संक्रमण को रोकने हेतु युद्ध स्तर पर कार्यवाही की गयी है। प्रदेश में दिनांक 20 फरवरी, 2021 तक 06 लाख 03 हजार कोरोना संक्रमित रोगी चिह्नित हुए जिनमें से 05 लाख 91 हजार कोविड-19 पॉजिटिव रोगी ठीक हुये हैं। उत्तर प्रदेश में रिकवरी दर 98 प्रतिशत है।
- कोविड-19 की रोकथाम हेतु टीकाकरण योजना के लिये 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन हेतु 5395 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- 'आयुष्मान भारत योजना' के लिये 1300 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है।
- आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना हेतु 142 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है।
- 'प्रधामनंत्री मातृत्व वंदना योजना' के लिये 320 करोड़ रुपये की बजट में व्यवस्था प्रस्तावित है।
- प्राथमिकता स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाओं के लिये डायग्नॉस्टिक बुनियादी ढांचा सृजित किये जाने हेतु 1073 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- प्रदेश में 13 जनपदों-बिजनौर, कुशीनगर, सुल्तानपुर, गोण्डा, ललितपुर, लखीमपुर-खीरी, चंदौली, बुलंदशहर, सोनभद्र, पीलीभीत, औरैया, कानपुर देहात तथा कौशाम्बी में निर्माणाधीन नये मेडिकल कॉलेजों के लिये 1950 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

- प्रदेश के 16 असेवित जनपदों में पी.पी.पी. मोड में मेडिकल कॉलेज संचालित कराये जाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। योजना हेतु 48 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, देवरिया, गाजीपुर एवं मीरजापुर में निर्माणधीन मेडिकल कॉलेजों में जुलाई, 2021 से शिक्षण सत्र प्रारंभ किये जाने का लक्ष्य है। इन मेडिकल कॉलेजों हेतु 960 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था का प्रस्ताव है।
- अमेठी एवं बलरामपुर में नये मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु 175 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- के.जी.एम.यू. के अधीन लखनऊ में इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी एंड इंफेक्शस डिजीजेज के अंतर्गत बायो सेफ्टी लेवल-4 लैब की स्थापना लक्षित है जो उत्तर भारत में अग्रणी लैब होगी।
- के.जी.एम.यू. लखनऊ, राजकीय मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज तथा राजकीय मेडिकल कॉलेज, मेरठ में डायबिटिक रेटिनोपैथी उपचार सेंटर की स्थापना करायी जाएगी।
- प्रदेश में डायबिटिज रोगियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुये एस.जी.पी.जी.आई. लखनऊ में उन्नत मधुमेह केंद्र की स्थापना कराये जाने का निर्णय लिया गया है।
- **औद्योगिकी विकास एवं अवस्थापना**
- ईज ऑफ डूइंग बिजनेस एवं रोजगार सृजन हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में पिछले तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश पूरे देश में द्वितीय स्थान पर आ गया है।
- पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के निर्माण का कार्य निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गतिमान है। माह नवंबर, 2020 तक 65 प्रतिशत से अधिक प्रगति प्राप्त कर ली गयी है। परियोजना समय से पूर्ण की जायेगी। परियोजना हेतु 1107 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के निर्माण की प्रगति निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गतिमान है। माह नवंबर, 2020 तक 26 प्रतिशत से अधिक प्रगति प्राप्त कर ली गयी है। परियोजना के लिए 1492 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे निर्माण की प्रगति निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गतिमान है। माह नवंबर, 2020 तक 5 प्रतिशत से अधिक प्रगति प्राप्त कर ली गयी है। परियोजना हेतु 860 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही प्रगतिमान है। निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जायेगा। गंगा एक्सप्रेस-वे पूर्णत: नियंत्रित (06 लेन एक्सपेंडबेल टू 08 लेन) एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई 594 किलोमीटर होगी परियोजना के लिये भूमि ग्रहण हेतु 7200 करोड़ रुपये तथा निर्माण कार्य हेतु 489 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

- जनपद अयोध्या में निर्माणाधीन एयरपोर्ट का नाम मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम हवाई अड्डा अयोध्या होगा। इस हेतु 101 करोड़ रुपये की बजट में व्यवस्था प्रस्तावित है।
- जेवर में निर्माणाधीन एयरपोर्ट में हवाई पट्टियों की संख्या 02 से बढ़ाकर 06 करने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। यह एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट के रूप में विकसित होगा। परियोजना हेतु 2000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- कुशीनगर एयरपोर्ट को केंद्र सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित किया गया है। इस प्रकार राज्य में शीघ्र ही 4 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट लखनऊ, वाराणसी, कुशीनगर व गौतमबुद्धनगर में होंगे।
- भारत सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (उड़ान योजना) के अंतर्गत प्रदेश के अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती, चित्रकूट तथा सोनभद्र (म्योरपुर) स्थित हवाई पट्टी हवाई सेवा हेतु चयनित हुए हैं। अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद व श्रावस्ती एयरपोर्ट का विकास लगभग पूर्ण हो गया है तथा चित्रकूट तथा सोनभद्र एयरपोर्ट मार्च, 2021 तक पूर्ण हो जायेंगे।
- लखनऊ में राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल के निर्माण हेतु 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- कानपुर मेट्रो रेल परियोजना की अनुमोदित लागत 11,076 करोड़ रुपये है। वित्तीय वर्ष 2021-2022 के बजट में परियोजना हेतु 597 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के प्राथमिक सेक्शन आई.आई.टी, कानपुर मोतीझील पर ट्रायल रन प्रारंभ करने की लक्षित तिथि 31 जुलाई, 2021 तथा रेवेन्यू ऑपरेशन प्रारंभ करने की लक्षित तिथि 30 नवंबर, 2021 है।
- आगरा मेट्रो रेल परियेाजना की अनुमोदित लागत 8380 करोड़ रुपये है। वित्तीय वर्ष 2021-2022 के बजट में परियोजना हेतु 478 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्राथमिक सेक्शन ताज ईस्ट गेट से जामा मस्जिद पर ट्रायल रन प्रारंभ करने की लक्षित तिथि 31 जुलाई, 2021 तथा रेवेन्यू ऑपरेशन प्रारंभ करने की लक्षित तिथि 30 नवंबर, 2021 है।
- वाराणसी, गोरखपुर व अन्य शहरों में मेट्रो रेल परियोजना हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है।
- प्रदेश के 10 शहर लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, सहारनपुर, बरेली, झांसी, मुरादाबाद तथा अलीगढ़, स्मार्ट सिटी योजनांतर्गत चयनित हुये हैं। योजना हेतु 2000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- स्मार्ट सिटी योजनांतर्गत केंद्र सरकार द्वारा चयनित 10 नगर निगमों के उपरांत शेष नगर निगमों-वाराणसी, मेरठ, गाजियाबाद, अयोध्या, फिरोजाबाद, गोरखपुर, मथुरा-वृंदावन एवं शाहजहांपुर को राज्य स्मार्ट सिटी योजनांतर्गत स्मार्ट एवं सेफ सिटी के रूप में विकसित किये जाने का निर्णय

प्रदेश सरकार द्वारा लिया गया है। उक्त योजना की अवधि 05 वर्ष है। वित्तीय वर्ष 2021-2022 के बजट में योजना हेतु 175 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

- आवारा पशुओं के पुनर्वास हेतु संचालित 'कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना' हेतु 80 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- मुख्यमंत्री समग्र संपदा विकास योजना हेतु 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-2022 में 6 लाख आवासों के निर्माण का लक्ष्य है। योजना हेतु 7000 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है।
- पूरे विश्व में भारत सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाला देश है तथा देश में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश प्रथम स्थान पर है।
- वर्तमान में सहकारी क्षेत्र के अंतर्गत 20 दुग्ध संघों के माध्यम से दुग्धशाला विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2018-19 में प्रदेश का दुग्ध उत्पादन 30,518 हजार टन रहा है। व प्रतिदिन प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता 371 ग्राम रही।
- राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत खुरपका-मुॅहपका एवं बुरस्लोसिस रोग नियंत्रण हेतु ऐक्शन प्लान के अनुसार क्रियान्वयन किया जा रहा है। वर्ष 2030 तक प्रदेश के पशुओं कोखुरपका-मुॅहपका रोग से मुक्त कराये जाने का प्रथम लक्ष्य है।
- श्री राम जन्म भूमि मंदिर, अयोध्या धाम तक पहुंच मार्ग के निर्माण हेतु 300 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है।
- लखनऊ में उत्तर प्रदेश जनजातीय संग्रहालय के निर्माण हेतु 08 करोड़ रुपये तथा शाहजहांपुर में स्वतंत्रता संग्रहालय की वीथिकाओं के लिये 04 करोड़ रुपये की व्यवस्था का प्रस्ताव है।
- प्रदेश में ख्यातिलब्ध साहित्यकारों एवं कलाकारों जो अन्य किसी पुरस्कार से सम्मानित नहीं हो सके हैं, को 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान' प्रदान किये जाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष अधिकतम 05 व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा तथा सम्मानित प्रत्येक व्यक्ति को 11 लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जायेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://budget.up.nic.in/

नीति आयोग की छठी गवर्निंग काउंसिल की बैठक, 2021

प्रश्न-20 फरवरी, 2021 को किसकी अध्यक्षता में नीति आयोग की छठी गवर्निंग काउंसिल की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संपन्न हुई?

(a) गृह मंत्री (b) प्रधानमंत्री (c) वित्त मंत्री (d) उपाध्यक्ष नीति आयोग

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 20 फरवरी, 2021 को नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की छठी बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित हुई।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी अध्यक्षता की।
- इसमें केंद्रीय मंत्रियों के अलावा 26 मुख्यमंत्रियों, 3 लेफ्टिनेंट गवर्नरों और 2 प्रशासकों ने भाग लिया, जो पदेन सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य हैं।
- नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और सीईओ, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव और पीएमओ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कैबिनेट सचिव और राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिव भी बैठक में शामिल हुए।
- बैठक का संचालन रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया।
- छठी परिषद की बैठक के एजेंडा में निम्नलिखित विषय शामिल थे:

1. मेकिंग इंडिया को मैन्युफैक्चरिंग पावर हाउस बनाना
2. कृषि को फिर से जीवंत करना
3. फिजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार
4. मानव संसाधन विकास में तेजी लाना
5. जमीनी स्तर पर सेवा देने में सुधार
6. स्वास्थ्य और पोषण।

- परिषद ने भारत को एक मैन्युफैक्चरिंग पावरहाउस बनाने के लिए कई कदमों पर विचार किया, जैसे अनुपालन बोझ को कम करना, राज्य स्तर पर सुधार शुरू करना, लॉजिस्टिक में सुधार करना, जिला स्तरीय प्रतियोगिता के माध्यम से निर्यात को बढ़ावा देना और नौकरियां पैदा करना।
- राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने पानी की पहुंच में सुधार, गुणवत्ता और विश्वसनीय बिजली की आपूर्ति, इंटरनेट कनेक्टिविटी और बैंडविड्थ की उपलब्धता, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं, जलवायु परिवर्तन के जोखिमों को कम करने के लिए स्थायी कृषि प्रथाओं का उल्लेख करते हुए एक उन्नत विनिर्माण और नवाचार का निर्माण करने के लिए उपयुक्त सुधारों का भी उल्लेख किया।
- नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल के बारे में

- नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल में भारत के प्रधानमंत्री, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, पदेन सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल होते हैं।
- यह देश की एक प्रमुख संस्था है और जिसकी जवाबदेही विकास को आकार देने में राज्यों की सक्रिय हिस्सेदारी के साथ राष्ट्रीय विकास वरीयताओं, क्षेत्रों और रणनीतियों के एक साझे दृष्टिकोण को विकसित करना है।
- नीति आयोग का कार्य राज्यों के साथ लगातार ढांचागत सहयोग के लिए काम करना और सरकारी तंत्र के द्वारा सहकारी संघवाद को बढ़ावा देना।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=1699697

पेयजल सर्वेक्षण

प्रश्न-फरवरी, 2021 में जल जीवन मिशन-शहरी के अंतर्गत एक पायलट 'पेयजल सर्वेक्षण' शुरू किया गया। इस पेयजल सर्वेक्षण के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 16 फरवरी, 2021 को आवास और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इस पेयजल सर्वेक्षण का शुभारंभ किया।

(b) पहले चरण में मंत्रालय ने 10 शहरों में पायलट आधार पर पेयजल सर्वेक्षण शुरू करने का निर्णय किया है।

(c) पायलट सर्वेक्षण के निष्कर्ष के आधार पर सर्वेक्षण का विस्तार सभी अमृत शहरों में किया जाएगा।

(d) यह सर्वेक्षण स्वीकृत प्रश्नावली और ऑन काल इंटरव्यू, जल नमूना संग्रह, प्रयोगशाला परीक्षण के आधार और गैर-राजस्व जल के लिए मैदानी सर्वे के आधार पर किया जाएगा।

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2021 को आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव दुर्गाशंकर मिश्र जल जीवन मिशन-शहरी के अंतर्गत एक पायलट 'पेयजल सर्वेक्षण' का शुभारंभ किया।
- यह पेयजल सर्वेक्षण शहरों में उचित जल वितरण तथा अपशिष्ट जल के पुन: उपयोग का पता लगाने और एक चुनौती प्रक्रिया के माध्यम से जल की मात्रा और गुणवत्ता के संबंध में जल निकायों की मैपिंग करने हेतु किया जाएगा।
- पहले चरण में मंत्रालय ने 10 शहरों-आगरा, बदलापुर, भुवनेश्वर, चुरू, कोच्चि, मदुरै, पटियाला, रोहतक, सूरत और तुमकुर में पायलट आधार पर पेयजल सर्वेक्षण शुरू करने का निर्णय लिया है।

- पायलट सर्वेक्षण के निष्कर्ष के आधार पर सर्वेक्षण का विस्तार सभी अमृत शहरों में किया जाएगा।
- सर्वेक्षण में शहरी निकायों के नागरिकों और निकायों के अफसरों से पेयजल, अपशिष्ट जल प्रबंधन, गैर-राजस्व जल और तीन जल निकायों की स्थिति पर डाटा एकत्र किए जाएंगे।
- यह सर्वेक्षण स्वीकृत प्रश्नावाली और ऑन काल इंटरव्यू, जल नमूना संग्रह तथा प्रयोगशाला परीक्षण के आधार पर और गैर-राजस्व जल के लिए मैदानी सर्वे के आधार पर किया जाएगा।
- इस मिशन की निगरानी टेक्नâोलॉजी आधारित प्लेटफार्म के माध्यम से तथा इसी प्लेटफॉर्म से प्रगति तथा परिणाम के आधार पर लाभार्थी की भी निगरानी की जाएगी।
- इन परियोजनाओं हेतु सरकार द्वारा धन पोषण तीन चरणों 20:40:40 में किया जाएगा।
- तीसरी किस्त उपलब्ध कामकाजी परिणाम के आधार पर जारी की जाएगी तथा धन पोषण करते समय विश्वसनीय अपवर्जन का उपयोग किया जाएगा।
- जल जीवन मिशन (शहरी) का उद्देश्य एसडीजी लक्ष्य-6 के अनुसार 4,378 वैधानिक शहरों में सभी परिवारों को नल के पानी की सप्लाई करना है।
- अन्य लक्ष्य 500 अमृत शहरों में सीवर प्रबंधन करना है।
- मिशन के सुधार कार्यक्रमों में शहर का पीने योग्य पानी का सूचकांक तैयार करना, गैर-राजस्व जल में कटौती, पालिका वित्त सुधार, वर्षा जल संचयन, वर्ष 2025 तक कम से कम 20 प्रतिशत जल की मांग रिसाइकिल जल से करना तथा प्रत्येक शहरी स्थानीय निकाय में तीन जल निकायों को पुनर्जीवित करना है।
- जल जीवन मिशन (शहरी) के लिए कुल प्रस्तावित लागत राशि 2,87,000 करोड़ रुपये है, जिसमें अमृत मिशन को सतत वित्तीय समर्थन के लिए 10,000 करोड़ रुपये की राशि शामिल है।
- पूर्वोत्तर तथा पर्वतीय राज्यों की परियोजनाओं हेतु धन पोषण 90 प्रतिशत, संघ-शासित क्षेत्रों के लिए धन पोषण 100 प्रतिशत, एक लाख से कम आबादी वाले शहरों के लिए केंद्रीय धन पोषण 50 प्रतिशत, एक से दस लाख आबादी वाले शहरों के लिए केंद्रीय धन पोषण एक-तिहाई तथा 10 लाख से अधिक की आबादी वाले शहरों के लिए केंद्रीय धन पोषण 25 प्रतिशत होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=1698392

प्रधानमंत्री द्वारा केरल और तमिलनाडु में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन

प्रश्न-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 फरवरी, 2021 को कोच्चि, केरल और तमिलनाडु में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। उद्घाटित और शिलान्यास की गई परियोजनाओं के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) प्रधानमंत्री ने केरल बीपीसीएल की प्रोपीलीन डेरिवैटिव पेट्रोकेमिकल परियोजना को राष्ट्र को समर्पित किया।
(b) कोच्चि शिपयार्ड लिमिटेड के मरी इंजीनियरिंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट 'अदम्य सागर' का शुभारंभ किया।
(c) प्रधानमंत्री ने चेन्नई मेट्रो रेल के प्रथम चरण (9 किमी.) की विस्तार परियोजना का उद्घाटन किया।
(d) प्रधानमंत्री ने चेन्नई में सेना को अर्जुन मेन बैटल टैंक (एमके-1 ए) सौंपा।

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 14 फरवरी, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोच्चि, केरल और तमिलनाडु में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया।
- प्रधानमंत्री ने केरल में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की प्रोपीलीन डेरिवैटिव पेट्रोकेमिकल परियोजना (पीडीपीपी) राष्ट्र को समर्पित किया।
- इस परियोजना से एक्रिलेट्स, एक्रिलिक एसिड और ऑक्सो अल्कोहल का उत्पादन होगा।
- वर्तमान में इसका आयात किया जाता है।
- इस परियोजना से प्रतिवर्ष लगभग 37 अरब से 40 अरब रुपये की विदेशी विनिमय (exchange) की बचत होने की उम्मीद है।
- प्रधानमंत्री ने कोच्चि में बोल्गट्टी और बिलिंगडन द्वीप के बीच रो-रो पोत सेवा को भी राष्ट्र को समर्पित किया।
- उन्होंने कोचीन बंदरगाह पर देश के पहले अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल सागरिका का उद्घाटन किया।
- प्रधानमंत्री ने समुद्रद्र इंजीनियरिंग प्रशिक्षण संस्थान, विज्ञान सागर कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड का शुभारंभ किया।
- इसके अलावा प्रधानमंत्री ने कोचीन बंदरगाह पर साउथ कोल बर्थ के पुनर्निर्माण की आधारशिला रखी।
- प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में 636 किमी. लंबी ग्रैंड एनीकट कैनाल प्रणाली को आधुनिक बनाने हेतु आधारशिला रखी।
- इससे 2.27 लाख एकड़ भूमि सिंचित हो सकेगी।
- प्रधामनंत्री ने चेन्नई मेट्रो रेल के प्रथम चरण (लंबाई 9 किमी.) की विस्तार परियोजना का उद्घाटन किया।
- यह नॉर्थ चेन्नई को एयरपोर्ट और सेंट्रल रेलवे स्टेशन से जोड़ेगा।

- इस वर्ष के बजट में इस परियोजना के दूसरे चरण (119 किमी. निर्माण) के लिए 63000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि निर्धारित की गई है।
- प्रधानमंत्री ने चेन्नई बीच और अटीपट्टू के मध्य चौथी रेलवे लाइन का उद्घाटन किया।
- उन्होंने विल्लुपुरम-कुड्डालोर-मयिलादुथुराई-तंजापुर और मइलादुथुरई-थिरूवरूर तथा मथिलादुथुराई तंजावुर में सिंगल लाइन सेक्शन के विद्युतीकरण का उद्घाटन किया।
- आईआईटी मद्रास के डिस्वकरी कैंपस की आधारशिला रखी।
- डिस्कवरी कैंपस 2 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में 1000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत राशि से थाईयूर में बनाया जाएगा, जिसमें वैश्विक स्तर के अनुसंधान केंद्र स्थापित होंगे।
- प्रधानमंत्री ने चेन्नई में सेना को अर्जुन मेन बैटल टैंक (एमके-1 ए) सौंपा।
- यह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/pm-narendra-modi-in-chennai-tamil-nadu-kochi-kerala-february-14-2021/article33834154.ece

महात्मा गांधी नेशनल फैलोशिप, 2021-2023

प्रश्न-दो वर्षीय महात्मा गांधी नेशनल फैलोशिप 2021-2023 किस मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है?

(a) कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (b) शिक्षा मंत्रालय

(c) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय (d) संस्कृति मंत्रालय

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 13 फरवरी, 2021 को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने दो वर्षीय महात्मा गांधी नेशनल फैलोशिप (एमजीएनएफ) 2021-2023 का शुभारंभ किया।
- इसे पूरे भारत के 660 से अधिक जिलों में राष्ट्रीय स्तर पर रोलआउट किया जाएगा।
- इस कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रांसफॉर्मिंग स्किलिंग थ्रू स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप अंडर संकल्प इवेंट के दौरान किया गया।
- संकल्प (स्किल्स एक्वीजीशन एंड नॉलेज अवेयरनेस फॉर लाइवली हुड प्रमोशन) जिला प्रशासन और जिला कौशल समितियों (डीएससी) को मजबूत करने हेतु विश्व बैंक समर्थित एक कार्यक्रम है।

- महात्मा गांधी नेशनल फैलोशिप (एमजीएनएफ) के तहत शोधार्थियों को डीएससी के साथ संगल्न होने के साथ-साथ समग्र कौशल तंत्र को समझने में अकादमिक विशेषता और तकनीकी दक्षता प्राप्त होगी और जिला कौशल विकास योजनाओं (डीएसडीपी) के निर्माण तंत्र के माध्यम से जिला स्तर पर कौशल विकास योजनाओं का प्रबंधन करने में मदद करेगा।
- पहले परीक्षण में एमजीएनएफ की सफल शुरूआत के बाद जिसमें 69 जिलों में 69 शोधार्थी काम कर रहे थे, मंत्रालय अब एमजीएनएफ का विस्तार देश के बाकी जिलों में कर रहा है।
- एमजीएनएफ में अकादमिक उत्कृष्टता और प्रतिष्ठा के स्तर को बनाए रखने के लिए मंत्रालय सिर्फ आईआईएम के साथ साझेदारी कर रहा है।
- एमजीएनएफ के देशव्यापी शुरूआत हेतु 9 आईआईएम-आईआईएम- बैंगलुर, आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम लखनऊ, आईआईएम कोझीकोड, आईआईएम विशाखापत्तनम, आईआईएम उदयपुर, आईआईएम, नागपुर, आईआईएम रांची और आईआईएम जम्मू को इस साझेदारी में शामिल किया गया है।
- इसके अलावा एमएसडीई ने केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और लक्षद्वीप के जिला स्तर के अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम संचालित करने के उद्देश्य से केरल इंस्टीट्यूट यूट ऑफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन (केआईएलए) के साथ भागीदारी की है।
- प्रशिक्षक से जुड़े तंत्र को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से संकल्प कार्यक्रम सार्वजनिक-निजी भागीदारी मोड में ट्रेनर ऑफ ट्रेनर (टीओ) प्रणाली का समर्थन करेगा, जो उद्योग जगत एवं तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा व प्रशिक्षण (टीवीईटी) से जुड़े तंत्र के बीच एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण है।इस दिशा में, इस उद्देश्यों को पूरा करने हेतु 'कलस्टर दृष्टिकोण' अपनाया गया है और औरंगाबाद में जीआईजेड-विकसित ऑटोमोटिव कलस्टर को परीक्षण (पायलट) हेतु चुना गया है।इस पायलट प्रोजेक्ट को लागू करने हेतु एमएसडीई, ऑटोमोटिव स्किल डेवलपमेंट काउंसिल, इंडो-जर्मन प्रोग्राम फॉर वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग और महाराष्ट्र राज्य कौशल विकास मिशन के प्रमुख हितधारकों के बीच एक रणनीतिक साझेारी की गई है।
- इस कार्यक्रम के दौरान इस परियोजना के लिए एमईपीएससी के साथ साझेदारी में 'कार्यस्थल पर लैंगिक संवेदनशीलता और यौन उत्पीड़न की रोकथाम' के विषय में कौशल प्रशिक्षण का भी शुभारंभ किया गया।
- 6 महीने की अवधि वाली यह परियोजना राजस्थान, हरियाणा, पंजाब राज्यों में 15 जिलों में लागू की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=1697737

रेल मंत्रालय की 'लौह अयस्क नीति-2021'

प्रश्न-रेल मंत्रालय की नई नीति 'लौहा अयस्क नीति, 2021' के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) नई नीति 1 फरवरी, 2021 से प्रभावी होगी।

(b) नई नीति के अनुसार, सीआरआईएस बोगियो (रेक्स) के आवंटन प्रणाली में बदलाव करेगी।

(c) अभी तक ईडीआरएम कार्यालय कोलकाता लौह अयस्क की ढुलाई का कार्यक्रम बनाता रहा है, किंतु नई नीति में माल ढुलाई के लिए इसकी नियामक की भूमिका को खत्म कर दिया गया है।

(d) पेलेट और सिंटर के परिवहन को भी प्राथमिकता सूची 'D' के अंतर्गत रखा जाएगा।

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2021 में रेलवे ने बोगियों के आवंटन और लौहर अयस्क की ढुलाई का नियमन करने वाली लौह अयस्क से जुड़ी नई नीति -लौह अयस्क नीति 2021 की घोषणा की है।
- नई नीति में साफ तौर पर यह स्पष्ट कर दिया गया है कि उपलब्ध लोडिंग अनलोडिंग समेत सभी बुनियादी ढांचागत सुविधाओं का उपयोग करते हुए ग्राहकों की सभी आवश्यकताएं पूरी की जाएंगी।
- नई नीति 10 फरवरी, 2021 से प्रभावी होगी।
- नई नीति के अनुसार सेंटर फॉर रेलवे इंफार्मेशन सिस्टम (CRIS) बोगियों (रेक्स) के आवंटन प्रणाली में बदलाव करेगी।
- सीबीटी और गैर-सीबीटी ग्राहकों को प्रोफाइल पर आधारित श्रेणीबद्ध किए जाने की वर्तमान व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है।
- बोगियों के आवंटन और माल ढुलाई के मामले में नए और पुराने संयंत्रों को एक समान महत्व दिया जाएगा।
- लौह अयस्क की प्राथमिकता के आधार पर नई नीति अंतर्गत ढुलाई की व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है।
- ग्राहकों द्वारा विकसित की गई लोडिंग और अनलोडिंग की बुनियादी ढांचागत व्यवस्था की उपलब्धता के आधार पर लौह अयस्क की ढुलाई को प्राथमिकता में श्रेणीबद्ध किया जा रहा है, जिससे लौह अयस्क की ढुलाई में तेजी आ सके।
- व्यवसाय को और सुगम बनाने के उद्देश्य से रेलवे ने दस्तावेजों की जांच-पड़ताल की व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है।

- अभी तक ईडीआरएम कार्यालय, कोलकाता लौह अयस्क की ढुलाई का कार्यक्रम बनाता रहा है, किंतु नई नीति में माल ढुलाई के लिए इसकी नियामक की भूमिका को खत्म कर दिया गया है।
- यद्यपि यह कार्यालय विभिन्न लौह अयस्क परिवहन के लिए विश्लेषण करता रहेगा।
- अब ग्राहक को किसी भी प्राथमिकता श्रेणी में अपने माल की ढुलाई के लिए वचन-पत्र देना होगा कि माल की खरीद से लेकर उसकी ढुलाई और उसके इस्तेमाल में केंद्र और राज्य सरकारों के नियमों का अनुसरण किया गया है।
- घरेलू विनिर्माण से जुड़ी गतिविधियों के लिए लौह अयस्क की ढुलाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।
- देश में कच्चे लोहे के परिवहन में जिन लौह अयस्क की ढुलाई को प्राथमिकता दी जाएगी, उसमें इस्पात/पिग आयरन/स्पोज्ज आयरन/पैलेट और सिंटर शामिल हैं।
- ऐसे मालिक जिनके पास लोडिंग व अनलोडिंग दोनों तरफ के लिए अपने स्वयं के निजी साइड प्रबंध है, इनकी श्रेणी C+ होगी।
- जिसके पास लोडिंग या अनलोडिंग में किसी एक तरफ की अपनी साइडिंग की व्यवस्था है, उनकी श्रेणी 'C' और उन ग्राहकों को जिनके पास लोडिंग व अनलोडिंग दोनों की व्यवस्था नहीं है और वह पूर्णत: सरकारी भंडारण या साइडिंग पर निर्भर हैं, उनकी श्रेणी C-होगी।
- ग्राहक माल ढुलाई के लिए अपनी अभियोग्यता और आवश्यकता के अनुसार अपनी प्राथमिकता या प्राथमिकताओं का चयन करने हेतु स्वतंत्रत होंगे।
- पेलेट और सिंटर के परिवहन को भी प्राथमिकता सूची "D" के अंतर्गत रखा जाएगा।
- प्राथमिकता सूची "D" के अंतर्गत कोई भी ग्राहक अपनी आवश्यकतानुसार माल ढुलाई को विकल्प चुन सकता है।
- कम गुणवत्ता वाले लौह-अयस्क को, जिसे उत्पादन की प्रक्रिया के दौरान अस्वीकृत कर दिया गया हो उसे प्राथमिकता श्रेणी-D के अंतर्गत किसी भी स्थान पर ले जाया जा सकेगा।
- माल ढुलाई के ठेको के अंतर्गत ग्राहक अपनी आवश्यकतानुसार मांग-पत्र जारी करने हेतु स्वतंत्र होंगे।
- रेलवे के कुल माल परिवहन में लौह अयस्क दूसरा सबसे प्रमुख माल है। और 2019-20 में रेलवे द्वारा की गई कुल 1210 मिलियन टन माल की ढुलाई में लौह अयस्क और इस्पात की हिस्सेदारी 17 प्रतिशत रही, जिसमें 53.81 मिलियन टने स्टील और 153.35 मिलियन टन लौह अयस्क शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=1689035

नेपाल में सांस्कृतिक विरासत परियोजनाओं के जीर्णोद्धार के लिए अनुदान

प्रश्न: 11 फरवरी, 2021 को भारत ने नेपाल में विभिन्न सांस्कृतिक विरासत परियोजनाओं के जीर्णोद्धार के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस फंडिंग योजना के तहत कितनी सांस्कृतिक विरासत परियोजनाएं शामिल हैं ?

(a) तीन (b) चार (c) पांच (d) आठ

उत्तर- (a)

- 11 फरवरी, 2021 को भारत ने नेपाल में विभिन्न सांस्कृतिक विरासत परियोजनाओं के जीर्णोद्धार के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।
- इस वित्त पोषण/ अनुदान योजना के तहत काठमांडू घाटी में स्थित तीन सांस्कृतिक विरासत परियोजनाएं शामिल हैं।
- ध्यातव्य है कि नेपाल के आठ जिलों में विस्तृत सांस्कृतिक विरासत स्थलों में भूकंप के बाद पुनर्निर्माण के लिए भारत द्वारा 50 मिलियन डालर अनुदान सहायता के तहत परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं।
- समझौता और साइटें
- काठमांडू में भारतीय दूतावास और नेपाल में विभिन्न हितधारकों के प्रतिनिधियों ने तीन सांस्कृतिक विरासत स्थलों के संरक्षण और रेट्रोफिटिंग के लिए तीन अनुबंध समझौतों पर हस्ताक्षर किए।
- भारत सेतो मछिंद्रनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार करेगा, बुधनीलकांठा में धर्मशाला का निर्माण करेगा एवं ललितपुर जिले में कुमारी गृह का सरंक्षण एवं विकास करेगा।
- परियोजना प्रबंधन सलाहकार
- 'इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज' को संरक्षण कार्य की देखरेख के लिए परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है।
- पहले की सहायता
- इससे पहले नवंबर 2019 में, भारत ने नेपाल में बुधनिलकंठ मंदिर के लिए मठाधीश भवन के निर्माण में 21.8 मिलियन रुपये की लागत से अपना योगदान दिया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/india-news/india-to-fund-usd-50m-for-restoration-of-3-cultural-heritage-projects-in-nepal-101613142218601.html

कर्नाटक ने लांच किया डिजिटल अर्थव्यवस्था मिशन कार्यालय

प्रश्न-हाल ही में कर्नाटक ने डिजिटल अर्थव्यवस्था मिशन कार्यालय का उद्घाटन किया। कर्नाटक ने इसे राज्य सकल घरेलू उत्पाद (GSDP) में डिजिटल अर्थव्यवस्था के योगदान को कितने प्रतिशत तक बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया है?

(a) 20% (b) 30% (c) 35% (d) 40%

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2021 को कर्नाटक डिजिटल अर्थव्यवस्था मिशन (Karnataka Digital Economy Mission-KDEM) के कार्यालय का उद्घाटन किया गया।यह कार्यालय राज्य की राजधानी बैंगलुरू में खोला गया है।इस कार्यालय का उद्धाटन सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) में डिजिटल अर्थव्यवस्था के योगदान को 30% तक बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है।
- इस कार्यालय के साथ बियॉन्ड बेंगलुरू रिपोर्ट भी प्रकाशित की गई जो कि निर्धारित लक्ष्य हासिल करने में सहायता प्रदान करने हेतु जारी की गई है।इस अवसर पर राज्य के उपमुख्यमंत्री डॉ. सी.एन अश्वत्थ नारायण (Dr.CN Ashwastha Naryana) ने कहा कि सरकार KDEM को अधिक से अधिक उद्योग अनुकूल बनाना चाहती है।
- इन्ही तथ्यों को ध्यान में रखते हुए इस मिशन की स्थापना एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर की गई है।इस मिशन में सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल को बल प्रदान करने के उद्देश्य से निजी क्षेत्र को 51% तथा सार्वजनिक क्षेत्र हेतु 49% भागीदारी रखी गई है।
- कर्नाटक की डिजिटल अर्थव्यवस्था मिशन में एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (ASSOCHAM), इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (IESA) तथा विजन ग्रुप स्टार्ट-अप्स जैसे उद्योगों की भी संलग्नता है।
- राज्य सरकार डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए, दूरदराज के क्षेत्रों तक भी संचार व्यवस्था को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।
- कर्नाटक सरकार इस दिशा में उन्नति हेतु सुदूरवर्ती क्षेत्रों को 24/7 बिजली की व्यवस्था करके आवश्यक बुनियादी ढांचा निर्मित करके ग्रामीण शहरी अंतर को भी पाटने का कार्य करेगा।
- कर्नाटक डिजिटल अर्थव्यवस्था मिशन राज्य में आई.टी. क्षेत्र के लिए निवेश को आकर्षित करने हेतु प्रतिबद्ध है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/india-news/karnataka-digital-economy-mission-office-inaugurated-101612927792129.html

केरल का पहला ब्रेस्ट मिल्क बैंक

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य ने पहला ब्रेस्ट मिल्क बैंक खोला?

(a) महाराष्ट्र (b) राजस्थान (c) केरल (d) तमिलनाडु

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 6 फरवरी, 2021 को केरल के एर्नाकुलम जनरल अस्पताल में 'पहले ब्रेस्ट मिल्क बैंक' का उद्घाटन हुआ।
- रोटरी क्लब ऑफ कोचीन के सहयोग से दूध बैंक की स्थापना की गई।
- यह दूध बैंक उन नवजात शिशुओं के लिए स्तन दूध की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, जिन्हें अपनी माताओं द्वारा स्तनपान नहीं कराया जाता है।
- इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक्स के साथ मिलकर जनरल अस्पताल में दूध बैंक के संचालन के लिए एक प्रशिक्षित नर्सिंग स्टॉफ प्रदान किया गया है।
- इस मिल्क बैंक में एक पाश्चुरीकरण इकाई, रेफ्रिजरेटर आरओ प्लांट और कंप्यूटर इत्यादि शामिल किए जाएंगे।
- इस बैंक की स्थापना के लिए पिछले साल ही केरल राज्य के स्वास्थ्य विभाग और रोटरी क्लब ऑफ कोचीन ग्लोबल के बीच एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे, लेकिन कोविड-19 के प्रकोप से इस परियोजना में देरी हुई।
- भारत में यह अवधारणा 32 साल पहले आयी थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/cities/Kochi/states-first-human-milk-bank-opened/article33763947.ece#:~:text=The%20State's%20first%20human%20milk,unable%20to%20produce%20sufficient%20milk.

नेशनल मरीन टर्टल एक्शन प्लान

प्रश्न-28 जनवरी, 2021 को पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने विशाल समुद्री जीवों और कछुओं के लिए एक संरक्षण प्रतिमान रखने की आवश्यकता के दृष्टिगत कहां 'मरीन मेगा फॉना स्ट्रैंडिंग गाइडलाइंस' और नेशनल मरीन टर्टल एक्शन प्लान जारी किया?

(a) कोलकाता (b) नई दिल्ली (c) चेन्नई (d) मुंबई

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2021 को पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा विशाल समुद्री जीवों और कछुओं के लिए एक संरक्षण प्रतिमान रखने की आवश्यकता के दृष्टिगत नई दिल्ली में 'मरीन मेगा फॉना स्ट्रैंडिंग गाइडलाइंस' और 'नेशनल मरीन टर्टल एक्शन प्लान' जारी किया गया।
- इसे केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने लांच किया।
- लांच किए गए इन दस्तावेजों में संरक्षण के लिए अंतर-क्षेत्रीय कार्रवाई को न केवल बढ़ावा देने के तरीके और साधन बताए गए हैं, अपितु इनमें समुद्री स्तनधारियों को फंसाने, चोट या मृत्यु दर के मामलों पर सरकार की तरफ से कार्रवाई, नागरिक समाज और संबंधित हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय को भी निर्देशित किया गया है।
- समुद्री कछुओं के संरक्षण पर भी कई निर्देश इसमें दिए गए हैं।
- ये दोनों दस्तावेज समुद्र में समुद्री किनारों या नाव में फंसे हुए समुद्री जीवों के बचाव प्रबंधन संबंधी कार्यों पर प्रकाश डालते हैं।
- ज्ञातव्य है कि भारत में समुद्री जीवन के विशाल आर्थिक, पारिस्थितिक और सांस्कृतिक मूल्यों के बावजूद यहां के समुद्री कछुओं और समुद्री जीव प्रजातियों को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें प्रमुख रूप से इनका अवैध शिकार शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=1692990

पूंजीगत परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त पूंजी पाने वाला देश का पहला राज्य

प्रश्न-जनवरी, 2021 में कौन-सा राज्य विभिन्न केंद्रित सुधारों को सफलतापूर्वक लागू कर पूंजीगत परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त पूंजी पाने वाला देश का पहला राज्य बन गया है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश (c) हरियाणा (d) पंजाब

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 24 जनवरी, 2021 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार, मध्य प्रदेश विभिन्न केंद्रित सुधारों को सफलतापूर्वक लागू कर, पूंजीगत परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त पूंजी पाने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

- वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने इसके तहत राज्य को पूंजीगत खर्च के लिए 660 करोड़ रुपये की राशि का आवंटन किया है।
- इस राशि को राज्य सरकार वन नेशन, वन राशन कार्ड सुधार, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सुधार और शहरी निकाय सुधार को पूरा करने के मद में खर्च करेगी।
- इसके अलावा इस राज्य ने चौथे प्रमुख सुधार पॉवर सेक्टर (बिजली क्षेत्र) में भी सुधार का एक अहम हिस्सा पूरा कर लिया है।
- व्यय विभाग द्वारा 660 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली पूंजीगत परियोजनाओं की एक सूची को मंजूरी प्रदान की गई थी।
- इसके तहत पहली किस्त के रूप में 50 प्रतिशत राशि (330 करोड़ रुपये) अनुमोदित परियोजनाओं हेतु जारी भी की दी गई है।
- जारी की गई 660 करोड़ रुपये की राशि, योजना के भाग-1 के तहत पूंजीगत परियोजनाओं के लिए पहले जारी की गई 660 करोड़ रुपये की राशि के अतिरिक्त राशि है।
- वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत 12 अक्टूबर, 2020 को 'पूंजीगत व्यय के लिए राज्यों की विशेष सहयता' योजना की घोषणा की थी।
- इस योजना का उद्देश्य इस वर्ष कोविड-19 महामारी के कारण राजस्व में आई कमी के कारण वित्तीय समस्याओं का सामना कर रहे राज्यों के लिए पूंजीगत व्यय को बढ़ाना है।
- अब तक 27 राज्यों के पूंजीगत व्यय प्रस्तावों के लिए 10,657 करोड़ रुपये की राशि वित्त मंत्रालय द्वारा अनुमोदित की गई है।
- इस योजना के तहत पहली किस्त के रूप में राज्यों को 5,328 करोड़ रुपये की राशि पहले ही जारी की जा चुकी है।
- अभी तक तमिलनाडु ने इस योजना का लाभ नहीं उठाया है।
- इस योजना के तहत स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, जल आपूर्ति, सिंचाई, बिजली, परिवहन, शिक्षा, शहरी विकास जैसे अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में पूंजी व्यय परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई है।
- इस योजना के तीन भाग हैं।
- योजना के भाग-1 में उत्तर-पूर्वी और पर्वतीय राज्यों को शामिल किया गया है।
- इसके तहत 7 पूर्वोत्तर राज्यों में से प्रत्येक को 200 करोड़ रुपये और प्रत्येक पर्वतीय राज्यों (हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड़) को 450 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।
- असम राज्य में अधिक जनसंख्या और अधिक भौगोलिक क्षेत्र के दृष्टिगत 50 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि आवंटित की गई है।
- योजना के भाग-2 में वे राज्य शामिल किए गए हैं, जो पहले भाग में शामिल नहीं हैं।

- इस भाग के लिए 7500 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।
- योजना के भाग-3 का उद्देश्य राज्यों में विभिन्न नागरिक-केंद्रित सुधारों को बढ़ाने का है।
- इस भाग के तहत 2000 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1691806#:~:text=Madhya%20Pradesh%20has%20become%20the,Finance%20has%20allocated%20additional%20Rs.

पूर्वोत्तर परिषद का 69वां पूर्ण अधिवेशन

प्रश्न-23-24 जनवरी, 2021 तक पूर्वोत्तर परिषद के 69 वें पूर्ण अधिवेशन का आयोजन कहां किया गया?
(a) गुवाहाटी में (b) शिलांग में (c) गंगटोक में (d) अगरतला में

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 23-24 जनवरी, 2021 तक पूर्वोत्तर परिषद के 69 वें पूर्ण अधिवेशन का आयोजन शिलांग, मेघालय में किया गया।
- इस अधिवेशन की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष और गृह मंत्री अमित शाह ने की।
- इस अधिवेशन में पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय, पूर्वोत्तर परिषद, क्षेत्र की राज्य सरकारों के साथ-साथ विभिन्न विकासत्मक पहल और भविष्य की योजनाओं के कार्यों से जुड़े चुने हुए केंद्रीय मंत्रालयों के प्रेजेन्टेशन दिखाए गए।
- पूर्वोत्तर (उत्तर-पूर्वी) परिषद पूर्वोत्तर राज्यों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए नोडल एजेंसी है।
- इस परिषद में 8 राज्य-अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा शामिल हैं।
- पूर्वोत्तर परिषद के अधिवेशन में विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा की जाती है।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस परिषद के अध्यक्ष और केंद्रीय पूर्वोत्तर विकास मंत्री जितेंद्र सिंह इसके उपाध्यक्ष हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/india-news/amit-shah-to-chair-69th-plenary-session-of-north-eastern-council-on-jan-23-24-101611062118158.html

भारत-ऑस्ट्रेलिया-जापान-अमेरिका के बीच तीसरी मंत्रिस्तरीय बैठक

प्रश्न - 18 फरवरी, 2021 को भारत-ऑस्ट्रेलिया-जापान-अमेरिका के बीच तीसरी मंत्रिस्तरीय बैठक, 2021 वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संपन्न हुई। इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किसने किया ?

(a) राजनाथ सिंह (b) हर्षवर्धन सिंह (c) एस. जयशंकर (d) वी. मुरलीधरन

उत्तर- (c)

सम्बंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2021 को भारत-ऑस्ट्रेलिया-जापान-अमेरिका (क्वाड) के बीच तीसरी मंत्रिस्तरीय बैठक, 2021 वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संपन्न हुई।
- इसमें संबंधित देशों के विदेश मंत्रियों ने हिस्सा लिया।
- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- इस बैठक से 6 अक्टूबर 2020 को टोक्यो में आयोजित पिछली बैठक में साझा किए गए विचारों को आगे भी जारी रखने का अवसर मिला।
- इस बैठक के दौरान मंत्रिगणों ने क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।
- जिसमें विशेष रुप से इंडो-पैसेफिक क्षेत्र को स्वतंत्र, खुला एवं समावेशी बनाए रखने की दिशा में सहयोग पर चर्चा की गई।
- साथ ही बैठक में कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों, वैश्विक जलवायु परिवर्तन और आपसी हितों के अन्य मुद्दों से निपटने पर भी बातचीत की गई।
- इसकी पहली बैठक सितम्बर, 2021 में न्यूयार्क में हुई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mea.gov.in/press-releases-hi.htm?dtl/33534/3rd_IndiaAustraliaJapanUSA_Ministerial_Meeting

जल जीवन मिशन के अंतर्गत दूसरे किश्त का पहला ट्रांच लेने वाला देश का पहला राज्य

प्रश्न-जल जीवन मिशन के अंतर्गत भारत सरकार से दूसरी किश्त के पहले ट्रांच की ग्रांट प्राप्त करने वाला (लक्ष्यों के आधार पर) देश के 7 बड़े राज्यों में देश का पहला राज्य कौन है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश (c) बिहार (d) महाराष्ट्र

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत मध्य प्रदेश को दूसरी किश्त के पहले ट्रांच के रूप में 320 करोड़ रुपये से अधिक की राशि की ग्रांट स्वीकृत की गई है।
- राज्य सरकार को सामान्य कार्यक्रम के अंतर्गत 163 करोड़ 81 लाख 80 हजार रुपये तथा अनुसूचित जाति-जनजाति क्षेत्र के लिए 156 करोड़ 21 लाख 33 हजार रुपये की ग्रांट स्वीकृत की गई है।
- भारत सरकार से दूसरी किश्त के पहले ट्रांच की ग्रांट प्राप्त करने वाला (लक्ष्य के आधार पर) देश के सात बड़े राज्यों में मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है।
- वित्तीय वर्ष 2021 के अंतर्गत राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्यों द्वारा अपना-अपना लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- इन लक्ष्यों के विरुद्ध कार्य की प्रगति और किए गए व्यय के आधार पर भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा अगली ग्रांट स्वीकृत की जाती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20210212N10&LocID=1

6वां इंडिया फार्मा और इंडिया मेडिकल डिवाइस 2021

प्रश्न-6 वां इंडिया फार्मा और इंडिया मेडिकल डिवाइस कब आयोजित किया जाएगा?

(a) 27-28 फरवरी और 1-3 मार्च, 2021 (b) 25-26 फरवरी और 1-2 मार्च, 2021
(c) 1-3 मार्च और 5-6 मार्च, 2021 (d) 15-16 फरवरी और 1-2 मार्च, 2021

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 25-26 फरवरी और 1-2 मार्च, 2021 के मध्य 6वां इंडिया फार्मा और इंडिया मेडिकल डिवाइस (India Pharma & India Medical Device), 2021 सम्मेलन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित होगा।ओषधीय और चिकित्सा उपकरण क्षेत्र से संबंधित यह कार्यक्रम ओषध विभाग रसायन और उर्वरक मंत्रालय द्वारा फिक्की और इन्वेस्ट इंडिया के साथ मिलकर किया जाएगा।
- इंडिया फार्मा के लिए इस वर्ष की थीम है-"इंडिया फार्मा इंडस्ट्री: फ्यूचर इज नाउ"।
- जबकि इंडिया मेडिकल डिवाइस के लिए थीम है-"इंडिया मेडटेक फ्यूचर: इनोवेट एंड मेक इन इंडिया थ्रू ग्लोबल अलायंस"।
- गौरतलब है कि भारत सस्ती जेनरिक दवाओं का एक बड़ा प्रमुख निर्यातक है और चिकित्सा उपकरणों व रोग निदान का एक प्रमुख केंद्र है।
- एक अनुमान के मुताबिक भारतीय फार्मा उद्योग वर्ष 2030 तक 130 अरब अमेरिकी डॉलर तक का हो जाएगा।

- वर्ष 2025 तक भारत में चिकित्सा उपकरणों के उद्योग के 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की क्षमता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ficci.in/ficci-in-news-page.asp?nid=28730

20वां विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन, 2021

प्रश्न-10-12 फरवरी, 2021 के मध्य 20 वां विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित किया गया। इसका मुख्य विषय क्या है?

(a) सभी के लिए सुरक्षित पर्यावरण
(b) सभी के लिए सतत विकास
(c) हमारे सामान्य भविष्य को पुनर्परिभाषित करना: सभी के लिए सुरक्षित और संरक्षित वातावरण
(d) सभी के लिए सुरक्षित जल

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 10-12 फरवरी, 2021 के मध्य 20वां विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित किया गया।
- इस शिखर सम्मेलन का विषय (Theme) है 'हमारे सामान्य भविष्य को पुनर्परिभाषित करना: सभी के लिए सुरक्षित और संरक्षित वातावरण' (Redefining our Common Future: Safe and Secure Environment for all) ।
- यह द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (TERI) का प्रमुख कार्यक्रम है।
- भारत के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय इस शिखर सम्मेलन के प्रमुख भागीदार हैं।
- इस सम्मेलन के दौरान चर्चा किए जाने वाले प्रमुख विषयों में ऊर्जा एवं उद्योग परिवर्तन, अनुकूलन तथा लचीलापन प्रकृति आधारित समाधान, जलवायु वित्त, चक्रीय अर्थव्यवस्था, स्वच्छ महासागर और वायु प्रदूषण शामिल हैं।
- इसमें कई देशों की सरकारें, बिजनेस लीडर्स, शिक्षाविद्, वैज्ञानिक, युवा और सामाजिक संगठन जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में एक साथ खड़े होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://wsds.teriin.org/

दूसरा भारतीय समुद्री शिखर सम्मेलन-2021

प्रश्न-दूसरे भारतीय समुद्री शिखर सम्मेलन से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) 2-4 मार्च, 2021 के मध्य यह सम्मेलन वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित होगा।

(ii) केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) (b) केवल (ii) (c) (i) एवं (ii) दोनों (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 2 मार्च से 4 मार्च, 2021 के मध्य दूसरा भारतीय समुद्री शिखर सम्मेलन (2nd Maritime India Summit, 2021) का आयोजन किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 मार्च को इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।
- इस कार्यक्रम का आयोजन पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने औद्योगिक साझेदार के रूप में फिक्की और ज्ञान साझेदार के रूप में ईवाई (EY: Earnst & Young) के साथ मिलकर किया है।इस शिखर सम्मेलन में 24 साथी देशों के लगभग 20,000 प्रतिनिधि भाग लेंगे।
- साथ ही इसमें 400 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया जाएगा।
- यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए मजबूत मंच उपलब्ध करवाएगा और साझेदार देशों को ज्ञान और अवसरों के आपसी आदान-प्रदान के लिए साथ लेकर आएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ficci.in/ficci-in-news-page.asp?nid=28869

भारत-ऑस्ट्रेलिया सर्कुलर इकोनॉमी हैकाथॉन, 2021

प्रश्न-11 फरवरी, 2021 को भारत के किस संस्था और कॉमनवेल्थ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च आर्गेनाइजेशन (CSIRO) का भारत-ऑस्ट्रेलिया सर्वâुलर इकोनॉमी हैकाथॉन, 2021 शुरू हुआ?

(a) दूरसंचार विभाग (b) नीति आयोग का अटल नवप्रवर्तन मिशन

(c) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (d) परमाणु ऊर्जा विभाग

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 11 फरवरी, 2021 को नीति आयोग को अटल नवप्रवर्तन मिशन (AIM) और ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय विज्ञान एजेंसी, कॉमनवेल्थ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च आर्गेनाइजेशन ने 'भारत-ऑस्ट्रेलिया सर्कुलर इकोनॉमी हैकाथॉन' शुरू किया।
- भारत के माननीय प्रधानमंत्री और ऑस्ट्रेलिया के माननीय प्रधानमंत्री के बीच 4 जून, 2020 को वर्चुअल द्विपक्षीय शिखर बैठक में आई-एसीई संयुक्त हैकाथॉन का विचार आया था।
- इसमें दोनों देशों के बीच साझा सर्कुलर इकोनॉमी इनोवेशन की पहल करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई थी।
- दोनों देशों से प्राप्त हुए एक हजार से अधिक आवेदनों की गहन जांच प्रक्रिया के बाद शीर्ष 80 आवेदनों का इस अनोखे हैकाथॉन के लिए चयन किया गया जिसमें दोनों देशों के छात्र और स्टार्ट अप प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सर्कुलर इकोनॉमी को प्रोत्साहित करने के लिए नवोन्मेषी कदमों पर मिलकर काम करेंगे।
- उदाहरण के तौर पर पैकेजिंग का कचरा कम करने के लिए पैकेजिंग क्षेत्र में, खाद्य आपूर्ति श्रंृखला में बर्बादी रोकने में, प्लास्टिक कचरा कम करने में अवसरों का सृजन और संवेदनशील ऊर्जा धातु और ई-वेस्ट की रिसाइक्लिंग में नवोन्मेष।
- 11 फरवरी, 2021 को अंतिम प्रस्तुतियों का कार्यक्रम निर्धारित रहा और दोनों देशों के विशेषज्ञों की निर्णायक समिति द्वारा उनका मूल्यांकन किया गया।
- आई-एसीई हैकाथॉन की कुल पुरस्कार राशि 56 लाख रुपये है।
- अटल नवप्रवर्तन मिशन (एआईएम) के बारे में
- नीति आयोग का अटल नवप्रवर्तन मिशन (एआईएम) देश में नवोन्मेष और उद्यमिता की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार का प्रमुख उपक्रम है।
- इस उद्देश्य से एआईएम ने विभिन्न हितधारकों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए नवोन्मेष को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रमों की शुरूआत की है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://alumni.csiro.au/events/india-australia-circular-economy-hackathon/

ई-कैबिनेट प्रणाली लागू करने वाला देश का पहला राज्य

प्रश्न-फरवरी, 2021 में कौन-सा राज्य ई-कैबिनेट प्रणाली लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना?

(a) उत्तर प्रदेश (b) हिमाचल प्रदेश (c) मध्य प्रदेश (d) हरियाणा

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2021 को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने शिमला में पहली ई-कैबिनेट का उद्घाटन किया।
- कैबिनेट ज्ञापन और कैबिनेट की कार्यवाही को कागज रहित बनाकर हिमाचल प्रदेश ई-कैबिनेट प्रणाली को लागू करने वाला देश का पहला राज्य है।
- ई-कैबिनेट के लिए सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा आईटी ऐप्लिकेशन विकसित किया गया है।
- यह पूरे देश में इस तरह का पहला इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म है।
- ई-कैबिनेट की बैठक में 32 कैबिनेट ज्ञापनों पर चर्चा की गई और इसे ई-कैबिनेट ऐप्लिकेशन के माध्यम से संचालित किया गया।
- कैबिनेट ज्ञापन से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया को ऑनलाइन करने का प्रावधान किया गया है, जिसमें संबंधित सचिव, मुख्य सचिव, संबंधित मंत्री और अंत में मुख्यमंत्री द्वारा ज्ञापन को कैबिनेट में रखने की अनुमति इत्यादि शामिल है।
- मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद कैबिनेट बैठक की तारीख इस प्रणाली के माध्यम से अधिसूचित की जाएगी तथा कैबिनेट कार्यवाही और संबंधित एजेंडे पर कैबिनेट के निर्णयों की रिकॉर्डिंग और संबंधित विभागों को सलाह जारी करने का काम भी ई-कैबिनेट के माध्यम से होगा।
- ई-कैबिनेट ऐप्लिकेशन में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की गई है।
- इस ऐप्लिकेशन में केवल अधिकृत कंप्यूटरों पर अधिकृत उपयोगकर्ता को ही इस्तेमाल की अनुमति है।
- इस ऐप्लिकेशन में डाले गए सभी कैबिनेट ज्ञापन में दिनांक और समय टिकट के साथ विशेष क्यूआर कोड होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://himachalpr.gov.in/OnePressRelease.aspx?Language=1&ID=20728

पहला आसियान-भारत हैकाथॉन, 2021

प्रश्न-पहला आसियान-भारत हैकाथॉन, 2021 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 2 फरवरी, 2021 को पहले असियान-भारत हैकाथॉन, 2021 का समापन हुआ।

(b) इसमें 10 आसियान देशों और भारत के 300 से अधिक छात्रों, मार्गदर्शकों और अधिकारियों ने भाग लिया।

(c) इस हैकाथॉन का लक्ष्य भारत और आसियान देशों के बीच विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना है।

(d) शिक्षा मंत्रालय के नवाचार प्रकोष्ठ, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (विदेश मंत्रालय) और आसियान देशों के सहयोग से इस हैकाथॉन का आयोजन किया गया।

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2021 तक पहला आसियान-भारत हैकाथॉन, 2021 आयोजित हुआ।
- 5 फरवरी, 2021 को केंद्रीय शिक्षा मंत्रीय रमेश पोखरियाल 'निशंक' और विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने आसियान देशों के मंत्रियों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ आसियान भारत-2021 के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में भाग लिया।
- इसमें 10 आसियान देशों और भारत के 300 से अधिक छात्रों, मार्गदर्शकों और अधिकारियों ने भाग लिया।आसियान-भारत हैकॉथान आसियान के दृष्टिकोण-विज्ञान और प्रौद्योगिकी और नवाचार की कार्य योजना (एपीएएसटीआई) 2016-2025 के अनुरूप है।
- इस हैकाथॉन का लक्ष्य भारत और आसियान देशों के बीच विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना था।
- ब्लू इकोनॉमी और शिक्षा के दो व्यापक विषयों के मामले में सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने हेतु अभिनव समाधान प्रदान करने की इस अनूठी पहल में सभी आसियान देशों ने भागीदारी की।भारत के साथ-साथ इसमें 10 आसियान देशों के छात्रों ने भाग लिया।
- इन टीमों में 330 छात्र और 90 संरक्षक शामिल थे।
- छात्रों को 54 टीमों में विभाजित किया गया था, जिनमें लगभग सभी देशों का प्रतिनिधित्व था।
- प्रत्येक टीम में 6 छात्र और 2 संरक्षक शामिल थे।
- इन विविध टीमों ने विभिन्न प्रतिष्ठित संगठनों और सरकारी निकायों द्वारा प्रदान की गई 11 समस्याओं के लिए सबसे अच्छा समाधान विकसित करने का प्रयास किया।
- शिक्षा मंत्रालय के नवाचार प्रकोष्ठ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (विदेश मंत्रालय) और आसियान देशों के सहयोग से इस हैकाथॉन का आयोजन किया गया।
- कोविड-19 प्रतिबंधों के कारण, हैकॉथान को उस डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करके ऑनलाइन आयोजित किया गया, जिसे स्वदेशी रूप से शिक्षा मंत्रालय के नवाचार प्रकोष्ठ द्वारा विकसित किया गया था।उल्लेखनीय है कि आसियान के 10 सदस्य देश-इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, लाओस, म्यांमार, कंबोडिया और वियतनाम हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/33481/ASEANIndia+Hackathon

झारखंड सरकार की पहली सीएसआर नीति

प्रश्न-झारखंड सरकार की पहली सीएसआर नीति के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 1 फरवरी, 2021 को झारखंड मंत्रिमंडल द्वारा राज्य की पहली सीएसआर नीति (झारखंड सीएसआर नीति, 2020) को मंजूरी प्रदान की गई।

(b) नई सीएसआर नीति की मदद से राज्य सरकार, कॉरपोरेट्स, सिविल सोसाइटी व अन्य संगठनों के बीच साझेदारी बनेगी और उनकी प्राथमिकताओं एवं गतिविधियों को सुव्यवस्थित करना आसान होगा।

(c) इस नीति के लक्ष्य को साकार करने हेतु मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उद्योग विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत झारखंड कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व प्राधिकरण का गठन किया जाएगा।

(d) झारखंड सीएसआर परिषद झारखंड सीएसआर प्राधिकरण की स्थापना के बाद स्वत: भंग हो जाएगा।

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2020 को झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य की पहली सीएसआर नीति (झारखंड सीएसआर नीति, 2020) को मंजूरी प्रदान की गई।
- नई सीएसआर नीति की मदद से राज्य सरकार, कॉरपोरेट्स, सिविल सोसाइटी व अन्य संगठनों के बीच साझेदारी बनेगी और उनकी प्राथमिकताओं एवं गतिविधियों को सुव्यवस्थित करना सुगम होगा।
- नई नीति से कॉरपोरेट्स को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के बारे में सही जानकारी प्राप्त हो सकेगी।
- इस नीति के लक्ष्य को सरकार करने हेतु मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उद्योग विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत झारखंड कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व प्राधिकरण का गठन किया जाएगा।
- यह प्राधिकरण राज्य में सीएसआर निवेश बढ़ाने की दिशा में काम करेगा।
- झारखंड सीएसआर परिषद झारखंड सीएसआर प्राधिकरण की स्थापना के बाद स्वत: भंग हो जाएगा।
- नई नीति के तहत पारदर्शिता लाने और कुशल एवं निर्बाध सूचना प्रवाह सुनिश्चित करने हेतु सीएसआर पोर्टल शुरू किया जाएगा।
- यह पोर्टल प्राधिकरण की देखरेख में बनाया जाएगा।
- इस पोर्टल में सेक्टर, जिलों, विभागों इत्यादि के अनुसार सीएसआर के तहत वित्त पोषित की जा रही वर्तमान योजनाओं के विवरण होंगे।

- इसके अलावा सीएसआर फंडिंग, सीएसआर फंडिंग की नीति और परिचालन दिशा-निर्देश, परियोजना प्रस्ताव हेतु प्रारूप, कॉरपोरेट पंजीकरण फॉर्म, एमओयू से संबंधित अन्य सभी विवरण पोर्टल पर उपलब्ध होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.dailypioneer.com/2021/state-editions/jharkhand-govt-approves-its-first-ever-csr-policy.html

पश्चिम बंगाल में जलपक्षियों की जनगणना

प्रश्न-12 जनवरी से 2 फरवरी, 2021 के मध्य पश्चिम बंगाल में वन विभाग द्वारा पहली बार जल पक्षियों की जगणना की गई। इस जनगणना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह जनगणना 35 विभिन्न स्थानों पर की गई।

(b) इस गणना में सुंदरबन सहित इस राज्य के आर्द्रभूमि के जल पक्षियों की गणना की गई।

(c) यहां अब तक पक्षियों की 65 प्रजातियां पाई गई हैं।

(d) पहली बार सुंदरबन में काले गले वाले ग्रीब पक्षी का भी पता लगाया गया है।

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 12 जनवरी से 2 फरवरी, 2021 के मध्य पश्चिम बंगाल वन विभाग द्वारा पहली बार जलपक्षियों की जनगणना की गई।यह जनगणना 54 विभिन्न स्थानों पर की गई।
- इसमें वन कर्मचारी, गैर सरकारी संगठन और पक्षी प्रेमियों सहित 800 से अधिक लोग शामिल हुए।इस गणना में सुंदरबन सहित इस राज्य की आर्द्रभूमि के जल पक्षियों की गणना की गई।
- यहां अब तक जल पक्षियों की 65 प्रजातियां पाई गई हैं।
- पहली बार सुंदरबन में काले गले वाले ग्रीब पक्षी का भी पता लगाया गया है, जबकि क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर 4 हजार से अधिक ग्रेट नॉट पक्षी देखे गए थे।
- गजोलडोबा में टीमों द्वारा 63 प्रजातियों के 7 हजार से अधिक पक्षियों को देखा गया है।
- साहपुर बोट्रिर बिल में 65 प्रकार की जल पक्षियों की प्रजातियां पाई गई हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/News?title=West-Bengal%3A-Forest-Department-conducts-water-birds-census-for-first-time&id=409153

भारत का पहला आर्द्रभूमि संरक्षण और प्रबंधन केंद्र

प्रश्न-2 फरवरी, 2021 को केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो ने किस संस्थान के भाग के रूप में भारत के पहले आर्द्रभूमि संरक्षण और प्रबंधन केंद्र की स्थापना की घोषणा की?

(a) राष्ट्रीय सतत तटीय प्रबंधन केंद्र, कोच्चि
(b) राष्ट्रीय सतत तटीय प्रबंधन केंद्र, कोलकाता
(c) राष्ट्रीय सतत तटीय प्रबंधन केंद्र, विशाखापत्तनम
(d) राष्ट्रीय सतत तटीय प्रबंधन केंद्र, चेन्नई

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2021 को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री बाबुल सुप्रियो ने मंत्रालय के तहत आने वाले संस्थान राष्ट्रीय सतत तटीय प्रबंधन केंद्र (एनसीएससीएम), चेन्नई के भाग के रूप में आर्द्रभूमि संरक्षण एवं प्रबंधन केंद्र (सीडब्ल्यूसीएम) की स्थापना की घोषणा की।
- इस केंद्र में विशेष शोध आवश्यकताओं और जानकारियों में कमी का समाधान निकाला जाएगा।
- साथ-साथ आर्द्रभूमियों के संरक्षण, प्रबंधन और उचित उपयोग के लिए एकीकृत रणनीतियों के उपयोग में सहयोग लिया जाएगा।
- यह केंद्र उपयुक्त राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ भागीदारी और नेटवर्क विकसित करने में सहायता प्रदान करेगा।
- सीडब्ल्यूसीएम एक ज्ञान केंद्र के रूप में काम करेगा और राज्य/केंद्रशासित क्षेत्रों के आर्द्रभूमि प्राधिकरणों, आर्द्रभूमि के उपयोगकर्त्ताओं, प्रबंधकों, शोधकर्ताओं, नीति-निर्माताओं और प्रैक्टिसनर्स के बीच विचारों के आदान-प्रदान को सक्षम बनाएगा।
- यह केंद्र उनके संरक्षण के लिए नीति और नियामकीय रूप रेखाओं के निर्माण एवं उनके कार्यान्वयन, प्रबंधन योजना, निगरानी और लक्षित अध्ययन में भी सहयोग करेगा।
- इस अवसर पर सुप्रियो ने देश में सभी रामसर स्थलों की पशु संबंधी विविधता से संबंधित प्रकाशनों और रामसर स्थलों के प्रयोजन पर एक ब्राउशर जारी किया।
- भारत में 42 स्थान अंतरराष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमियों (रामसर साइट्स) के रूप में नामित हैं, उनका क्षेत्रफल 10.8 लाख हेक्टेयर है।
- भारत में लगभग 4.6 प्रशित भूमि आर्द्रभूमि है, जिनका क्षेत्रफल 1.526 हेक्टेयर हैं।
- वर्ष 2021 को 2 फरवरी, 1971 को रामसर में रामसर समझौते पर हस्ताक्षर की 50 वीं वर्षगांठ के रूप में मनाया जा रहा है।

- 2 फरवरी, को विश्व आर्द्रभूमि दिवस मनाया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1694463

लालंदर (शहतूत) बांध के निर्माण हेतु समझौता

प्रश्न-9 फरवरी, 2021 को लालंदर (शहतूत) बांध के निर्माण हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। यह बांध किस देश में स्थित है?

(a) पाकिस्तान (b) अफगानिस्तान (c) भारत (d) श्रीलंका

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2021 को अफगानिस्तान में लालंदर (शहतूत) बांध के निर्माण हेतु समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर का एक समारोह वीटीसी पर आयोजित किया गया।
- इस समझौता-ज्ञापन पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अफगानिस्तान के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद अशरफ गनी की उपस्थिति में विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अफगानिस्तान के विदेश मंत्री हनीफ अतमार ने हस्ताक्षर किए।
- यह परियोजना भारत और अफगानिस्तान के मध्य एक नई साझेदारी का हिस्सा है।
- लालंदर (शहतूत) बांध काबुल शहर की सुरक्षित पेयजल संबंधी जरूरतों को पूरा करेगा, आसपास के क्षेत्रों को सिंचाई का पानी प्रदान करेगा, सिंचाई और जलनिकासी के वर्तमान नेटवर्क को पुनर्जीवित करेगा, इस क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा और प्रबंधन के प्रयासों में सहायता करेगा और इस क्षेत्र को बिजली भी प्रदान करेगा।
- भारत-अफगानिस्तान मैत्री बांध (सलमा) बांध का उद्घाटन प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने जून, 2016 में किया था, उसके बाद यह भारत द्वारा अफगानिस्तान में बनाया जा रहा दूसरा बड़ा बांध है।
- अफगानिस्तान के साथ हमारे विकास से जुड़े सहयोग के एक हिस्से के तौर पर भारत ने अफगानिस्तान के सभी 34 प्रांतों को कवर करते हुए 400 से अधिक परियोजनाओं को पूरा किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1696486

चौरी चौरा शताब्दी समारोह

प्रश्न-4 फरवरी, 2021 से 4 फरवरी, 2022 तक आयोजित किए जा रहे चौरी चौरा शताब्दी समारोह के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 4 फरवरी, 2021 को चौरी चौरा शताब्दी समारोह का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया

(b) इस समारोह के अंतर्गत प्रदेश के सभी 75 जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

(c) इस समारोह में कुल शहीदों के 75 परिजनों को सम्मानित किया गया।

(d) चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव पर जारी किए गए लोगो पर लिखा स्लोगन 'स्वरक्तै: स्वराष्ट्र रक्षेत' है।

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में स्थित चौरी चौरा में 'चौरी चौरा शताब्दी' समारोह का उद्घाटन किया।
- यह समारोह चौरी चौरा घटना वर्ष 2022 में इसके 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने चौरी चौरा के शताब्दी समारोह को समर्पित एक डाक टिकट भी जारी किया।
- यह समारोह 4 फरवरी, 2022 तक आयोजित किया जाएगा।
- इस समारोह के अंतर्गत प्रदेश के सभी 75 जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- शहीद स्थलों, ग्रामों व स्मारकों पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही बैंड की प्रस्तुति होगी।
- इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहीदों के 17 परिजनों को शाल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।
- कार्यक्रम के दौरान कुल शहीदों के 102 परिजनों को सम्मानित किया गया।
- चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव के तहत प्रदेश भर में राष्ट्रभावना को जागृत करने वाले अभियान के रूप में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के गायन के मामले में उत्तर प्रदेश ने मात्र दो घंटे में ही चीन का रिकॉर्ड तोड़ दिया।
- उत्तर प्रदेश में मात्र दो घंटे में 20 हजार वीडियो अपलोड हुए, जबकि इससे पूर्व चीन में 29 दिन में मात्र 10400 वीडियो अपलोड हुए थे।
- चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव पर जारी किए गए लोगो पर लिखा स्लोगन 'स्वरक्तै: स्वराष्ट्र रक्षेत' (अपने रक्त के बलिदान से अपने राष्ट्र की रक्षा करना चाहिए) है।

- यह स्लोगन लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृति विभाग के शिक्षक डॉ. अशोक कुमार सतपयी ने तैयार किया है।
- ज्ञातव्य है कि 4 फरवरी, 2022 को चौरी चौरा में कांग्रेस और खिलाफत का एक जुलूस निकला था, इसमें शामिल लोगों से कुछ पुलिस कर्मियों ने दुर्व्यवहार किया, जिसका परिणाम यह हुआ कि जुलूस में शामिल एक जत्थे ने पुलिस पर हमला बोल दिया।
- प्रतिक्रिया स्वरूप पुलिस ने गोली चलाई जिससे जुलूस में शामिल सभी लोग उत्तेजित हो गए और पुलिस पर हमला कर दिया।
- सिपाही भागकर थाने में घुस गए थे, तो भीड़ ने थाने में आग लगा दी और जो सिपाही भागने के प्रयास में बाहर आए उन्हें भीड़ ने मार डाला और आग में फेंक दिया।
- इस घटना में 22 पुलिसकर्मी मारे गए थे।
- इस घटना की सूचना मिलते ही गांधी जी ने असहयोग आंदोलन को वापस लेन की घोषणा कर दी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1695083

व्यापार और निवेश पर प्रथम भारत-यूरोपीय संघ उच्चस्तरीय संवाद, 2020

प्रश्न-हाल ही में व्यापार और निवेश पर प्रथम भारत-यूरोपीय संघ उच्चस्तरीय संवाद, 2021 कब आयोजित हुआ?

(a) 7 फरवरी, 2021 (b) 5 फरवरी, 2021 (c) 3 फरवरी, 2021 (d) 2 फरवरी, 2021

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2021 को व्यापार और निवेश पर प्रथम भारत-यूरोपीय संघ उच्चस्तरीय संवाद (First India-EU High Level Dialogue on Trade and Investment), 2021 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित हुआ है।
- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय संघ के कार्यकारी उपाध्यक्ष और व्यापार आयुक्त वाल्डिस डोंब्रोव्स्की ने इस संवाद की सह-अध्यक्षता की।
- उल्लेखनीय है कि इस संवाद की नींव जुलाई, 2020 में आयोजित 15वें भारत-यूरोपीय संघ के नेता के शिखर सम्मेलन में रखी गई थी।
- जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों के लिए एक मंत्रिस्तरीय मार्गदर्शन समिति बनाना था।

- वार्ता के दौरान दोनों मंत्रियों ने कोविड-19 युग के बाद वैश्विक सहयोग और एकजुटता के महत्व पर जोर दिया और द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए सहमति व्यक्त की।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/national/general-news/first-india-eu-high-level-dialogue-on-trade-investment-held20210206105421/

हिंद महासागर क्षेत्र के रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन, 2021

प्रश्न-4 फरवरी, 2021 को हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) के रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन कहां आयोजित हुआ?
(a) चेन्नई (b) नई दिल्ली (c) बंगलुरू (d) भुवनेश्वर

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2021 को हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) के रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन भारत की मेजबानी में बंगलुरू में आयोजित हुआ।
- यह सम्मेलन 3 से 5 फरवरी, 2021 तक बंगलुरू में आयोजित होने वाले एशिया के सबसे बड़े एयरो शो 'एयरो इंडिया-2021' के दौरान संपन्न हुआ।
- सम्मेलन का मुख्य विषय था- "हिंद महासागर में शांति, सुरक्षा और सहयोग में वृद्धि करना"।
- यह सम्मेलन एक संस्थागत, आर्थिक और सहकारी वातावरण में बातचीत को बढ़ावा देने की एक पहल है।
- यह हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के विकास को बढ़ावा दे सकता है।
- सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों के बीच रक्षा उद्योग सहयोग से जुड़े विषयों, समुद्री निगरानी और सहयोग तथा मानवीय सहायता और आपदा राहत इत्यादि विषयों पर चर्चा हुई।
- सम्मेलन में चार देशों (मालदीव, कोमोरोस, ईरान और मेडागास्कर) के रक्षा मंत्रियों, छह देशों (ऑस्ट्रेलिया, केन्या, सेशेल्स, मॉरीशस, कुवैत और म्यांमार) के राजदूतों/उच्चायुक्तों सूडान के रक्षा सचिव और 10 देशों के सेना प्रमुखों ने भाग लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1694780

वर्चुअल भारत पर्व, 2021

प्रश्न-26-31 जनवरी, 2021 के मध्य किस मंत्रालय द्वारा वर्चुअल भारत पर्व, 2021 का आयोजन किया जा रहा है?

(a) गृह मंत्रालय (b) संस्कृति मंत्रालय (c) पर्यटन मंत्रालय (d) रक्षा मंत्रालय

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 26-31 जनवरी, 2021 के मध्य पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'वर्चुअल भारत पर्व-2021' का आयोजन किया जा रहा है।वर्चुअल भारत पर्व का उद्घाटन 26 जनवरी, 2021 को केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रहलाद सिंह पटेल की उपस्थिति में लोक सभा अध्यक्ष, ओम बिड़ला द्वारा किया गया।इस दौरान पर्यटन मंत्रालय ने भारत पर्व, 2021 में तीन वर्चुअल मंडप, देखों अपना देश, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और अतुल्य भारत समर्पित किया।
- वर्चुअल भारत पर्व, 2021 के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी मंडप में हाई रेजॉल्यूशन वीडियो, चित्रों और ई-ब्रोशरों आदि के साथ गंतव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई है।
- स्टैच्यू ऑफ यूनिटी मंडप में राज्य/केंद्रशासित प्रदेश पेयरिंग की अवधारणा के माध्यम से विभिन्न राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लोगों के बीच मेलजोल एवं आपसी समझ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' (ईबीएसबी) के विचारों को भी प्रदर्शित किया गया है।
- दूसरा मंडप 'देखो अपना देश'अभियान के ऊपर है, जिसका उद्देश्य घरेलू पर्यटन और घरेलू यात्रियों की निरंतरता को बढ़ावा देना है।'देखो अपना देश' मंडप, देश की विभिन्न पर्यटन संपत्तियों और उत्पादों का प्रदर्शन करते हुए, अपने नागरिकों को भारत के विभिन्न पर्यटन प्रस्तावों और अनुभवों का भी प्रदर्शन करता है।'अतुल्य भारत' मंडप में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों के बारे में जानकारी शामिल की गई है, जिसमें देश के पर्यटन स्थलों के बारे में अधिक-से- अधिक जानकारी प्रदान करने के लिए पर्यटन मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट से लिंक प्रदान किए गए हैं और विभिन्न प्रसंगों और विषयों पर वीडियो भी शामिल किए गए हैं।उल्लेखनीय है कि भारत पर्व का आयोजन 2016 से प्रत्येक वर्ष 26 से लेकर 31 जनवरी तक पर्यटन मंत्रालय द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर लाल किले की प्राचीर के सामने किया जाता है।इस विशाल आयोजन में देशभक्ति की भावना उत्पन्न करने और देश की समृद्ध और सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करने की परिकल्पना की गई है।भारत पर्व में ''एसेंस ऑफ इंडिया'' का उत्सव मनाया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianairforce.nic.in/content/virtual-bharat-parv-2021

आदि महोत्सव, 2021

प्रश्न-1-15 फरवरी, 2021 के मध्य राष्ट्रीय जनजातीय पर्व 'आदि महोत्सव' कहां आयोजित किया जा रहा है?



(a) नई दिल्ली (b) कोलकाता (c) रांची (d) भुवनेश्वर

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 1-15 फरवरी, 2021 के मध्य राष्ट्रीय जनजातीय पर्व 'आदि महोत्सव-2021' नई दिल्ली के आईएनए स्थित दिल्ली हाट में आयोजित किया जा रहा है।
- 1 फरवरी,2021 को उपराष्ट्रपति एम. वैंकेया नायडू ने 'आदि महोत्सव' का उद्घाटन किया।
- इसका आयोजन जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन भारतीय आदिवासी सहकारी विपणन विकास संघ (TRIFED) द्वारा किया जा रहा है।
- इस महोत्सव में आदिवासी कला और शिल्प, चिकित्सा और उपचार भोजन और लोककथाओं का प्रदर्शन और बिक्री शामिल है।
- जिसमें देश के 20 से अधिक राज्यों के लगभग 1000 आदिवासी कारीगर, कलाकार और शेफ भाग ले रहे हैं।
- ध्यातव्य है कि यह महोत्सव देश भर से आदिवासियों की समृद्ध और विविध शिल्प और संस्कृति को एक स्थान पर लाकर लोगों को उससे परिचित करवाने के उद्देश्य से वर्ष 2017 में शुरू किया गया था।
- यह प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1693601

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

लोकतंत्र सूचकांक, 2020

प्रश्न-2 फरवरी, 2021 को ब्रिटेन के मीडिया संस्थान 'द इकोनॉमिस्ट' ग्रुप की 'इकोनॉमिक इंटेलीजेंस यूनिट (EIU) द्वारा जारी 'लोकतंत्र सूचकांक' 2020 से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इस सूचकांक में आइसलैंड को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।

(ii) इस सूचकांक में भारत को 53वां स्थान प्राप्त हुआ है।

(iii) इस सूचकांक में उत्तर कोरिया को सबसे निचला स्थान प्राप्त हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है?

(a) केवल (i) (b) केवल (ii) (c) केवल (ii) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2021 को ब्रिटेन के मीडिया संस्थान 'द इकोनॉमिस्ट' ग्रुप की इकोनॉमिक इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) द्वारा 'लोकतंत्र सूचकांक' (Democracy Index), 2020 जारी किया गया।
- यह सूचकांक, 165 स्वतंत्र देशों तथा 2 क्षेत्रों (Territories) में 60 संकेतकों के समूहों से 5 पैमानों

(i) चुनावी प्रक्रिया एवं बहुलवाद
(ii) नागरिकों की स्वतंत्रता
(iii) सरकार की कार्यप्रणाली
(iv) राजनीतिक भागीदारी, तथा
(v) 'राजनीतिक संस्कृति' के आधार पर तैयार किया गया है।

- इस सूचकांक में शीर्ष 5 स्थान प्राप्त करने वाले देश इस प्रकार हैं-

(i) नॉर्वे (स्कोर-9.81)
(ii) आइसलैंड (स्कोर-9.37)
(iii) स्वीडन (स्कोर-9.26)
(iv) न्यूजीलैंड (स्कोर-9.25)
(v) कनाडा (स्कोर-9.24)

- इस सूचंकाक में निम्नतम 5 स्थान प्राप्त करने वाले देश इस प्रकार हैं-

  (i) उत्तर कोरिया (167वां स्थान)
  (ii) कांगो (166 वां स्थान)
  (iii) सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक (165 वां स्थान)
  (iv) सीरिया (164वां स्थान)
  (v) चाड (163वां स्थान)

- इस सूचकांक में भारत 6.61 स्कोर के साथ 53 वें स्थान पर है।
- जबकि गत वर्ष भारत इस सूचकांक में 51 वें स्थान पर था।
- इस सूचकांक में भारत को त्रुटिपूर्ण लोकतंत्र (Flawed Democracy) की श्रेणी में रखा गया है।
- भारत के पड़ोसी देशों में श्रीलंका को 68वां, बांग्लादेश को 76वां, नेपाल को 92वां, पाकिस्तान को 105वां तथा चीन को 151 वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- विश्व के अन्य प्रमुख देशों में यू.के. 16 वें, जापान 21वें, यूएसए 25वें, फ्रांस 25 वें तथा जर्मनी 14वें स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.eiu.com/n/campaigns/democracy-index-2020/#mktoForm_anchor

विश्व खाद्य सुरक्षा द्वारा खाद्य प्रणालियों और पोषण पर दिशा-निर्देश जारी

प्रश्न-खाद्य प्रणालियों और पोषण पर पहली बार स्वैच्छिक दिशा-निर्देश जारी करने वाली संयुक्त राष्ट्र की समिति कौन-सी है?

(a) फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (b) इंटरनेशनल मॉनटरी फंड
(c) कमेटी ऑन वर्ल्ड फूड सेफ्टी (d) विश्व बैंक

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में संयुक्त राष्ट्र की विश्व खाद्य सुरक्षा समिति (Committee on World food safety) द्वारा ,खाद्य प्रणालियों और पोषण पर पहली बार दिशा-निर्देश जारी किया गया।
- यह दिशा-निर्देश कमेटी ऑन वर्ल्ड फूड सेफ्टी (CFS) के 47वें सत्र की बैठक (8-11 फरवरी, 2021) के दौरान जारी की गयी।

- इसका उद्देश्य सतत विकास और इसके सतत विकास लक्ष्यों (SDG) के लिए वर्ष 2030 तक संयुक्त राष्ट्र के एजेंडा को प्राप्त करना है।
- यह दिशा-निर्देश संयुक्त राष्ट्र के पोषण कार्य (UN Decade of action on nutrition 2016-2025) के कार्यान्वयन में सहयोग देता है।
- मूल रूप से यह दिशा-निर्देश भूख और कुपोषण को समाप्त करने के लिए जारी किये गये हैं।
- भूख और कुपोषण के उन्मूलन के लिए यह दिशा-निर्देश 7 प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है-

1. पारदर्शी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह शासन
2. आर्थिक, सामाजिक, और पर्यावरणीय, स्थिरता और जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में स्वास्थ्य आहार प्राप्त करने के लिए स्थायी खाद्य आपूर्ति शृंखलाएं।
3. स्थायी भोजन प्रणालियों के माध्यम से स्वस्थ आहार के लिए समान पहुंच
4. स्थायी खाद्य प्रणालियों में खाद्य सुरक्षा
5. लोग केंद्रित पोषण ज्ञान, शिक्षा और सूचना
6. खाद्य प्रणालियों लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण
7. मानवीय संदर्भों में लचीला भोजन प्रणाली

- **कमेटी ऑन वर्ल्ड फूड सेफ्टी (CFS)**
- **स्थापना**-1974

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.fao.org/news/story/en/item/1373942/icode/

डब्ल्यूएचओ द्वारा 10 वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों की सूची जारी

प्रश्न-दिसंबर, 2020 को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 10 वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों की सूची जारी की गई है।

इससे संबंधित निम्नलिखित कथनों का परीक्षण करें-

(1) दुनिया भर में स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए वैश्विक एकजुटता का निर्माण करना।

(2) WHO द्वारा 2021 में कोविड-19 के उपचार हेतु 2 बिलियन वैक्सीन वितरण के साथ-साथ 300 मिलियन व्यक्तियों के उपचार की सुविधा उपलब्ध कराएगा।

(3) W.H.O द्वारा 2021 में महामारी के दौरान छूटे हुए लोगों को पोलियो तथा अन्य बीमारियों के लिए टीके लगाने में मदद करेगा।

(4) W.H.O के अनुसार, 2019 में मौत के शीर्ष 10 कारणों में से 6 के लिए गैर-संचारी रोग जिम्मेदार थे।

उपर्युक्त में से सत्य कथन का चुनाव करें-

(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3 (c) 1 एवं 2 (d) 2 एवं 4

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 24 दिसंबर, 2020 को विश्व स्वास्थ्य संगठन(World Health Organization) ने 10 वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों की सूची जारी की है। जिससे विश्व को 2021 में निपटना पड़ सकता है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों की सूची इस प्रकार है-

(1) दुनिया भर में स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए वैश्विक एकजुटता का निर्माण।

(2) कोविड- 19 परीक्षणों, दवाओं तथा टीकों तक पहुंच को गति प्रदान करना W.H.O द्वारा 2021 के दौरान 2 बिलियन वैक्सीन का वितरण, 245 मिलियन उपचार, निम्न तथा मध्यम आय वाले देशो में 500 मिलियन लोगों के लिए परीक्षण स्थापित करना आदि को अपने लक्ष्य में शामिल किया है।

(3) सभी के लिए अग्रिम स्वास्थ्य- W.H.O द्वारा 2021 में कोविड -19 को रोकने तथा सभी उम्र के व्यक्तियों को स्वस्थ रखने के लिए संगठन के तीनों स्तरों पर तथा दुनिया भर के भागीदारों के साथ काम किया जायेगा।

(4) स्वास्थ्य संबंधी विषमता से निपटना - 2021 के दौरान W.H.O. देशों के साथ आय, लिंग, जातीयता, शिक्षा, व्यवसाय की स्थिति, विकलांगता आदि से संबंधित स्वास्थ्य असमानताओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

- 7 अप्रैल,2021 को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर W.H.O स्वास्थ्य संबंधी असमानताओं को दूर करने के लिए वैश्विक कार्रवाई का आह्वान करेगा।

(5) विज्ञान और डेटा पर वैश्विक नेतृत्व प्रदान करें- W.H.O द्वारा वैश्विक स्वास्थ्य में सुधार के लिए कोविड-19 तथा उसके आस-पास के नवीनतम वैज्ञानिक विकासों की निगरानी एवं मूल्यांकन किया जाएगा।

(6) संचारी रोगों से निपटने के प्रयासों को पुनर्जीवित करना W.H.O वर्ष 2021 में महामारी के दौरान छूटे हुए लोगों को पोलियो तथा अन्य बीमारियों के लिए टीके लगाने में मदद करेगा।

(7) दवा प्रतिरोध(Combat drug resistance) -संक्रामक रोगों को समाप्त करने तथा इलाज के लिए प्रभावी दवाओं के विकास के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने, खाद्य एवं कृषि संगठन तथा पशु स्वास्थ्य के लिए वैश्विक संगठन (OIE) के साथ रोगाणुरोधी को संरक्षित करने के लिए सहयोग करेगा।

(8) एनसीडी और मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों को रोके तथा उनका इलाज करें- W.H.O के अनुसार, वर्ष 2019 में मौत के शीर्ष 10 कारणों में से 7 के लिए गैर संचारी रोग (एनसीडी) जिम्मेदार है।

- W.H.O द्वारा 2021 में समुदाय आधारित मानसिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए सेवाओं का विस्तार करने तथा संघर्ष में रहने वाले लोगों या आपदा प्रभावित क्षेत्रों में प्रयासों का समर्थन किया जाएगा।

(9) बिल्ड बैक बेटर (Build back better) -कोविड- 19 कई मायनों में एक महत्वपूर्ण क्षण रहा है और एक बेहतर व स्वस्थ दुनिया का निर्माण करने के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।

- W.H.O द्वारा जून, 2021 में छोटे विकासशील द्वीपीय देशों में स्वास्थ्य का समर्थन करने पर केंद्रित एक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

(10) एकजुटता में कार्य करे (Act in salidarity) – विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोविड- 19 के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में सभी राष्ट्रों, संस्थानों, समुदायों तथा व्यक्तियों के बीच एकजुटता प्रदर्शित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.who.int/news-room/spotlight/10-global-health-issues-to-track-in-2021

https://www.hindustantimes.com/world-news/who-releases-list-of-10-global-health-issues-to-track-in-2021/story-RUubhFpkj9hUcJi3aTY8zO.html

लीबिया में नए अंतरिम नेतृत्व का चयन

प्रश्न-फरवरी, 2021 में लीबिया के अंतरिम प्रधानमंत्री पद हेतु किसका चयन किया गया है?

(a) अब्दुल हमीद मोहम्मद द्वेइबाह (b) मोहम्मद यूनेस मेनफी (c) मूसा अल-कोनी (d) अब्दुल्लाह हुसैन

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2021 को संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में 74 सदस्यीय लीबियाई राजनैतिक संवाद मंच द्वारा जेनेवा में आयोजित बैठक के दौरान नई कार्यकारिणी परिषद के लिए अंतरिम प्रधानमंत्री और अध्यक्ष का चयन किया गया।
- अब्दुल हमीद मोहम्मद द्वेइबाह को लीबिया के अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया।
- इस पद पर उन्होंने फायेज मुस्तफा अल सरराज का स्थान लिया।
- जेनेवा में आयोजित इस बैठक के दौरान मोम्मद यूनेस मेनफी को परिषद का अध्यक्ष चुना गया।

- तीन सदस्यीय इस परिषद के अन्य सदस्य के रूप में मूसा अल-कोनी और अब्दुल्लाह हुसैन अल-लफी का चयन किया गया।
- इस अवसर पर यूएन की अंतरिम विशेष प्रतिनिधि स्टैफनी विलियम्स ने युद्ध से बदहाल इस देश में इसे एकीकरण और दिसंबर, 2021 में प्रस्तावित राष्ट्रीय चुनाओं के लिए ऐतिहासिक क्षण कराए दिया है।
- ध्यातव्य है कि लीबिया के पूर्व शासक मुआम्मर गद्दाफी के वर्ष 2011 में पतन के बाद से ही लीबिया विभिन्न मोर्चों पर चुनौतियों से जूझता रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://news.un.org/en/story/2021/02/1084022

यूएई द्वारा नई नागरिकता नीति जारी

प्रश्न-जनवरी, 2021 में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के प्रधानमंत्री ने विदेशी नागरिकों को देश की नागरिकता प्रदान करने की घोषणा की। निम्न कथनों पर विचार कीजिए।

(i) यूएई (UAE) की नागरिकता प्राप्त करने वाले विदेशी नागरिक अपने देश की नागरिकता खो देंगे।

(ii) यूएई कैबिनेट, स्थानीय अमीरी अदालतें और कार्यकारी परिषदें प्रत्येक श्रेणी के लिए निर्धारित मापदंडों के तहत नागरिकता के लिए पात्र लोगों को नामित करेगी।

(iii) पात्र विदेशी नागरिकों के साथ उनके परिवार को भी नागरिकता प्रदान किया जाएगा।

(iv) यूएई सरकार ने नवंबर, 2020 में अपने गोल्डेन वीजा सिस्टम को बढ़ाया था, जो कुछ पेशेवरों एवं विशेष डिग्री धारकों एवं अन्य को 10 वर्षों तक खाड़ी देश में रहने की अनुमति प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (i) एवं (iv)

(d) केवल (ii), (iii) एवं (iv)

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 30 जनवरी, 2021 को संयुक्त अरब अमीरात द्वारा नई नागरिकता नीति की घोषणा की गई।
- यूएई के प्रधानमंत्री और शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अलमकतूम ने बताया कि नागरिकता कानूनों में यह परिवर्तन विशेष कौशल वाले प्रतिभाओं को आकर्षित करने एवं देश में बनाए रखने के लिए किया गया है।

- नए कानून संशोधन के अनुसार, निवेशकों, विशेष प्रतिभाओं एवं पेशेवरों, जिसमें वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजीनियर, कलाकार, लेखक एवं उनके परिवारों को एक निश्चित प्रक्रिया के अनुसार यूएई की नागरिकता प्रदान की जाएगी।
- यूएई कैबिनेट, स्थानीय अमीरी अदालतें एवं कार्यकारी परिषदें प्रत्येक श्रेणी के लिए निर्धारित मानदंडों के अनुसार नागरिकता के लिए पात्र आवेदकों को नामित करेगी।
- यूएई नागरिकता संशोधन कानून देश की नागरिकता प्राप्त करने वाले विदेशी नागरिको को अपने देश की नागरिकता बनाए रखने की अनुमति प्रदान करता है।
- नए पास पोर्ट वीजाधारक नागरिकों को यूएई के सार्वजनिक कल्याण प्रणाली के लाभ मिलने के बारे में इस संशोधन कानून में स्पष्ट नहीं किया गया है।
- यूएई सरकार ने नंवबर, 2020 में अपने गोल्डेन वीजा सिस्टम को बढ़ाया था, जो कुछ पेशेवरों एवं विशेष डिग्री धारकों एवं अन्य को 10 वर्षों तक खाड़ी देश में रहने की अनुमति प्रदान करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/international/uae/uae-adopts-amendments-to-grant-citizenship-to-investors-and-other-professionals/articleshow/80600064.cms

भ्रष्टाचार बोध सूचकांक, 2020

प्रश्न-28 जनवरी, 2021 को ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा 'भ्रष्टाचार बोध सूचकांक, 2020' जारी किया गया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इस वर्ष इस सूचकांक में कुल 180 देशों/क्षेत्रों को रैंकिंग प्रदान की गई है।
(ii) सूचकांक में न्यूजीलैंड और डेनमार्क संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर रहे।
(iii) सूचकांक में भारत को 86वां स्थान प्राप्त हुआ है/हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है?

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2021 को ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा भ्रष्टाचार बोध सूचकांक (Corruption Perception Index), 2020 जारी किया गया।
- इस सूचकांक में कुल 180 देशों/क्षेत्रों को रैंकिंग प्रदान की गई है।

- यह सूचकांक 0 से 100 अंकों तक विस्तारित है, जिसमें 0 का अर्थ सर्वाधिक भ्रष्ट तथा 100 का अर्थ सर्वाधिक ईमानदार (Very Clean) है।
- इस वर्ष सूचकांक में न्यूजीलैंड और डेनमार्क संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान (स्कोर-88) पर रहे।
- इसके पश्चात फिनलैंड, स्विट्जरलैंड सिंगापुर एवं स्वीडन, संयुक्त रूप से तीसरे स्थान (स्कोर-85) पर रहे।
- सूचकांक में नॉर्वे 7 वें स्थान (स्कोर-84) पर तथा नीदरलैंड्स 8वें स्थान (स्कोर-82) पर रहा।
- जबकि लक्जमबर्ग और जर्मनी संयुक्त रूप से 9वें स्थान (स्कोर-80) पर रहे।
- सूचकांक में सोमालिया और दक्षिणी सूडान संयुक्त रूप से सबसे अंतिम अर्थात 179वें स्थान (स्कोर-12) पर रहे।
- अर्थात ये देश सर्वाधिक भ्रष्ट देश हैं।
- इसके पश्चात सीरिया को 178वां स्थान (स्कोर-14), यमन को 176वां स्थान (स्कोर-15) स्थान प्राप्त हुआ।
- इस सूचकांक में भारत, मोरक्को, बुर्किनाफासो, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, टर्की एवं तिमोर-लेस्टे के साथ संयुक्त रूप से 86वें स्थान (स्कोर-40) पर रहा।
- जबकि गत वर्ष भारत इस सूचकांक में 80वें स्थान (स्कोर-41) पर था।
- भारत के पड़ोसी देशों में भूटान को 24वां, चीन को 78वां, श्रीलंका को 94वां, नेपाल को 117वां, पाकिस्तान को 124वां तथा बांग्लादेश को 146वां स्थान प्राप्त है।
- विश्व के अन्य प्रमुख विकसित देशों में कनाडा, यू.के. तथा ऑस्ट्रेलिया, हांगकांग संयुक्त रूप से 11वें जापान 19वें, यूएसए 25वें स्थान पर रहा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://images.transparencycdn.org/images/2020_Report_CPI_EN.pdf

वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक 2021

प्रश्न-25 जनवरी, 2021 को जर्मनवॉच द्वारा 'वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक,2021' जारी किया गया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(a) इसके अनुसार वर्ष 2000-2019 के मध्य प्यूर्टो रिको, म्यांमार और हैती अत्यधिक मौसमी घटनाओं से प्रभावी देश रहे।

(b) वर्ष 2019 में अत्यधिक मौसमी घटनाओं से सर्वाधिक प्रभावित देशों मोजांबिक शीर्ष पर है।

(c) इस सूची में भारत 7वें स्थान पर रहा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है?

(a) केवल (i) एवं (iii) (b) केवल (i) एवं (ii) (c) केवल (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 25 जनवरी, 2021 को जर्मनवाच द्वारा वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक (Global Climate Risk Index), 2021 जारी किया गया।
- यह इस सूचकांक का 16वां संस्करण है।
- यह सूचकांक यह बताता है कि मौसम से संबंधित नुकसान की घटनाओं (तूफान, बाढ़,गर्मी की लहरें आदि) के प्रभाव से देश और क्षेत्र किस हद तक प्रभावित हुए हैं।
- इस सूचकांक के तहत दो टेबल दिए गए हैं, जिसमें पहले टेबल में वर्ष 2019 में अत्यधिक मौसमी घटनाओं से प्रभावित 10 देशों के नाम दिए गए हैं।
- जबकि टेबल 2 (दीर्घकालिक जलवायु जोखिम सूचकांक) में वर्ष 2000 से 2019 के मध्य अत्यधिक मौसमी घटनाओं से प्रभावित 10 देशों के नाम दिए गए हैं।
- इसके अनुसार वर्ष 2000 से 2019 के मध्य प्यूर्टो रिको, म्यांमार और हैती अत्यधिक मौसमी घटनाओं से प्रभावित देश रहे।
- 2000 से 2019 के मध्य 4,75000 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई तथा 11000 से अधिक लोग चरम मौसमी घटनाओं (Extreme weather events) से प्रभावित हुये।
- इस दौरान 2.56 ट्रिलियन का नुकसान हुआ।
- जबकि वर्ष 2019 में अत्यधिक मौसमी घटनाओं से प्रभावित देशों में मोजांबिक, जिम्बॉब्वे एवं बहामास क्रमश: पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे।
- इस सूची में भारत 7 वें स्थान पर रहा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://germanwatch.org/sites/germanwatch.org/files/Global%20Climate%20Risk%20Index%202021_1.pdf

पीपुल्स क्लाइमेट वोट रिजल्ट

प्रश्न-27 जनवरी, 2021 को प्रकाशित पीपुल्स क्लाइमेट वोट रिजल्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(a) जलवायु आपातकाल की स्थिति पर विश्वास करने वाले लोगों में सबसे अधिक लोगों का प्रतिशत ब्रिटेन से है।

(b) सर्वेक्षण में भाग लेने वालों में भारत के 59 प्रतिशत लोग वर्तमान में जलवायु

आपातकाल होने जैसी स्थिति पर विश्वास करते हैं।

(c) लोगों के समर्थन के अनुसार, सर्वेक्षण में शामिल सभी 18 जलवायु नीतियों में शीर्ष पर 'वनों एवं भूमि का संरक्षण' है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1एवं 2 (b) केवल 2 एवं 3 (c) केवल 1 एवं 3 (d) उपर्युक्त सभी कथन सही हैं

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 27 जनवरी, 2021 को जलवायु परिवर्तन पर लोगों के विचारों को जानने हेतु विश्व का सबसे बड़ा सर्वेक्षण 'पीपुल्स क्लाइमेट वोट रिजल्ट' को प्रकाशित किया गया।
- इस सर्वेक्षण में विश्व के 50 देशों की 56 प्रतिशत जनसंख्या ने प्रतिभाग किया।
- जनमत प्रश्नों को 17 भाषाओं में मोबाइल गेम ऐप्स में विज्ञापन के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया गया था।
- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा वर्ष 2020 में शुरू किए गए मिशन 1.5 अभियान के लिए 'पीपुल्स क्लाइमेट वोट' एक आधार स्तम्भ है, जिससे कि जलवायु परिवर्तन से निजात पाने हेतु लोगों को शिक्षित करने और जैसा कि वे सरकारों से इस समस्या से निपटने हेतु कार्रवाई चाहते हैं, उसके बारे में जानने का एक सशक्त माध्यम है।
- यूएनडीपी और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा प्रकाशित इस रिपोर्ट के अंतर्गत कुल 50 देशों के सर्वेक्षण में भाग लेने वाले 64 प्रतिशत लोग यह मानते हैं कि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक आपातकाल की तरह है।
- इस बात का सबसे अधिक समर्थन छोटे विकासशील देशों (74%) द्वारा किया गया है। इसके पश्चात उच्च आय के देशों (72%) द्वारा, मध्यम आय के देशों द्वारा (62%) तथा अल्प विकसित देशों (LDC) (58%) द्वारा समर्थन किया गया है।
- क्षेत्रीय आधार पर इस बात का समर्थन क्रमश: पश्चिमी यूरोप एवं उत्तरी अमेरिका (72%) , पूर्वी यूरोप एवं मध्य एशिया (65%) ,अरब देश (64%), लैटिन अमेरिका और कैरेबियन (63%), एशिया और प्रशांत क्षेत्र (63%) और उप-सहारा अफ्रीका (61%) का है।
- वैश्विक स्तर पर चार सबसे लोकप्रिय जलवायु नीतियां हैं-

(i) वनों एवं भूमि का संरक्षण (54प्रतिशत लोगों का समर्थन)
(ii) सौर पवन एवं नवीकरणीय ऊर्जा (53प्रतिशत)
(iii) जलवायु-अनुकुल कृषि तकनीकी (52 प्रतिशत)
(iv) हरित (Green)व्यवसायों एवं नौकरियों में अधिक निवेश (50प्रतिशत)

- ऐसा देश जहां पर वनों की कटाई और भूमि उपयोग में परिवर्तन से उच्च उत्सर्जन हो रहा है, वहां पर वन और भूमि संरक्षण हेतु मजबूत समर्थन देखा गया।
- इसमें सबसे मजबूत समर्थन वाले देश क्रमश: हैं- ब्राजील (60%), इंडोनेशिया (57%) और अर्जेंटीना (57%)।
- उच्च उत्सर्जक देशों में नवीकरणीय ऊर्जा के लिए भी स्पष्ट समर्थन देखा गया।
- विद्युत/हीटिंग से उच्च उत्सर्जन वाले देशों में नवीकरणीय ऊर्जा को समर्थन देने वाले देशों का प्रतिशत है, क्रमश: ऑस्ट्रेलिया (76%), कनाडा (73%), जर्मनी (71%), दक्षिण अफ्रीका (69%), जापान (68%), अमेरिका (65%), पोलैण्ड (57%) एवं रूस (51%)।
- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु अनुकूल खेती के लिए बृहद समर्थन प्राप्त हुआ है, लेकिन जिन देशों में कृषि का व्यापक क्षेत्र है, वहां सर्वेक्षण में मिश्रित परिणाम प्राप्त हुए हैं।
- देश की अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्रों से सर्वाधिक योगदान करने वाले देशों में जलवायु अनुकूल खेती के समर्थित देश हैं- इंडोनेशिया (60%), फिलीपींस (56%), इक्वाडोर (53%) और मिस्र (51%)।
- हरित (Green) व्यवसायों और नौकरियों में अत्यधिक निवेश का समर्थन लगभग सभी राष्टों G-20 राष्ट्रों द्वारा किया गया है।
- सबसे अधिक समर्थन वाले राष्ट्र हैं -क्रमश: - ब्रिटेन (73%), जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा (68%), दक्षिण अफ्रीका (65%), इटली (64%) जापान (59%),अमेरिका (57%), फ्रांस (56%), अर्जेंटीना, ब्राजील और इंडोनेशिया (51%)।
- स्वच्छ परिवहन पांचवीं सबसे लोकप्रिय जलवायु नीति है।
- इसके अंतर्गत सबसे अधिक शहरी जनसंख्या वाले देशों में स्वच्छ परिवहन को समर्थन का प्रतिशत है- चिली (58%), जापान (57%) तथा अमेरिका (56%)।
- इस सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि कम ऊर्जा को नुकसान करने की तुलना में कम भोजन का नुकसान करना अत्यधिक लोकप्रिय जलवायु नीति है।
- रिपोर्ट में जलवायु आपातकाल की स्थिति पर विश्वास करने वाले लोगों के प्रतिशत के अनुसार देशों का क्रम है- ब्रिटेन (81%), इटली (81%), जापान (79%), फ्रांस (77%), जर्मनी (77%) इत्यादि।
- भारत में 59 प्रतिशत लोग जलवायु आपातकाल की स्थिति पर विश्वास करते हैं।
- जलवायु आपातकाल में विश्वास करने वाले देशों में 59 प्रतिशत लोग तत्काल सभी आवश्यक कदम उठाए जाने के पक्ष में हैं, जबकि 20प्रतिशत लोग यह मानते हैं कि हमें क्या करना चाहिए। इसकी जानकारी के साथ हमें धीमे-धीमे कदम बढ़ाने की आवश्यकता है।
- ध्यातव्य है कि रिपोर्ट के अनुसार, विश्व की सबसे लोकप्रिय जलवायु नीतियां हैं क्रमश:- प्रकृति, ऊर्जा, कृषि क्षेत्र एवं भोजन, परिवहन, हरित अर्थव्यवस्था, लोगों की सुरक्षा।

- लोगों के समर्थन के अनुसार, सभी 18 जलवायु नीतियों का क्रम है- क्रमश: (1) वनों एवं भूमि का संरक्षण (54%), (2) सौर पवन और नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग (53%), (3) जलवायु अनुकूल खेती की तकनीकियों का उपयोग (52%), (4) हरित व्यवसायों एवं नौकरियों में अधिक धन का निवेश (50%), और अधिक इलेक्ट्रिक कारों, बसों, व साईकिलों का उपयोग (48%) (6) समुद्र एवं जलमार्गों को स्वस्थ रखना (45%) (7) जीवन एवं जीविका की सुरक्षा हेतु आधारभूत अवसंरचना का निर्माण एवं प्रकृति का संरक्षण (45%), (8) आपदाओं हेतु और अधिक पूर्व चेतावनी प्रणालियों की स्थापना (45%), (9) भोजन की बर्बादी को कम करना (43%) (10) कंपनियों को उनके द्वारा प्रदूषण पर उनके द्वारा भुगतान किया जाना (39%) (11) घरों, बिल्डिगों और फैक्ट्रियों में ऊर्जा का नुकसान कम करना,(39%) (12) स्वच्छ ऊर्जा से चलने वाले हवाई जहाजों, समुद्री जहाजों और ट्रकों से समानों का परिवहन (38%), (13) शहरों और ग्रामीण समुदायों की योजनाओं और डिजाइन में सुधार (38%) (14) प्रदूषक फैलाने वाले ईंधन जलाने पर रोक (38%), (15) ऐसे लोकल समुदायों, महिलाओं और लोगों को समर्थन देना जो कि पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्ध हों (38%), (16) उत्पाद कैसे बनाए जाते हैं इसकी और अधिक जानकारी प्राप्त करना (35%), (17) अच्छी और वहनीय बीमा को प्रदान करना (32%), (18) पौधों पर आधारित खान-पान को बढ़ावा देना (30%)।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.undp.org/content/undp/en/home/librarypage/climate-and-disaster-resilience-/The-Peoples-Climate-Vote-Results.html

हुरून ग्लोबल 500 रिपोर्ट

प्रश्न-12 जनवरी, 2021 को जारी हुरून ग्लोबल 500 रिपोर्ट-2020 में किसे शीर्ष मूल्यवान कंपनी का स्थान प्राप्त हुआ है?

(a) एप्पल (b) माइक्रोसॉफ्ट (c) अमेजन (d) अल्फाबेट

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 12 जनवरी, 2021 को हुरुन ग्लोबल 500 रिपोर्ट जारी की गई।
- इस रिपोर्ट में विश्व के शीर्ष 500 निजी कंपनियों को कुल सम्पति के आधार पर रैंक प्रदान किया जाता है।इस रिपोर्ट में एप्पल कंपनी को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है, एप्पल कंपनी की कुल सम्पत्ति 2.1 ट्रिलियन यू.एस. डॉलर है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, एप्पल कंपनी के बाद माइक्रोसाफ्ट और अमेजन को दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

- रिपोर्ट के अनुसार, अल्फाबेट कंपनी 1.2 ट्रिलियन यू.एस. डॉलर के साथ चौथे स्थान पर है।
- रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष चार कंपनियों की वर्ष 2020 में 2.6 ट्रिलियन यू.एस. डॉलर की कुल सम्पत्ति में वृद्धि हुई, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद के बराबर है।
- शीर्ष चार कंपनियों का कुल मूल्य 6.6 ट्रिलियन यू.एस. डॉलर है।
- हुरून ग्लोबल 500 कंपनियों का कुल मूल्य U.S.A. चीन, जापान, जर्मनी, भारत व यूके (6 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था) की संयुक्त GDP (50 ट्रिलियन यू.एस. डॉलर) के बराबर है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 11 निजी निजी कंपनियों को इस सूची में स्थान प्राप्त हुआ है।
- इस सूची में 11 कंपनियों के साथ भारत 10 वें स्थान पर है।
- इस सूची में 242 अमेरिकी कंपनियां, 51 चीनी कंपनियां तथा 30 जापानी कंपनियां शामिल हैं।
- 242 कंपनियों के साथ अमेरिका की कंपनियों को संख्या के आधार पर शीर्ष स्थान प्रारप्त हुआ है, दूसरे स्थान पर चीन है।
- रिपोर्ट के अनुसार भारत की 11 कंपनियों ने 14 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज की है और इन कंपनियों का मूल्य 805 बिलियन डॉलर है।
- भारतीय कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- हुरून 500 रिपोर्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज की वैश्विक रैंक 54 वीं है।
- इस रिपोर्ट ने दूसरी सबसे मूल्यवान भारतीय कंपनी का दर्जा टाटा कंसल्टेसी सर्विसेज (TCS) को प्राप्त हुआ है।हुरून 500 रिपोर्ट में TCS को 73 वां स्थान प्राप्त हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hurun.net/en-US/Info/Detail?num=E6VM7L8L4I15

आर्थिक परिदृश्य

इंस्टिट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंसियल एनालिसिस (IEEFA) रिपोर्ट

प्रश्न-फरवरी, 2021 में IEEFA द्वारा जारी रिपोर्ट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

1. यह रिपोर्ट भारत में अक्षय ऊर्जा तथा ग्रिड परियोजनाओं में निवेश से संबंधित विवरण प्रस्तुत करती है।
2. इस रिपोर्ट के अनुसार भारत को 2035 तक 600 गीगा वॉट अक्षय ऊर्जा उत्पादन की आवश्यकता होगी।
3. ऊर्जा उत्पादन हेतु भारत को 800 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की आवश्यकता होगी।



4. भारत में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में 2014 के पश्चात से 42 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया गया है।

उपर्युक्त दिए गए कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करें-

(a) 1 एवं 4 (b) 2 एवं 4 (c) 3 एवं 4 (d) 1,2 एवं 3

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2021 को 'इंस्टिट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंसियल एनालिसिस' (IEEFA) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में अक्षय ऊर्जा तथा ग्रिड परियोजनाओं में निवेश करने के लिए विशाल वैश्विक पूंजी निवेश का निर्माण किया जा रहा है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अक्षय ऊर्जा तथा ग्रिड परियोजनाओं में निवेश हेतु सौर ऊर्जा टैरिफ न्यूनतम स्तर (Hitting record lows) सौर मॉड्यूल की कीमत में गिरावट, कम ब्याज दर तथा सरकार समर्थित सुरक्षा तथा 25 वर्षों का पॉवर पर्चेज एग्रीमेंट जैसे कई कारण उत्तरदाई हैं।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत को 2030 तक 450 गीगावॉट क्षमता के अक्षय ऊर्जा के उत्पादन हेतु 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की आवश्यकता होगी।
- उक्त 500 बिलयन अमेरिकी डॉलर के निवेश में से पवन और सौर अवसरंचना (Wind and solar Infsatucture) के निर्माण के लिए 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर का उपयोग किया जाना है।
- गैस-पीकर, पनबिजली तथा बैटरी जैसे ग्रिड फर्मिंग (Grid Firming) निवेशों के तहत 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किये जाने की आवश्यकता है।
- हस्तांतरण तथा आधुनिकीकरण के विस्तार तथा वितरण पर 150 बिलियन अमेरिकी डॉलर निवेश की आावश्यकता है।
- ध्यातव्य है कि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में 2014 के पश्चात से 42 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया गया है।
- उक्त निवेश के तहत पूंजी के स्रोत के रूप में तेल एवं गैस की बड़ी कंपनियां, बहुराष्ट्रीय विकास बैंकों तथा भारतीय राज्य स्वामित्व उद्यमों सहित प्राइवेट इक्विटी, ग्लोबल पेंशन फंड, इत्यादि होंगे।
- उक्त लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विभिन्न वित्तीय, कार्पोरेट, ऊर्जा जैसे घरेलू एवं वैश्विक संस्थानों द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश किया जाएगा।
- इस रिपोर्ट में बताया गया है कि नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रमुख निजी स्वतंत्र बिजली उत्पादकों (Independent Power Producers) की भागीदारी बढ़ रही है।

- नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में रीन्यू पावर (ReNew Power), ग्रीनको, अडानी ग्रीन, टाटा पावर, एसबी एनर्जी, एज्योर पॉवर, सेंबकॉर्प ग्रीन इंफ्रा जैसी स्वतंत्र बिजली उत्पादक कंपनियां शामिल हैं।
- परंतु ये नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक कंपनियां 'वेना एनर्जी', O2 पावर, अयाना नवीकरणीय पावर, तथा टोरेंट पावर के साथ-साथ एनटीपीसी लि., एनएलसी, कोल इंडिया लि. तथा भारतीय रेलवे जैसे सरकारी निगमों से प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहे है।
- ध्यातव्य है कि भारत सरकार ने वर्ष 2022 तक 175 गीगावॉट नवीकणीय ऊर्जा (अक्षय ऊर्जा) उत्पादन का लक्ष्य रखा है।
- इसके तहत 100 गीगावॉट सौर ऊर्जा, 60 गीगावॉट पवन ऊर्जा, 10 गीगावॉट बायो-ऊर्जा तथा 5 गीगावॉट जल विद्युत का उत्पादन शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://ieefa.org/category/subject/reports/

सीसीईए द्वारा ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लि., असम को सहायता प्रदान करने को मंजूरी

प्रश्न-10 फरवरी, 2021 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लि., असम को कितने करोड़ रुपये सहायता प्रदान करने को मंजूरी दी है?
(a) 500 करोड़ रुपये (b) 300 करोड़ रुपये (c) 100 करोड़ रुपये (d) 200 करोड़ रुपये
उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 10 फरवरी, 2021 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर्स कॉरपोरेशन लि. (BVFCL) नामरूप (असम), को यूरिया निर्माण इकाइयों के संचालन को बनाए रखने के लिए 100 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- बीवीएफसीएल, एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, जो कंपनी अधिनियम के अनुसार भारत सरकार के उर्वरक विभाग (डीओएफ) के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत बनाया गया है।
- वर्तमान में कंपनी असम के नामरूप में बीवीएफसीएल के परिसर में अपने दो पुराने संयंत्रों नामरूप-2 और नामरूप-3 में कार्य कर रही है।

- भारत में पहली गैस आधारित यूरिया विनिर्माण इकाई होने एवं सभी बुनियादी ढांचे और फीडस्टॉक की उपलब्धता होने के बावजूद, अपनी पुरानी और अप्रचलित प्रौद्योगिकी के कारण इस कंपनी के लिए लागत प्रभावी तरीके से मौजूदा इकाइयों से समुचित उत्पादन स्तर बनाए रखना मुश्किल रहा है।
- संयंत्रों के सुरक्षित, टिकाऊ और आर्थिक संचालन को सुनिश्चित करने के लिए, कुछ उपकरणों और मशीनों को प्रतिस्थापित/ओवरहाल किए जाने की आवश्यकता है।
- मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन और उत्प्रेरक वस्तुओं आदि की खरीद के साथ संयंत्रों के सुचारू संचालन के लिए किए जाने वाली न्यूतनम कार्यात्मक मरम्मत पर 100 करोड़ रुपये का अनुमानित व्यय होगा और इसलिए सरकार ने ब्रह्मपुत्र वैली फर्ट्रिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल) को 100 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की।
- ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल) भारत के पूर्वोत्तर भाग में स्थित है, जो इस क्षेत्र में आर्थिक विकास की महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1696734

मौद्रिक नीति समिति वक्तव्य, 2020-21

प्रश्न-5 फरवरी, 2021 को भारतीय रिवर्ज बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति ने मौद्रिक नीति वक्तव्य 2020-21 जारी किया। इसके अनुसार, वर्ष 2021-22 में वास्तविक जीडीपी कितने प्रतिशत रहने का अनुमान है?

(a) 10.5 प्रतिशत (b) 6.5 प्रतिशत (c) 8.5 प्रतिशत (d) 9.5 प्रतिशत

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2021 को भारतीय रिवर्ज बैंक (RBI) के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति ने मौद्रिक नीति वक्तव्य (Monetary Policy Statement), 2020-21 जारी किया।
- आरबीआई ने इसमें नीति दरों, आरक्षित नगदी अनुपात, निवल मांग एवं मियादी देयताओं को अपरिवर्तित रखा।
- इस मौद्रिक नीति में चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) के अंतर्गत रेपो दर में कोई परिवर्तन नहीं किया गया तथा इसे 4 प्रतिशत पर यथावत रखा गया है।
- गौरतलब है कि 22 मई, 2020 को RBI ने अपने मौद्रिक नीति वक्तव्य में चलनिधि समायोजन सुविधा के अंतर्गत रेपो दर को 40 आधार अंक कम करके 4.40 से 4 प्रतिशत किया था।

- चलनिधि समायोजन सुविधा के अंतर्गत रिवर्स रेपो रेट 3.35 प्रतिशत तथा सीमांत स्थायी सुविधा दर (MSF) तथा बैंक दर 4.25 प्रतिशत है।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के सांविधिक चलनिधि अनुपात (SLR) 18 प्रतिशत है।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के नकद आरक्षित अनुपात (CRR) को अपरिवर्तित रखते हुए इसे निवल मांग और मियादी देयताओं के 3 प्रतिशत पर यथावत रखा गया है।
- 29 जनवरी, 2021 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 590.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।
- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा 7 जनवरी, 2021 को जारी वर्ष 2020-21 के लिए जीडीपी के पहले अग्रिम अनुमानों में, मौद्रिक नीति समिति (MPC) के दिसंबर, 2020 के संकल्प में दिए-7.5 प्रतिशत के अनुमान के अनुरूप वास्तविक जीडीपी में 7.7 प्रतिशत के संकुचन का अनुमान लगाया गया।
- इसके अनुसार, वर्ष 2021-22 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 10.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=51077

क्रेडिट डिफ़ॉल्ट स्वैप्स पर ड्राफ़्ट दिशा-निर्देश

प्रश्न : RBI ने 'क्रेडिट डिफॉल्ट स्वैप्स' पर ड्राफ्ट दिशानिर्देश कब जारी किए ?

(a) फरवरी 16, 2021 (b) फरवरी 06, 202 (c) फरवरी 11, 2021 (d) फरवरी 13, 2021

उत्तर- (a)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2021 को RBI ने 'क्रेडिट डिफॉल्ट स्वैप्स' पर ड्राफ्ट दिशानिर्देश जारी किए
- ये दिशा-निर्देश RBI अधिनियम, 1934 की धारा 45 डब्ल्यू के तहत जारी किए गए हैं।
- क्रेडिट डिफ़ॉल्ट स्वैप्स(सीडीएस)
- यह एक वित्तीय व्युत्पन्न या अनुबंध है जो एक निवेशक को अपने क्रेडिट जोखिम को किसी अन्य निवेशक के साथ ठस्वैपठ करने की अनुमति देता है।
- हाल ही में जारी दिशानिर्देश ओवर-द-काउंटर(ओटीसी) बाजारों में और देश में मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों में सीडीएस में डेरिवेटिव ट्रेडिंग का मानकीकरण करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/rbi-releases-guidelines-on-credit-default-swaps/article33853212.ece

'बैंक ऑफ महाराष्ट्र' और 'लोनटैप क्रेडिट प्रोडक्ट्स' के बीच साझेदारी

प्रश्न : 8 फरवरी,2021 को बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने पुणे स्थित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी 'लोनटैप क्रेडिट प्रोडक्ट्स' के साथ सह-ऋण समझौता(co-lending agreement) किए जाने संबंधी घोषणा की। यह समझौता किस उद्देश्य से किया गया है ?

(a) एमएसएमई को सह-ऋण प्रदान करने के लिए
(b) कुटीर उद्योगों को सह-ऋण प्रदान करने के लिए
(c) a और b दोनों
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर- (a)

संबंधित तथ्य

- 8 फरवरी,2021 को बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने पुणे स्थित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी 'लोनटैप क्रेडिट प्रोडक्ट्स' के साथ सह-ऋण समझौता(co-lending agreement) किए जाने संबंधी घोषणा की।
- यह समझौता एमएसएमई को सह-ऋण(co-lending agreement) प्रदान करने से संबंधित है
- सह-ऋण/सह-उधार मॉडल डिजिटल ऋण प्लेटफार्मों के माध्यम से उधारकर्ता की(borrower's) सुविधानुसार ऋण स्वीकृत करने में सहायता प्रदान करता है।
- गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को तरलता संकट (Liquidity Crisis) से उबारने हेतु RBI द्वारा को-लेंडिंग प्रणाली जारी की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.financialexpress.com/industry/banking-finance/bom-ties-up-with-loantap-credit-for-co-lending-to-msmes/2190675/

एजीएस ट्रांजैक्ट(**AGS Transact**) और मास्टरकार्ड के बीच साझेदारी

प्रश्न : फरवरी, 2021 में एजीएस ट्रांजैक्ट(AGSTTL : AGS Transact Technologies) ने अखिल भारतीय(pan india) 'संपर्क रहित क्यूआरकोड-आधारित एटीएम नकद निकासी' सुविधा प्रदान करने के लिए मास्टरकार्ड के साथ एक साझेदारी किया। क्यूआरकोड(QRcode) एक प्रकार का मैट्रिक्स बारकोड है जिसे पहली बार 1994 में मोटर वाहन उद्योग के लिए बनाया गया था -

(a) जर्मनी में (b) फ्रांस में (c) यू.एस.ए में. (d) जापान में

उत्तर- d

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में एजीएस ट्रांजैक्ट(AGSTTL : AGS Transact Technologies) ने अखिल भारतीय(pan india) 'संपर्क रहित क्यूआरकोड-आधारित एटीएम नकद निकासी' सुविधा प्रदान करने के लिए मास्टरकार्ड के साथ एक साझेदारी किया।
- इस साझेदारी के तहत मास्टरकार्ड के कार्डधारक मोबाइल फोन पर अपने बैंकिंग ऐप का उपयोग करके सभी सहभागी बैंकों की एटीएम स्क्रीन पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करके नकदी निकाल सकेंगे।
- AGSTTL चरणबद्ध तरीके से अपने नेटवर्क के सभी एटीएम पर संपर्क रहित 'क्यूआर-आधारित नकदी निकासी' सुविधा को सक्षम करेगा।
- AGSTTL
- यह एक संपूर्ण कैश व डिजिटल भुगतान समाधान प्रदाता और स्वचालन(automation) प्रौद्योगिकी प्रदाता फर्म है।
- क्यूआर कोड(QR code)
- क्यूआर कोड एक प्रकार का मैट्रिक्स बारकोड है जिसे पहली बार १९९४ में जापान में मोटर वाहन उद्योग के लिए डिज़ाइन किया गया था।
- QR का पूर्ण रूप है – Quick Response।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/ags-transact-partners-mastercard-for-contactless-cash-withdrawals-at-atms/article33791669.ece

'एनपीसीआई पेआथ (Poy Auth) चैलेंज' : वैश्विक स्तर का हैकथॉन

प्रश्न: फरवरी, 2021 में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने वैश्विक स्तर के हैकथॉन 'एनपीसीआई पेअथ चैलेंज' के शुरुआत की घोषणा की। एक हैकथॉन आमतौर पर होस्ट किया जाता है –

(a) प्रौद्योगिकी(टेक) कंपनी के द्वारा (b) कुटीर उद्योग के द्वारा
(c) रक्षा निर्माता के द्वारा (d) एग्री स्टार्टअप के द्वारा

उत्तर: (a)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने वैश्विक स्तर के हैकथॉन 'एनपीसीआई पेऑथ चैलेंज' के शुरुआत की घोषणा की।
- हैकथॉन आमतौर पर एक प्रौद्योगिकी(टेक) कंपनी के द्वारा होस्ट किया जाता है।

- एनपीसीआई पेऑथ (PayAuth) चैलेंज
- इस हैकथॉन का उद्देश्य बॉयोमीट्रिक्स जैसे विकल्पों के माध्यम से UPI लेनदेन को अधिकृत करने वाले विकल्पों की तलाश करना है।
- प्रायोजन/ समर्थन
- यह हैकथॉन दुनिया की पहली क्रॉस-बॉर्डर, ओपन आर्किटेक्चर API(Application programming interface) मार्केटप्लेस और सैंडबॉक्स प्लेटफॉर्म - APIX द्वारा समर्थित है।
- NPCI PayAuth चैलेंज व्यक्ति विशेष और उद्यमों के लिए एक खुली वैश्विक प्रतियोगिता है।
- यह आयोजन यूपीआई प्लेटफॉर्म पर भुगतान को अधिकृत करने के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन और इसी तरह के अन्य नवाचारों को तलाशने के लिए समर्पित है।
- पुरस्कार
- हैकथॉन, प्रतिभागियों को एनपीसीआई के साथ मिल कर समाधान विकसित करने और 20,000 यू.एस. डॉलर की पुरस्कार राशि जीतने का मौका देती है।
- रनर अप को 10,000 डॉलर प्राप्त होगा, अन्य विजेता टीमों को APCI के साथ प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट (PoC) पर काम करने का अवसर मिलेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.npci.org.in/npci-payauth-challenge/problem-statement/1

https://www.livemint.com/companies/news/npci-launches-hackathon-challenge-to-find-alternative-upi-authentication-modes-11612867732821.html

ब्रिक्स के न्यू डेवलपमेंट बैंक की एनआईआईएफ के 'फंड ऑफ फंड्स' (FoK) के लिए 100 मिलियन डॉलर की प्रतिबद्धता

प्रश्न: फरवरी, 2021 में ब्रिक्स के न्यू डेवलपमेंट बैंक ने NIIF के 'फंड ऑफ फंड्स' के लिए 100 मिलियन यू.एस. डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता व्यक्त की। वास्तव में NIIF क्या है ?

(a) भारत का पहला संप्रभु वेल्थ फंड (b) एक ईटीएफ(ETF)

(c) दोनों a और b (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में ब्रिक्स के न्यू डेवलपमेंट बैंक ने NIIF के 'फंड ऑफ फंड्स'(FoF) के लिए 100 मिलियन यू.एस. डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

- एनआईआईएफ(NIIF: National Infrastructure and Investment Fund) वास्तव में भारत का पहला संप्रभु वेल्थ फंड है।जबकि NDB ब्रिक्स देशों द्वारा स्थापित एक बहुपक्षीय विकास बैंक है।
- प्रतिबद्धता
- नवीनतम निवेश प्रतिबद्धता के साथ ही FoF ने प्रतिबद्धताओं के तहत 800 मिलियन डॉलर प्राप्त कर लिए हैं।
- नवीनतम निवेश भारत में NDB का पहला इक्विटी निवेश और FoF में इसका पहला निवेश है।
- फंड ऑफ फंड्स (FoF)
- इसकी स्थापना 2018 में की गई थी, जिसका उद्देश्य भारतीय निजी इक्विटी फंड प्रबंधकों को भारत केंद्रित संस्थागत निवेशक तक पहुंच प्रदान करना था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/finance/ndb-commits-usd-100-million-to-niif-fund-of-funds-fof/articleshow/80846023.cms

आईसीआईसीआई लोम्बार्ड द्वारा पहला कॉर्पोरेट जोखिम सूचकांक जारी किया गया

प्रश्न: फरवरी, 2021 में आईसीआईसीआई लोम्बार्ड द्वारा पहला कॉर्पोरेट जोखिम सूचकांक जारी किया गया। इस सूचकांक में कितने सेक्टर(क्षेत्र) समाहित हैं ?

(a) 45 सेक्टर (b) 25 सेक्टर (c) 35 सेक्टर (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर: (d)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में आईसीआईसीआई लोम्बार्ड द्वारा पहला कॉर्पोरेट जोखिम सूचकांक जारी किया गया।यह उद्योगों और कंपनियों पर केंद्रित एकीकृत, मानकीकृत कॉर्पोरेट जोखिम सूचकांक है।
- इससे कंपनियों को जोखिम के स्तर को समझने में मदद मिलेगी और एक सफल जोखिम उठाने की योजना को विकसित करने में भी सहायता मिलेगी।
- आईटी / आईटीईएस(ITeS), बीएफएसआई, मोटर वाहन और सहायक, फार्मा और बायोटेक, ई-कॉमर्स, विनिर्माण, रियल्टी, एफएमसीजी / खुदरा सहित कुल 15 क्षेत्र इस सूचकांक का हिस्सा हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.moneycontrol.com/news/business/economy/icici-lombard-launches-corporate-india-risk-index-6494681.html/amp#aoh=16133251407790&referrer=https%3A%2F%2Fwww.google.com&amp_tf=From%20%251%24s

HDFC बैंक के IT अवसंरचना(Infrastructure) के ऑडिट के लिए बाहरी फर्म की नियुक्ति

प्रश्न: 2 फरवरी, 2021 को एचडीएफसी बैंक ने घोषणा की कि आरबीआई ने इसके आईटी बुनियादी ढांचे का एक विशेष ऑडिट करने के लिए एक बाहरी आईटी फर्म की नियुक्ति की है। इस कार्रवाई की पृष्ठभूमि क्या है?

(a) आउटेज(outage) के कारण बार-बार सेवा व्यवधान के मुद्दे

(b) सैंडबॉक्स सेवा में व्यवधान के मुद्दे

(c) a और b दोनों (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर। (a)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2021 को एचडीएफसी बैंक ने घोषणा की कि आरबीआई ने इसके आईटी बुनियादी ढांचे का एक विशेष ऑडिट करने के लिए एक बाहरी आईटी फर्म की नियुक्ति की है।
- कार्रवाई की पृष्ठभूमि-पिछले दो वर्षों में अनुपयोगी(out age) आईटी टूल्स के कारण बार-बार होने वाले सेवा व्यवधान को देखते हुए RBI ने दिसंबर में HDFC बैंक को नई डिजिटल बैंकिंग पहल शुरू करने और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने से अस्थायी रूप से रोक दिया था।
- बैंक को नवंबर, 2018 में और दिसंबर, 2019 में दंडित भी किया गया।
- उल्लेखनीय है कि एचडीएफसी बैंक ने पिछले महीने आउटेज के कारण बार-बार होने वाली सेवा व्यवधान के मुद्दों को दूर करने के लिए RBI को एक विस्तृत कार्ययोजना सौंपी थी, जिसमें कहा गया था कि वह तीन महीने में अपने प्रौद्योगिकी मंच में सुधार करने के लिए आशान्वित है।
- इसलिए, आरबीआई ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 30 (1-बी) के तहत बैंक के संपूर्ण आईटी बुनियादी ढांचे का एक विशेष ऑडिट करने के लिए एक बाहरी पेशेवर आईटी फर्म की नियुक्ति की है।ऑडिट की लागत बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 30 (1-सी) के तहत बैंक(HDFC Bank) द्वारा वहन की जाएगी।
- कार्ययोजना का क्रियान्वयन-कार्ययोजना को लागू होने में 10-12 सप्ताह लगेंगे, और आगे की समय-सीमा आरबीआई के निरीक्षण पर निर्भर करेगी।संतुष्टि स्तर के आधार पर, नियामक(RBI) एचडीएफसी बैंक पर लगे अस्थायी प्रतिबंध को हटा देगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/finance/rbi-appoints-external-firm-to-audit-hdfc-bank-s-it-infrastructure-121020200619_1.html

2021 सीजन के लिए कोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी

प्रश्न-पिसाई (मिलिंग) के लिए उपयुक्त उत्तम औसत गुणवत्ता (एफएक्यू) वाले कोपरे के लिए 2021 सीजन हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कितना निर्धारित किया गया है?

(a) 9960 रुपये प्रति क्विंटल (b) 10300 रुपये प्रति क्विंटल

(c) 10335 रुपये प्रति क्विंटल (d) 10550 रुपये प्रति क्विंटल

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 27 जनवरी, 2021 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा 2021 सीजन के लिए कोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी प्रदान की गई।
- पिसाई (मिलिंग) के लिए उपयुक्त उत्तम औसत गुणवत्ता (एफएक्यू) वाले कोपरे के लिए 2021 सीजन हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य 10335 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।
- वर्ष 2020 की तुलना में कोपरे के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 375 रुपये की वृद्धि की गई है।
- वर्ष 2020 में उत्तम औसत गुणवत्ता वाले कोपरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य 9960 रुपये प्रति क्विंटल था।
- गोल कोपरे के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में भी 300 रुपये की वृद्धि की गई है।
- गोल कोपरे के एमएसपी को वर्ष 2020 में निर्धारित 10300 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर वर्ष 2021 में सीजन के लिए 10600 रुपये कर दिया गया है।
- घोषित मूल्य उत्पादन के अखिल भारतीय औसत लागत की तुलना में पिसाई वाले कोपरे के लिए 51.87 प्रतिशत और गोल कोपरे के लिए 55.76 प्रतिशत अधिक मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करते हैं।
- यह मंजूरी कृषि लागत और मूल्य (सीएसीपी) आयोग की सिफारिश पर आधारित है।
- नारियल का उत्पादन करने वाले राज्यों में भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) एमएसपी के क्रियान्वयन हेतु केंद्रीय नोडल एजेंसी के रूप में कार्यरत हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1692624#:~:text=The%20Cabinet%20Committee%20on%20Economic,for%202021%20season%20from%20Rs.

उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति, 2021

प्रश्न-उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति, 2021 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 25 जनवरी, 2021 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति, 2021 को मंजूरी प्रदान की।

(b) यह नीति अधिसूचना की तिथि से 5 वर्ष तक अथवा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोई नई नीति/संशोधन किए जाने तक लागू रहेगी।

(c) उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति के अंतर्गत राज्य में 500 मेगावॉट का डाटा सेंटर उद्योग विकसित किए जाने का लक्ष्य रखा गया।

(d) इस नीति से प्रदेश में 3 संभावित डेटा पार्क्स तथा 10 डाटा सेंटर इकाइयों की स्थापना से लगभग 4000 व्यक्तियों हेतु प्रत्यक्ष और 10,000 से 20,000 व्यक्तियों के लिए अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त होने की संभावना है।

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 25 जनवरी, 2021 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति, 2021 को मंजूरी प्रदान की।
- मंत्रिपरिषद द्वारा यह निर्णय भी लिया गया है कि समय की आवश्यकताओं के अनुरूप इस नीति में मुख्यमंत्री के अनुमोदनोपरांत परिवर्तन किया जा सकेगा।
- यह नीति अधिसूचना की तिथि से 5 वर्ष तक अथवा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कोई नई नीति/संशोधन किए जाने तक लागू रहेगी।
- उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर नीति के अंतर्गत राज्य में 250 मेगावॉट डाटा सेंटर उद्योग विकसित किया जाना, राज्य में 20,000 करोड़ रुपये का निवेश आकृष्ट किया जाना तथा कम से कम 3 वर्ष में अत्याधुनिक निजी डाटा सेंटर पार्क्स स्थापित कराए जाने का लक्ष्य है।
- नीति के अंतर्गत डाटा सेंटर पार्क्स और डाटा सेंटर इकाइयों को पूंजी उपादान, ब्याज उपादान भूमि के क्रय/पट्टे पर स्टांप ड्यूटी में छूट तथा ऊर्जा संबंधित वित्तीय प्रोत्साहनों के अतिरिक्त प्रोत्साहन भी प्रदान किए जाएंगे।
- बुंदेलखंड तथा पूर्वांचल क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त विभिन्न गैर-वित्तीय प्रोत्साहन भी प्रदान किए जाएंगे।
- डाटा सेंटर इकाइयों के आस-पास बड़ी संख्या में सूचना प्रौद्योगिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी जनित इकाइयों की स्थापना होती है।
- इनमें प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर भी सृजित होते हैं।

- इस नीति से राज्य में 3 संभावित डेटा पार्क्स तथा 10 डाटा सेंटर इकाइयों की स्थापना से लगभग 4,000 व्यक्तियों हेतु प्रत्यक्ष एवं 10,000 से 20,000 व्यक्तियों के लिए अप्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त होने की संभावना है।
- इससे जन-सामान्य का सामाजिक-आर्थिक उत्थान होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/policy/up-cabinet-clears-data-centre-policy-aims-at-rs-20000-cr-investment/articleshow/80455406.cms?from=mdr

मैन्यूफैक्चर्ड सैंड (एम-सैंड) नीति, 2020

प्रश्न-25 जनवरी, 2021 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मैन्यूफैक्चर्ड सैंड (एम-सैंड) नीति, 2020 का लोकार्पण किया। इस नीति के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है।

(a) इस नीति के माध्यम से एम-सैंड के रूप में कृत्रिम बजरी का उचित विकल्प उपलब्ध कराया जाएगा।

(b) इस नीति अंतर्गत एम-सैंड इकाइयों को उद्योग का दर्जा प्रदान किया गया है।

(c) इस नीति में देश के अन्य राज्यों की एम-सैंड नीति का अध्ययन कर प्रदेश की आवश्यकताओं के अनुरूप आवश्यक प्रावधान किए गए हैं।

(d) इस नीति के तहत स्थापित होने वाली नई इकाइयां तथा प्रदेश में पहले से ही क्रियाशील एम-सैंड इकाइयां भी विस्तार हेतु रिप्स-2019 के तहत देय परिलाभ की पात्र होंगी।

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 25 जनवरी, 2021 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मैन्यूफैक्चर्ड सैंड (एम-सैंड) नीति, 2020 का लोकार्पण किया।
- इस बहुप्रतीक्षित नीति से प्रदेश में एम-सैंड के उपयोग तथा इसके उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।
- इस नीति के माध्यम से एम-सैंड के रूप में प्राकृतिक बजरी का उचित विकल्प उपलब्ध कराया जाएगा।
- नई नीति अंतर्गत एम-सैड इकाइयों को उद्योग का दर्जा प्रदान किया गया है।
- इस नीति में देश के अन्य राज्यों की एम-सैंड नीति का अध्ययन कर प्रदेश की आवश्यकताओं के अनुरूप आवश्यक प्रावधान किए गए हैं।
- भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप इस नीति में संशोधन किए जा सकेंगे।

- इस नीति के तहत स्थापित होने वाली नई इकाइयां तथा प्रदेश में पहले से ही क्रियाशील एम-सैंड इकाइयां भी विस्तार हेतु रिप्स-2019 के तहत देय परिलाभ की पात्र होंगी।
- निवेशकों हेतु इस नीति अंतर्गत एसजीएसटी में निवेश सब्सिडी, विद्युत शुल्क, भूमिकर तथा स्टांप ड्यूटी आदि के भुगतान में छूट के आकर्षक प्रावधान किए गए हैं।
- वर्तमान में 20 एम-सैंड इकाइयां क्रियाशील हैं, जिसमें प्रतिदिन 20 हजार टन एम-सैंड का उत्पादन हो रहा है।
- इस नीति से नई इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहन प्राप्त होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/city/jaipur/m-sand-policy-will-prove-to-be-a-game-changer-gehlot/articleshow/80456484.cms#:~:text=Chief%20minister%20Ashok%20Gehlot%20said,river%20beds%20will%20be%20reduced.

मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में हिस्सेदारी का अधिग्रहण

प्रश्न-21 जनवरी, 2021 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एक्सिस बैंक लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड और किस कंपनी द्वारा मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में हिस्सेदारी के अधिग्रहण हेतु मंजूरी प्रदान की?

(a) बजाज अलियांज लाइफ इंश्योरेंस (b) भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस
(c) एडलवाइस टोक्यो लाइफ इंश्योरेंस (d) एक्सिस सिक्योरिटीज लिमिटेड

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 21 जनवरी, 2021 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एक्सिस बैंक लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड और एक्सिस सिक्योरिटीज लिमिटेड द्वारा मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में हिस्सेदारी के अधिग्रहण को मंजूरी प्रदान की।
- सीसीआई द्वारा मंजूर किया गया प्रस्तावित संयोजन मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (लक्ष्य कंपनी) में एक्सिस बैंक लिमिटेड की हिस्सेदारी को लगभग 9.9 प्रतिशत तक बढ़ाने और एक्सिस कैपिटल लिमिटेड और एक्सिस सिक्योरिटीज लिमिटेड द्वारा कंपनी में क्रमश: 2 प्रतिशत और 1 प्रतिशत शेयर धारिता के अधिग्रहण से संबंधित है।
- एक्सिस कैपिटल लिमिटेड निवेश बैंकिंग और संस्थागत इक्विटी क्षेत्रों में विशिष्ट और मांग-अनुरूप समाधान प्रदान करने का व्यवसाय करती है।

- एक्सिस सिक्योरिटीज लिमिटेड ब्रोकिंग, वित्तीय उत्पादों के वितरण और सलाहकार सेवाओं के व्यवसाय में संलग्न है। मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) के साथ पंजीकृत एक जीवन बीमा कंपनी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1690699

बीओआई एक्सा आईएम और बीओआई एक्सा टीएस का अधिग्रहण

प्रश्न-10 फरवरी, 2021 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) द्वारा बीओआई एक्सा इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स प्राइवेट लिमिटेड (बीओआई एक्सा आईएम) और बीओआई एक्सा ट्रस्टी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (बीओआई एक्सा टीएस) की कुल शेयर पूंजी की कितनी हिस्सेदारी के अधिग्रहण हेतु मंजूरी प्रदान की है?

(a) 25 प्रतिशत (b) 38 प्रतिशत(c) 49 प्रतिशत (d) 78 प्रतिशत

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 10 फरवरी, 2021 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) द्वारा बीओआई एक्सा इनवेस्टमेंट मैनेजर्स प्राइवेट लिमिटेड (बीओआई एक्सा आईएम) और बीओआई एक्सा ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड (बीओआई एक्सा टीएस) के अधिग्रहण को मंजूरी प्रदान की।
- यह मंजूरी प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31 (1) के तहत प्रदान की गई है।
- प्रस्तावित संयोजन बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) द्वारा बीओआई एक्सा आईएम और बीओआई एक्सा टीएस की कुल शेयर पूंजी की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण से संबंधित है।
- इस अधिग्रहण के परिणामस्वरूप बीओआई इन दोनों कंपनियों का एकमात्र स्वामी और बीओआई एक्सा म्यूचुअल फंड का एकमात्र प्रायोजक बन जाएगा।प्रस्तावित संयोजन के अनुसार, बीओआई बैंकिंग व्यवसाय में बना रहेगा और लक्षित इकाइयों के म्यूचुअल फंड सहित अन्य म्यूचुअल फंड उत्पादों को वितरित करना जारी रखेगा।बैंक ऑफ इंडिया, सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है, जिसका गठन बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 के तहत किया गया है।बीओआई एक्सा आईएम और बीओआई एक्सा टीएस दोनों एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी हैं, जिन्हें कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निगमित किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1696862

एमसीए 21 वर्जन 3.0

प्रश्न-एमसीए 21 वर्जन 3.0 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) कार्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान एमसीए 21 वर्जन 3.0 लांच करेगा।

(b) इस संस्करण के अंतर्गत ई-परामर्श और अनुपालन प्रबंधन के लिए अतिरिक्त मॉड्यूल शामिल होंगे।

(c) एमसीए-21 प्रणाली भारत सरकार की दूसरी मिशन मोड ई-शासन परियोजना है।(d) वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं और एआई और एमएल जैसी उभरती तकनीकों को शामिल करते हुए एमसीए 21 वर्जन 3.0 का विजन है' भारत के कॉर्पोरेट विनियामक वातावरण में परिवर्तन लाना'।

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान एमसीए 21 वर्जन 3.0 लांच करेगा।
- इस संस्करण के अंतर्गत ई-न्यायिक निर्णय, ई-परामर्श और अनुपालन प्रबंधन के लिए अतिरिक्त मॉड्यूल शामिल होंगे।एमसीए 21 प्रणाली भारत सरकार की पहली मिशन मोड ई-शासन परियोजना है।एमसीए 21 वर्जन 3.0 प्रौद्योगिकी-संचालित परियोजना है और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप है।इसे कार्यान्वयन को मजबूती देने, कारोबार में सुगमता को बढ़ावा देने, उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने तथा नियामकों के बीच डेटा के बाधारहित एकीकरण और विनिमय की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।
- इस परियोजना के तहत उन्नत विश्लेषण के लिए व्यापक पैमाने पर मापन की सुविधा तथा उच्च क्षमता के साथ माइक्रो-सर्विस संरचना की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।
- एमसीए 21 वर्जन, 3.0 का विजन है-'भारत के कॉर्पोरेट विनियामक वातावरण में परिवर्तन लाना'।
- इस विजन में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाएं, एआई और एमएल जैसी उभरती हुई तकनीकों को शामिल किया गया है।वित्तीय वर्ष 2021-22 में लांच किए जाने वाले एमसीए 21 के प्रमुख घटकों में ई-जांच, ई-न्यायिक निर्णय, ई-परामर्श, अनुपालन प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस) और एमसीए लैब शामिल हैं। इसके अलावा एमसीए 21 वी 3 में चैट बॉट सक्षम हेल्पडेस्क, मोबाइल ऐप, इंटरैक्टिव यूजर डैशबोर्ड, बेहतर उपयोगकर्त्ता अनुभव से जुड़ी यूआई। यूएक्स प्रौद्योगिकी और एपीआई के माध्यम से सहज डेटा प्रसार की भी सुविधा होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.businessworld.in/article/MCA21-Version-3-0-to-be-launched-in-Fiscal-2021-22/05-02-2021-374307

वर्ष 2020 में भारत के चाय उत्पादन में गिरावट

प्रश्न-कोविड-19 महामारी के कारण वर्ष 2020 में भारत में चाय के उत्पादन में कितने प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई है?

(a) 5.7 प्रतिशत (b) 8 प्रतिशत (c) 10 प्रतिशत (d) 9.7 प्रतिशत

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के कारण भारत में चाय उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई है।
- भारत में वर्ष 2020 में लगभग 1255.60 मिलियन किलोग्राम चाय का उत्पादन हुआ है, जो कि वर्ष 2019 में उत्पादन की तुलना में लगभग 9.7 प्रतिशत कम है।
- चूंकि चाय का उत्पादन कम हुआ है, अत: चाय की कीमतों में वर्ष 2019 के अपेक्षा 31 प्रतिशत बढ़कर, प्रतिकिलो के हिसाब से 184.69, रुपये हो गई है।
- ध्यातव्य हो कि वर्ष 2020 में असम में बाढ़ के कारण जनजीवन प्रभावित रहा तथा चाय के बागानों को बड़े पैमाने पर क्षति पहुंची।
- वर्ष 2020 में प्रथम 11 माह के दौरान प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, भारत के चाय निर्यात में 18.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।
- वर्ष 2020 में भारत का चाय उत्पादन कुल 187.92 मिलियन किलोग्राम था, जो पिछले वर्षों के निर्यात आंकड़ों की अपेक्षा कम है।
- भारत चाय उत्पादन में विश्व में दूसरे स्थान पर है, प्रथम स्थान पर चीन है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.businesstoday.in/current/economy-politics/india-tea-output-drops-97-in-2020-raises-prices-to-record-high/story/430337.html

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंको में शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने के लिए रूपरेखा जारी किया

प्रश्न-बैकों में शिकायत निवरण तंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए रूपरेखा किस संस्था के द्वारा जारी किया जाता है?

(a) भारतीय रिजर्व बैंक (b) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

(c) वित्त मंत्रालय (d) भारतीय बैंकिग संघ

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 27 जनवरी, 2021 को भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंको में शिकायत निवरण तंत्र को मजबूत करने के लिए रूपरेखा जारी किया।
- हालांकि रिजर्व बैंक ने 4 दिसंबर 2021 को मौद्रिक नीति वक्तव्य के एक भाग के रूप में जारी 'विकासात्मक और विनियामक नीतियों' (Statement on development and Regulatory policies) में घोषणा की थी।
- बैंकों के ग्राहकों और जनता के लिए शिकायतों का निवारण लागत-मुक्त होगा
- इस रूपरेखा में बैंको द्वारा की जाने वाली शिकायतों पर बढ़े खुलासे शामिल है।
- बैंकों से उन रखरखाव योग्य शिकायतों के निवारण की लागत की वसूली जिनके विरुद्ध बैंकिग लोकपाल में प्राप्त शिकायतों की संख्या उनके सहकर्मी समूह से अधिक है।
- इस रूपरेखा का उद्देश्य बैंकों द्वारा प्राप्त शिकायतों की मात्रा और प्रकृति के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करता है।
- ग्राहक सेवा में सुधार करना तथा उपचारात्मक कदमों की पहचान करना प्रमुख उद्देश्य है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=51029

15 वें वित्त आयोग की रिपोर्ट (2021-26)

प्रश्न-15वें वित्त आयोग की रिपोर्ट के अनुसार निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. आयोग ने संघ के करों की निवल प्राप्तियों का वर्तमान में 42 प्रतिशत की तुलना में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी राज्यों को दिए जाने की सिफारिश की है।

2. नव गठित जम्मू कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेशों की वित्तीय आवश्यकता को पूरा करने हेतु संघ करों की निवल प्राप्तियों का 2 प्रतिशत केंद्र सरकार के पास रखे जाने की सिफारिश की गई है।

सही विकल्प चयन करें-

(a) कथन 1 सत्य है, परंतु कथन 2 असत्य है। (b) कथन 2 सत्य है, परंतु कथन 1 असत्य है।

(c) कथन 1 व 2 दोनों असत्य हैं। (d) कथन 1 व 2 दोनों ही सत्य हैं।

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 1 फरवरी, 2021 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 15वें वित्त आयोग की अंतिम रिपोर्ट को संसद में प्रस्तुत किया गया।
- 15वें वित्त आयोग का गठन 27 नवंबर, 2017 को किया गया था।
- इसकी रिपोर्ट 8 नवंबर, 2020 को राष्ट्रपति को प्रस्तुत किया गया था।
- वित्त आयोग के मुख्य रिपोर्ट को 'वित्त आयोग-कोविड के दौर में 2021-26 के लिए रिपोर्ट' शीर्षक से जारी किया गया है।
- आयोग द्वारा 2 रिपोर्टों, 2020-21 के लिए पहली रिपोर्ट और 2021-22 से 2025-26 तक की विस्तारित अवधि के लिए अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है।
- 1 अप्रैल, 2021 से प्रारंभ होकर 2021-22 से 2025-26 तक के वित्तीय वर्षों को शामिल करते हुए, संविधान के अनुच्छेद 281 के अनुपालन में यह अंतिम रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी गई।
- सरकार द्वारा मंजूरी प्राप्त सिफारिशों में संघ के करों की निवल प्राप्तियों का वर्तमान में 42 प्रतिशत की तुलना में 41 प्रतिशत हिस्सेदारी राज्यों को दिया जाना शामिल है।
- यह सिफारिश करने का कारण नए गठित जम्मू कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेशों की वित्तीय आवश्यकता को पूरा करने हेतु संघ करों की निवल प्राप्तियों का 1 प्रतिशत केंद्र सरकार के पास रखे जाने को बताया गया है।
- आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 275 के तहत राजस्व घाटे, स्थानीय निकायों, आपदा प्रबंधन, क्षेत्र विशेष तथा कुछ राज्य विशेष के लिए राज्यों को राजस्व की अनुदान सहायता देने की सिफारिश की है।
- आयोग ने 2021-22 से 2025-26 की अवधि के दौरान 17 राज्यों के लिए 294514 करोड़ रुपये के हस्तांतरण के बाद राजस्व घाटा अनुदान देने की सिफारिश की है।
- आयोग ने 2021-26 की अवधि के लिए शहरी व स्थानीय निकायों के लिए कुल अनुदान 436361 करोड़ रुपये सिफारिश की है।
- स्थानीय सरकारों के माध्यम से ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 236805 करोड़ रुपये, शहरी स्थानीय निकायों के लिए 121055 करोड़ रुपये और स्वास्थ्य अनुदानों हेतु 70,051 करोड़ रुपये की धनराशि रखी है।
- नए शहरों के स्थापना हेतु 8000 करोड़ रुपये व नगरपालिका सेवाओं की हिस्सेदारी हेतु 450 करोड़ रुपये रखे जाने की सिफारिश की गई है।
- आयोग द्वारा सामान्य राज्यों के लिए 75:25 और पूर्वोत्तर तथा विशेष श्रेणी के राज्यों हेतु 90:10 के केंद्र और राज्य सरकारों के मध्य मौजूदा लागत हिस्सेदारी अनुपात को जारी रखने की सिफारिश की है।

- 5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि करते हुए 2021-26 की अवधि हेतु आयोग द्वारा आपदा प्रबंधन के लिए राज्यों को कुल 160153 करोड़ रुपये के निधि की सिफारिश की है।
- आयोग ने 12987 करोड़ रुपये का राज्यों को अनुदान 8 विभिन्न क्षेत्रों-स्वास्थ्य, विद्यालय

• **मानदंड**	• **भारांक (%)**
• जनसंख्या	• 15.0
• क्षेत्रफल	• 15.0
• वन एवं पारिस्थितिकी	• 10.0
• आय अंतर	• 45.0
• कर एवं राजकोषीय प्रयास	• 2.5
• जनसांख्यिकीय निष्पादन	• 12.5

शिक्षा, उच्चतर शिक्षा, कृषि,पीएमजीएसवाई सड़कों का रख-रखाव, आकांक्षी जिलों तथा ब्लॉकों, न्यायिक, सांख्यिकी में देने की सिफारिश की है।

- आयोग द्वारा सिफारिश की गई है कि राज्य सरकारों के निवल ऋणों के लिए सामान्य सीमा 2021-22 में जीएसडीपी का 4 प्रतिशत, 2022-23 में 3.5 प्रतिशत निर्धारित की जा सकती है तथा 2023-24 से 2025-26 तक के लिए इसे 3 प्रतिशत कायम रखा जा सकता है।
- सरकार ने राज्यों के लिए उधार की अधिकतम सीमाओं की मात्रा (जीएसडीपी प्रतिशत के अनुसार) के संबंध में सिफारिशों को सैद्वांतिक रूप से स्वीकार कर लिया गया है। राज्यों के लिए वित्तीय रोडमैप से संबंधित अन्य सिफारिशें और एमआरबीएम अधिनियम में संशोधन पर अलग से जांच की जाएगी।
- वित्त आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार क्षैतिज अंतरण और भारांक का प्रतिशत जिसकी अनुशंसा की गई है, इस प्रकार है-

- आयोग की रिपोर्ट के आधार पर राजस्व घाटा अनुदानों की अनुशंसाओं को निम्न सारणी से जाना जा सकता है-

क्रम संख्या अनुदान घटक	2021-26
1. राजस्व घाटा अनुदान	294514
2. स्थानीय सरकारों को अनुदान	436361
3. आपदा प्रबंधन अनुदान	122601
4. क्षेत्र-विशिष्ट अनुदान	129987
I. स्वास्थ्य के लिए क्षेत्रीय अनुदान	31755
II. विद्यालय शिक्षा	4800
III. उच्चतर शिक्षा	6143
IV. कृषि सुधारों का कार्यान्वयन	45000
V. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आने वाली सड़कों का रख-रखाव	27539
VI. न्यायपालिका	10425

VII. सांख्यिकीय	1175
VIII. आकांक्षी जिले एवं ब्लॉक	3150
5. राज्य विशिष्ट	49599
कुल	1033062

संबंधित लिंक भी देखें...

https://fincomindia.nic.in/writereaddata/html_en_files/fincom15/Reports/%E0%A4%B8%E0%A4%82%E0%A4%AA%E0%A5%82%E0%A4%B0%E0%A5%8D%E0%A4%A3%20%E0%A4%B0%E0%A4%BF%E0%A4%AA%E0%A5%8B%E0%A4%B0%E0%A5%8D%E0%A4%9F.pdf

दिसंबर, 2020 में भारतीय कंपनियों का विदेशी निवेश

प्रश्न-जनवरी, 2021 में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जारी आंकड़ों के तहत दिसंबर, 2020 में भारतीय कंपनियों के विदेशी निवेश के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

1. दिसंबर, 2020 में भारत स्थित घरेलू कंपनियों के विदेशी निवेश में 42 प्रतिशत की कमी हुई है।
2. इस दौरान भारत स्थित घरेलू कंपनियों का विदेशी निवेश 3.60 बिलियन डॉलर हो गया है।
3. नवंबर, 2020 में भारतीय स्थित घरेलू कंपनियों का कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 1.06 बिलियन डॉलर था।
4. दिसंबर, 2020 में भारतीय कंपनियों के कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 775.41 मिलियन अमेरिकी डॉलर ऋण के रूप में जारी किया गया था।

उपर्युक्त दिए गए कथनों में सत्य कथन का चुनाव करें-

(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3 (c) 3 एवं 4 (d) 1 एवं 3

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2021 में जारी रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार दिसंबर, 2020 में भारत स्थित घरेलू कंपनियों का विदेशी निवेश 42 प्रतिशत घटकर 1.45 बिलियन डॉलर हो गया।

- ध्यातव्य है कि एक वर्ष पूर्व की अवधि में भारतीय कंपनियों ने अपनी विदेशी कंपनियों (संयुक्त उद्यम/पूर्ण स्वामित्व वाली इकाइयों) में 2.51 बिलियन डॉलर का निवेश किया था।
- नवंबर, 2020 में भारत स्थित घरेलू कंपनियों का कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (Total outward foreign direct investment) 1.06 बिलियन डॉलर था, जो एक माह पूर्व की तुलना में 27 प्रतिशत कमी को दर्शाता है।
- दिसंबर, 2020 के दौरान भारतीय कंपनियों द्वारा कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में से 775.41 मिलियन डॉलर इक्विटी इन्फ्यूजन (equity infusion) के रूप में तथा 382.91 मिलियन डॉलर ऋण के रूप में थे।
- रिजर्व बैंक द्वारा जारी इस डेटा के अनुसार 287.63 मिलियन डॉलर का निवेश गारंटी के रूप में जारी किया गया था।
- ध्यातव्य है कि भारत स्थित प्रमुख निवेशक कंपनी ओएनजीसी ने म्यांमार, रूस, वियतनाम, कोलंबिया तथा ब्रिटिश वर्जिन द्वीपसमूह को पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों में कुल 131.85 मिलियन डॉलर का निवेश किया है।
- भारत स्थित इंटास फार्मास्यूटिकल्स (Intas pharmaceuticals) यूनाइटेड किंगडम स्थित एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी में 75.22 मिलियन डॉलर का निवेश किया है।
- टाटा समूह की टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने आयरलैंड स्थित पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई में 27.77 मिलियन डॉलर का निवेश किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.financialexpress.com/market/overseas-investment-by-indian-companies-dips-42-pc-to-usd-1-45-bn-in-dec-rbi-data/2179000/#:~:text=In%20November%202020%2C%20the%20total,guarantee%2C%20as%20per%20the%20data.

वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अपडेट जनवरी, 2021

प्रश्न-26 जनवरी, 2021 को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अपडेट जनवरी, 2021 जारी की गई। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इसके अनुसार वर्ष 2020 में वैश्विक विकास दर-3.5 प्रतिशत आकलित की गई।

(ii) वर्ष 2021 में भारत की विकास दर 11.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

(iii) वर्ष 2020 में भारत की विकास दर-8.0 प्रतिशत आकलित की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 26 जनवरी, 2021 को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अपडेट जनवरी, 2021 जारी किया गया।
- इसके अनुसार, वर्ष 2020 में वैश्विक विकास दर- 3.5 प्रतिशत आकलित की गई है।
- जिसके वर्ष 2021 में 5.5 प्रतिशत तथा वर्ष 2022 में 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020 में भारत की विकास दर-8.0 प्रतिशत आकलित की गई है।
- जिसके वर्ष 2021 में 11.5 प्रतिशत तथा वर्ष 2022 में 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- वर्ष 2020 में चीन की विकास दर 2.3 प्रतिशत आकलित की गई है।
- जिसके वर्ष 2021 में 8.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- उन्नत (Advanced) अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर वर्ष 2020 में-4.9 प्रतिशत आकलित की गई है। जिसके वर्ष 2021 में 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- वहीं यूएसए की विकास दर वर्ष 2020 में-3.4 प्रतिशत आकलित की गई, जिसके वर्ष 2021 में 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- उभरते बाजार तथा विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर वर्ष 2020 में-2.4 प्रतिशत आकलित की गई है। जिसके वर्ष 2021 में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- यूरो क्षेत्र की विकास दर वर्ष 2020 में 7.2 प्रतिशत आकलित की गई है। जिसके वर्ष 2021 में 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- कम आय वाले विकासशील देशों की विकास दर वर्ष 2020 में-0.8 प्रतिशत आकलित की गई है। जिसके वर्ष 2021 में 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.imf.org/en/Publications/WEO/Issues/2021/01/26/2021-world-economic-outlook-update

वर्ल्ड इकोनॉमिक सिचुएशन एंड प्रास्पेक्ट्स रिपोर्ट, 2021

प्रश्न-25 जनवरी, 2021 को संयुक्त राष्ट्र ने वर्ल्ड इकोनॉमिक सिचुएशन एंड प्रास्पेक्ट्स रिपोर्ट जारी की। इसके अनुसार, वर्ष 2020 में विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं में कितने प्रतिशत का संकुचन हुआ?

(a) 2.5 प्रतिशत (b) 3.5 प्रतिशत (c) 2 प्रतिशत (d) 4 प्रतिशत



उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 25 जनवरी, 2021 को संयुक्त राष्ट्र ने अपनी नई रिपोर्ट द वर्ल्ड इकोनॉमिक सिचुएशन एंड प्रास्पेक्ट्स रिपोर्ट (The World Economics Situation and Prospects Report), 2021 जारी की।
- रिपोर्ट के अनुसार आर्थिक, सामाजिक और जलवायु सहनशील पहलों में निवेश के अभाव में विश्वव्यापी महामारी के दुष्प्रभाव अनेक वर्षों तक रह सकते हैं।
- विगत वर्ष विश्व अर्थव्यवस्था 4.3 प्रतिशत तक सिकुड़ी है, जोकि एक दशक पहले के वित्तीय संकट से ढाई गुना ज्यादा है।
- यूएन विशेषज्ञों के अनुसार, इस वर्ष 4.7 प्रतिशत का मामूली सुधार अपेक्षित है, लेकिन अब तक हुए नुकसान को दूर करने के लिए यह पर्याप्त नहीं होगा।
- वर्ष 2020 में विकसित अर्थव्यवस्थाओं पर सबसे ज्यादा असर हुआ है।
- आर्थिक तालाबंदियों व संक्रमणों की लहर से 5.6 प्रतिशत का संकुचन दर्ज किया गया है।
- विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं में वर्ष 2020 में 2.5 प्रतिशत संकुचन देखा गया।
- अब उनकी अर्थव्यवस्था में 5.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है।
- रिपोर्ट के अनुसार, टिकाऊ पुनर्बहाली के लिए अर्थव्यवस्था में स्फूर्ति के लिए पैकेजों, वैक्सीन के वितरण के साथ-साथ इन उपायों की गुणवत्ता और उनके कारगर साबित होने पर निर्भर करेगा।
- भारतीय अर्थव्यवस्था 2020 में 5.7% की गिरावट का अनुमान, 2021 में 7.0% की विकास दर, 2022 में 5.6%

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/development/desa/dpad/wp-content/uploads/sites/45/publication/WESP2021_FullReport-optimized.pdf

जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा

प्रश्न-जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा पर दिशा-निर्देश कौन जारी करता है?

(a) भारतीय स्टेट बैंक (b) भारतीय रिजर्व बैंक

(c) वित्त मंत्रालय (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 3 फरवरी, 2021 को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 'जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा' (Risk based Internal Audit) पर दिशा-निर्देश जारी किया गया।
- यह दिशा-निर्देश गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (Non-Banking Financel Companies) एवं प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों के लिए जारी की गई।
- इन संस्थाओं को 31 मार्च, 2022 तक जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा (RBIA) दिशा-निर्देशों को लागू करना है।
- इस लेखा परीक्षा का उद्देश्य चयनित संस्थाओं (एनवीएफसी एवं सहकारी बैंकों) की आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली की गुणवत्ता और प्रभावशीलता को मजबूत करना है।
- जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा (Risk-based Internal Audit: RBIA)-एक लेखा पद्धति है, जो किसी संगठन के समग्र जोखिम प्रबंधन ढांचे को जोड़ती है।
- यह निदेशक मंडल और वरिष्ठ प्रबंधन को शासन से संबंधित जोखिम प्रबंधन, आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों और प्रक्रियाओं की गुणवत्ता और प्रभावशीलता के बारे में भी आश्वासन प्रदान करता है।
- यह जोखिम प्रबंधन प्रणालियों का मूल्यांकन करेगी और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और शहरी सहकारी बैंकों में परिचालन के विभिन्न पहलुओं में नियंत्रण प्रक्रियाओं का मूल्यांकन करेगी।
- यह जोखिमों का अनुमान लगाने और इसे कम करने के लिए लेन-देन का परीक्षण भी करेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=51063

वैज्ञानिक परिदृश्य

रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी

बाबर क्रूज मिसाइल

प्रश्न-फरवरी, 2021 में किस देश ने बाबर क्रूज मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया?

(a) चीन (b) अमेरिका (c) पाकिस्तान (d) भारत

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 11 फरवरी, 2021 को पाकिस्तान ने सतह से सतह पर मार करने वाली बाबर क्रूज मिसाइल को सफलता पूर्वक लांच किया।

- यह मिसाइल 450 किलोमीटर तक के लक्ष्य पर वार कर सकती है।
- इस मिसाइल को अत्याधुनिक मल्टी ट्यूब प्रक्षेपण यान से लांच किया गया है।
- 20 जनवरी को पाकिस्तान ने परमाणु-सक्षम सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल शाहीन-III का परीक्षण किया, जो 2750 किलोमीटर तक के लक्ष्य पर हमला कर सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/international/pakistan-test-fireshigh-precision-ballistic-missile/article33814003.ece

दो सीटर ट्रेनर विमान

प्रश्न-भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (BEML) ने दो सीटर ट्रेनर (प्रशिक्षण) विमानों के लिए किसके साथ समझौता-ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किया?

(a) हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (NAL)
(b) भारतीय वायु सेना (IAF)
(c) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (ISRO)
(d) कॉउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्टियल रिसर्च-नेशनल एयरोस्पेस लेबोरेटरी (CSIR-NAL)

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 3-5 फरवरी, 2021 के मध्य 'एयरो इंडिया शो' के 13वें संस्करण, के आयोजन के दौरान भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड ने तकनीकी हस्तांतरण के माध्यम से दो-सीटर प्रशिक्षण विमान के विकास के लिए (CSIR-NAL) के साथ MoU पर हस्ताक्षर किया।
- एयरो इंडिया शो का 13 वां संस्करण येलहेका एयरफोर्स स्टेशन (कर्नाटक) बेंगलुरू में संपन्न हुआ।
- BEM लिमिटेड तथा CSIR-NAL अपने साझा उद्यम द्वारा छोटा मानवरहित हवाई विमान, विमान संरचना, आदि का विकास करेंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://aeroindia.gov.in/

स्डारडस्ट 1.0

प्रश्न-31 जनवरी, 2021 को किस अमेरिकी रॉकेट स्टार्टअप कंपनी ने जैव ईंधन द्वारा संचालित विश्व का पहला वाणिज्यिक बूस्टर 'स्टारडस्ट 1.0' को लांच किया?

(a) स्पेस एक्स (b) ब्लू वर्जिन एयरोस्पेस

(c) ब्लू शिफ्ट एयरोस्पेस (d) एक्सिओम स्पेस

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 31 जनवरी, 2021 को अमेरिकी रॉकेट स्टार्टअप कंपनी ब्लूशिफ्ट एयरोस्पेस ने जैव ईंधन द्वारा संचालित विश्व का पहला वाणिज्यिक बूस्टर लांच किया, इस वाणिज्यिक बूस्टर का नाम 'स्टारडस्ट 1.0' है।
- यह बूस्टर (रॉकेट) लगभग 20 फीट लंबा है और इसका द्रव्यमान लगभग 250 किग्रा. है।
- यह रॉकेट अधिकतम 8 किग्रा. पैलोड ले जाने में सक्षम है।
- इस रॉकेट के संचालन में प्रयोग किया गया जैव-ईंधन गैर विषैला और पूर्णत: कार्बन तटस्थ है, जिससे यह प्रकृति को प्रतिकूल रूप से प्रभावित नहीं करेगा।
- ये रॉकेट अंतरिक्ष में क्यूबेट्स नामक छोटे उपग्रहों को लांच करने में मदद करेंगे, जो कि पारंपरिक रॉकेट की तुलना में अपेक्षाकृत सस्ता है, और पर्यावरण के प्रति भी कम विषाक्त है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.bbc.com/news/av/world-55884235

नासा का आगामी स्फीयर-एक्स मिशन

प्रश्न-नासा (NASA) ने स्वतंत्र रूप से एक SPHEREX मिशन शुरू करने की घोषणा की है। इस मिशन माध्यम से निम्नलिखित में से किसका अध्ययन किया जाएगा?

(a) मंगल (b) बृहस्पति (c) आकाश गंगाएं एवं ब्रह्मांड निर्माण प्रक्रिया

(d) धूमकेतु



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- संयुक्त राज्य अमेरिका के नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) ने हाल ही में अपने नए प्रस्तावित मिशन SPHEREX की घोषणा की है।

- इस अभियान की लांचिंग हेतु नासा ने लांच सेवाएं प्राप्त करने के लिए एलन मस्क की Space X कंपनी का चयन किया है।
- SPHERE X का पूरा नाम Spectro- Photometer for the History of the Universe, Epoch of Reionization, and Ices Explorer है।
- SPHERE X निकट अवरक्त प्रकाश ग्रहण करके आकाश का सर्वेक्षण करने हेतु डिजाइन किया गया है।
- यह एक योजनाबद्ध दो वर्षीय मिशन होगा, जो कि इस अवधि में ब्रह्मांड में 300 मिलियन से अधिक, निकट अवरक्त स्पेक्ट्रम रेंज में, आकाश गंगाओं का अध्ययन करेगा।
- ज्ञातव्य हो कि निकट अवरक्त विकिरण वह विकिरण है, जो अदृश्य (Invisible) होता है।
- इस मिशन के द्वारा हमारी अपनी आकाश गंगा (Milky Way Galaxy) के 100 मिलियन तारों का भी अध्ययन किया जाएगा।
- SPHERE X एक छोटा खगोल भौतिकी अंतरिक्षयान है, जिसका वजन मात्र 178 किग्रा. का होगा।
- इस यान का प्रक्षेपण SPHERE X के Falcon-9 रॉकेट द्वारा जून, Space 2024 में किया जाएगा।
- वैज्ञानिकों को आशा है कि यह अभियान ब्रह्मांडीय प्रश्नों तथा ब्रह्मांड की उत्पत्ति से संबंधित गुत्थियों को सुलझाने में काफी सहायक सिद्ध होगा।
- अनुसंधानकर्ताओं को यह भी उम्मीद है कि इस खगोलभौतिकी मिशन (Astrophysics Mission) के माध्यम से वे निश्चित रूप से आकाश गंगाओं (Galaxies) के निर्माण के बारे में अपनी समझ में वृद्धि कर सकेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.jpl.nasa.gov/missions/spherex

विज्ञान ज्योति कार्यक्रम का दूसरा चरण

प्रश्न-फरवरी, 2021 में विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम के संदर्भ में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस कार्यक्रम का दूसरा चरण-11 फरवरी, 2021 को 'विज्ञान में लड़कियां और महिलाएं के अंतरराष्ट्रीय दिवस' के अवसर पर शुरू किया गया है।

(b) दूसरे चरण में विज्ञान में लड़कियों की रुचि बढ़ाने तथा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) विषयों के माध्यम से उन्हें अपना कॅरियर बनाने में मदद करने हेतु देश के 50 और जिलों को इस कार्यक्रम के दायरे में लाया गया है।

(c) विज्ञान ज्योति कार्यक्रम से जुड़ी गतिविधियों में छात्र-अभिभावक परामर्श,

प्रयोगशालाओं और ज्ञान केंद्रों का दौरा, पार्टनर रोल मॉडल इंटरैक्शन, विज्ञान शिविर, शैक्षणिक सहायता कक्षाएं, संसाधन सामग्री वितरण और टिंकरिंग गतिविधियां शामिल हैं।

(d) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विज्ञान ज्योति कार्यक्रम वर्ष 2018 में शुरू किया गया था।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 11 फरवरी, 2021 को 'विज्ञान में लड़कियां और महिलाएं के अंतरराष्ट्रीय दिवस' के अवसर पर विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत की गई।
- दूसरे चरण के तहत विज्ञान में लड़कियों की रुचि बढ़ाने तथा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) विषयों के माध्यम से उन्हें अपना कॅरियर बनाने में मदद करने हेतु देश के 50 और जिलों को इस कार्यक्रम के दायरे में लाया गया है।
- यह कार्यक्रम एसटीईएम के कुछ क्षेत्रों में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व की समस्या का समाधान करता है।
- प्रारंभिक चरण में यह कार्यक्रम 9वीं से 12वीं कक्षा की मेधावी लड़कियों के लिए स्कूल स्तर पर शुरू किया गया है, जिससे उन्हें सशक्त बनाकर देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) पाठ्यक्रम में शामिल विषयों की पढ़ाई करने हेतु प्रोत्साहित किया जा सके।
- विज्ञान ज्योति कार्यक्रम से जुड़ी गतिविधियों में छात्र-अभिभावक परामर्श, प्रयोगशालाओं और ज्ञान केंद्रों का दौरा, पार्टनर रोल मॉडल इंटरैक्शन, विज्ञान शिविर, शैक्षणिक सहायता कक्षाएं, संसाधन सामग्री वितरण और टिंकरिंग गतिविधियां शामिल हैं।
- छात्रों को ऑनलाइन शैक्षणिक सहायता से संबंधित गतिविधियों में वीडियो कक्षाएं, अध्ययन सामग्री, दैनिक अभ्यास की समस्याएं और किसी तरह की शंकाओं का समाधान करने के लिए सुव्यवस्थित तरीके से सत्र आयोजित करना शामिल है।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा छात्राओं को एसटीईएम क्षेत्रों में उच्च शिक्षा और कॅरियर बनाने के लिए प्रेरित करने हेतु वर्ष 2019 में विज्ञान ज्योति कार्यक्रम शुरू किया गया था।
- निकट भविष्य में इस कार्यक्रम का प्रभाव 100 जिलों में दिखाई देगा।
- डीएसटी इस कार्यक्रम के अलावा अन्य महिला-उन्मुख कार्यक्रम जैसे कि कॅरियर में ब्रेक लेने वाली महिलाओं को दोबारा अवसर प्रदान करने हेतु 'महिला वैज्ञानिक योजना', एसटीईएम में कॅरियर बनाने की इच्छुक महिलाओं हेतु अमेरिका में प्रमुख संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय सहयोगपूर्ण अनुसंधान करने का अवसर प्रदान करने हेतु 'क्यूरी कार्यक्रम' तथा वैज्ञानिक संस्थानों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने हेतु 'जीएटीआई कार्यक्रम' आदि शामिल हैं।

- इसके अलावा डीएसटी ने महिला विश्वविद्यालयों में कृत्रिम बुद्धिमता प्रयोगशालाएं भी स्थापित की हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1697302

डीप-सी फिशिंग वेसल्स डिजाइन एंड स्पेशीफिकेशन को फ्रेम करने के लिए नोडल प्राधिकरण

प्रश्न-एप्रूण्ड स्टैंडर्डाइज्ड डीप-सी फिशिंग वेसल्स डिजाइन एंड स्पेशीफिकेशन (ASDDS) किसके द्वारा तैयार किया जाएगा?

(a) कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (b) मझगांव डाक लिमिटेड
(c) हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (d) गोवा शिपयार्ड लिमिटेड

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- भारत सरकार ने स्वीकृत मानकीकृत डीपसी फिशिंग वेसल्स डिजाइन और विशेषीकृत (Approved Standardised Deep-SEa Fishing Vessels and Specifications (ASDDS) को फ्रेम करने के लिए एक नोडल प्राधिकरण की स्थापना की है।
- यह प्राधिकरण राज्यों के मत्स्य विभाग को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) को लागू करने में सहायता करेगा।
- ASDDS कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL) द्वारा तैयार किया जाएगा।
- केंद्रीय तकनीकी प्रौद्योगिकी संस्थान (CIFT) द्वारा तकनीकी रूप से इसका निरीक्षण भी किया जाएगा।
- इंडियन रजिस्टार ऑफ शिपिंग (IRS) द्वारा इसे In Principal मान्यता (Approval) प्रदान की जाएगी।
- गहरे समुद्री मछली पकड़ने वाले जलयानों (Deep-Sea Fishing Vessels DSFV'S) का निर्माण भी ASDDS के अनुपालन में किया जाएगा।
- PMMSY योजना के तहत DSFV भी सब्सिडी हासिल करने हेतु मान्य होंगे।
- यह एक फ्लैगशिप योजना है जो मत्स्य क्षेत्र के सतत विकास पर केंद्रित है।
- इसे पांच साल की अवधि के लिए लागू किया जाएगा। यह योजना 1 अप्रैल, 2020 को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में आत्म निर्भर भारत पैकेज के तहत शुरू की गई थी।

- यह नोडल प्राधिकरण CIFT (सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज टेव्नâोलॉजी) के निदेशक की अध्यक्षता में कार्य करेगा तथा इसमें आई.आई.टी खड़गपुर या IIT मद्रास के नेवल आर्किटेक्चर विभाग के प्रतिनिधि भी सम्मिलित होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/economy/logistics/govt-sets-up-nodal-authority-for-design-and-specifications-of-deep-sea-fishing-vessels/article33800237.ece#:~:text=The%20government%20has%20set%20up,Matsya%20Sampada%20Yojana%20(PMMSY).

2021 के अंत में पहला ऑल सिविलियन ऑर्बिटल स्पेस फ्लाइट

प्रश्न-हाल ही में निम्नलिखित में से किस एयरोस्पेस कंपनी ने 2021 के अंत में अपना पहला ऑल सिविल ऑर्बिटल स्पेसफ्लाइट लांच करने की घोषणा की है?

(a) हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (b) लॉकहीड मार्टिन (यू.एस.ए)
(c) स्पेस एक्स (d) जनरल इलेक्ट्रिक (G.E.) विमानन

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 1 फरवरी, 2021 को अमेरिकी निजी एयरोस्पेस कंपनी स्पेस एक्स ने घोषणा की कि वह 2021 के अंत में अपना पहला ऑल-सिविल ऑर्बिटल फ्लाइट लांच करेगी।
- ज्ञातव्य हो कि स्पेस एक्स अमेरिका के कैलीफोर्निया में स्थित एयरोस्पेस निर्माता और अंतरिक्ष परिवहन कंपनी है।
- स्पेस एक्स के इस आगामी मिशन का नाम इन्स्पेंशन-4 रखा गया है, जिसकी कमान कंपनी के प्रौद्योगिकी उद्यमी जेरेड आइजैकमैन संभालेंगे।
- आईजैकमैन, जो कि एक प्रशिक्षित पायलट भी इस मिशन में हैं, के साथ तीन अन्य लोग भी शामिल होंगे।
- जेरेड आईजैकमैन जो कि निजी कंपनी Shift-4 Payment के मुख्य संस्थापक और कार्यकारी अधिकारी भी हैं, अपने साथ की तीन सीटों और ड्रैगन स्पेस कैप्सूल में अनुदान देकर संलग्न करा रहे हैं।
- कंपनी द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, अन्य तीन यात्रियों के नामों की घोषणा आने वाले हफ्तों में की जाएगी।

- Inspiration-4 चालक दल को फाल्कन 9 लांच वाहन और ड्रैगन कैप्सूल हेतु Space X द्वारा व्यावसायिक अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षत प्राप्त होगा।
- उन्हें ऑर्बिटल मैकेनिक्स के संबंध में प्रशिक्षित किया जाएगा, जो माइक्रोग्रैविटी, शून्य गुरुत्वाकर्षण और तनाव परीक्षण (Stress Test) से भी संबंधित है।
- ये अंतरिक्ष यात्री आपातकालीन तैयारी प्रशिक्षण, स्पेससूट और स्पेसक्राफ्ट के प्रवेश और निकास अभ्यास के साथ-साथ आंशिक और पूर्ण मिशन सिमुलेशन की प्रक्रिया से भी गुजरेंगे।
- निकट भविष्य में प्रस्तावित इस मिशन को Space X के संस्थापक एलन मस्क द्वारा मानव अंतरिक्ष यात्राओं को अधिक सामान्य बनाने के प्रयासों की दिशा में एक और कदम माना जा रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.spacex.com/updates/inspiration-4-mission/index.html

कॉम्बैट Kh35E एंटीशिप मिसाइल

प्रश्न-हाल ही में किस देश की नौसेना ने Combat Kh35E एंटीशिप मिसाइल का परीक्षण किया?

(a) यू.एस.ए (b) भारत (c) चीन (d) रूस

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 31 जनवरी को भारतीय नौसेना द्वारा Combat Kh35E एंटीशिप मिसाइल का परीक्षण किया गया।
- इन मिसाइलों को भारतीय नौसेना के विमान इल्यूशिन 38SD से दागा गया।
- मिसाइलों ने सफलतापूर्वक अपने लक्ष्य डमी युद्धक पोत को भेदकर इसे समुद्र में डुबो दिया।
- मिसाइलों का यह परीक्षण (Theatre Level Readiness and Operational Execrise 2021 (TROPEX-21) के तहत किया गया।
- हिंद महासागर क्षेत्र में किए गए इस अभ्यास का उद्देश्य हिंद महासागर में भारतीय नौसेना की लंबी दूरी तक की मारक क्षमता का आकलन करना है।
- इल्यूशिन या IL38-SD रूस द्वारा विकसित एक एंटी सबमैरीम समुद्री पेट्रोल एयर क्राफ्ट है।
- IL38 SD विमान इल्युशिन IL-18 मालवाहक विमान का उन्नत वर्जन है।
- इसका इस्तेमाल सर्विलांस, खोजी और बचाव अभियानों के अलावा पनडुब्बियों और जहाजों को मार गिराने में भी किया जा सकता है।
- इन विमानों को नौसेना की पश्चिमी कमान के तहत गोवा में रखा गया है।

- नौसेना के अनुसार, विमान ने परीक्षण के जरिए दुश्मन युद्धक जहाजों के खिलाफ मारक क्षमता सफलतापूर्वक साबित की है।
- उल्लेखनीय है कि TROPEX एक द्विवार्षिक अभ्यास (Exercise) है, जो कि सेना, वायुसेना एवं कोस्टगार्ड की संपत्तियों सहित भारतीय नौसेना की युद्धक तैयारियों का आकलन करने हेतु की जाती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.ndtv.com/india-news/navys-ilyushin-38sd-aircraft-fires-anti-ship-missiles-during-exercise-2362103

स्पेस एक्स ने एक ही बार में अंतरिक्ष में स्थापित किए सौ से अधिक उपग्रह

प्रश्न-24 जनवरी, 2021 को अमेरिकी निजी अंतरिक्ष कंपनी स्पेस एक्स (Space X) ने अपने शक्तिशाली फाल्कन-9 रॉकेट के माध्यम से कितने उपग्रहों को लॉन्च किया?
(a) 122 (b) 111 (c) 143 (d) 101
उत्तर–(c)
संबंधित तथ्य

- 24 जनवरी, 2021 को अमेरिकी निजी अंतरिक्ष कंपनी स्पेस एक्स (Space X) ने एक ही प्रयास में विश्व में अब तक के सबसे अधिक 143 उपग्रहों का प्रक्षेपण किया।
- स्पेस एक्स (Space X) ने यह प्रक्षेपण अपने दो चरणों वाले फाल्कन-9 रॉकेट के माध्यम से सम्पन्न किया।
- फाल्कन 9 रॉकेट 24 जनवरी, 2021 को सुबह (10 बजे EST) (1500 जीएमटी) के समय फ्लोरिडा स्थित केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के स्पेस लॉन्च कॉम्प्लेक्स 40 से प्रक्षेपित किया गया।
- सभी 143 उपग्रह फाल्कन-9 लॉन्चर के टिप (शीर्ष) में स्थित एक चैम्बर में रखे गए थे, जो कि प्रक्षेपण के दौरान अपनी निर्धारित कक्षाओं में उछाल दिए गए।
- यह प्रक्षेपण स्पेस एक्स के प्रथम समर्पित स्मालसैट राइड शेयर मिशन का एक हिस्सा था, जिसे Transporter-1 नाम दिया गया है।
- इस प्रक्षेपण के माध्यम से स्पेस एक्स ने 10 स्टारलिंक उपग्रहों को भी अंतरिक्ष में भेजा है।
- इस मिशन के माध्यम से फ्लैट-पैनल वाले स्टारलिंक उपग्रहों को एक अद्वितीय ध्रुवीय कक्षा (Unique Polar Orbit) में स्थापित किए जाने की भी योजना थी।
- स्टार लिंक उपग्रह, स्पेस एक्स के ब्रॉडबैंड इंटरनेट बेड़े के प्रथम उपग्रह हैं जो ध्रुवीय एवं अलास्का क्षेत्र के ग्राहकों को इंटरनेट सुविधा प्रदान करेंगे।

- 24 जनवरी, 2021 को स्पेस एक्स द्वारा किया फाल फालकन-9 यह प्रक्षेपण इस वर्ष का तीसरा तथा एक सप्ताह के भीतर दूसरा था जिसे कि फ्लोरिडा स्पेस कोस्ट से लॉन्च किया गया।
- इस मिशन को ले जाने वाले फाल्कन-9 रॉकेट की यह पांचवीं यात्रा थी।
- इसके अतिरिक्त एक अन्य फाल्कन-9 रॉकेट भी स्पेस एक्स द्वारा 20 जनवरी, 2021 को स्पेस एक्स के स्टारलिंक उपग्रहों को अंतरिक्ष में ले गया था, जिसकी वह आठवीं उड़ान थी।

MeerKAT टेलीस्कोप द्वारा दो विशालकाय रेडियो आकाश-गंगाओं की खोज

प्रश्न-हाल ही में खगोलविदों ने शक्तिशाली MeerKAT टेलीस्कोप की सहायता से दो विशाल रेडियो आकाशगंगाओं की खोज की। MeerKAT टेलीस्कोप निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है?

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) दक्षिण अफ्रीका (c) कनाडा (d) यू.एस.ए.



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- हाल ही में खगोलविदों ने दक्षिण अफ्रीका स्थित शक्तिशाली दूरबीन MeerKAT की सहायता से दो विशाल रेडियो आकाशगंगाओं (Radio Galaxies) की खोज की है।
- सुदूर आकाशगंगाओं के अध्ययन के लिए किए जा रहे सबसे उन्नत सर्वेक्षण MIGHTEE के द्वारा यह जानकारी प्राप्त हुई है।
- खगोलविदों के अनुसार उन्नत रेडियो दूरदर्शी (Radio Telescope) के अभाव में अब तक ऐसी विशाल रेडियो आकाशगंगाओं को नहीं खोजा जा सका था।
- MeerKAT दूरदर्शी आकाशगंगाओं के अंतरर्राष्ट्रीय गीगाहर्टज टाइरेड एक्सट्राग्लैटिक एक्सप्लोरेशन सर्वे (MIGHTEE) हेतु एक महत्वपूर्ण उपकरण है।
- 64 एंटीना वाले MeerKAT रेडियो दूरदर्शी ने इस सर्वेक्षण हेतु 2018 से ही डेटा एकत्रित करना प्रारंभ कर दिया था।
- इस सर्वेक्षण में काम करने वाली टीम में दक्षिण अफ्रीका, यूके, इटली और ऑस्ट्रेलिया सहित विश्व भर के खगोलविदों को शामिल किया गया है।
- इस खोज का विवरण Monthly Reports of Royal Astronomical Society में प्रकाशित किया गया है।
- MeerKAT दूरदर्शी दक्षिण अफ्रीका में पश्चिमी अर्धशुष्क क्षेत्र कारू (Karoo) में लगाया गया है।
- खगोलविदों का मानना है कि वर्तमान खोज इस बारे में नए सुराग दे सकती है कि आकाशगंगाओं में किस प्रकार बदलाव होते हैं और पूरे कॉस्मिक इतिहास में से किस प्रकार विकसित हुई।

- ध्यातव्य है कि रेडियो आकाशगंगाओं का यह नाम इनसे जुड़े इस तथ्य के कारण दिया गया है कि इनसे उत्सर्जित विकिरण में विशाल रेडियो बीम की मात्रा इतनी अधिक होती है कि रेडियो टेलीस्कोप द्वारा पकड़ी जा सके।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.downtoearth.org.in/blog/science-technology/discovery-of-two-new-giant-radio-galaxies-offers-fresh-insights-into-the-universe-75114

युद्ध अभ्यास-2020

प्रश्न-8-21 फरवरी, 2021 के मध्य भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास-2020 कहां आयोजित किया जा रहा है?

(a) ग्वालियर मध्य प्रदेश (b) चौबटिया, उत्तराखंड

(c) ज्वाइंट बेस लुइस मैक्कॉर्ड, वशिंगटन (d) महाजन फील्ड फायरिंग रेंज, राजस्थान

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 8-21 फरवरी, 2021 के मध्य भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास', 2020 महाजन फील्ड फायरिंग रेंज, बीकानेर, राजस्थान में आयोजित किया जा रहा है।यह दोनों देशों में बारी-बारी से आयोजित किए जाने वाले संयुक्त अभ्यास का 16 वां संस्करण है।
- यह अभ्यास दोनों देशों के बीच चल रहे सबसे बड़े सैन्य प्रशिक्षण और रक्षा सहयोग का सबसे बड़ा उदाहरण है।इस अभ्यास में अमेरिकी सेना के लगभग 250 सैनिक तथा भारतीय सेना के भी लगभग 250 सैनिक भाग ले रहे हैं।
- यह वार्षिक अभ्यास प्रशिक्षण व सांस्कृतिक आदान-प्रदान के जरिए अंतर संचालन क्षमताओं को बढ़ाता है।यह अभ्यास वर्ष 2001 में शुरू हुआ था।
- इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच आतंक विरोधी, ऑपरेशन के लिए दक्षता में वृद्धि करना है।
- ज्ञातव्य है कि इस अभ्यास का 15 वां संस्करण 5-8 सितंबर, 2019 के मध्य ज्वाइंट बेस लुईस मैक्कॉर्ड, वांशिगटन में आयोजित हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=409439

एफएसी पोत टी-81 सेवामुक्त

प्रश्न-28 जनवरी, 2021 को सुपर डीवोरा एमके-2 श्रेणी के भारतीय नौसेना के फास्ट अटैक क्राफ्ट (आईएनसीएफसी) टी-81 को कहां स्थित नेवल डॉकयार्ड से सेवामुक्त कर दिया गया?

(a) गोवा (b) मुंबई (c) कोच्चि (d) विशाखापत्तनम

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2021 को सुपर डीवोरा एम के-2 श्रेणी के भारतीय नौसेना के फास्ट अटैक क्राफ्ट (आईएन एफएसी) टी- 81को मुंबई के नेवल डॉकयार्ड से मुक्त कर दिया गया।
- इस पोत को 5 जून, 1999 को गोवा के तत्कालीन राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल जे.एफ.आर.जैकब (सेवानिवृत्त) ने नौसेना में शामिल किया था।
- इसे इस्राइल के मौसर्स रामता के सहयोग से गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में बनाया गया था।
- यह पोत 25 मीटर लंबा है तथा इसकी विस्थापना क्षमता 60 टन है।
- यह पोत विशेष रूप से उथले पानी के लिए डिजाइन किया गया था।
- यह 45 नॉट तक की गति प्राप्त करने के साथ-साथ दिन/रात की निगरानी एवं टोह लेने, खोज तथा बचाव करने, समुद्र तट तक पहुंचने, समुद्री कमांडो को सुरक्षित निकालने तथा घुसपैठियों के जहाजों का शीघ्र पता लगाने में सक्षम था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1693178

माइक्रोस्ट्रक्चर सब्सट्रेट

प्रश्न-वैज्ञानिकों ने पानी के साथ-साथ ट्यूनेबल वेटेबिलिटी से लैस बुलबुले को पीछे धकेलने में समर्थ किस धातु का एक माइक्रोस्ट्रक्चर सब्सट्रेट विकसित किया है, जिसका उपयोग माइक्रोफ्लूडिक उपकरण एवं बायोसेंसर में किया जा सकता है?

(a) चांदी (b) सोना (c) एल्युमीनियम (d) तांबा

उत्तर–(b)



संबंधित तथ्य

- 20 जनवरी, 2021 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार, वैज्ञानिकों ने पानी के साथ-साथ ट्यूनेबल वेटेबिलिटी से लैस बुलबुले को पीछे धकेलने में समर्थ सोने का एक माइक्रोस्ट्रक्चर सब्सट्रेट विकसित किया है।

- इसका उपयोग माइक्रोफ्लूडिक उपकरण एवं बायोसेंसर को डिजाइन करने में किया जा सकता है।
- यह जल परिवहन एवं स्वयं सफाई के कार्यों में भी उपयोगी साबित हो सकता है।
- वेटेबिलिटी अथवा किसी तरल पदार्थ को एक ठोस सतह के साथ संपर्क बनाए रखने की क्षमता, सरफेस एवं इंटरफेस विज्ञान के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण गुण है।
- इसका प्रभाव कई जैव रासायनिक प्रक्रियाओं, संवेदन, माइक्रोफ्लुइडिक्स, जल परिवहन स्वयं सफाई के कार्यों, औद्योगिक प्रक्रियाओं में देखा जा सकता है।
- सब्सट्रेट की सतह की ऊर्जा में ट्यूनेबिलिटी की वजह से ट्यूनेबल वेटेलिबिटी का उभार होता है, जिसका उपयोग जल परिवहन में प्रवाह की दिशा को विनियमित करने और स्वयं के साफ-सफाई के विभिन्न अनुप्रयोगों में किया जाता है।
- जर्नल ऑफ एप्लाइड फिजिक्स में प्रकाशित हाल के एक शोध के अनुसार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के स्वायत्त संस्थान सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज (सीईएनएस) के डॉ.पी. विश्वनाथ और उनके समूह ने आकार से जुड़े ढाल को प्रदर्शित करने वाला एक सब्सट्रेट विकसित किया है, जो सतह की ऊर्जा में परिवर्तन के कारण वेटेबिलिटी को समर्थन करने में मदद करता है।
- सब्सट्रेट में आकार से जुड़े ढाल की विविधता गुंबदों से लेकर अंडाकार छिद्रों तक होती है।
- सब्सट्रेट पर प्रत्येक स्थिति में पानी और तेल के गीला करने से जुड़े अध्ययन से पता चला है कि आकृति विज्ञान के साथ गीला करने की प्रक्रिया का समन्वय करना संभव है।
- सब्सट्रेट ने जल विरोधी (हाइड्रोफोबिक) प्रकृति को दिखाया, जो कि ऑक्टाडकेन थिओल नाम के एक कार्बन-अल्किल शृंखला के साथ पानी में घुलनशील सल्फर यौगिक के एक सेल्फ-असेंबल्ड मोनोलेयर के साथ लेपित होने पर बढ़ जाता है।
- सब्सट्रेट पर पानी के सतह के नीचे वेटेबिलिटी की जांच से पता चला है कि इसने मुख्यत: बुलबुले को पीछे धकेला और ऑक्टाडकेन थिओल के लेपन के साथ क्रियाशील होने पर यह मुख्य रूप से तेल को पीछे धकेलता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1690327#:~:text=Scientists%20have%20developed%20a%20gold,water%20transportation%20and%20self%2Dcleaning.

खेल परिदृश्य

टेनिस

गिप्सलैंड ट्रॉफी, 2021

प्रश्न-6 फरवरी, 2021 को संपन्न महिला टेनिस प्रतियोगिता गिप्सलैंड ट्रॉफी, 2021 के महिला एकल का खिताब किसने जीत लिया?

(a) एलिसे मर्टेंस (b) काईया कनेपी (c) नाओमी ओसाका (d) कैटरीना सिनियाकोवा

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 31 जनवरी, 2021 से 6 फरवरी, 2021 के मध्य महिला टेनिस प्रतियोगिता गिप्स लैंड (GIPPSLAND) ट्रॉफी, 2021 मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम-
- महिला एकल
- विजेता- एलिसे मर्टेंस (बेल्जियम)
- उपविजेता- काईया कनेपी (एस्टोनिया)
- महिला युगल
- विजेता-बाराबोरा क्रजीकोवा और कैटरीना सिनियाकोवा (दोनों चेकगणराज्य)
- उपविजेता-हाओ-चिंग चान और लतीशा चान (दोनों ताइवान)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.wtatennis.com/tournament/2029/melbourne-500

यार्रा वैली क्लासिक, 2021

प्रश्न-6 फरवरी, 2021 को संपन्न महिला टेनिस प्रतियोगिता यार्रा वैली क्लासिक, 2021 के महिला एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) नादिया पोडोरोस्का (b) शेल्बी रोजर्स (c) एश्ले बार्टी (d) गरबाइन मुगुरुजा

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 31 जनवरी, 2021 से 6 फरवरी, 2021 के मध्य डब्ल्यूटीए टूर सत्र, 2021 की महिला टेनिस प्रतियोगिता यार्रा वैली क्लासिक (YARRA VALLEY CLASSIC), 2021 मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया) में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- महिला एकल
- विजेता-एश्ले बार्टी (ऑस्ट्रेलिया)
- उपविजेता-गरबाइन मुगुरुजा (स्पेन)
- महिला युगल
- विजेता-शुको ओयामा और एना शिबाहारा (दोनों जापान)
- उपविजेता-अन्ना कलिंस्काया (रूस) और विक्टोरिया कुजमोवा (स्लोवाकिया)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://ausopen.com/results#!All

अंताल्या ओपन, 2021

प्रश्न-13 जनवरी, 2021 को संपन्न टेनिस प्रतियोगिता अंताल्या ओपन, 2021 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) अलेक्जेंडर बुब्लिक (b) एलेक्स डी मिनौर (c) डेविड गॉफिन (d) फैबियो फोगनिनी

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 7-13 जनवरी, 2021 के मध्य एटीपी टूर सत्र, 2021 की टेनिस प्रतियोगिता, तुर्की में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- पुरुष एकल
- विजेता-एलेक्स डी मिनौर (ऑस्ट्रेलिया)
- उपविजेता-अलेक्जेंडर बुब्लिक (कजाख्स्थान)
- पुरुष युगल
- विजेता-निकोला मेक्टिक और मैट पाविक (दोनों क्रोएशिया)
- उपविजेता-इवान डोडिग (क्रोएशिया) और फिलिप पोलासेक (स्लोवाकिया)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.atptour.com/en/tournaments/antalya/9426/overview

एटीपी कप, 2021

प्रश्न-7 फरवरी, 2021 को संपन्न प्रतिष्ठित पुरुष टेनिस प्रतियोगिता एटीपी कप, 2021 का खिताब किस देश ने जीता है?

(a) सर्बिया (b) रूस (c) इटली (d) स्पेन

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 2-7 फरवरी, 2021 के मध्य पुरुष टेनिस प्रतियोगिता, 2021 का आयोजन ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में किया गया।
- संस्करण-दूसरा
- इस प्रतियोगिता में 12 टीमों ने भाग लिया।
- मेलबर्न में हुए फाइनल मुकाबले में रूस ने इटली को 2-0 से पराजित कर एटीपी कप के दूसरे संस्करण का खिताब जीत लिया।
- इस कप के फाइनल में दो एकल मुकाबले हुए और इस बार युगल मुकाबला नहीं खेला गया।
- एकल के पहले मुकाबले में रूस के आंद्र रूबलेव ने इटली के फैबियो फोगनिनी को पराजित किया।
- एकल के दूसरे मुकाबले में डेनिल मेदवेदेव (रूस) ने इटली के माटेओ बेरेट्टिनी को पराजित किया।
- उल्लेखनीय है कि मार्च, 2019 में टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने मिश्रित प्रारूप वाले हॉपमैन कप के स्थान पर एक नए पुरुष टूर्नामेंट एटीपी कप के आयोजन की घोषणा की थी।
- विगत वर्ष अर्थात पहले संस्करण का खिताब सर्बिया ने स्पेन को 2-1 से पराजित कर जीता था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.atptour.com/en/scores/current/atp-cup/8888/results

क्रिकेट

टी-10 लीग, 2021

प्रश्न-6 फरवरी, 2021 को संयुक्त अरब अमीरात में संपन्न टी-10 लीग, 2021 (अबू धाबी टी 10 लीग) के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस टी 10 लीग का खिताब नॉर्दन वॉरियर्स ने जीता है।

(b) फाइनल मुकाबले में 27 रन बनाने वाले नॉर्दन वॉरियर्स के वसीम मुहम्मद को

'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।
(c) नॉर्दन वॉरियर्स के आइकॉन और कप्तान निकोलस पूरन 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुने गए।
(d) इस लीग में कलंदर्स के बल्लेबाज सोहेल अख्तर ने सर्वाधिक रन (248 रन) बनाए।

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी से 6 फरवरी, 2021 के मध्य अमीरात क्रिकेट बोर्ड द्वारा प्रशासित टी 10 लीग, 2021 (अबू धाबी टी 10 लीग), संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में संपन्न हुई।
- इस लीग में 8 टीमों ने भाग लिया, जिसमें मराठा अरेबियंस, बंगला टाइगर्स, दिल्ली बुल्स, नॉर्दन वॉरियर्स, डेक्कन ग्लैडिएटर्स, कलंदर्स, टीम अबु धाबी और पुणे डेविल्स शामिल हैं।
- 6 फरवरी को शेख जायद स्टेडियम, अबू धारी में खेले गए फाइनल मुकाबले में नॉर्दन वॉरियर्स ने दिल्ली बुल्स को 8 विकेट से पराजित कर इस टी 10 लीग का खिताब जीत लिया।
- नॉर्दन वॉरियर्स ने दूसरी बार इस लीग का खिताब जीता है।
- फाइनल मुकाबले में 3 विकेट लेने वाले नॉर्दन वॉरियर्स के महीश थिक शाना को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।
- नॉर्दन वॉरियर्स के आइकॉन और कप्तान निकोलस पूरन 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुने गए।
- टीम अबू धाबी ने कलंदर्स को 21 रन से पराजित कर तीसरा स्थान हासिल किया।
- इस लीग में कलंदर्स के बल्लेबाज सोहेल अख्तर ने सर्वाधिक रन (248 रन) बनाए।
- नॉर्दन वॉरियर्स के कप्तान निकोलस पूरन ने 241 रन बनाए और दूसरे स्थान पर रहे।
- टीम अबू धाबी के गेंदबाज जेमी ओवरटन ने लीग में सर्वाधिक विकेट (12 विकेट) लिए।
- दिल्ली बुल्स के कप्तान और आइकॉन ड्वेन ब्रावो थे।
- इस लीग की स्थापना बिजनेस ताइकून नवाब शाहताज शाजी उल मुल्क ने की है, जो इस लीग के चेयरमैन के साथ ही मुल्क होडिंग्स के चेयरमैन भी हैं।
- यह लीग टी-10 स्पोर्ट्स मैनेजमेंट द्वारा शुरू की गई है।
- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह पहली टी-10 फॉर्मेट की अनुमोदित लीग है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://ttensports.com/season-4-teams/

सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी, 2020-21

प्रश्न-31 जनवरी, 2021 को संपन्न सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी 2020-21 का खिताब बड़ौदा की टीम को पराजित कर किसने जीता है?

(a) कर्नाटक (b) तमिलनाडु (c) महाराष्ट्र (d) पंजाब

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 10-31 जनवरी, 2021 के मध्य सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी, 2020-21 संपन्न हुई।
- 31 जनवरी को फाइनल मुकाबला सरदार पटेल स्टेडियम, अहमदाबाद, गुजरात में खेला गया।
- फाइनल मुकाबले में तमिलनाडु बड़ौदा को 7 विकेट से पराजित कर खिताब जीत लिया।
- तमिलनाडु की टीम ने दूसरी बार इस प्रतियोगिता का खिताब जीता है।
- इससे पूर्व तमिलनाडु की टीम ने वर्ष (2006-2007) में पहली बार इस प्रतियोगिता का खिताब दिनेश कार्तिक की ही कप्तानी में जीता था।
- फाइनल में बड़ौदा की टीम ने 9 विकेट पर 120 रन बनाए, जिसे तमिलनाडु की टीम ने 18 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया।
- फाइनल मैच में तमिलनाडु के मणियारन सिद्धार्थ को शानदार गेंदबाजी (4 ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट) को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।
- बड़ौदा की टीम के कप्तान केदार देवधर थे।
- इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक रन (8 मैचों में 364 रन) तमिलनाडु के बल्लेबाज एन. जगदीशन ने बनाए।
- बिहार की टीम के आशुतोष अमन ने प्रतियोगिता में सर्वाधिक विकेट (6 मैचों में 16 विकेट) लिए।
- सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर नाबाद 146 रन मेघालय के पुनीत विष्ट ने मिजोरम के विरुद्ध बनाए।
- 146 रन बनाने में उन्होंने 17 छक्के लगा कर रिकॉर्ड बनाया, जो किसी भारतीय क्रिकेटर द्वारा टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के मारने का एक नया रिकॉर्ड है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/cricket/domestic/syed-mushtaq-ali-trophy-final-baroda-vs-tamil-nadu-live-score-streaming/article33709309.ece

बिग-बैश लीग 2020-21

प्रश्न-6 फरवरी, 2021 को संपन्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट द्वारा प्रशासित पुरुषों की पेशेवर घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता बिग-बैश लीग, 2020-21 का खिताब किसने जीता है?

(a) सिडनी सिक्सर्स (b) पर्थ स्कॉर्चर्स (c) सिडनी थंडर (d) एडीलेड स्ट्राइकर्स

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 10 दिसंबर, 2020 से 6 फरवरी, 2021 के मध्य क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा प्रशासित पुरुषों की पेशेवर घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता बिग-बैश लीग (BBL) का 10वां संस्करण संपन्न हुआ।
- 6 फरवरी, 2021 को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड, सिडनी में संपन्न फाइनल में सिडनी सिक्सर्स ने पर्थ स्कॉर्चर्स को 27 रन से पराजित कर खिताब जीत लिया।
- फाइनल में 95 रन बनाने वाले सिडनी सिक्सर्स के ओपनर जेम्स विंस को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।
- सिडनी सिक्सर्स के जोश फिलिप को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया।
- इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन (543 रन) सिडनी थंडर के एलेक्स हेल्स ने बनाए।
- टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट (29 विकेट) पर्थ स्कॉर्चर्स के जे. रिचर्डसन ने लिए।
- सिडनी सिक्सर्स के कप्तान मोइसेस हेनरिक्स एवं पर्थ स्कॉर्चर्स के कप्तान एश्टन टर्नर थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.espncricinfo.com/series/big-bash-league-2020-21-1226769

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड (जनवरी, 2021)

प्रश्न-फरवरी, 2021 में किस क्रिकेटर को जनवरी, 2021 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए चुना गया है?

(a) स्टीव स्मिथ (b) ऋषभ पंत (c) जो रूट (d) पॉल स्टर्लिंग

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 8 फरवरी, 2021 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड्स के विजेताओं की घोषणा की।
- भारतीय विकेट की पर ऋषभ पंत को जनवरी, 2021 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए चुना गया है।

- पंत ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध सिडनी में 97 रन की पारी और ब्रिस्बेन में नाबाद 89 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी।
- महिलाओं में दक्षिण अफ्रीका की सबनिम इस्माइल जनवरी, 2021 के लिए आईसीसी वूमेंस प्लेयर ऑफ मंथ अवॉर्ड के लिए चुनी गई हैं।
- आईसीसी ने पूरे वर्ष हर प्रारूप में शानदार प्रदर्शन करने वाले महिला और पुरुष क्रिकेटरों के प्रदर्शन को एक नई पहचान देने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड की शुरूआत करने की घोषणा पिछले माह में की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icc-cricket.com/news/2020104

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्डर्स शुरू करने की घोषणा

प्रश्न-जनवरी, 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्डस शुरू करने की घोषणा की। इस अवॉर्ड्स के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 27 जनवरी, 2021 में आईसीसी ने इस अवॉर्ड्स की घोषणा की।

(b) पूरे वर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में पुरुष और महिला क्रिकेटरों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाएगा।

(c) प्रत्येक महीने आईसीसी अवार्ड्स नामांकन समिति द्वारा प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन उम्मीदवारों को नामांकित किया जाएगा।

(d) विजेताओं की घोषणा आईसीसी के डिजिटल चैनलों पर महीने के प्रत्येक पहले सोमवार को की जाएगी।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 27 जनवरी, 2021 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड्स शुरू करने की घोषणा की।प्रत्येक महीने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का चयन करने हेतु इस अवॉर्ड्स की शुरुआत की गई है।पूरे वर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में पुरुष और महिला क्रिकेटरों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना जाएगा।
- एक स्वतंत्र आईसीसी वोटिंग अकादमी जिसमें पूर्व खिलाड़ी, ब्रॉडकास्टर और विश्वभर के पत्रकार शामिल होंगे, वे प्रशंसकों के साथ टीम बनाकर आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ और आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए मतदान करेंगे।

- प्रत्येक महीने आईसीसी अवॉर्ड्स नामांकन समिति द्वारा प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन उम्मीदवारों को नामांकित किया जाएगा।ये नामांकन एक कैलेंडर माह के दौरान क्रिकेटरों के प्रदर्शन और समग्र उपलब्धियों पर आधारित होंगे।इस नामांकित शॉर्टलिस्ट को स्वतंत्र आईसीसी वोटिंग अकादमी के साथ-साथ विश्वभर के प्रशंसकों द्वारा वोट दिया जाएगा।
- वोटिंग अकादमी ई-मेल के माध्यम से अपने वोट जमा करेगी और कुल वोटों में 90 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रखेगी।
- प्रत्येक महीने के पहले दिन, आईसीसी के साथ पंजीकृत प्रशंसक आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से वोट जमा कर सकेंगे और उनके पास वोट का 10 प्रतिशत हिस्सा होगा।
- विजेताओं की घोषणा आईसीसी के डिजिटल चैनलों पर महीने के प्रत्येक दूसरे सोमवार को की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icc-cricket.com/media-releases/1988319

ड्रीम 11 का न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ अनुबंध

प्रश्न-जनवरी, 2021 में फैंटेंसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म ड्रीम 11 ने न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के साथ अपने करार को कितनी अवधि तक के लिए आगे बढ़ा दिया है?

(a) वर्ष 2022 (b) वर्ष 2023 (c) वर्ष 2025 (d) वर्ष 2026

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2021 में फैंटेंसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म ड्रीम 11 ने न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के साथ अपने करार को 6 वर्ष के लिए (वर्ष 2026 तक) आगे बढ़ा दिया है।
- इस करार के तहत पुरुषों और महिलाओं की सुपर स्मैश प्रतियोगिता के साथ नामकरण आधिकार साझेदारी भी शामिल है।
- ड्रीम 11 ने वर्ष 2019 में एक वर्ष के लिए एनजेडसी के साथ करार किया था।
- इस साझेदारी के अंतर्गत ड्रीम 11 को ब्लैक कैप्स का आधिकारिक भागीदार बनाना भी शामिल है।
- यह क्रिकेट प्रशंसकों को प्लेटफॉर्म पर अपनी फंतासी खेल टीमों का निर्माण करके न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ अधिक गहराई से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा।

हॉकी

10वीं नेशनल आइस हॉकी चैंपियनशिप (पुरुष वर्ग), 2021

प्रश्न-22 जनवरी, 2021 को संपन्न 10 वीं नेशनल आइस हॉकी चैंपियनशिप (पुरुष वर्ग), 2021 का खिताब किसने जीता?

(a) भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (b) लद्दाख (c) इंडियन आर्मी रेड (d) चंडीगढ़

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 16-22 जनवरी, 2021 के मध्य 10 वीं नेशनल आइस हॉकी चैंपियनशिप, 2021 गुलमर्ग, जम्मू-कश्मीर में संपन्न हुई।
- इस प्रतियोगिता का आयोजन आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (IHAI) द्वारा किया गया।
- इसका आयोजन गुलमर्ग आइस रिंक में हुआ।
- इसमें भारत की आइस हॉकी की शीर्ष 8 टीमों ने भाग लिया।
- फाइनल मुकाबले में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) ने लद्दाख को पराजित कर इस प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया।
- यह प्रतियोगिता 8,694 फीट की ऊंचाई पर हिमांक बिंदु से नीचे के तापमान पर आयोजित की गई थी।
- लद्दाख को भारत में आइस हॉकी राजधानी माना जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddnews.gov.in/national/indo-tibetan-border-police-wins-ihai-national-ice-hockey-championship-

फुटबॉल

फीफा क्लब वर्ल्ड कप, 2020

प्रश्न-11 फरवरी, 2021 को संपन्न फीफा क्लब वर्ल्ड कप, 2020 का खिताब किस क्लब ने जीता है?

(a) बायर्न म्यूनिख (b) टाइग्रेस यूएएनएल

(c) अल अहली एससी (d) अल-दुहैल एससी

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 1 फरवरी, 2021 से 11 फरवरी, 2021 के मध्य फीफा क्लब वर्ल्ड कप, 2020 का आयोजन कतर में किया गया।
- इसमें 6 टीमों (जिसमें 5 कन्फेडेरेशन्स टीम शामिल) ने भाग लिया।
- 11 फरवरी को हुए फाइनल मुकाबले में जर्मन फुटबॉल क्लब बायर्न म्यूनिख ने मैक्सिकन फुटबॉल क्लब टाइग्रेस यूएएनएल (UANL) को 1-0 से पराजित कर खिताब जीत लिया।
- यह बायर्न म्यूनिख द्वारा एक कैलेंडर ईयर में विजित छठां खिताब है।
- इसी के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाला वह दूसरा फुटबॉल क्लब बन गया है।
- इससे पूर्व स्पेनिश क्लब बार्सिलोना ने वर्ष 2009 में यह उपलब्धि हासिल की थी।
- विगत 8 वर्षों से यूएफा (UEFA) चैंपियंस लीग की विजेता टीम ही वर्ल्ड कप का खिताब जीत रही है।
- बायर्न म्यूनिख ने विगत वर्ष फाइनल मुकाबले में पेरिस सेंट जर्मन को हराकर यूएफा चैंपियंस लीग का खिताब जीता था।
- उल्लेखनीय है कि बायर्न म्यूनिख ने दूसरी बार फीफा क्लब वर्ल्ड कप का खिताब जीता है।
- मिस्र के फुटबॉल क्लब अल अहली एससी ने ब्राजीली फुटबॉल क्लब एसई पाल्मीरास के पेनाल्टी शूट आउट में 3-2 से पराजित कर तीसरा स्थान हासिल किया।
- इस वर्ल्ड कप में शीर्ष गोल स्कोरर (आंद्रे पियरे गिग्नैक (टाइग्रेस यूएएनएल) रहे, जिन्होंने 3 गोल किए।
- प्रदत्त पुरस्कार
- एडीडास गोल्डन बॉल अवॉर्ड (सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) व अलीबाबा क्लाउड प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट-रॉबर्ट लेवानडॉक्सी (बायर्न म्यूनिख)
- एडीडास सिल्वर बॉल अवॉर्ड-आंद्रे-पियरे गिग्नैक (टाइग्रेस UANL)
- एडीडास ब्रॉन्ज बॉल अवॉर्ड-जोशुआ किमिच (बायर्न म्यूनिख)
- फीफा फेयर प्ले अवार्ड-अल-दुहैल स्पोर्ट्स क्लब
- फाइनल में अलीबाबा क्लाउड मैच अवॉर्ड-रॉबर्ट लेवानडॉस्की (बायर्न म्यूनिख)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.fifa.com/clubworldcup/news/bayern-reign-as-history-made-in-qatar

शतरंज

ओपेरा यूरो रैपिड ऑनलाइन चेस टूर्नामेंट, 2021

प्रश्न-14 फरवरी, 2021 को संपन्न ओपेरा यूरो रैपिड ऑनलाइन चेस टूर्नामेंट, 2021 का खिताब किसने जीता है?

(a) मैग्नस कार्लसन (b) वेस्ली सो (c) तैमूर रद्जाबोव (d) मैक्सिस वाचियर-लाग्रेव

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 6-14 फरवरी, 2021 के मध्य ओपेरा यूरो रैपिड ऑनलाइन चेस टूर्नामेंट, 2021 (मेल्टवाटर चैपियंस चेस टूर का तीसरा चरण) संपन्न हुआ।
- प्रतियोगिता परिणाम
- विजेता-वेस्ली सो (अमेरिका)
- उपविजेता-मैग्नस कार्लसन (नार्वे)
- अजरबैजान के तैमूर रद्जाबोव तीसरे और फ्रांस के मैक्सिम वाचिपर-लाग्रेव चौथे स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://championschesstour.com/

टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट, 2021

प्रश्न-टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट, 2021 में मास्टर्स ग्रुप का खिताब किसने जीता?

(a) अनीस गिरी (b) जॉर्डन वैन फॉरेस्ट

(c) आंद्रे इसीपेंको (d) अलेक्जेंडर डोनचेंकों

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 14-31 जनवरी, 2021 के मध्य टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट, 2021 (83 वां संस्करण) विज्क आन जी (wijk Aan Zee) नीदरलैंड में संपन्न हुआ।
- टाटा स्टील शतरंज को 'चेस के बिम्बलडन' के नाम से भी जाना जाता है।
- मास्टर्स ग्रुप में नीदरलैंड के युवा मास्टर जॉर्डन वैन फॉरेस्ट ने इस टूर्नामेंट का खिताब जीता।
- फॉरेस्ट ने 36 वर्षों बाद अपने देश के लिए यह खिताब जीता है।
- इससे पूर्व वर्ष 1985 में नीदरलैंड के जान टिम्मान ने इस शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता था।

- नीदरलैंड के ही अनीस गिरी दूसरे स्थान पर रहे।
- रूस के आंद्रे इसीपेंकों ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट, 2022 (84वां संस्करण) 14 से 30 जनवरी, 2022 के मध्य विज्क आन जी, नीदरलैंड में ही आयोजित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://tatasteelchess.com/

एयरथिंग्स मास्टर्स, 2020

प्रश्न-3 जनवरी, 2021 को संपन्न चैंपियंस चेस टूर, 2020-21 की शतरंज प्रतियोगिता एयरथिंग्स मास्टर्स, 2020 (ऑनलाइन रैपिड शतरंज) का खिताब किसने जीता है?

(a) लेवोन आरोनियन (b) तैमूर रद्जाबोव (c) डेनियल डुबोव (d) मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 26 दिसंबर, 2020 से 3 जनवरी, 2021 के मध्य चैंपियंस चेस टूर, 2020-21 की शतरंज प्रतियोगिता एयरथिंग्स मास्टर्स (Airthings Masters), 2020 संपन्न हुई।
- यह शतरंज रैपिड प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम
- विजेता-तैमूर रद्जाबोव
- उपविजेता-लेवोन आरोनियन
- फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव तीसरे स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.fide.com/news/888

बैडमिंटन

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स, 2020

प्रश्न-प्रतिष्ठित बैडमिंटन प्रतियोगिता BWF वर्ल्ड टूर फाइनल्स, 2020 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) पुरुष एकल का खिताब विक्टर एक्सेलसेन ने जीता।
(b) महिला एकल का खिताब ताई त्जु यिंग ने जीता।
(c) पुरुष युगल का खिताब ली यांग और वांगची-लिन की जोड़ी ने जीता।
(d) महिला युगल का खिताब ली सो ही और सिन सियुंग चान की जोड़ी ने जीता।

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 27-31 जनवरी, 2021 के मध्य प्रतिष्ठित बैडमिंटन प्रतियोगिता बीडब्ल्यूएफ (BWF) वर्ल्ड टूर फाइनल्स, 2020 बैंकाक, थाईलैंड में संपन्न हुई।
- प्रायोजक-एचएसबीसी (HSBC)।
- पुरुष एकल
- विजेता-एंडर्स एंटोनसेन (डेनमार्क)।
- उपविजेता-विक्टर एक्सेलसेन (डेनमार्क)
- महिला युगल
- विजेता-ताई त्जु यिंग (ताइवान)
- उपविजेता-कैरोलिना मारिन (स्पेन)
- पुरुष युगल
- विजेता-ली यांग और वांग ची-लिन (दोनों ताइवान)
- उपविजेता-मोहम्मद अहसान और हेंद्रा सेतियावान (दोनों इंडोनेशिया)
- महिला युगल
- विजेता-ली सो ही और सिन सियुंग चान (दोनों दक्षिण कोरिया)
- उपविजेता-किम सो-यिओगं और कोंग ही-योंग (दोनों दक्षिण कोरिया)
- मिश्रिम युगल
- विजेता-डेकापोल पुरावरनुकरोह और सैपसिरी तैरातनाचाई (दोनों थाईलैंड)
- उपविजेता-सिओ सियुंग जई और चाई यू जुंग (दोनों दक्षिण कोरिया)

- यह जनवरी, 2021 में थाईलैंड में आयोजित तीसरा बैडमिंटन टूर्नामेंट था, जो दर्शकों के बिना बायो बबल में आयोजित किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://bwfworldtourfinals.bwfbadminton.com/results/3520/hsbc-bwf-world-tour-finals-2020-new-dates/draw/ms

योनेक्स थाईलैंड ओपन, 2021

प्रश्न-17 जनवरी, 2021 को संपन्न बैडमिंटन प्रतियोगिता योनेक्स थाईलैंड ओपन, 2021 के महिला एकल वर्ग का खिताब किसने जीता?

(a) कैरोलिना मारिन (b) ताई त्जु यिंग (c) मिशेल ली (d) सुंग जी ह्यून

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 12-17 जनवरी, 2021 के मध्य BWF सत्र, 2021 की बैडमिंटन प्रतियोगिता योनेक्स थाईलैंड ओपन, 2021 बैंकाका, थाईलैंड में संपन्न हुई।इस प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे-
- **पुरुष एकल**-विजेता - विक्टर एक्सेल सेन (डेनमार्क)
- उपविजेता - नग का लोंग अंगुस हांगकांग
- **महिला एकल**-विजेता - कैरोलिना मारिन (स्पेन)
- उपविजेता - ताई त्जु यिंग (ताइवान)
- **पुरुष युगल -**
- विजेता - ली यांग और वांग ची- लिन (दोनों ताइवान)
- उपविजेता - गोह वी शेन और टैन वी किओंग (दोनों मलेशिया)
- **महिला युगल**
- विजेता - ग्रोशिया पोली और अप्रियानी रहायु (दोनो इंडोनेशिया)
- उपविजेता - जोंगकोल्फन किंतिथराकुल और राविंडा प्रजोंगजई (दोनों थाईलैंड)
- **मिश्रित युगल**
- विजेता - डेचपोल पुवारनुकरोह और सपसिरी तैरातना चाई (दोनों थाईलैंड)
- उपविजेता - प्रवीन जॉर्डन और मेलाती डेवा ओक्टावियांति (दोनों इंडोनेशिया)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://bwfworldtour.bwfbadminton.com/tournament/4108/yonex-thailand-open/results/podium

टोयोटा थाईलैंड ओपन, 2021

प्रश्न-19-24 जनवरी, 2021 के मध्य संपन्न टोयोटा थाईलैंड ओपन, 2021 के महिला एकल वर्ग का खिताब किसने जीता?

(a) ताईत्जु यिंग (b) कैरोलिना मारिन (c) मिशेल ली (d) रतचानोक इंतानोन

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 19-24 जनवरी, 2021 के मध्य बीडब्ल्यूएफ (BWF) सत्र 2021 की बैडमिंटन प्रतियोगिता टोयोटा थाईलैंड ओपन, 2021 बैकांक में संपन्न हुई।
- इस प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे-
- पुरुष एकल
- विजेता–विक्टर एक्सेलसन (डेनमार्क)
- उपविजेता–हेंस-क्रिस्टियन सोलबर्ग विटिंघस (डेनमार्क)
- महिला एकल
- विजेता–कैरोलिना मारिन (स्पेन)
- उपविजेता–ताई त्जु यिंग (ताईवान)
- पुरुष युगल
- विजेता–लीयांग और वांग ची-लिन (दोनों ताईवान)
- उपविजेता–आरोन चिया और सोह वुई यिक (दोनों मलेशिया)
- महिला युगल
- विजेता–किम सीयोंग और कोंग ही यंग (दोनों दक्षिण कोरिया)
- उपविजेता–ली सो ही और सियुंग चान (दोनों दक्षिण कोरिया)
- मिश्रित युगल
- विजेता–डेचपोल युवारनुकरोह और सपसिरी तैरातनाचाई (दोनों थाईलैंड)
- उपविजेता–सिओ सियुंग जई और चाए यू जुंग (दोनों दक्षिण कोरिया)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://bwfworldtour.bwfbadminton.com/tournament/4109/toyota-thailand-open/overview

गोल्फ

ओमेगा दुबई डेजर्ट क्लासिक, 2021

प्रश्न-31 जनवरी, 2021 को संपन्न गोल्फ प्रतियोगिता ओमेगा दुबई डेजर्ट क्लासिक, 2021 का खिताब किसने जीता है?

(a) पॉल कैसी (b) ब्रैंडन स्टोन (c) मैकिनटायर रॉबर्ट (d) लॉरी कैंटर

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 28-31 जनवरी, 2021 के मध्य यूरोपियन टूर सत्र, 2021 की गोल्फ प्रतियोगिता ओमेगा दुबई डेजर्ट क्लासिक, 2021 दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में संपन्न हुई।
- ब्रिटिश गोल्फर पॉल कैसी ने इस प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया।
- दक्षिण अफ्रीकी गोल्फर ब्रैंडन स्टोन दूसरे स्थान पर रहे।
- स्कॉटलैंड के गोल्फर मैकिनटायर रॉबर्ट तीसरे स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.omegadubaidesertclassic.com/tournament-information/

एथलेटिक्स

18 वीं राष्ट्रीय फेडरेशन कप जूनियर (अंडर-20) एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, 2021

प्रश्न-27 जनवरी, 2021 को संपन्न 18 वीं राष्ट्रीय फेडरेशन कप जूनियर (अंडर-20)थलेटिक्स चैम्पियनशिप, 2021 का कौन राज्य ओवर ऑल चैम्पियन बना है?

(a) केरल (b) हरियाणा (c) मध्य प्रदेश (d) तमिलनाडु

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 25-27 जनवरी, 2021 के मध्य 18 वीं राष्ट्रीय फेडरेशन कप जूनियर (अंडर-20) एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, 2021 टी.टी. स्टेडियम, भोपाल, मध्य प्रदेश में संपन्न हुआ।
- इस चैम्पियनशिप में 169 अंक प्राप्त कर हरियाणा ओवर ऑल चैम्पियन बना।
- बालक एवं बालिका टीम चैम्पियनशिप में भी हरियाणा शीर्ष पर रहा।

- हरियाणा ने कुल 25 पदक (11 स्वर्ण, 10 रजत और 4 कांस्य) प्राप्त कर पदक तालिका मे पहले स्थान पर रहा।कुल 12पदक (5 स्वर्ण, 2रजत और 5 कांस्य) प्राप्त कर तमिलनाडु दूसरे तथा 3 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य प्राप्त कर केरल तीसरे स्थान पर रहा।
- मध्य प्रदेश ने कुल 7 पदक (3 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य) जीते और वह चौथे स्थान पर रहा।
- प्रतियोगिता के अंतिम दिन हरियाणा के अमित ने 10 हजार मीटर चाल स्पर्धा 40: 40: 97 सेकेंड में पूरी कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।इस चैम्पियनशिप में उन्हें सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार प्रदान किया गया।बालिका वर्ग की 3000 मीटर दौड़ में राजस्थान की खिलाड़ी चन्नु ने 9:45:87 सेकेंड का समय लेकर नया रिकॉर्ड बनाया।इस चैम्पियनशिप में दिल्ली के तरनजीत कौर को बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://run.indianathletics.in/nationaljunioru20-2021/amit-khatri-rewrites-national-u20-record-in-10000m-race-walk/

खेल विविध

100 अंतरराष्ट्रीय टी-20 जीतने वाली विश्व की पहली टीम

प्रश्न-100 अंतरराष्ट्रीय टी-20 जीतने वाली विश्व की पहली टीम कौन है?

(a) पाकिस्तान (b) दक्षिण अफ्रीका (c) भारत (d) ऑस्ट्रेलिया

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 14 फरवरी, 2021 को पाकिस्तान ने तीसरे एवं अंतिम मैच में दक्षिण अफ्रीका को 4 विकेट से पराजित कर तीन मैचों की टी-20 सीरीज 2-1 से जीत ली।
- इस जीत के साथ ही पाकिस्तान 100 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतने वाली विश्व की पहली टीम बन गई है।पाकिस्तान ने अभी तक 164 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। जिसमें से उसे 100 मैचों में जीत मिली है, जबकि 59 मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा है 3 मैच टाई और 2 मैचों का कोई रिजल्ट नहीं रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/cricket/pakistan-defeat-south-africa-by-4-wickets-becomes-first-men-s-team-to-register-100-t20i-wins-101613322202743.html

23वीं महिला सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप, 2020

प्रश्न-31 जनवरी, 2021 को आगरा, उत्तर प्रदेश में संपन्न 23वीं महिला सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप, 2020 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस चैंपियनशिप में हरियाणा 200 अंग हासिल कर ओवर ऑल शीर्ष पर रहा।

(b) रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) 163 अंक हासिल कर दूसरे स्थान पर रहा।

(c) दिल्ली 119 अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रहा।

(d) 76 किग्रा. भार में वर्ग में हरियाणा की अनीता ने स्वर्ण पदक जीता।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 30-31 जनवरी, 2021 के मध्य टाटा मोटर्स प्रयोजित 23 वीं महिला सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप, 2020 आगरा, उत्तर प्रदेश में संपन्न हुई।
- इस चैंपियनशिप में हरियाणा (टीम) 200 अंक हासिल कर ओवर ऑल शीर्ष पर रहा।
- रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) 163 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रहा।
- दिल्ली ने 119 अंक प्राप्त किया और तीसरे स्थान पर रहा।
- इस चैंपियनशिप में विभिन्न भार वर्ग में पदक विजेता महिला खिलाड़ी हैं-
- 50 किग्रा. भार वर्ग
- स्वर्ण पदक-मीनाक्षी (हरियाणा)
- रजत पदक-हेन्नी कुमारी (हरियाणा)
- कांस्य पदक-स्वाति शिन्दे (महाराष्ट्र) एवं कीर्ति (दिल्ली)
- 55 किग्रा. भार वर्ग
- स्वर्ण पदक-अंजू (हरियाणा)
- रजत पदक-बंटी (दिल्ली)
- कांस्य पदक-इंदु तोमर (उत्तर प्रदेश) एवं सुषमा शोकीन (दिल्ली)
- 57 किग्रा. भार वर्ग
- स्वर्ण पदक-अंशु (हरियाणा)
- रजत पदक-ललिता (आरएसपीबी)
- कांस्य पदक-रमन यादव (मध्य प्रदेश) एवं मान्सी (हरियाणा)
- 62 किग्रा. भार वर्ग
- स्वर्ण पदक-सोनम (हरियाणा)
- रजत पदक-साक्षी मलिक (आरएसपीबी)

- कांस्य पदक-पुष्पा (मध्य प्रदेश) एवं मनीषा (हरियाणा)
- 72 किग्रा. भार वर्ग
- स्वर्ण पदक-पिंकी (आरएसपीबी)
- रजत पदक-नैना (हरियाणा)
- कांस्य पदक-प्रियंका (उत्तर प्रदेश) एवं कविता (आरएसपीबी)
- 53 किग्रा. भार वर्ग
- स्वर्ण पदक-नंदिनी (महाराष्ट्र)
- रजत पदक-ममता रानी (दिल्ली) (मणिपुर)
- कांस्य पदक-पी. विद्यारानी एवं पूजा जाट (मध्य प्रदेश)
- 59 किग्रा. भार वर्ग
- स्वर्ण पदक-सरिता (आरएसपीबी)
- रजत पदक-संजू देवी (हरियाणा)
- कांस्य पदक-नेहा (दिल्ली) एवं अंजलि (हरियाणा)
- 68 किग्रा. भार वर्ग
- स्वर्ण पदक-अनीता (हरियाणा)
- रजत पदक-रजनी (उत्तर प्रदेश)
- कांस्य पदक-रौनाक गुलिआ (दिल्ली) एवं रितु मलिक (आरएसपीबी)
- 65 किग्रा. भार वर्ग
- स्वर्ण पदक-निशा (आरएसपीबी)
- रजत पदक-मोनिका (राजस्थान)
- कांस्य पदक-जसप्रीत कौर (पंजाब) एवं निक्की (आरएसपीबी)
- 76 किग्रा. भार वर्ग
- स्वर्ण पदक-किरन (आरएसपीबी)
- रजत पदक-रानी (हिमाचल प्रदेश)
- कांस्य पदक-पूजा (हरियाणा) एवं काजल (उत्तराखंड)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://wrestlingtv.in/tata-motors-womens-wrestling-national-championship-results-day-2-nisha-reclaim-the-65kg-crown-nandini-becomes-new-champion-in-vinesh-phogats-53kg-division/

27 वीं पुरुष हैंडबाल विश्व चैंपियनशिप, 2021

प्रश्न-31 जनवरी को संपन्न 27 वीं पुरुष हैंडबाल विश्व चैंपियनशिप, 2021 का खिताब किसने जीता है?

(a) पुर्तगाल (b) स्वीडन (c) डेनमार्क (d) स्पेन

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 13-31 जनवरी, 2021 के मध्य 27 वीं पुरुष हैंडबाल विश्व चैंपियनशिप, 2021 मिस्र में संपन्न हुई।
- इसका आयोजन अंतरराष्ट्रीय हैंडबाल महासंघ (IHF) द्वारा किया गया।
- यह चैंपियनशिप मिस्र के 4 शहरों, अलेक्जेंड्रिया, कायरो, गीजा और न्यू कैपिटल में आयोजित की गई।
- इसमें कुल 32 टीमों ने भाग लिया।
- 31 जनवरी को काहिरा में खेले गए फाइनल मुकाबले में डेनमार्क ने स्वीडन को 26-24 से पराजित कर खिताब (स्वर्ण पदक) जीत लिया।
- डेनमार्क ने दूसरी बार इस चैंपियनशिप का खिताब जीता है।
- स्पेन ने फ्रांस को 35-29 से पराजित कर तीसरा स्थान (कांस्य पदक) हासिल किया।
- इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल (58 गोल) कतर के फ्रैंकिस मार्जो ने किया।
- पुर्तगाल के हमबर्टो गोमेज टॉप गोलकीपर चुने गए।
- डेनमार्क के मिकेल हैनसन को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।
- टीम फेयर प्ले अवॉर्ड केप वर्दे (Cape Verde) टीम को प्रदान किया गया।
- 28 वीं पुरुष हैंडबाल विश्व चैंपियनशिप, 2023 दो देशों पोलैंड और स्वीडन में आयोजित की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.ihf.info/media-center/events/2021-ihf-mens-world-championship

भारतीय राष्ट्रीय रैली चैंपियनशिप, 2020

प्रश्न-31 जनवरी, 2021 को संपन्न भारतीय राष्ट्रीय रैली चैंपियनशिप, 2020 का खिताब किसने जीत लिया?

(a) करना कडूर (b) निखिल वी.पाई (c) गौरव गिल (d) चेतन शिवराम

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 31 जनवरी, 2021 को भारतीय राष्ट्रीय रैली चैंपियनशिप, 2020 कोयम्टूर, तमिलनाडु में संपन्न हुई।
- यह रैली 3 चरणों में आयोजित हुई।
- इसके प्रथम 2 चरण ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश में और तीसरा एवं अंतिम चरण को कोयम्बटूर में आयोजित हुआ।
- रेसर गौरव गिल ने कोयम्बटूर रैली जीतकर भारतीय राष्ट्रीय नेशनल चैंपियनशिप, 2020 का खिताब (7 वीं बार) जीत लिया।
- गिल और नेवीगेटर मूसा शरीफ ने अच्छा प्रदर्शन किया।
- दिसंबर, 2020 में उन्होंने ईटानगर में हुए दोनों चरण जीते थे।
- गिल और मूसा शेरिफ ने अब तक 63 रैली में साथ में हिस्सा लिया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/gill-blazes-to-national-rally-championship-title/2020724

रेफरेंस मैटेरियल

प्रश्न-28 जनवरी, 2021 को केंद्रीय युवा मामलों एवं खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने एंटी-डोपिंग से जुड़े रासायनिक परीक्षण में उपयोग हेतु महत्वपूर्ण रेफरेंस मैटेरियल का शुभारंभ किया। इसे राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) और किसके द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।

(a) द इंडियन नेशनल काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च, नई दिल्ली

(b) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (NIPER), गुवाहाटी

(c) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन रिसर्च, नई दिल्ली

(d) उपर्युक्त में कोई नहीं

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2021 को केन्द्रीय युवा मामलों एवं खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने एंटी-डोपिंग से जुड़े रासायनिक परीक्षण में उपयोग के लिए एक महत्वपूर्ण रेफरेंस मैटेरियल को लांच किया।
- रेफरेंस मैटेरियल राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआईपीईआर), गुवाहाटी द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।

- एनडीटीएल द्वारा इस संदर्भ में सामग्री की पहचान विश्व स्तर पर एक दुर्लभ रेफरेंस मैटेरियल के रूप में की गई और इसका उपयोग सभी विश्व एंटी डोपिंग एजेंसी (वाडा) से मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में एंटी-डोपिंग उपायों को मजबूत करने में किया जाएगा।
- अगस्त, 2020 में एनडीटीएल और एनआई पीईआर के मध्य एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ था, जिसमें 3 वर्षों की अवधि के दौरान 20 दुर्लभ रेफरेंस मैटेरियल (आरएम) को विकसित करने का प्रस्ताव है।
- विश्वभर के सभी वाडा-मान्यता प्राप्त डोप परीक्षण प्रयोगशालाओं को पहली बार के उपयोग हेतु स्वदेशी रूप से विकसित इस रेफरेंस मैटेरियल के 5 मिलीग्राम की मात्रा को नि:शुल्क रूप से वितरित किया जाएगा।
- एनडीटीएल ने भारत में प्रमुख वैज्ञानिक के संस्थानों के साथ मिलकर अपनी अनुसंधान गतिविधियों को और मजबूत करने की दिशा में कई पहलें की हैं और कोलोन, टोक्यो और रोम के साथ भी सहयोग शुरू किया है और एंटी-डोपिंग प्रयासों को आगे बढ़ाने हेतु विचारों का अदान-प्रदान किया है।
- कार्यक्रम के दौरान रिजिजू ने एनडीटीएल का न्यूजलेटर भी जारी किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1692962

1500 मीटर दौड़ में नया इंडोर विश्व रिकॉर्ड

प्रश्न-9 फरवरी, 2021 को किस धाविका ने 1500 मीटर दौड़ में नया इंडोर विश्व रिकॉर्ड बनाया?

(a) लौरा मुदूर (b) मेलिसा कोर्टनी-ब्रायंट (c) गुडाफ सेगाय (d) गेंजेबे दिबाबा

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2021 को उत्तरी फ्रांस में आयोजित विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर गोल्ड मीट में इथियोपिया की धाविका गुडाफ सेगाय ने 1500 मीटर दौड़ में नया इंडोर विश्व रिकॉर्ड बनाया।
- सेगाय ने 1500 मीटर की दौड़ 3 मिनट 53.09 सकेंड में पूरी कर यह रिकॉर्ड बनाया।
- इससे पूर्व यह रिकॉर्ड इथियोपिया की गेंजेबे दिबाबा के नाम था, जिन्होंने वर्ष 2014 में 1500 मीटर की दौड़ 3 मिनट 53.11 सेकेंड में पूरी कर यह रिकॉर्ड बनाया था।
- इस दौड़ में उन्होंने डबल यूरोपीय इंडोर चैंपियन लौरा मुदूर और टीम की अपनी साथी मेलिसा कोर्टनी-ब्रायंट को पछाड़ा।
- मुदूर ने 3 मिनट 59.58 सेकेंड के साथ नया ब्रिटिश इंडोर रिकॉर्ड बनाया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sport/athletics/ethiopias-gudaf-tsegay-sets-new-world-indoor-record-in-1500-m/article33798770.ece

आईसीसी की वैश्विक साझेदारी कंपनी

प्रश्न-8 फरवरी, 2021 को आईसीसी ने किस कंपनी को वर्ष 2021 से वर्ष 2023 तक के लिए वैश्विक साझेदार घोषित किया है?

(a) ड्रीम 11 (b) बायजूस (c) एडिडास (d) नाइकी

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 8 फरवरी, 2021 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत की सबसे बड़ी शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजूस (BYJU'S) वर्ष 2021 से 2023 तक के लिए वैश्विक साझेदार (Global Partner) घोषित किया।
- इस तीन वर्षीय समझौते के तहत बायजूस आईसीसी के सभी इवेंट में शामिल होगा।
- उक्त इवेंट में भारत में आगामी आईसीसी मेंस टी 20 विश्वकप और न्यूजीलैंड में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप शामिल है।
- वैश्विक भागीदार के रूप में BYJU'S के पास आईसीसी आयोजनों में व्यापक वेन्यू अधिकार, प्रसारण और डिजिटल अधिकार होंगे।
- विश्व के कुछ सबसे बड़े खेल आयोजनों में एकीकृत ब्रांड उपस्थिति के अलावा यह कंपनी आईसीसी के साथ मिलकर नए अभियानों के निर्माण के माध्यम से प्रशंसकों के साथ जुड़ेगी।
- अगस्त, 2019 में यह कंपनी भारतीय क्रिकेट टीम की आधिकारिक जर्सी भागीदारी बनी थी।
- भारतीय उद्यमी बायजू रविंद्रन ने वर्ष 2011 में BYJU'S की स्थापना की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icc-cricket.com/media-releases/2018387

https://cricket.yahoo.net/amp/news/edtech-company-byjus-becomes-iccs-071240121

चर्चित खेल व्यक्तित्व

फाफ डु प्लेसिस

प्रश्न-17 फरवरी, 2021 को दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर फाफ डु प्लेसिस ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय टेस्ट कॅरियर में कितने मैच खेले हैं?

(a) 69 (b) 72 (c) 84 (d) 93

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2021 को दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर फाफ डु प्लेसिस ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की।
- डु प्लेसिस ने नवंबर, 2012 में एडीलेड में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।
- उन्होंने अंतिम टेस्ट मैच फरवरी, 2021 में रावलपिंडी में पाकिस्तान के विरुद्ध खेला।
- उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय टेस्ट कॅरियर में 69 मैच खेले और 4163 रन बनाए, जिसमें 10 शतक और 21 अर्धशतक शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.espncricinfo.com/story/steel-and-swag-faf-du-plessis-greatest-hits-in-test-cricket-1252120

नमन ओझा

प्रश्न-15 फरवरी, 2021 को भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज नमन ओझा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। रणजी ट्रॉफी में विकेटकीपर के तौर पर सबसे अधिक कैच लेने का रिकॉर्ड उनके नाम है, उन्होंने रणजी ट्रॉफी में विकेटकीपर के तौर पर कितने कैच लिए हैं।

(a) 320 (b) 338 (c) 342 (d) 351

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2021 को भारतीय टीम के पूर्व विकेट कीपर बल्लेबाज नमन ओझा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की।
- मध्य प्रदेश के इस दिग्गज क्रिकेटर ने एक टेस्ट, एक वनडे और दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया।उन्होंने मात्र एक टेस्ट मैच और एक वनडे मैच श्रीलंका के विरूद्ध खेल।दो टी-20 मैच उन्होंने जिम्बाब्वे के विरूद्ध खेले।
- उन्होंने 1 टेस्ट में 56 रन, 1 वनडे में 1 रन और दो टी-20 में 12 रन बनाएं।

- प्रथम-श्रेणी के 146 मैचों में ओझा ने 9753 रन बनाए जिसमें नाबाद दोहरा शतक (219 रन) भी शामिल है।आईपीएल में 113 मैचों में ओझा ने 1554 रन बनाए।
- रणजी ट्रॉफी में विकेटकीपर के तौर पर सबसे शिकार (351) का रिकॉर्ड नमन ओझा के नाम है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.espncricinfo.com/india/content/player/32102.html

एशिया में चौथी पारी में दोहरा शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी

प्रश्न-कौन क्रिकेटर एशिया में चौथी पारी में दोहरा शतक बनाने वाला पहला खिलाड़ी है?

(a) जोए रुट (b) काइल मायर्स (c) मेहदी हसन (d) जरमाइन ब्लैकवुड

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 7 फरवरी, 2021 को बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के बीच जहुर अहमद चौधरी स्टेडियम, चट्टोग्राम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच की चौथी पारी में पदार्पण करने वाले वेस्टइंडीज के काइल मायर्स ने नाबाद 210 रन बनाए।
- इसी के साथ वह एशिया में चौथी पारी में दोहरा शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।
- इस मैच में बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज के सामने 395 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसे वेस्टइंडीज 7 विकेट खोकर हासिल कर लिया।
- यह एशिया में हासिल किया गया अब तक का सबसे बड़ा लक्ष्य है।
- काइल मायर्स ने नाबाद 210 रनों की पारी में 20 चौके और 7 छक्के लगाए।
- उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' भी चुना गया।
- एक टेस्ट की चौथी पारी में काइल मेयर्स द्वारा बनाया गया नाबाद 210 रन किसी नवोदित खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.abc.net.au/news/2021-02-08/west-indies-test-debutant-kyle-mayer-double-century-in-run-chase/13131200

ब्रूस टेलर

प्रश्न-6 फरवरी, 2021 को न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर ब्रूस टेलर का निधन हो गया। उन्होंने किस देश के विरुद्ध टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था?

(a) भारत (b) इंग्लैंड (c) वेस्टइंडीज (d) ऑस्ट्रेलिया

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 6 फरवरी, 2021 को न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर ब्रूस टेलर (Bruce Taylor) का निधन हो गया।
- टेलर ने मार्च, 1965 में कोलकाता में भारत के विरुद्ध टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।
- अपने पदार्पण टेस्ट मैच में उन्होंने शतक बनाया था और गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए थे।
- ब्रसू टेलर ने न्यूजीलैंड की तरफ से 30 टेस्ट और 2 वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच खेले।
- 30 टेस्ट मैचों में उन्होंने 898 रन बनाए और 111 विकेट हासिल किए।
- 2 वनडे में टेलर ने 22 रन बनाए और 4 विकेट हासिल किया था।
- 141 प्रथम श्रेणी मैचों में उन्होंने 4579 रन बनाए और 422 विकेट हासिल किए।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.businessworld.in/article/Former-NZ-all-rounder-Bruce-Taylor-passes-away/06-02-2021-374409/#:~:text=Auckland%20%5BNew%20Zealand%5D%2C%20February,%2C%20Bruce%20Taylor%2C%20aged%2077.

100वें टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज

प्रश्न-100 वें टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले विश्व का पहला बल्लेबाज कौन है?

(a) बेन स्टोक्स (b) जोए रुट (c) जोश बटलर (d) डोमिनिक शिब्ली

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 6 फरवरी, 2021 को इंग्लैंड के कप्तान जोए रुट भारत के विरुद्ध 4 टेस्ट मैचों की शृंखला के पहले टेस्ट के दूसरे दिन अपने 100 वें टेस्ट में दोहरा शतक (218 रन) लगाने वाले विश्व के पहले बल्लेबाज बने।
- इससे पूर्व 100 वें टेस्ट में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक के नाम था, जिन्होंने वर्ष 2005 में बंगलुरू में भारत के विरुद्ध 184 रन की पारी खेली थी।

- रुट को बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज नदीम ने पगबाधा आउट किया।
- रुट के कॅरियर की यह 5 वीं दोहरी शतकीय पारी है।
- इसके साथ ही उन्होंने एलिस्टेयर कुक, ग्रीम स्मिथ, राहुल द्रविड़ की बराबरी कर ली है, जिनके नाम इतने ही दोहरे शतक हैं।
- अपने कॅरियर में 20वीं शतकीय पारी खेलने वाले रुट इससे पूर्व 100 वें टेस्ट में शतक लगाने वाले नौवें बल्लेबाज बने।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sport/cricket/ind-vs-eng-1st-test-day-2-joe-root-becomes-first-player-to-score-200-in-100th-test/article33767865.ece

प्रशांत डोरा

प्रश्न-26 जनवरी, 2021 को प्रशांत डोरा का निधन हो गया। वह किस खेल से संबंधित थे?

(a) क्रिकेट (b) फुटबॉल (c) हॉकी (d) बेसबॉल

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 26 जनवरी, 2021 को भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व गोलकीपर प्रशांत डोरा का निधन हो गया।
- भारत हेमंत और प्रशांत भारत की तरफ से खेलने वाले भाइयों की मशहूर जोड़ियों में शामिल थे।
- प्रशांत ने वर्ष 1999 में थाईलैंड के विरुद्ध पदार्पण किया था।
- उन्होंने सैफ कप और सैफ खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- उन्हें वर्ष 1997-98 और वर्ष 1999 में संतोष ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर आंका गया था।
- प्रशांत ने टॉलीगंज अग्रगामी की तरफ से अपने कॅरियर की शुरुआत की तथा कलकत्ता पोर्ट ट्रस्ट, मोहम्डन स्पेटिंग, मोहन बागान और ईस्ट बंगाल की तरफ से भी खेले।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/sports/football/former-india-goalkeeper-prasanta-dora-dies-of-rare-disease-101611659375291.html

नए खेल विकास महाप्रबंधक

प्रश्न-फरवरी, 2021 में किसे बीसीसीआई का नया खेल विकास महाप्रबंधनक नियुक्त किया गया है?

(a) सबा करीम (b) किरण मोरे (c) धीरज मल्होत्रा (d) नयन मोगिया

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में दिल्ली कैपिटल्स के सीईओ धीरज मल्होत्रा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के नए खेल विकास महाप्रबंधक नियुक्त किए गए हैं।
- उन्होंने 15 फरवरी, 2021 को अपना पदभार ग्रहण किया।
- इस पद पर उन्होंने सबा करीम का स्थान लिया।
- करीम का तीन वर्ष का कार्यकाल विगत माह 6 महीने की नोटिस अवधि के बाद समाप्त हो गया था।
- क्रिकेट जगत में अपने दो दशक से अधिक कॅरियर के दौरान मल्होत्रा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद में भी कई वरिष्ठ पदों पर रहें हैं और उन्होंने विभिन्न आईसीसी प्रतियोगिताओं में क्रिकेट संचालन की जिम्मेदारी का निवर्हन किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/cricket/dhiraj-malhotra-bcci-general-manager-game-development-saba-karim-indian-cricket/article33824762.ece

ग्रैंडस्लेम के मुख्य ड्रा में जगह बनाने वाली 5वीं भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी

प्रश्न-7 फरवरी, 2021 को कौन-सी महिला टेनिस खिलाड़ी किसी ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाली 5 वीं भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी बनीं?

(a) अंकिता भांबरी (b) अंकिता रैना (c) महक जैन (d) जील देसाई

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 7 फरवरी, 2021 को भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना किसी ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रा में जगह बनाने वाली 5 वीं भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी बन गई हैं।
- निरूपमा माकंड (वर्ष 1971), निरुपमा वैद्यानाथन (वर्ष 1998), सानिया मिर्जा और भारतीय-अमेरिकी शिखा ओबेरॉय (2004) इससे पूर्व ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाली भारतीय खिलाड़ी बनी थीं।

- अंकिता रैन ने 8 फरवरी, 2021 से शुरू हो रहे पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में रोमानिया की मिहेला बुजारनेकु के साथ जोड़ी बनाई है।
- 6 बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन सानिया मिर्जा के बाद अंकिता दूसरी भारतीय हैं, जो ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के महिला युगल में भाग लेंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.espn.in/tennis/story/_/id/30851869/ankita-raina-becomes-fifth-indian-woman-feature-grand-slam-main-draw

अख्तर अली

प्रश्न-7 फरवरी, 2021 को भारत के दिग्गज टेनिस स्टार और पूर्व कोच अख्तर अली का निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष टेनिस में उनके आजीवन योगदान के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

(a) 1988 (b) 1992 (c) 1999 (d) 2000

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 7 फरवरी, 2021 को भारत के दिग्गज टेनिस स्टार और पूर्व कोच अख्तर अली का निधन हो गया।अख्तर अली वर्ष 1958 से 1964 तक भारतीय डेविस कप टीम का हिस्सा थे।
- उन्होंने 8 डेविस कप टूर्नामेंट में भाग लिया।
- उन्होंने लिएंडर पेस के अलावा विजय अमृतराज, रमेश कृष्णन, आनंद अमृतराज, एनरिको पिपेरनो, सोमदेव वर्मन जैसे दिग्गज टेनिस खिलाड़ियों को कोचिंग दी।
- अख्तर को टेनिस में उनके आजीवन योगदान के लिए वर्ष 2000 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- भारतीय डेविस कप टीम के वर्तमान कोच जीशान अली अख्तर अली के पुत्र हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/sports/tennis/akhtar-ali-had-a-role-in-all-good-players-to-come-out-of-india-ramanathan-krishnan-101612717436955.html

अशोक डिंडा

प्रश्न-2 फरवरी, 2021 को भारतीय तेज गेंदबाज अशोक डिंडा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय वनडे में किस देश के विरुद्ध पदार्पण किया था?

(a) श्रीलंका (b) इंग्लैंड (c) जिम्बाब्वे (d) बांग्लादेश

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2021 को भारतीय तेज गेंदबाज अशोक डिंडा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की।
- अशोक डिंडा ने वर्ष 2010 में जिम्बाब्वे के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था।
- उन्होंने अंतिम वनडे वर्ष 2013 में इंग्लैंड के विरुद्ध खेला।
- उन्होंने अंतिम वनउे वर्ष 2013 में इंग्लैंड के विरूद्ध खेला।
- डिंडा ने दिसंबर, 2009 में श्रीलंका के विरुद्ध पहला टी-20 मैच खेला था।
- डिंडा ने इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली डेयरडेविल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, पुणे वारियर्स, राइजिंग पुणे सुपर जाइंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बंगलौर का प्रतिनिधित्व किया।
- उन्होंने 13 वनडे मैचों में 21 रन बनाए और 12 विकेट हासिल किए।
- 9 टी-20 मैचों में डिंडा ने 22 रन बनाए और 17 विकेट लिए।
- आईपीएल में उन्होंने 78 मैचों में 26 रन बनाए और 69 विकेट हासिल किए।
- डिंडा ने 98 लिस्ट ए मैचों में 151 विकेट लिए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sports.ndtv.com/cricket/ashok-dinda-announces-retirement-from-all-forms-of-cricket-2362046

भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष

प्रश्न-3 फरवरी, 2021 को किसे भारतीय मुक्केबाजी संघ का अध्यक्ष चुना गया है?

(a) आशीष शेलार (b) अजय सिंह (c) हेमंता कुमार कलिता (d) दिग्विजय सिंह

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 3 फरवरी, 2021 को गुरुग्राम में हुए चुनावों में अजय सिंह को भारतीय मुक्केबाजी संघ का पुन: अध्यक्ष चुना गया।

- उन्होंने इस चुनाव में महाराष्ट्र के खेल प्रशासक आशीष शेलार को 37-27 से पराजित किया।
- अजय सिंह का कार्यकाल 4 वर्ष तक होगा।
- इन चुनावों में 6 बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता एमसी मैरीकॉम ने अजय सिंह का समर्थन किया।
- इस चुनाव में हेमंता कुमार कलिता महासचिव चुने गए:, उपाध्यक्ष पद पर उत्तर-पश्चिम जोन से नरेंद्र निर्वाण निर्वाचित हुए।
- दिग्विजय सिंह कोषाध्यक्ष चुने गए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/sports/sport-others/ajay-singh-boxing-federation-of-india-president-reelection-7173149/

गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई हॉल ऑफ फेम

प्रश्न-2 फरवरी, 2021 को किस पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज को ऑस्ट्रेलियाई हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है?

(a) शेन वार्न (b) ग्लेन मैकग्रा (c) मर्व ह्यूग (d) ब्रेट ली

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2021 में पूर्व तेज गेंदबाज मर्व ह्यूज को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया हैं।
- यह घोषणा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) द्वारा की गई है।
- ह्यूज ने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से 53 टेस्ट और 33 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।
- उन्होंने टेस्ट मैचों में 212 विकेट और एकदिवसीय मैच में 38 विकेट लिए हैं।
- उन्हें वर्ष 2005 में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का चयनकर्त्ता नियुक्त किया गया था और वह वर्ष 2010 तक इस पद पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.youngwitness.com.au/story/7109340/merv-hughes-added-to-cricket-hall-of-fame/?cs=11837#:~:text=Hall%20of%20Fame-,Former%20Australia%20fast%20bowler%20and%20cult%20hero%20Merv%20Hughes%20has,Aboriginal%20tour%20champion%20Johnny%20Mullagh.

किसी एक देश के लिए तीनों फॉर्मेट में सबसे अधिक रन बनाने वाले विश्व के पहले बल्लेबाज

प्रश्न-फरवरी, 2021 में किसी एक देश के लिए तीनों फॉर्मेट में सबसे अधिक रन बनाने वाले विश्व के पहले बल्लेबाज कौन हैं?

(a) मुशफिकुर रहीम (b) विराट कोहली (c) स्टीव स्मिथ (d) तमीम इकबाल

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में बांग्लादेश के ओपनर तमीम इकबाल बांग्लादेश क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।
- इसके अलावा वह किसी एक देश के लिए तीनों फार्मेट में सबसे अधिक रन बनाने वाले विश्व के एकमात्र बल्लेबाज भी बन गए हैं।
- यह उपलब्धि उन्होंने चटगांव में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज के विरुद्ध हासिल की।
- उन्होंने बांग्लादेश की ओर से प्रत्येक फॉर्मेट में सबसे अधिक रन बनाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम के रिकॉर्ड को तोड़ा है।
- तमीम इकबाल ने टेस्ट में अब तक 4414 रन बनाए हैं, जिसमें 9 शतक शामिल हैं।
- वनडे में उन्होंने 210 मैचों में 7360 रन बनाए हैं।
- टी-20 इंटरनेशनल में 1701 रन बनाए हैं, जिसमें 1 शतक और 7 अर्धशतक शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.sportskeeda.com/cricket/news-tamim-iqbal-becomes-player-lead-run-scoring-chart-three-formats-country

ऑस्ट्रेलियाई अंपायर का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

प्रश्न-28 जनवरी, 2021 को किस ऑस्ट्रेलियाई अंपायर ने तीनों प्रारूपों में अंपायरिंग करने के बाद संन्यास लेने की घोषणा की है?

(a) साइमन टाफेल (b) ब्रूस ओक्सेन फोर्ड (c) पॉल विल्सन (d) ग्रेग डेविडसन

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2021 को ऑस्ट्रेलियाई अंपायर ब्रूस ओक्सेनफोर्ड ने 15 वर्ष से अधिक के कॅरियर में तीनों प्रारूपों में अंपायरिंग करने के बाद संन्यास लेने की घोषणा की।
- ओक्सेनफोर्ड वर्ष 2012 से आईसीसी अंपायरों के एलीट पैनल के नियमित सदस्य हैं।
- उन्होंने 62 टेस्ट मैचों में अंपायरिंग की है।
- उन्होंने अंतिम मैच में अंपायरिंग भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए ब्रिसबेन टेस्ट में की थी।
- ओक्सेनफोर्ड ने जनवरी, 2006 में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 मैच के माध्यम से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी।
- उन्होंने पिछले 3 पुरुष विश्व कप और 3 टी 20 विश्व कप में अंपायरिंग की है।
- वह महिला टी 20 विश्व कप 2012 और 2014 में भी अंपायरिंग कर चुके हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icc-cricket.com/media-releases/2000456

विश्व के सबसे पुराने (वृद्ध) प्रथम श्रेणी क्रिकेटर का निधन

प्रश्न-6 जनवरी, 2021 को विश्व के सबसे पुराने (Oldest) प्रथम श्रेणी क्रिकेटर का निधन हो गया। उनका क्या नाम था?

(a) इयान गैलवे (b) टॉम प्रिचार्ड (c) एलन बर्गेस (d) रघुनाथ चंदोरकर

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 6 जनवरी, 2021 को विश्व के सबसे पुराने (Oldest) प्रथम श्रेणी क्रिकेटर एलेन बर्गेस का निधन हो गया।
- उनका निधन 100 वर्ष और 250 दिन की उम्र में हुआ।
- बर्गेस का जन्म 1 मई, 1920 को क्राइस्टचर्च, न्यूजीलैंड में हुआ था।
- दाएं हाथ के बल्लेबाज और बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज एलन ने वर्ष 1940-41 और 1951-52 तक 11 प्रथम श्रेणी मैच खेले।
- उन्होंने प्रथम श्रेणी मैचों 466 रन बनाए और 16 विकेट हासिल किए।
- बर्गेस का क्रिकेट कॅरियर वर्ष 1940 में क्रिसमस के दिन शुरू हुआ और उन्होंने ओटागो के विरुद्ध उस मैच में 52 रन देकर 6 विकेट और 51 रन देकर 3 विकेट लिए।
- एलन बर्गेस द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इंग्लैंड में न्यूजीलैंड की सेना में एक टैंक चालक थे।
- बर्गेस की मृत्यु के बाद भारत के रघुनाथ चंदोरकर अब सबसे पुराने (वृद्ध) प्रथम श्रेणी के क्रिकेटर हैं, जो 21 नवंबर, 2020 को 100 वर्ष के हो गए हैं।

माइकल किंडो

प्रश्न-31 दिसंबर, 2020 को प्रसिद्ध भारतीय हॉकी खिलाड़ी माइकल किंडो का निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था?

(a) 1978 (b) 1976 (c) 1975 (d) 1972

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 31 दिसंबर, 2020 को प्रसिद्ध भारतीय हॉकी खिलाड़ी माइकल किंडो का निधन हो गया।
- वह वर्ष 1975 में कुआलालंपुर, मलेशिया में आयोजित विश्व कप विजेता भारतीय टीम के सदस्य थे।वर्ष 1972 में म्यूनिख ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय ओलंपिक टीम में शामिल थे।वर्ष 1972 में उन्हें अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sport/hockey/olympic-bronze-and-world-cup-winner-hockey-player-michael-kindo-dies/article33464356.ece

भारत के 67 वें ग्रैंडमास्टर

प्रश्न-भारत के 67वें ग्रैंडमास्टर कौन हैं?

(a) लियोन मेंडोंका (b) आर्यन चोपड़ा (c) पी. इनियन (d) अभिमन्यु पौराणिक

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 30 दिसंबर, 2020 को गोवा के शतरंज खिलाड़ी लियोन मेंडोंका ने इटली में वेरजानी (Vergani) कप में तीसरा और आखिरी नॉर्म हासिल कर भारत के 67वें ग्रैंडमास्टर बन गए।
- मेंडोंका ने 14 वर्ष, 9 महीने और 17 दिन की आयु में यह उपलपब्धि हासिल की है।
- मेंडोंका ने पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म अक्टूबर, 2020 में रिगो शतरंज जीएम राउंड रॉबिन में हासिल किया और नवंबर, 2020 में वुडापेस्ट, हंगरी में दूसरा नार्म हासिल किया था।
- मेंडोंका ने मार्च, 2020 से दिसंबर तक 16 टूर्नामेंट खेले और उनकी ईएलओ रेटिंग 2452 से बढ़कर 2544 हो गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/chess/indian-chess-news-goas-14-year-old-leon-mendonca-becomes-indias-67th-grandmaster/article33461829.ece

लुईस हैमिल्टन को नाइटहुड सम्मान

प्रश्न-किस फॉर्मूला वन ड्राइवर को ब्रिटेन के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'नाइटहुड' से सम्मानित नहीं किया गया है?

(a) लुईस हैमिल्टन (b) जैकी स्टीवर्ट (c) माइकल शूमाकर (d) जैक ब्राथम

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 30 दिसंबर, 2020 को 7 बार के फॉर्मूला वन विश्व चैंपियन लुईस हैमिल्टन को ब्रिटेन की महारानी क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय ने ब्रिटेन के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'नाइटहुड' से सम्मानित किया।
- यह सम्मान पाने वाले व्यक्ति के नाम के आगे 'सर' लगाया जाता है।
- हैमिल्टन यह सम्मान पाने वाले छठे फॉर्मूला वन ड्राइवर है।
- लुईस हैमिल्टन से पूर्व यह सम्मान पाने वालों में सर जैकी स्टीवर्ट, सर स्टर्लिंग मॉस, सर फ्रैंक विलियम्स, सर पैट्रिक हेड और सर जैक बॉथम शामिल हैं।
- लुईस हैमिल्टन को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स मैन ऑफ द ईयर, बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनालिटी ऑफ द ईयर, जीक्यू गेम चेंजर ऑफ द ईयर के खिताब से सम्मानित किया जा चुका है।
- हैमिल्टन ने इस बार लगातार चौथे वर्ष और रिकॉर्ड सातवीं बार विश्व खिताब जीता है।
- उन्होंने इस वर्ष तुर्की ग्रैंड प्रिक्स जीतकर दिग्गज ड्राइवर माइकल शूमाकर के सर्वाधिक बार (91 बार) यह खिताब जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी की।
- हैमिल्टन अब तक 95 रेस जीत चुके हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/sport/other/2020/dec/31/formula-1-champion-lewis-hamilton-awarded-knighthood-in-new-year-honours-list-2243694.html

संक्षिप्तियां

चर्चित व्यक्ति

एम.रामा जोइस

प्रश्न-16 फरवरी, 2021 में किस राज्य के पूर्व राज्यपाल रहे एम. रामा जोइस का निधन हुआ?

(a) पश्चिम बंगाल एवं बिहार (b) बिहार एवं झारखंड

(c) मध्य प्रदेश एवं ओडिशा (d) बिहार एवं कर्नाटक

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2021 को बिहार एवं झारखंड राज्यों के पूर्व राज्यपाल एम.रामा जोइस का निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे।
- वह वर्ष 2003-2004 तक बिहार तथा वर्ष 2002-2003 तक झारखंड के राज्यपाल रहे।
- वह पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश भी रहे।
- वह राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/states/karnataka/2021/feb/16/former-governor-justice-m-rama-jois-passes-away-at-89-in-bengaluru-2264716.html

अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन के नए महानिदेशक

प्रश्न-फरवरी, 2021 में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन ने किसे अपना नया महानिदेशक निर्वाचित किया?

(a) उपेंद्र त्रिपाठी (b) नृपेंद्र मिश्र (c) राघवेंद्र प्रसाद (d) डॉ. अजय माथुर

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2021 को अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA: International Solar Alliance) ने टेरी (TERI) के महानिदेशक डॉ. अजय माथुर को अपना नया महानिदेशक निर्वाचित किया।
- उन्हें आईएसए सदस्यों की पहली विशेष सभा में निर्वाचित किया गया था।

- वर्तमान में वह नई दिल्ली स्थित टेरी (TERI: The Energy and Resourcls Institute) के महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं।
- साथ ही वह जलवायु परिवर्तन पर भारतीय प्रधानमंत्री परिषद के सदस्य भी हैं।
- इस पद पर वह उपेंद्र त्रिपाठी का स्थान लेंगे।
- ज्ञातव्य है कि आईएसए की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रांसिस ओलांद ने नवंबर, 2015 में पेरिस में आयोजित CoP-21 के दौरान संयुक्त रूप से की थी।
- इसका मुख्यालय गुरूग्राम (हरियाणा) में है।
- 15 जनवरी, 2021 को विदेश मंत्रालय के ISA की सदस्यता का सार्वभौमीकरण से संबंधित एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अभी तक, 89 देशों ने ISA रूपरेखा समझौते पर हस्ताक्षर किया और 72 देशों ने अनुमोदन पत्र सौंपा है।
- ISA के रूपरेखा समझौते द्वारा अनिवार्य किए गए ISA के सदस्य देशों से जरूरी संख्या में अनुमोदन/मंजूरी/स्वीकार्यता हालिस करने के बाद संशोधन 8 जनवरी, 2021 से प्रभावी हुआ।
- आईएसए रूपरेखा समझौते के संशोधन के प्रभाव में आने से अब संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देश आईएसए में शामिल हो सकते हैं, जिसमें ट्रॉपिक्स के पार के लोग भी शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://isolaralliance.org/uploads/docs/9e1d37de908be8140c9baa0a22310f.pdf

https://isolaralliance.org/

प्रोणिता गुप्ता

प्रश्न-फरवरी, 2021 में भारतीय मूल की प्रोणिता गुप्ता को घरेलू नीति परिषद में श्रम एवं कामगारों के लिए किस देश के राष्ट्रपति का विशेष सहायक नामित किया है?

(a) ब्रिटेन (b) अमेरिका (c) न्यूजीलैंड (d) कनाडा

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में भारतीय मूल की प्रोणिता गुप्ता को घरेलू नीति परिषद में श्रम एवं कामगारों के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का विशेष सहायक नामित किया गया है।
- इससे पूर्व वह 'सेंटर फॉर लॉ एंड स्पेशल पॉलिसी (CLASP) में जॉब क्वालिटी टीम की निदेशक थीं।

- इससे पहले भी वह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के दूसरे कार्यकाल में वह अप्रैल 2014 से जनवरी, 2017 तक अमेरिका के श्रम विभाग में महिला ब्यूरो की उपनिदेशक रह चुकी हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/nri/migrate/indian-american-expert-named-special-assistant-to-president-biden-for-labour-and-workers/articleshow/80967096.cms?from=mdr

कांगो गणराज्य में नये प्रधानमंत्री की नियुक्ति

प्रश्न-कांगो के नये प्रधानमंत्री नियुक्त किये गये है?

(a) सामा लुकोंडे क्येंगे (b) लूसिया डिवाइन (c) बेनी एंड्रिया (d) मलिशिया रायता

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में सामा लुकोंडे क्येंगे को कांगो गणराज्य के प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया।
- 43 वर्षीय लुकोंडे कांगो में राज्य की खनन कंपनी (Gecamines Genral Quarries and Mines) के जनरल डायरेक्टर थे।
- लुकोंडे एक बार खेल मंत्री, रह चुके हैं।
- वर्तमान में लुकोंडे कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य पार्टी (Democratic republic of Congo) के सदस्य है।
- यह नियुक्ति राष्ट्रपति फेलिक्स त्सेसीकेदी के शासना देश के आधार पर की गयी।
- इससे पूर्व कांगो के प्रधानमंत्री 'सिल्वेस्ट्रे इलुंगा इलुंकम्बा' थे, जिन्होंने 28 जनवरी, 2021 के देश की संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान होने के पश्चात इस्तीफा दे दिया।
- लुकोंडे पूर्व प्रधानमंत्री 'सिल्वेस्ट्रे इलुंगा' के स्थान पर प्रधानमंत्री नियुक्त किये गये है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.xinhuanet.com/english/africa/2021-02/16/c_139744980.htm

विश्व व्यापार संगठन की नई महानिदेशक

प्रश्न-15 फरवरी, 2021 को किसे विश्व व्यापार संगठन का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया?

(a) नगोजी ओकोंजो-इविएला (b) अमीना मोहम्मद (c) यू माइउंग-ही (d) ली मिंग यू

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2021 को नाइजीरिया की पूर्व वित्त मंत्री नगोजी ओकोंजी इविएला (Ngozi Okonjo Iweala) को विश्व व्यापार संगठन (WTO) का 7वां महानिदेशक नियुक्त किया गया।
- इस पद पर उनका कार्यकाल 1 मार्च, 2021 से प्रारंभ होगा।
- वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली होंगी। साथ ही वह WTO महानिदेशक बनने वाली पहली अफ्रीकी व्यक्ति होंगी।
- उनका कार्यकाल 31 अगस्त, 2025 तक रहेगा।
- इस पद पर वह राबर्टो अजीवेदो का स्थान लेंगी।
- WTO के बारे में
- इसकी स्थापना 1 जनवरी, 1995 को हुई थी।
- इसका मुख्यालय जेनेवा, स्विट्जरलैंड में।
- ज्ञातव्य है कि WTO के पहले महानिदेशक पीटर सदरलैंड (आयरलैंड) थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.wto.org/english/news_e/news21_e/dgno_15feb21_e.htm

ऑस्कर विजेता अभिनेता क्रिस्टोफर प्लमर का निधन

प्रश्न-ऑस्कर विजेता अभिनेता क्रिस्टोफर प्लमर किस देश के निवासी थे?

(a) अमेरिका (b) कनाडा (c) भारत (d) जापान

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2021 को प्रसिद्ध हालीवुड अभिनेता क्रिस्टोफर प्लमर का निधन हो गया।
- उनकी आयु 91 वर्ष थी।
- क्रिस्टोर प्लमर को पूरे जीवनकाल में एक ऑस्कर अवॉर्ड, दो टोनी अवॉर्ड एवं दो एमी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- इन्होंने फिल्म 'द साउंड ऑफ म्यूजिक' में जॉर्ज वान ट्रैप का किरदार निभाया था।
- इन्होंने वर्ष 2010 में फिल्म बिगिनर्स (Beginners) में काम किया।
- फिल्म 'बिगिनर्स' के लिए उनको 82 वर्ष की आयु में ऑस्कर खिताब से सम्मानित किया गया।
- यह अवॉर्ड उन्हें सहायक अभिनेता (Supporting acter) के लिए दिया गया।

- इन्होंने अपने शानदार फिल्मी कॅरियर में लेखक 'शेक्सपीयर' के भी कई किरदारों को जीवंत रूप से निभाया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.theguardian.com/film/2021/feb/06/christopher-plummer-obituary

टीसीआईएल के नए सीएमडी

प्रश्न-जनवरी, 2021 में केंद्र सरकार ने किसे टेलीकम्युनिकेशन्स कंसलटेंट्स इंडिया लि. का नया अध्यक्ष सह-प्रबंध निदेशक (CMD) नियुक्त किया?

(a) संजीव कुमार (b) राजेश पुरवार (c) पी.के. पुरवार (d) राजीव गुप्ता

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2021 में केंद्र सरकार ने संजीव कुमार को टेलीकम्युनिकेशन्स कंसलटेंट्स इंडिया लि.(TCIL) का नया अध्यक्ष सह-प्रबंध निदेशक (CMD) नियुक्त किया।
- कार्यकाल-5 वर्ष ।
- वर्तमान में वह महानगर टेलीफोन निगम लि. (MTNL) नई दिल्ली में निदेशक (तकनीकी) के रूप में कार्यरत हैं।
- टीसीआईएल के बारे में
- यह दूरसंचार विभाग (DoT) संचार मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक पूर्ण स्वामित्व वाला भारत सरकार का सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है।
- एक प्रमुख इंजीनियरिंग और परामर्शी कंपनी के रूप में इसकी स्थापना वर्ष 1978 में हुई थी।
- इसकी स्थापना दुनिया भर के विकासशील देशों में दूरसंचार सिविल और सूचना प्रौद्योगिकी के सभी क्षेत्रों में भारतीय दूरसंचार विशेषज्ञता प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.tcil.net.in/board_of_directors.php

https://www.tcil.net.in/profile.php

एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष

प्रश्न-30 जनवरी, 2021 को किसे एशियाई क्रिकेट परिषद का नया अध्यक्ष चुना गया है।

(a) राजीव शुक्ला (b) जय शाह (c) कुमार संगाकारा (d) नजमुल हसन

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 30 जनवरी, 2021 को बीसीसीआई के मानद सचिव जय शाह को एशियाई क्रिकेट परिषद का अध्यक्ष चुना गया।
- शाह इस पद पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन का स्थान ग्रहण करेंगे।
- बीसीसीआई के अनुसार 32 वर्षीय शाह एसीसी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त होने वाले सबसे कम उम्र के प्रशासक हैं।
- एसीसी के पास एशिया कप टूर्नामेंट के आयोजन की जिम्मेदारी होती है।
- कोरोना महामारी के कारण वर्ष 2020 में होने वाले एशिया कप को इस वर्ष जून तक के लिए स्थागित कर दिया गया था।
- पाकिस्तान शुरुआत में टूर्नामेंट का मेजबान देश था, लेकिन अब इसका आयोजन श्रीलंका या बांग्लादेश में हो सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.espncricinfo.com/story/indian-cricket-board-acc-bcci-secretary-jay-shah-appointed-asian-cricket-council-president-replaces-bcb-nazmul-hassan-1249674

भारतीय मूल की महिला द्वारा यूएन महासचिव पद हेतु उम्मीदवारी

प्रश्न-फरवरी, 2021 में भारतीय मूल की किस महिला ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की?

(a) आकांक्षा अरोड़ा (b) आशा खेमका (c) प्रिया अरोड़ा (d) निरूपमा राव

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में भारतीय मूल की आकांक्षा अरोड़ा ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के लिए अपनी उम्मीदवारी घोषित की।वर्तमान में वह संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) में लेखा परीक्षा समन्वयक के तौर पर कार्यरत हैं।

- वह मौजूदा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के विरुद्ध उम्मीदवारी की घोषणा करने वाली पहली महिला व्यक्ति हैं।एंटोनियो गुटेरेस ने भी संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश की है।
- गौरतलब है कि उनका कार्यकाल 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त होगा।वह संयुक्त राष्ट्र के 9वें महासचिव हैं।उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र के 75 वर्ष के इतिहास में कोई भी महिला इसकी महासचिव नहीं बनी हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/international/indian-origin-worker-at-un-announces-her-candidacy-for-secretary-general-121021301805_1.html

एलआईसी के नए प्रबंध निदेशक

प्रश्न-जनवरी, 2021 में केंद्र सरकार ने किसे भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) के नए प्रबंध निदेशक (MD) नियुक्त किया?

(a) राजेश अग्रवाल (b) एस.कुमार (c) सिद्धार्थ मोहंती (d) टी.सी.सुशील कुमार

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- जनवरी 2021 में उन्हें इस पद पर नियुक्त किया गया था।
- कार्यकाल-30 जून, 2023 तक।
- इस स्थान पर वह टीसी सुशील कुमार का स्थान ग्रहण किया।
- गौरतलब है कि एलआईसी में चार एमडी और एक अध्यक्ष होते हैं।
- अन्य 3 एमडी विपिन आनंद, मुकेश गुप्ता और राजकुमार हैं।
- जबकि एम.आर. कुमार एलआईसी के अध्यक्ष हैं।
- एलआईसी सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी है।
- इसकी स्थापना 1 सितंबर, 1956 को हुई थी।
- इसका मुख्यालय मुंबई में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/siddhartha-mohanty-takes-charge-as-md-of-lic/article33724070.ece

एसबीआई कार्ड एंड पेमेंट सर्विसेज के नए एमडी एवं सीईओ

प्रश्न-30 जनवरी, 2021 को किसने एसबीआई कार्ड एवं पेमेंट सर्विसेज (एसबीआई कॉर्ड) के नए एमडी एवं सीईओ के रूप मे पदभार ग्रहण किया?

(a) विजय डिसूजा (b) राम मनोहर राव अमारा (c) हरदयाल प्रसाद (d) दीपा गौतम

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 30 जनवरी, 2021 को राममोहन राव अमारा ने एसबीआई कार्ड एवं पेमेंट सर्विसेज (एसबीआई कार्ड) के नए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- इनका कार्यकाल 2 वर्ष का होगा। (शेयरधारकों के अनुमान के अधीन)
- इस पद पर इन्होंने अश्वनी कुमार तिवारी का स्थान लिया।
- इससे पूर्व वह एसबीआई भोपाल, सर्किल के मुख्य महाप्रबंधक थे।
- एसबीआई कॉर्ड की स्थापना वर्ष 1998 में हुई थी।
- इसका मुख्यालय गुरुग्राम (हरियाणा) मे है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/companies/people/sbi-appoints-rama-mohan-rao-amara-as-the-md-and-ceo-of-sbi-card-11611997611323.html

बूटा सिंह

प्रश्न-2 जनवरी, 2021 को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री बूटा सिंह का निधन हो गया है। उनसे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) वह वर्ष 1986-1989 तक देश के गृह मंत्री रहे।

(ii) वह वर्ष 2004 से 2006 तक राजस्थान के राज्यपाल रहे।

(iii) वह 2007-2010 तक राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष रहे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं?

(a) केवल (i) एवं (iii) (b) केवल (ii) एवं (iii)

(c) केवल (ii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 2 जनवरी, 2021 को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री बूटा सिंह का निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे।
- उनका जन्म 21 मार्च,1934 को मुस्तफापुर, जालंधर जिला, पंजाब (ब्रिटिश इंडिया) में हुआ था।
- वह वर्ष 1986-1989 तक देश के गृहमंत्री रहे।
- इसके अलावा, वह विभिन्न मंत्रालयों जैसे- कृषि, रेल, संसदीय कार्य तथा खेल मंत्री रहे।
- वह वर्ष 2004 से 2006 तक बिहार के राज्यपाल रहे।
- वह वर्ष 2007-2010 तक राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/cities/Delhi/former-home-minister-buta-singh-passes-away/article33478228.ece

सेल (SAIL) के नए अध्यक्ष

प्रश्न-1 जनवरी,2021 को किसने भारतीय इस्पात प्राधिकरण लि. (सेल) के नए अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया?

(a) राजीव चौधरी (b) अनिल कुमार चौधरी
(c) सोमा मंडल (d) सुनीत शर्मा

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 1 जनवरी, 2021 को सोमा मंडल ने भारतीय इस्पात प्राधिकरण लि. (SAIL: Steel Authority of India Ltd) के नए अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला हैं।
- इन्होंने मार्च, 2017 में बतौर निदेशक (वाणिज्यिक) के रूप में सेल में ज्वाइन किया था।
- इस पद पर इन्होंने अनिल कुमार चौधरी का स्थान लिया।
- सेल के बारे में-यह भारत में इस्पात निर्माण में लगी सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख कंपनी है।
- यह एक महारत्न दर्जा प्राप्त कंपनी है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1954 में हुई थी।
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sail.co.in/en/sail-news/smt-soma-mondal-assumes-charge-chairman

वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टॉफ

प्रश्न-जनवरी, 2021 में केंद्र सरकार ने किसे वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टॉफ नियुक्त किया?

(a) ले. जनरल दीपक अरोड़ा (b) ले. जनरल एस.के. बैनी

(c) ले. जनरल चंडी प्रसाद मोहंती (d) ले. जनरल राम कुमार

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2021 में केंद्र सरकार ने ले. जनरल चंडी प्रसाद मोहंती को वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टॉफ नियुक्त किया।
- उन्होंने 1 फरवरी, 2021 को पदभार ग्रहण किया।
- इस पद पर वह ले. जनरल एस.के. सैनी का स्थान लेंगे।
- वर्तमान में वह सदर्न आर्मी कमांडर (Southern Army Commander) हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=409038

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के नए अध्यक्ष

प्रश्न-6 फरवरी, 2021 को केंद्र सरकार द्वारा किसे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया?

(a) रमेश भार्गव (b) दीपक अग्रवाल (c) लव अग्रवाल (d) एस.एन. सुब्रह्मण्यन

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 6 फरवरी, 2021 को केंद्र सरकार द्वारा एस.एन. सुब्रह्मण्यन को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (National Safety Council) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
- इस पद पर उनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा।
- वह देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग कंपनियों में से एक एलएंडटी लि. के सीईओ और प्रबंध निदेशक हैं।अध्यक्ष के रूप में वह राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का मार्गदर्शन करेंगे, जो नई व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यशर्तों, 2020 (ओएसएच कोड, 2020) के तहत कार्य स्थानों में सुरक्षा सुनिश्चित करने में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक प्रमुख भूमिका निभाएगा।
- राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद देश में ओएसएच को नियंत्रित करने वाली नियमों को फिर से बनाने में डीजीएफएएसएलआई की सहायता करेगी, जिसको 50 वर्षों से अपडेट नहीं किया गया है।

- ओएसएच कोड के तहत थर्ड पार्टी ऑडिट और प्रमाणन के लिए योजना तैयार करने में एनएससी भी शामिल होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1695721

प्रसारण सामग्री शिकायत परिषद (BCCC) के अध्यक्ष

प्रश्न-जनवरी, 2021 में प्रसारण सामग्री शिकायत परिषद (BCCC) के नए अध्यक्ष नियुक्त हुए?

(a) न्यायमूर्ति विक्रमजीत सेन (b) न्यायमूर्ति शिवकीर्ति सिंह

(c) न्यायमूर्ति दीपक अग्रवाल (d) न्यायमूर्ति गीता मित्तल

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2021 में इंडियन ब्रॉडकास्टिंग फाउंडेशन (IBF) के निदेशक मंडल द्वारा जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गीत मित्तल को प्रसारण सामग्री शिकायत परिषद (Broadcasting content Complaints Council : BCCC) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया।वह इस पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला हैं।
- वह जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश भी थीं।
- इस पद वह न्यायमूर्ति विक्रमजीत सेन का स्थान लेंगी।
- उल्लेखनीय है कि जून, 2011 में इंडियन ब्रॉडकॉस्टिंग फाउंडेशन (IBF) द्वारा स्थापित यह परिषद भारत में सभी गैर-समाचार सामान्य मनोरंजन चैनलों से संबंधित शिकायतों को देखने के लिए एक स्व-नियामक निकाय है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.ibfindia.com/

न्यायमूर्ति पंकज मिथल

प्रश्न-4 जनवरी, 2021 को न्यायमूर्ति पंकज मिथल ने किस उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण किया?

(a) जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय (b) मद्रास उच्च न्यायालय

(c) झारखंड उच्च न्यायालय (d) आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 4 जनवरी, 2021 को न्यायमूर्ति पंकज मिथल ने केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख के साझा न्यायालय' 'जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण किया।जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उन्हें पद की शपथ दिलाई।
- इस पद पर इन्होंने न्यायमूर्ति गीता मित्तल का स्थान लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=Pankaj-Mithal-takes-oath-as-new-chief-justice-of-J%26K-and-Ladakh-high-court&id=407250

एनसीसी के नए महानिदेशक

प्रश्न-1 जनवरी, 2021 को किसने राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) के 33वें महानिदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया?

(a) लेफ्टिनेंट जनरल तरुण कुमार आइच (b) लेफ्टिनेंट जनरल प्रवीण कुमार
(c) लेफ्टिनेंट जनरल पी.पी. मल्होत्रा (d) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चोपड़ा

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 1 जनवरी, 2021 को लेफ्टिनेंट जनरल तरुण कुमार आइच ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) के 33वें महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया।उन्हें वर्ष 1986 में मद्रास रेजिमेंट में कमीशन किया गया था।इस पद पर इन्होंने ले. जनरल राजीव चोपड़ा का स्थान लिया।
- उल्लेखनीय है कि विश्व में युवा कैडेटों के सबसे पुराने संगठन एनसीसी की स्थापना राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिनियम, 1948 के तहत हुई थी।एनसीसी का ध्येय वाक्य (Motto)- 'एकता और अनुशासन' है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thestatesman.com/features/lt-gen-tarun-kumar-aich-takes-dg-ncc-1502944474.html

डॉ.के. सिवान

प्रश्न- दिसंबर, 2021 को केंद्र सरकार ने इसरो के अध्यक्ष डॉ.के. सिवान के कार्यकाल में कितने वर्ष की बढ़ोतरी की?

(a) 1 वर्ष (b) 2 वर्ष (c) 3 वर्ष (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में केंद्र सरकार ने इसरो के अध्यक्ष डॉ. के. सिवान के कार्यकाल में बढ़ोत्तरी को मंजूरी दी।
- उनके कार्यकाल में 1 वर्ष की बढ़ोतरी की गई है।
- वह 14 जनवरी, 2021 को सेवानिवृत्त होने वाले थे।
- कार्यकाल बढ़ाए जाने के बाद वह अब 14 जनवरी, 2022 तक इस पद पर बने रहेंगे।
- वह जनवरी, 2018 में इसरो के अध्यक्ष नियुक्त हुए थे।
- साथ ही, वह अंतरिक्ष विभाग के सचिव और अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष भी बने रहेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/tech/tech-bytes/isro-chairman-k-sivan-gets-one-year-extension-till-january-2022/articleshow/80031663.cms?from=mdr

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) के नए सीईओ

प्रश्न-जनवरी 2021में केंद्र सरकार ने किसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया?

(a) राकेश चंद्रा (b) प्रदीप कुमार (c) डॉ. दिनेश अरोड़ा (d) आर.एस. शर्मा

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2021 में ट्राई के पूर्व अध्यक्ष आर.एस. शर्मा राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त हुए।
- इस पद पर वह इंद्रभूषण का स्थान लेंगे।
- ध्यातव्य है कि NHA 'आयुष्मान भारत योजना' नामक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना का क्रियान्वयन करता है।

- उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 10 करोड़ गरीब परिवारों को 5 लाख रुपये (प्रतिवर्ष) तक का इलाज करने की सुविधा देने की योजना है।
- 23 सितंबर 2018 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रांची, झारखंड में इस योजना को लान्च किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/rs-sharma-to-head-ayushman-bharat/article33686380.ece#

चर्चित स्थल

महाराजा सुहेलदेव स्मारक और चित्तौरा झील के विकास कार्यों का शिलान्यास

प्रश्न-16 फरवरी, 2021 को प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कहां पर महाराजा सुहेलदेव स्मारक और चित्तौरा झील के विकास कार्यों का शिलान्यास किया?

(a) मांडू (b) ग्वालियर (c) बहराइच (d) अजमेर

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महाराजा सुहेलदेव स्मारक और चित्तौरा झील के विकास कार्यों की आधारशिला रखी।
- इसके साथ ही उन्होंने महाराजा सुहेलदेव के नाम पर एक मेडिकल कॉलेज भवन का भी उद्घाटन किया।
- 17 वीं शताब्दी के फारसी भाषा के ऐतिहासिक कल्पित कथा 'मिरात-ए-मसूदी' के अनुसार, महाराजा सुहेलदेव 11वीं सदी में श्रावस्ती के राजा थे।
- उन्होंने महमूद गजनवी के सेनापति सैयद सालार मसूद गाजी को युद्ध में हराया था।
- ब्रिटिश गजटियर के अनुसार, वह राजपूत राजा था, जिन्होंने 21 राजाओं का संघ बनाकर मुस्लिम बादशाहों के विरुद्ध लड़ाई लड़ी थीं।
- गाजी मसूद की कब्र बहराइज जिले में बनाई गई थी।
- जहां पर प्रतिवर्ष मई माह में प्रसिद्ध सैयद सालार का मेला लगता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1698378

डायनों एडवेंचर पार्क एवं फॉसिल्स म्यूजियम

प्रश्न-डायनों एडवेंचर पार्क एवं फॉसिल्स म्यूजियम कहां स्थित है?

(a) पन्ना (b) शहडोल (c) मांडू (d) खजुराहो

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 13 फरवरी, 2021 को मध्य प्रदेश की पर्यटन, संस्कृति एवं अध्यात्म मंत्री उषा ठाकुर ने नवनिर्मित डायनों एडवेंचर पार्क एवं फॉसिल्स म्यूजियम का शुभारंभ किया।
- यह एडवेंचर पार्क एवं फॉसिल्स म्यूजियम मांडू में बनाया गया है।
- ज्ञातव्य है कि डायनासोर एडवेंचर पार्क देश का पहला आधुनिक फॉसिल्स पार्क है।
- यहां पर डायनासोर के जीवन से जुड़ी जानकारी के साथ ही पार्क में डायनासोर के रखे 24 अंडे और अन्य फॉसिल्स के साथ पर्यटकों को एक बड़ा पत्थर भी देखने की मिलेगा जिसे बाजना पत्थर के नाम से जाना जाता है॥
- इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने 59 लाख रुपये की लागत राशि से निर्मित एस्ट्रो पार्क भवन का भूमि-पूजन भी किया।
- इसी के साथ 3 दिवसीय मांडू त्योहार का समापन हो गया, जिसकी थीम थी-'खोजने में खो जाओ'।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.freepressjournal.in/indore/madhya-pradesh-mandu-festival-kicks-off-dino-adventure-park-and-fossils-museum-steal-the-show

भारत का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम

प्रश्न-भारत का सबसे बड़ा हॉकी स्टेडियम कहां बनाया जा रहा है?

(a) पटियाला (b) नई दिल्ली (c) भुवनेश्वर (d) राउरकेला

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राउरकेला में भारत के सबसे बड़े हॉकी स्टेडियम की आधारशिला रखी।
- यह नया स्टेडियम बीजू पटनायक प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (BPUT) के परिसर में स्थित होगा।
- इस स्टेडियम की दर्शक क्षमता 20,000 होगी।
- इस स्टेडियम का नाम प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के नाम पर रखा जाएगा।

- यह स्टेडियम भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम के साथ संयुक्त रूप से पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 की मेजबानी करेगा।
- वर्ष 2023 में पुरुष हॉकी विश्व कप भारत में प्रस्तावित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.olympicchannel.com/en/stories/news/detail/indian-hockey-stadium-largest-rourkela-odisha-2023-world-cup-naveen-patnaik/

डाकुओं पर आधारित पुलिस संग्रहालय

प्रश्न-मध्य प्रदेश के किस जिले में स्थित पुलिस मुख्यालय में शीघ्र ही डाकुओं पर एक अनूठे संग्रहालय की स्थापना की जाएगी?

(a) ग्वालियर (b) शिवपुरी (c) भिंड (d) सतना

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार शीघ्र ही मध्य प्रदेश के भिंड में स्थित पुलिस मुख्यालय में डाकुओं पर एक अनूठे संग्रहालय की स्थापना की जाएगी।
- इस संग्रहालय में कई अनोखी वस्तुओं का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें फूलन देवी और निर्भय गुज्जर आदि से संबंधित वस्तुएं शामिल है।
- इस संग्रहालय का उद्देश्य डाकुओं का सम्मान करना अथवा उनकी प्रशंसा करना नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य डाकुओं के अपराधों को रोकने के लिए पुलिस द्वारा किए बलिदानों को उजागर करना है।
- इस संग्रहालय में कुख्यात डाकुओं द्वारा की गई हत्याओं, लूट और अपरहरण के मामलों में विगत पांच दशकों में पुलिस द्वारा एकत्र किए गए कम-से-कम 2000 डिजिटल रिकॉर्ड और सामग्री को संकलित किया जाएगां

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/india/phoolan-devi-nirbhay-gujjar-in-chambal-a-police-museum-on-dacoits-7184907/

कोविड-19 योद्धा स्मारक

प्रश्न-किस राज्य में कोविड-19 योद्धा स्मारक (कोविड-19 वारियर मेमोरियल) का निर्माण किया जाएगा?

(a) हरियाणा (b) ओडिशा (c) राजस्थान (d) मध्य प्रदेश

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 8 फरवरी, 2021 को ओडिशा के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने घोषणा की कि सरकार भुवनेश्वर में 'कोविड-19 योद्धा स्मारक' (कोविड-19 वारियर मेमोरियल) का निर्माण करेगी।
- यह स्मारक बीजू पटनायक पार्क में स्थापित किया जाएगा।
- इस स्मारक के निर्माण का उद्देश्य उन फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के बलिदान और निस्वार्थ सेवा को पहचान प्रदान करना और उन्हें सम्मानित करना है, जिन्होंने महामारी से लड़ते हुए अपनी जान गंवा दी थी।
- राज्य के निर्माण विभाग को इस स्मारक के निर्माण के लिए नोडल विभाग बनाया गया है।
- 15 अगस्त, 2021 को इस समारक का उद्घाटन होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.businessworld.in/article/Odisha-to-construct-COVID-Warrior-Memorial-/08-02-2021-375271/

एक्वा पुनर्जीवन संयंत्र

प्रश्न-23 जनवरी, 2021 को सीएसआईआर-सीएमईआरआई के निदेशक प्रोफेसर डॉ. हरीश हिरानी ने कहां 'एक्वा रेजुव' का उद्घाटन किया?

(a) भिलाई (b) दुर्गापुर (c) बंगलुरू (d) हैदराबाद

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 23 जनवरी, 2021 को सीएसआईआर-सीएमईआरआई के निदेशक प्रोफेसर डॉ. हरीश हिरानी ने दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल में स्थित सीएसआईआर-सीएमईआरआई कॉलोनी में 'एक्वा रेजुव' का उद्घाटन किया।

- सीएसआईआर सेंट्रल मैकेनिकल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट ने पहली बार अपशिष्ट जल के शोधन के इस तकनीकी मॉडल का अनावरण किया है, जो सिंचाई/खेती के उद्देश्यों के लिए अपशिष्ट जल को शुद्ध करता है।
- एक्वा पुनर्जीवन संयंत्र (एआरपी) अपशिष्ट जल के पुनर्जीवन का एक एकीकृत मॉडल है, जिसमें शुद्धि के विभिन्न मापदंडों के आधार पर अपशिष्ट जल के व्यापक शोधन हेतु एक-6 स्तरीय शुद्धिकरण प्रणाली का समावेश है।
- एआरपी का उपयोग करके लगभग 24,000 लीटर पानी को साफ किया जा सकता है, जो कि लगभग 4 एकड़ कृषि भूमि (पानी की जारूरतों में मौसम के हिसाब से बदलाव को छोड़कर) के लिए पर्याप्त होगा।
- इस संयंत्र में उपयोग किए जाने वाले फिल्ट्रेशन मीडिया को विशेष रूप से भारत में नाली के पानी से जुड़े मानदंडों को संभालने के लिए विकसित किया गया है।
- इस प्रणाली का दोहरा लाभ होता है, एक ओर जहां शोधित पानी का उपयोग सिंचाई के उद्देश्य से किया जाता है, वहीं फिल्टर किए गए गाद को खाद या उर्वरक के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1691622

देहरादून में होगी साइंस सिटी की स्थापना

प्रश्न-देहरादून में साइंससिटी की स्थापना हेतु हाल ही में उत्तराखंड एवं केंद्र सरकार के बीच हुए समझौता ज्ञापन के अनुसार होने वाली व्यय राशि क्या है?

(a) 383 करोड़ रुपये (b) 253 करोड़ रुपये

(c) 173 करोड़ रुपये (d) 143 करोड़ रुपये

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 05 फरवरी, 2021 को केंद्र सरकार और उत्तराखंड सरकार ने देहरादून में 173 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जाने वाले साइंससिटी की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- यह समझौता ज्ञापन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया।
- इस समझौता ज्ञापन (MoU) पर उत्तराखंड स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नâोलॉजी (UCOST) तथा नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस म्यूजियम (NCSM) ने हस्ताक्षर किए।

- ज्ञातव्य हो कि राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (National Council of Science Museums-NCSM) भारतीय संस्कृति मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन है।
- समझौता ज्ञापन (MoU) पर NCSM के निदेशक समरेंद्र कुमार तथा UCOST के प्रबंध निदेशक राजेंद्र डोभाल द्वारा हस्ताक्षर किए गए।
- इस परियोजना को पूरा होने में चार साल लगेंगे जिसमें केंद्र सरकार द्वारा 88 करोड़ रुपये की तथा राज्य सरकार 85 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराएगी।
- मुख्यमंत्री श्री रावत ने इस अवसर पर कहा कि साइंससिटी परियोजना को सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने हेतु विशेष प्रयासों की आवश्यकता होगी।
- श्री रावत के अनुसार यह परियोजना भारत की वैज्ञानिक विरासत को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।
- उन्होंने बताया कि परियोजना के लिए भूमि का चयन आगंतुकों (Visitors) और छात्रों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/mou-signed-between-ukhand-govt-centre-for-science-city-in-dehradun/2024268

विश्व का सबसे बड़ा पवन ऊर्जा संयंत्र

प्रश्न-विश्व का सबसे बड़ा पवन ऊर्जा संयंत्र (Offshore Wind Farm) किस देश में स्थापित किया जाएगा, जिसकी अधिकतम क्षमता 8.2 गीगावॉट होगी?

(a) जापान (b) ब्रिटेन (c) दक्षिण कोरिया (d) स्वीडन

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे-इन ने वर्ष 2030 तक देश में विश्व का सबसे बड़ा पवन ऊर्जा संयंत्र (Offshore Wind Farm) का निर्माण करने से संबंधित योजना को मंजूरी प्रदान करने की घोषणा की।
- यह परियोजना कोविड-19 महामारी से पर्यावरण के अनुकूल रिकवरी करने और वर्ष 2050 तक कार्बन तटस्थ बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के कदम की ओर तेजी से बढ़ने में मददगार होगी।
- इस पवन ऊर्जा संयंत्र की स्थापना दक्षिण-पश्चिमी तटीय शहर सिनान में की जाएगी।
- इसकी अधिकतम क्षमता 8.2 गीगावॉट होगी।

- इस परियोजना की अनुमानित लागत राशि लगभग 48 ट्रिलियन वोन (लगभग 43 बिलियन डॉलर) होगी।
- वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा अपतटीय पवन फॉर्म ब्रिटेन में हॉर्नसी 1 है, जिसकी क्षमता 1.12 गीगावॉट (1218 मेगावॉट) है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.power-technology.com/news/south-korea-plans-build-43bn-offshore-wind-farm/

विश्व का पहला ऊर्जा द्वीप

प्रश्न-विश्व के पहले ऊर्जा द्वीप के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) फरवरी, 2021 में डेनमार्क ने विश्व का पहला ऊर्जा द्वीप बनाने की योजना को मंजूरी प्रदान की।

(b) इस ऊर्जा द्वीप का निर्माण बाल्टिक सागर में किया जाएगा।

(c) इस ऊर्जा द्वीप का उपयोग 3 मिलियन यूरोपीय घरों की बिजली आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त हरित ऊर्जा का उत्पाद और भंडारण करने के लिए किया जाएगा।

(d) पवन टरबाइन से घिरे इस ऊर्जा द्वीप की प्रारंभिक क्षमता 3 गीगावॉट होगी।

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में डेनमार्क ने विश्व का पहला ऊर्जा द्वीप बनाने की योजना को मंजूरी प्रदान की है।
- इस ऊर्जा द्वीप का निर्माण उत्तरी सागर में किया जाएगा।
- इस ऊर्जा द्वीप का उपयोग लगभग 3 मिलियन यूरोपीय घरों की बिजली आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त हरित ऊर्जा (Green Energy) का उत्पादन और भंडारण करने के लिए किया जाएगा।
- यह कृत्रिम द्वीप अपने प्रारंभिक चरण में 18 फुटबॉल मैदानों के बराबर (120000 वर्ग मीटर) होगा, किंतु इसके आकार के 3 गुना होने की उम्मीद है।
- यह ऊर्जा द्वीप सैकड़ों अपतटीय पवन टर्बाइनों से जुड़ा होगा और शिपिंग, विमानन, उद्योग और भारी परिवहन में उपयोग हेतु ग्रीन हाइड्रोजन आपूर्ति करेगा।
- यह कई यूरोपीय देशों से जुड़ा होगा।
- इसका निर्माण डेनमार्क के पश्चिमी तट से 80 किमी. दूर किया जाएगा।

- यह डेनिश इतिहास की सबसे बड़ी निर्माण परियोजना है, जिसकी अनुमानित लागत राशि 210 बिलियन डेनिश क्रोनर (लगभग 34 बिलियन डॉलर) होगी।
- पवन टरबाइन से घिरे इस ऊर्जा द्वीप की प्रारंभिक क्षमता 3 गीगावॉट होगी। यह क्षमता बाद में 10 गीगावॉट तक बढ़ जाएगी।
- डेनमार्क ने वर्ष 2033 तक इस ऊर्जा द्वीप को चालू करने की योजना बनाई है।
- डेनमार्क ने 1990 के स्तरों की तुलना में वर्ष 2030 तक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में 70 प्रतिशत तक कटौती करने के प्रयास के रूप में इसके निर्माण का निर्णय लिया है, जो देश का सबसे महत्वाकांक्षी लक्ष्य है तथा कानूनन बाध्यकारी है।
- यह केवल डेनमार्क के लिए अपितु अन्य पड़ोसी देशों के बिजली ग्रिडों के लिए भी बिजली आपूर्ति करेगा।
- डेनमार्क ने इससे पहले मुख्य भूमि के पूर्व में बाल्टिक सागर में बोर्नहोम में एक छोटे द्वीप के निर्माण की योजना बनाई है।
- डेनमार्क का लक्ष्य वर्ष 2050 तक देश को Co2 तटस्थ बनाना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.bbc.com/news/world-europe-55931873

कलिवेली वेटलैंड्स

प्रश्न-फरवरी, 2021 में कलिवेली वेटलैंड्स को वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत पक्षी अभयारण्य घोषित करने की घोषणा की गई है। यह वेटलैंड्स किस राज्य में स्थित है?

(a) केवल (b) कर्नाटक (c) आंध्र प्रदेश (d) तमिलनाडु

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में तमिलनाडु में विल्लुपुरम जिला प्रशासन द्वारा वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत कलिवेली वेटलैंड्स (Kaliveli Wetlands) को पक्षी अभयारण्य घोषित करने की घोषणा की गई।
- पहली घोषणा वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 18 के तहत जारी की गई थी।
- कलिवेली वेटलैंड्स पुलिकट झील के बाद दक्षिण भारत की दूसरी सबसे बड़ी खारे पाने की झील है।
- यह वैटलैंड्स (आर्द्रभूमि) पारिस्थितिकी रूप से महत्वपूर्ण है।
- यह 670 वर्ग किमी. क्षेत्र में फैली हुई है।

- कलिवेली झील उप्पुकल्ली क्रीक और इदायनथिट्टु (Edayanthittu) अभयारण्य के माध्यम से बंगाल की खाड़ी से जुड़ी हुई है।
- इस वेटलैंड्स (आर्द्रभूमि) के दक्षिणी भाग को वर्ष 2001 में आरक्षित भूमि घोषित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/tamil-nadu/move-to-declare-kaliveli-wetlands-a-sanctuary-first-declaration-issued/article33739194.ece

देश का पहला कोरोना मुक्त केंद्रशासित प्रदेश

प्रश्न-फरवरी, 2021 में देश का पहला कोरोना मुक्त घोषित होने वाला केंद्रशासित प्रदेश कौन है?

(a) लद्दाख (b) अंडमान निकोबार द्वीप समूह

(c) पुडुचेरी (d) लक्षद्वीप

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में अंडमान निकोबार द्वीप समूह में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या शून्य होने के साथ ही यह देश का पहला कोरोना मुक्त केंद्रशासित प्रदेश बन गया है।
- स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, इस द्वीप समूह में चारों रोगी ठीक हो गए हैं।
- इस केंद्रशासित प्रदेश में कुल 4932 मामले सामने आए थे, जिनमें से 62 लोगों की मौत हो गई थी।
- इस द्वीप समूह में संक्रमण का पहला मामला 10 जून, 2020 को सामने आया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=Andaman-and-Nicobar-Islands-becomes-first-Union-Territory-to-be-corona-free&id=409118

असम राज्य में पहला हेलीपोर्ट

प्रश्न-4 फरवरी, 2021 को असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने राज्य के पहले हेलीपोर्ट का उद्घाटन किया। यह हेलीपोर्ट किस जिले में बनाया गया है?

(a) माजुली (b) शिवसागर (c) कामरूप (d) कार्बी आंगलोंग

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2021 को असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने माजुली जिले में निर्मित राज्य के पहले हेलीपोर्ट का उद्घाटन किया।इस हेलीपोर्ट की निर्माण लागत राशि 50 लाख रुपये है।
- इस पर एक ही समय में तीन हेलीकॉप्टरों के उतरने की व्यवस्था है।
- माजुली में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस हेलीपोर्ट का निर्माण किया गया।
- माजुली विश्व का सबसे बड़ा नदी द्वीप है।
- यह द्वीप ब्रह्मपुत्र नदी के मध्य में स्थित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=409239

माउंट मेरापी

प्रश्न-27 जनवरी, 2021 को ज्वालामुखी माउंट मेरापी में विस्फोट प्रारंभ हुआ। यह ज्वालामुखी किस देश में स्थित है?

(a) इटली (b) अमेरिका (c) जापान (d) इंडोनेशिया

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 27 जनवरी, 2021 को इंडोनेशिया में स्थित ज्वालामुखी माउंट मेरापी में विस्फोट प्रारंभ हुआ।
- यह ज्वालामुखी लगभग 2,900 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।
- इंडोनेशिया के घनी आबादी वाले द्वीप जावा और वहां के प्राचीन शहर योग्याकार्ट के पास यह ज्वालामुखी स्थित है।माउंट मेरापी इंडोनेशिया में स्थित दर्जनों ज्वालामुखी में से एक है और विगत कुछ वर्षों से इसमें लगातार विस्फोट हो रहा है।
- वर्ष 2010 में इस ज्वालामुखी में हुए विस्फोट में 347 लोगों की मृत्यु हो गई थी।
- इंडोनेशिया रिंग ऑफ फायर या प्रशांत महासागरीय मेखला में स्थित है, जिसके कारण यहां कई सक्रिय ज्वालामुखी पाए जाते हैं और यह क्षेत्र भूकंप प्रवण क्षेत्र के अंतर्गत आता है।
- रिंग ऑफ फायर प्रशांत महासागर के चारों ओर का एक ऐसा क्षेत्र हैं, जहां विवर्तनिक प्लेटें आपस में मिलती हैं।उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर स्थित 'माउंट सेमरु' में भी विस्फोट हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/world/story/indonesia-s-most-active-volcano-mt-merapi-erupts-again-unleashing-river-of-lava-1763279-2021-01-27

देश के सबसे ऊंचे मौसम विज्ञान केंद्र का उद्घाटन

प्रश्न-29 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहां पर देश के सबसे ऊंचे मौसम विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया?

(a) सियाचीन (b) लेह (c) मसूरी (d) मनाली

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 29 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. हर्षवधन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लेह में मौसम विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया।
- 3500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह मौसम विज्ञान केंद्र देश में सबसे ऊंचाई पर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र होगा।
- इस केंद्र की स्थापना लद्दाख क्षेत्र में मौसम संबंधी कोई भी सूचना अथवा चेतावनी को समय से पूर्व लोगों तक पहुंचाने की प्रणाली को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है।
- ये केंद्र नुब्रा, चांगथांग, पैंगोंग झील, झंस्कार, कारगिल, द्रास, धा-बैमा (आर्यनघाटी), खलसी जैसे प्रमुख पर्यटन स्थालों के मौसम के पूर्वानुमान की सुविधा प्रदान करेगा।
- इस केंद्र में उपलब्ध कराई जाने वाली कुछ प्रमुख सेवाओं में राजमार्ग पूर्वानुमान, पर्वतारोहण पूर्वानुमान, ट्रेकिंग, कृषि अचानक से आने वाली बाढ़ की चेतावनी, न्यूनतम और अधिकतम तापमान जैसी सेवाएं शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1684553

पुरस्कार/सम्मान

ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट अवॉर्ड, 2020-21

प्रश्न-5 फरवरी, 2021 को घोषित ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट अवॉर्ड, 2020-21 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) स्टीव स्मिथ ने तीसरी बार एलन बॉर्डर पदक जीता है।

(b) महिला क्रिकेटर बेथ मूनी ने पहली बार बेलिंडा क्लार्क पुरस्कार जीता है।

(c) मेल टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर पैट कमिंस चुने गए हैं।

(d) मेल वनडे इंटरनेशनल प्लेयर ऑफ द ईयर एश्टन एगर को चुना गया है।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2021 को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के शीर्ष पुरस्कारों की घोषणा की गई।
- स्टीव स्मिथ ने तीसरी बार एलन बॉर्डर पदक जीता है।
- इससे पूर्व उन्होंने 2015 और 2018 में यह पुरस्कार जीता था।
- रिकी पोटिंग और माइकल क्लार्क ने 4-4 बार यह पदक जीता है।
- महिला क्रिकेटर बेथ मूनी ने पहली बार बेलिंडा क्लार्क पुरस्कार जीता है।
- इन पुरस्कारों का चयन मतदान प्रक्रिया के आधार पर हुआ है।
- अन्य प्रदत्त पुरस्कार इस प्रकार हैं-
- मेल वनडे इंटरनेशनल प्लेयर ऑफ द ईयर-स्टीव स्मिथ
- फीमेल वनडे इंटरनेशनल प्लेयर ऑफ द ईयर-राचेल हेन्स
- मेल टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर-पैट कमिंस
- मेल टी-20 इंटरनेशनल प्लेयर ऑफ द ईयर-एश्टन एगर
- फीमेल टी 20 इंटरनेशनल प्लेयर ऑफ द ईयर-बेथ मूनी
- फीमेल डोमेस्टिक प्लेयर ऑफ इ ईयर-एलिसे विलानी
- मेल डोमेस्टिक प्लेयर ऑफ द ईयर-शॉन मार्श

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cricketaustralia.com.au/about/awards-and-events/australian-cricket-awards

फेमिना मिस इंडिया-2020

प्रश्न-10 फरवरी, 2021 को हयात रेजेंसी होटल, मुंबई में संपन्न फेमिना मिस इंडिया, 2020 का खिताब किसने जीता?

(a) मानसा वाराणसी (b) मान्या सिंह (c) खुशी मिश्रा (d) मनिका शिवोकंड

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 10 फरवरी, 2021 को 87वें फेमिना मिस इंडिया, 2020 सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन हयात रेजेंसी होटल, मुंबई में संपन्न हुआ।
- इस प्रतियोगिता में मानसा वाराणसी (Manasa Varansi) ने फेमिना मिस इंडिया, 2020 का खिताब जीता।

- उत्तर प्रदेश की मान्या सिंह को इस प्रतियोगिता में उपविजेता (First Runner- up) घोषित किया गया।
- प्रतियोगिता में फेमिना मिस ग्रैंड इंडिया 2020 का खिताब हरियाणा की मनिका सियोकंड (Mankika Sheokand) को दिया गया।
- इस प्रतियोगिता में 31 प्रतियोगियों ने भाग लिया था।
- इस प्रतियोगिता का आयोजन बेनेट कोलमैन एंड कंपनी द्वारा प्रकाशित पत्रिका 'फेमिना' द्वारा किया जाता है।
- ज्ञातव्य है कि 'फेमिना मिस इंडिया 2019' का खिताब राजस्थान की सुमन राव ने जीता था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/entertainment/telanganas-manasa-varanasi-crowned-vlcc-femina-miss-india-world-2020/article33806699.ece

गणतंत्र दिवस परेड में उत्तर प्रदेश की झांकी ने प्रथम पुरस्कार जीता

प्रश्न-26 जनवरी, 2021 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित परेड में उत्तर प्रदेश द्वारा प्रस्तुत किस झांकी को राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की श्रेणी में पहला पुरस्कार मिला?

(a) मथुरा: उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर (b) अयोध्या उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर (c) वाराणसी: उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर

(d) आगरा: उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 26 जनवरी, 2021 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित परेड में उत्तर प्रदेश द्वारा प्रस्तुत अयोध्या: उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर, विषयक झांकी को राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की श्रेणी में पहला पुरस्कार मिला।
- इसमें प्राचीन पवित्र शहर अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत, राम मंदिर की प्रकृति, 'दीपोत्सव' की झलक और रामायण महाकव्य की विभिन्न कहानियों को झांकी में दर्शाया गया था।
- त्रिपुरा की झांकी ने दूसरा तथा उत्तराखंड की झांकी 'देवभूमि-देवताओं की भूमि' ने तीसरा पुरस्कार जीता।
- केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (CPWD) की झांकी 'अमर जवान' विषय पर आधारित सशस्त्र बलों के शहीद हुए नायकों को श्रद्धांजलि देने के लिए विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सेना का वीरता पुरस्कार-2021

प्रश्न-25 जनवरी, 2021 को केंद्र सरकार द्वारा सेना के वीरता पुरस्कार की घोषणा की गई। इसमें किसे 'महावीर चक्र' से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई?

(a) कर्नल बी. सतोष बाबू (b) ले.जनरल तरनजीत सिंह

(c) कर्नस गुरमीत सिंह (d) कर्नल राजेंद्र नायर

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 25 जनवरी, 2021 को केंद्र सरकार ने सेना के वीरता पुरस्कार की घोषणा की।
- इसमें शामिल प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार हैं-

(i) महावीर चक्र-कर्नल बी. संतोष बाबू (मरणोपरांत)

- यह पुरस्कार युद्ध के समय वीरता दिखाने वाले सैनिकों को प्रदान किया जाता है।
- यह सम्मान सैनिकों और असैनिकों को असाधारण वीरता दिखाने के लिए दिया जाता है।
- वरीयताक्रम में यह 'परमवीर चक्र' के बाद आता है।
- यह पुरस्कार वर्ष 2001 के बाद पहली बार दिया गया।
- उल्लेखनीय है कि कर्नल बी. संतोष बाबू गलवान घाटी में ऑपरेशन 'स्नो लेपर्ड' के दौरान चीन के पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के साथ हुई झड़प में शहीद हो गए थे।
- कीर्ति चक्र-संजीव कुमार (मरणोपरांत)
- शौर्य चक्र-

(i) मेजर अनुज सूद

(ii) प्रणब ज्योति दास

(iii) सोनम तेशरिंग तमांग

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1692350

सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार, 2021

प्रश्न-23 जनवरी, 2021 को केंद्र सरकार द्वारा किसे व्यक्तिगत श्रेणी में आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार, 2021 के लिए चुना गया?

(a) कुमार मन्नान सिंह (b) डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन

(c) डॉ. राजेंद्र कुमार भंडारी (d) डॉ. रमेश चंद

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 23 जनवरी, 2021 को केंद्र सरकार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती के अवसर पर सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार, 2021 की घोषणा की।
- यह पुरस्कार दो श्रेणियों - संस्थागत तथा व्यक्तिगत श्रेणी में दिया जाता है।
- संस्थागत श्रेणी में यह पुरस्कार सस्टेनबल एनवायरमेंट एंड इकोलॉजिकल डेवलपमेंट सोसाइटी (SEEDS) को आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए चुना गया।
- SEEDS ने आपदाओं के प्रति लचीले समुदाय तैयार करने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है।
- यह संस्थान भारत के विभिन्न राज्यों में सामुदायिक स्तर पर आपदा तैयारियों, प्रतिक्रिया और पुनर्वास, स्थानीय क्षमता निर्माण व जोखिम कम करने की दिशा में काम कर रहा है।
- व्यक्तिगत श्रेणी में डॉ. राजेन्द्र कुमार भंडारी को आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए इस पुरस्कार के लिए चुना गया।ये देश में उन अग्रदूतों में शामिल रहे हैं, जिन्होंने सामान्य भू-खतरों और विशेष रूप से भूस्खलन पर वैज्ञानिक अध्ययनों की नींव रखी थी।
- ϖउन्होंने सी.एस.आई.आर. केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रुड़की में भूस्खलन पर देश की पहली प्रयोगशाला और 3 अन्य केंद्रों की स्थापना है।
- केंद्र सरकार ने देश में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में संगठनों और व्यक्तिगत स्तर पर दिए गए अमूल्य योगदान और नि:स्वार्थ सेवा को मान्यता और सम्मान देने के लिए इस वार्षिक पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 2019 में की थी।इस पुरस्कार के तहत संस्थागत श्रेणी में 51 लाख रुपये और एक प्रमाणपत्र व व्यक्तिगत श्रेणी में 5 लाख रुपये और एक प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है।
- वर्ष 2020 में इस पुरस्कार के लिए डिजास्टर मिटिगेशन एंड मैनेजमेंट सेंटर उत्तराखंड (संस्थागत श्रेणी) और कुमार मन्नान सिंह (व्यक्तिगत श्रेणी) को चयनित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=408506#:~:text=Union%20Home%20Ministry%20announced%20the,in%20case%20of%20an%20individual.

डिजिटल इंडिया पुरस्कार, 2020

प्रश्न-30 दिसंबर, 2020 को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से डिजिटल इंडिया पुरस्कार, 2020 प्रदान किया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) राष्ट्रपति ने सरकारी संस्थाओं के 24 डिजिटल गवर्नेंस पहलों/उत्पादों को 7 श्रेणियों में यह पुरस्कार प्रदान किए।

(ii) डिजिटल शासन में उत्कृष्टता-राज्य/केंद्रशासित प्रदेश श्रेणी में हरियाणा को (प्लेटिनम आईकॉन) यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

(iii) जूरी की पसंद श्रेणी के तहत आरोग्य सेतु और ई-ऑफिस को यह पुरस्कार दिए गए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं?

कूट-

(a) केवल (i) (b) केवल (ii) (c) केवल (i) एवं (ii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 30 दिसंबर, 2020 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन और विज्ञान भवन, नई दिल्ली सहित चार अन्य स्थानों-भोपाल, चेन्नई, कोलकाता और पटना की भागीदारी से एक वर्चुअल पुरस्कार समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंस, 2020 प्रदान किया के माध्यम से डिजिटल इंडिया पुरस्कार
- यह पुरस्कार इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की पहल है।
- यह पुरस्कार संचालन व्यवस्था में उल्लेखनीय डिजिटल पहल के लिए दिया जाता है।
- राष्ट्रपति ने सरकारी संस्थाओं के 24 डिजिटल गवर्नेंस पहलों/उत्पादों को 7 श्रेणियों में यह पुरस्कार प्रदान किए।
- विभिन्न 7 श्रेणियों में प्रमुख विजेता इस प्रकार हैं-

1. महामारी में नवाचार-प्लेटिनम आइकॉन-ई-संजीवनी,राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन सेवा
   गोल्ड आईकॉन-कोविड-19 नमूना संग्रह प्रबंधन प्रणाली सिल्वर आईकॉन-आपदा संपूर्ति पोर्टल
   सिल्वर आईकॉन-प्रवासी श्रमिक और रोजगार सेतु पोर्टल
2. डिजिटल शासन में उत्कृष्टता मंत्रालय/विभाग (केंद्रीय)-प्लेटिनम आईकॉन-ई कमेटी भारत का सर्वोच्च न्यालय, गोल्ड आईकॉन-डाक विभाग सिल्वरआईकॉन-उर्वरक विभाग सिल्वरआईकॉन-भूमिसंसाधन विभाग

3. डिजिटल शासन में उत्कृष्टता-राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-प्लेटिनम आईकॉन-हरियाणा गोल्डआईकॉन-तमिलनाडु सिल्वर आईकॉन-उत्तरप्रदेश सिल्वर आईकॉन-पश्चिम बंगाल
4. डिजिटल शासन में उत्कृष्टता (जिला)-गोल्ड आईकॉन-चांगलांग (अरुणाचल प्रदेश) सिल्वर आईकॉन-कामारेड्डी (तेलंगाना)
5. ओपन डेटा चैंपियन-प्लेटिनम आईकॉन-ओजीडीप्लेटफार्म इंडिया पर हेल्थ सेक्टर डेटा गोल्ड आईकॉन-भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद आईकॉन सिल्वर-भारतीय खाद्य निगम सिल्वर आईकॉन -सूक्ष्म, लघु और माध्यम उद्यम मंत्रालय
6. अनुकरणीय-प्लेटिनम आईकॉन-पोर्ट कम्युनिटी सिस्टम पीसीएस 1 एक्स नेशनल मैरीटाइम-सिंगल विंडो गोल्ड आईकॉन-सर्विस प्लस-एक मेटाडेट-आधारित सेवा वितरण प्लेटफार्म सिल्वर आईकॉन-एकीकृत मंदिर प्रबंधन प्रणाली-ITMS
7. जूरी की पसंद-आरोग्य सेतु तथा ई-ऑफिस

संबंधित लिंक भी देखें...

https://digitalindiaawards.gov.in/assets/compendium2020.pdf

इंजीनियर पुरस्कार-2020

प्रश्न-30 दिसंबर, 2020 को किसे इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंडटेक्नोलॉजी (IET) द्वारा वर्ष 2020 के लिए प्रतिष्ठित इंजीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

(a) राजेंद्र सिंह (b) ई.श्रीधरन (c) विनोद कुमार (d) रतन टाटा

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 30 दिसंबर, 2020 को रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनोद कुमार यादव को इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियिरिंग एंड टेक्नोलॉजी (IET) द्वारा वर्ष 2020 के लिए प्रतिष्ठित इंजीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार उन्हें भारतीय रेलवे में आधुनिकीकरण और सुधारों के लिए उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है।
- गौरतलब है कि आईईटी का दिल्ली लोकल नेटवर्क 15 सितंबर को प्रतिवर्ष भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में इंजीनियर्स डे मनाता है।
- इस अवसर पर संस्थान तकनीकी गतिविधियों के आलवा, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्टत सेवाओं के लिए इंजीनियरिंग क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों को इंजीनियर पुरस्कार प्रदान करता है।

- आईआईटी, एक बहु-विषयक व्यावसायिक इंजीनियरिंग संस्थान है, जिसे औपचारिक रूप से 'द इस्टीट्यूशन ऑफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स के रूप में पहचाना जाता है।
- इसकी स्थापना 1871 ई. में की गई थी।
- आईईटी दिल्ली लोकल नेटवर्क दक्षिण एशिया के 9 ऐसे नेटवर्कों में से एक है, जो इसकी भारतीय शाखा का गठन करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1684749

आईसीसी अवॉर्ड्स 2020

प्रश्न-28 दिसंबर, 2020 को आईसीसी ने आईसीसी अवॉर्ड्स, 2020 की घोषणा की। इस अवॉर्ड्स के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) दशक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हेतु सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी भारत के विराट कोहली को प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।

(b) दशक का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी केन विलियम्सन (न्यूजीलैंड) को चुना गया है।

(c) दशक के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय खिलाड़ी विराट कोहली चुने गए हैं।

(d) दशक के स्प्रिट ऑफ क्रिकेट अर्वार्ड हेतु महेन्द्र सिंह धौनी को चुना गया है।

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 28 दिसंबर, 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी अवॉर्ड्स, 2020 की घोषणा सभी आईसीसी डिजटल चैनलों के साथ-साथ स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर एक साथ की।
- दशक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी आईसीसी मेल क्रिकेटर ऑफ द डिकेड के लिए प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी भारत के विराट कोहली को प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।
- आईसीसी के दशक की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी (आईसीसी फीमेल) क्रिकेटर ऑफ दी डिकेड हेतु राचेल हेहोए फ्लिंट अवॉर्ड का पुरस्कार ऑस्ट्रेलिया की एलिसे पेरी को प्रदान किया जाएगा।
- अन्य प्रदत्त पुरस्कार इस प्रकार हैं-
- दशक का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी (आईसीसी मेंस टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर)- स्टीव स्मिथ (ऑस्ट्रेलिया)
- दशक का सर्वश्रेष्ठ पुरुष एक दिवसीय खिलाड़ी (आईसीसी मेंस ओडीआई क्रिकेटर ऑफ द डिकेड) - विराट कोहली (भारत)

- आईसीसी के दशक की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय खिलाड़ी आईसीसी वुमेन्स ओडीआई क्रिकेटर ऑफ द डिकेड एलिसे पेरी (ऑस्ट्रेलिया)
- आईसीसी के दशक का सर्वश्रेष्ठ टी- 20खिलाड़ी (पुरुष) राशिद खान (अफगानिस्तान)
- आईसीसी की दशक की सर्वश्रेष्ठ टी-20 खिलाड़ी महिला - एलिसे पेरी (ऑस्ट्रेलिया)
- आईसीसी के दशक के सर्वश्रेष्ठ एसोसिएट क्रिकेटर (पुरुष) - काइल कोएट्जेर (स्कॉटलैंड)
- आईसीसी की दशक की सर्वश्रेष्ठ एसोसिएट क्रिकेटर (महिला) - कैथरीन ब्राइस (स्कॉटलैंड)
- आईसीसी के दशक का स्पिरिट ऑफ क्रिकेट (खेल भावना) अवॉर्ड- महेन्द्र सिंह धौनी (भारत)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icc-cricket.com/media-releases/1956755

सामाजिक न्याय के लिए मदर टेरेसा मेमोरियल अवॉर्ड, 2020

प्रश्न-27 दिसंबर, 2020 को सामाजिक न्याय के लिए मदर टेरेसा मेमोरियल अवॉर्ड, 2020 प्रदान किया गया। इससे शामिल नहीं हैं-

(a) डॉ. एंथनी फाउची (b) डॉ. प्रदीप कुमार (c) संजय पांडे (d) ग्रेटा थनबर्ग

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 27 दिसंबर, 2020 को मुंबई में आयोजित एक समारोह में 'सामाजिक न्याय के लिए 'मदर टेरेसा मेमोरियल अवॉर्ड' (Mother Teresa Memorial Awards for Social Justice), 2020 प्रदान किया गया।
- इस वर्ष के अवॉर्ड की थीम है-"Celebrating Compassion In Times of Covid"।
- यह वार्षिक हारमनी फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2005 में स्थापित किया गया था।
- यह पुरस्कार मदर टेरेसा की स्मृति में प्रदान किया गया है।
- हारमनी फाउंडेशन एक अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन है, जो सामाजिक न्याय के क्षेत्र में काम करता हैं।
- इस वर्ष के पुरस्कार प्राप्तकर्ता इस प्रकार हैं-

1. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एलर्जी एंड इंफेक्सियस डिजीजेज (USA) के निदेशक डॉ. एंथनी फाउसी।
2. फादर फैबियो स्टेवेनाजी (Father Fabio Stevenazzi) मिलान, इटली।
3. डॉ. प्रदीप कुमार (चेन्नई)।
4. क्रिश्चियन फ्रकाशी (Cristian Fracassi) और अलेसांड्रो रोमायओली (Alessandro Romaiali) इटली

5. संजय पांडे, आईपीएस (डीजी, होमगार्ड्स महाराष्ट्र)
6. विकास खन्ना (मैनहट्टन, यूएसए)
7. के.के. शैलजा (केरल की स्वाथ्यमंत्री)
8. केयर इंटरनेशनल
9. शोफको (केन्नेडी ओडेडे)
10. लिष टू गिव (मार्जी परख)

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.businessworld.in/article/Mother-Teresa-Memorial-Awards-for-Social-Justice-2020-announced/28-12-2020-358972/

योजना/परियोजना

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना

प्रश्न-15 फरवरी, 2021 को किस राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क तैयारी हेतु 'मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना' शुरू की गई है?

(a) मध्य प्रदेश (b) हरियाणा (c) छत्तीसगढ़ (d) उत्तर प्रदेश

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2021 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क तैयारी हेतु 'मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना' का शुभारंभ किया।
- पहले चरण में यह योजना प्रदेश के सभी 18 मंडलों में शुरू की गई है, जिसके तहत अभ्युदय कोचिंग खोली गई है।
- दूसरे चरण में इसे जिला स्तर पर भी शुरू किया जाएगा।
- इस योजना के तहत छात्रों को आईएएस, पीसीएस, मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु, नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा मिलेगी।
- इस योजना के तहत छात्र ऑफलाइन कक्षाओं में भाग लेने में सक्षम होंगे तथा ऑनलाइन अध्ययन सामग्री भी प्राप्त करेंगी।
- अभ्युदय कोचिंग में पढ़ाई की शुरुआत बसंत पंचमी के दिन से (16 फरवरी, 2021) शुरू हो गई है।

- विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम) द्वारा क्वेश्चन बैंक, प्रश्नोत्तरी आदि भी तैयार कर वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।
- अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग पाने वाले छात्रों का चयन लिखित परीक्षा एवं इंटरव्यू के आधार पर होगा।
- मंडल स्तर पर प्रशिक्षण केंद्रों के संचालन एवं समन्वय की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम) को प्रदान की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/india-news/yogi-adityanath-to-launch-abhyudaya-scheme-today-all-you-need-to-know-101613356984338.html

मां योजना

प्रश्न-15 फरवरी, 2021 को किस राज्य में निर्धनों को 5 रुपये में किफायती मूल्य पर भोजन उपलब्ध कराने हेतु 'मां' योजना शुरू की गई है?

(a) तमिलनाडु (b) पश्चिम बंगाल (c) मध्य प्रदेश (d) महाराष्ट्र

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2021 को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने डिजिटल तरीके से 'मां' योजना (Maa Scheme) का शुभारंभ किया।
- इस योजना के तहत राज्य सरकार निर्धनों को 5 रुपये के किफायती मूल्य पर भोजन उपलब्ध कराएगी।
- योजनांतर्गत 5 रुपये में लोगों को थाली में चावल, दाल, सब्जी और अंडा करी मिलेगी।
- राज्य सरकार प्रति प्लेट 15 रुपये की सब्सिडी वहन करेगी।
- स्वयं-सहायता समूह प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 3 बजे के बीच रसोइयों का संचालन करेंगे।
- धीरे-धीरे राज्य में हर जगह ऐसे रसोईघर स्थापित किए जाएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/cities/kolkata/mamata-banerjee-launches-maa-scheme-to-provide-meals-at-5-to-poor-people/article33842659.ece

नेपाल में सांस्कृतिक विरासत परियोजनाओं के जीर्णोद्धार के लिए अनुदान

प्रश्न: 11 फरवरी, 2021 को भारत ने नेपाल में विभिन्न सांस्कृतिक विरासत परियोजनाओं के जीर्णोद्धार के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस फंडिंग योजना के तहत कितनी सांस्कृतिक विरासत परियोजनाएं शामिल हैं ?

(a) तीन (b) चार (c) पांच (d) आठ

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- 11 फरवरी, 2021 को भारत ने नेपाल में विभिन्न सांस्कृतिक विरासत परियोजनाओं के जीर्णोद्धार के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।
- इस वित्त पोषण/ अनुदान योजना के तहत काठमांडू घाटी में स्थित तीन सांस्कृतिक विरासत परियोजनाएं शामिल हैं।
- इसके लिए भारत द्वारा 142 मिलियन नेपाली रूपये के अनुदान की प्रतिबद्धता की गयी है।
- ध्यातव्य है कि नेपाल के आठ जिलों में विस्तृत सांस्कृतिक विरासत स्थलों में भूकंप के बाद पुनर्निर्माण के लिए भारत द्वारा 50 मिलियन यू.एस. डॉलर अनुदान सहायता के तहत परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं।
- समझौता और साइटें
- काठमांडू में भारतीय दूतावास और नेपाल में विभिन्न हितधारकों के प्रतिनिधियों ने तीन सांस्कृतिक विरासत स्थलों के संरक्षण और रेट्रोफिटिंग के लिए तीन अनुबंध समझौतों पर हस्ताक्षर किए।
- भारत से तो मछिंद्रनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार करेगा, बुधनीलकांठा में धर्मशाला का निर्माण करेगा एवं ललितपुर जिले में कुमारी गृह का सरंक्षण एवं विकास करेगा।
- परियोजना प्रबंधन सलाहकार
- 'इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज' को संरक्षण कार्य की देख-रेख के लिए परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है।
- पूर्व सहायता
- इससे पहले नवंबर, 2019 में भारत ने नेपाल में बुधनिलकंठ मंदिर के लिए मठाधीश भवन के निर्माण में 21.8 मिलियन रुपये की लागत से अपना योगदान दिया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/world/asia/india-to-fund-nrs-142-million-for-reconstruction-of-3-cultural-heritages-in-nepal20210211211915/

'केरल ज्ञान मिशन' का शुभारंभ

प्रश्न-फरवरी, 2021 में केरल सरकार द्वारा राज्य को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए किस मिशन का शुभारंभ किया गया है?

(a) केरल ज्ञान मिशन (b) केरल डिजिटल मिशन
(c) केरल शिक्षा मिशन (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2021 को केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शिक्षित युवा वर्ग में कौशल सुधार के एक भाग के रूप में 'केरल ज्ञान मिशन' (Kerala Knowledge Mission का शुभारंभ किया है।
- 'केरल ज्ञान मिशन' का उद्देश्य केरल राज्य को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में बदलना है।
- ध्यातव्य है कि 'केरल ज्ञान मिशन' अभिनव विचारों को बढ़ाना देने, ज्ञान आधारित पहल को समन्वित करने तथा युवाओं को अद्यतन कौशल युक्त करने का प्रयास करेगा।
- यह मिशन शिक्षित युवाओं के लिए एक व्यापक डिजिटल प्लेटफार्म प्रदान करता है, जो उन्हें अद्यतन कौशल से युक्त करने तथा उनके ज्ञान में वृद्धि करने के साथ-साथ बदलते बाजार की चुनौतियों का सामना करने हेतु सक्षम बनाता है।
- यह डिजिटल प्लेटफार्म उन व्यक्तियों के लिए एक अवसर उपलब्ध कराएगा, जिन्होंने वैश्विक नियोक्ताओं के साथ जुड़ने के लिए काम और नौकरी से ब्रेक ले लिया है।
- इसके प्लेटफार्म से प्रतिवर्ष लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे।
- केरल सरकार इस प्लेटफार्म के माध्यम से उद्यमियों के लिए बीमा एवं ऋण सहायता जैसे लाभ प्रदान करेगी।
- इस डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से प्रशिक्षित युवाओं को वैश्विक रोजगार बाजार तथा अग्रणी निजी क्षेत्र के उद्यमों से जोड़कर अगले पांच वर्षों में लगभग 20 लाख रोजगार प्रदान किया जाएगा।
- इन मिशन का संचालन राज्य सरकार द्वारा स्थापित एक रणनीतिक थिंकटैंक के रूप में 'केरल विकास और नवाचार रणनीतिक परिषद' (K-DISC) द्वारा किया जाएगा।
- गौरतलब है कि इस डिजिटल प्लेटफार्म को 'केरल यूनिवर्सिटी ऑफ डिजिटल साइंसेज, इनोवेशन एंड टेक्नâोलॉजी के सहयोग से विकसित किया गया है।
- ध्यातव्य है कि यह डिजिटल प्लेटफार्म डाटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग, कृत्रिम बुद्धिमत्त, रोबोट प्रोसेस ऑटोमेशन जैसे विविध क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

- इसके अतिरिक्त इस प्लेटफार्म के माध्यम से डिजिटल कंटेंट, क्रिएशन, मीडिया, सिंथेटिक बायोलॉजी तथा जेनेटिक इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान करेगा।
- इस प्लेटफार्म के माध्यम से विभिन्न कंपनियों की मांगों के आधार पर बेरोजगार शिक्षित युवाओं को उनके कौशल के आधार पर रोजगार प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/kerala-cm-launches-knowledge-mission/2026554

रिवार्ड (REWARD) परियोजना

प्रश्न-'रिवार्ड' (REWARD) परियोजना के लिए विश्व बैंक द्वारा की जाने वाली सहायता राशि है।

(a) 400 करोड़ (b) 500 करोड़ (c) 350 करोड़ (d) 200 करोड़

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2021 को ओडिशा के मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल द्वारा 'अभिनव विकास परियोजना REWARD-Rejuvenating watersheds for agriculltural resilieyence Hrrough Innovation development) के माध्यम से कृषि पुनरुत्थान के लिए जल पुनर्विकास के कार्यान्वयन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।
- इस परियोजना के लिए अनुमानित खर्च 500 करोड़ रुपये है, जिसमें से विश्व बैंक 350 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान करेगा।
- इस परियोजना का उद्देश्य कुशल जल प्रबंधन और उन्नत फसल क्षेत्र सुनिश्चित करना है।
- इस परियोजना को अप्रैल, 2021 से आगामी 6 वर्ष की अवधि के लिए कृषि और किसान सशक्तीकरण विभाग के तहत मृदा संरक्षण और जलग्रहण विकास निदेशालय द्वारा लागू किया जायेगा।
- इस परियोजना के अंतर्गत 10000 भूमिहीन, व्यक्तियों सहित लगभग 1.9 लाख लोग लाभान्वित होंगे।
- इस परियोजना को ओडिशा के 7 जनपदों-संभलपुर, ढेंकनाल, नयागढ़, देवगढ़, कोरापुट, नबरंगपुर एवं सुंदरगढ़ में लागू किया जायेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.uniindia.com/odisha-to-implement-reward-project-with-world-bank-assistance/east/news/2314610.html

कृषि में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना (NeGPA)

प्रश्न: हाल ही में 'कृषि में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना'(NeGPA) को कब तक के लिए बढ़ाया गया है ?

(a) 31.03.2021 तक के लिए (b) 31.03.2022 तक के लिए

(c) 31.05.2021 तक के लिए (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर- (a)

संबंधित तथ्य

- 'कृषि में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना'(NeGPA) योजना को हाल ही में 31.03.2021 तक के लिए बढ़ा दिया गया है।
- केंद्र प्रायोजित योजना, 'कृषि में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना'(एनईजीपीए) को शुरु में 2010-11 में 7 राज्यों में प्रायोगिक तौर पर शुरु किया गया था, जिसका उद्देश्य किसानों तक कृषि संबंधी जानकारी समय पर पहुंचाने के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के प्रयोग के जरिये भारत में तेजी से विकास हासिल करना है।
- 2014-15 में, इस योजना का विस्तार सभी शेष राज्यों और 2 संघ शासित प्रदेशों में किया गया था।
- इस योजना के दूसरे चरण के तहत, विभिन्न कार्यों जैसे हार्डवेयर की स्थापना और कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना, खरीद, हार्डवेयर/ सिस्टम सॉफ्टवेयर की स्थापना और लेखांकन के लिए कार्यालयों की जगह तैयार करना आदि को जारी रखने के लिए राज्यों को धन (फंड्स) जारी किया गया था। इस योजना के माध्यम से भारत में प्राथमिक आर्थिक गतिविधि क्षेत्र(कृषि) के डिजिटलीकरण को बढ़ाया जा रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1697526

आयुष्मान भारत महात्मा गांधी राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना

प्रश्न-30 जनवरी, 2021 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आयुष्मान भारत महात्मा गांधी राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना के नवीन चरण का शुभारंभ किया। इस योजनांतर्गत पूर्व में प्रदत्त बीमा कवर को बढ़ाकर कितना कर दिया गया है?

(a) 3.50 लाख रुपये (b) 4 लाख रुपये (c) 4.5 लाख रुपये (d) 5 लाख रुपये

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 30 जनवरी, 2021 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आयुष्मान भारत महात्मा गांधी राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना के नवीन चरण का शुभारंभ किया।
- इस योजनांतर्गत लाभार्थियों को प्रदान किए जाने वाले बीमा कवर को 3.30 लाख रुपये प्रति परिवार से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है।
- विभिन्न बीमारियों के नि:शुल्क इलाज के लिए पैकेज की संख्या 1401 से बढ़ाकर 1576 कर दी गई है।
- इस योजना से प्रदेश के 1 करोड़ 10 लाख परिवार लाभान्वित होंगे।
- इस योजना को आयुष्मान भारत, भामाशाह स्वास्थ्य बीमा सहित दूसरे प्रदेशों की बीमा योजनाओं की खामियों और विशेषताओं के अध्ययन के बाद तैयार किया गया है।
- इस योजना का वार्षिक प्रीमियम खर्च लगभग 1800 करोड़ रुपये है, जिसमें से राजस्थान सरकार द्वारा लगभग 1400 करोड़ रुपये खर्च और केंद्र सरकार द्वारा मात्र 400 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाना है।
- अस्पताल में मरीज के भर्ती होने के 5 दिन पहले से लेकर डिस्चार्ज होने के 15 दिन बाद तक का समस्त चिकित्सकीय व्यय नि:शुल्क पैकेज में शामिल है।
- योजनांतर्गत पैकेज सूची में कोविड-19 के इलाज और हीमोडायलिसिस को भी जोड़ा गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.dipr.rajasthan.gov.in/content/dipr/en/news-detail.224242.html#

आयुष्मान सीएपीएफ योजना

प्रश्न-23 जनवरी, 2021 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहां केंद्रीय शस्त्र पुलिस बलों के कर्मियों और उनके आश्रितों के लिए आयुष्मान सीएपीएफ योजना की शुरुआत की?

(a) गुवाहाटी (b) सिलचर (c) वीरभूम (d) इंफाल

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 23 जनवरी, 2020 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुवाहाटी, असम में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मियों और उनके आश्रितों के लिए 'आयुष्मान सीएपीएफ' योजना का शुभारंभ किया।
- यह योजना पराक्रम दिवस (नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन) के अवसर पर शुरू की गई है।
- यह योजना सीएपीएफ के जवानों और परिजनों के स्वास्थ्य के लिए शुरू की गई है।
- अब देश के सभी सीएपीएफ कर्मियों और उनके परिजनों को 24,000 अस्पतालों में कार्ड स्वाइप के साथ मुफ्त में इलाज मिलेगा।

- यह योजना 1 मई, तक पूर्णतया लागू हो जाएगी।
- सीएपीएफ के सभी कर्मियों और उनके परिजनों को एक हेल्थ कार्ड भी प्रदान किया जाएगा।
- वर्षभर में सभी कर्मियों का तथा 3 वर्ष में एक बार परिवारजनों का परीक्षण किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1691783

कामेंग जल विद्युत परियोजना

प्रश्न-कामेंग जल विद्युत परियोजना किस राज्य में स्थित है?

(a) सिक्किम (b) त्रिपुरा (c) नगालैंड (d) अरुणाचल प्रदेश



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 12 फरवरी, 2021 को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी ने जानकारी प्रदान की कि उसकी सहायक उत्तर पूर्व इलेक्ट्रिक पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की कामेंग जल विद्युत परियोजना की चौथी इकाई ने व्यावसायिक रूप से परिचालन प्रारंभ कर दिया है, जिसकी क्षमता 150 मेगावॉट है।
- 3 इकाइयां (3×150 मेगावॉट) पहले ही चालू हो चुकी हैं।
- चौथी इकाई के शुरू होने के साथ ही एनटीपीसी समूह की वाणिज्यिक क्षमता 64,075 मेगावॉट हो गई है।
- यह परियोजना रन-ऑफ-द रिवर योजना के तहत विकसित की गई है।
- यह अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिला में स्थित है।
- इस परियोजना हेतु 536 मी. के ग्रोस हेड (डिजाइन हेड 504 मी.) के माध्यम से बिचौम और टेंगा नदी (दोनों कामेंग नदी की उपनदी हैं) के पानी के प्रवाह का उपयोग किया गया है।
- इस परियोजना की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 600 मेगावॉट (4×150 मेगावॉट) है।
- इस परियोजना अंतर्गत विचौम बांध और टेंगा बांध (दोनों कंक्रीट ग्रेविटी बांध) की ऊंचाई क्रमश: 69 मीटर और 24.5 मीटर है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/ntpc-kameng-projects-4th-150-mw-unit-commercially-operational/2028343

'मुख्यमंत्री विज्ञान प्रतिभा परीक्षा' छात्रवृत्ति योजना

प्रश्न-5 फरवरी, 2021 को दिल्ली मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी प्रदत्त 'मुख्यमंत्री विज्ञान प्रतिभा परीक्षा' छात्रवृत्ति योजनांतर्गत दिल्ली के स्कूलों में कक्षा 9 के 1000 मेधावी छात्रों को विज्ञान छात्रवृत्ति के रूप में कितनी राशि प्रदान की जाएगी?

(a) 2000 रुपये (b) 5000 रुपये (c) 10000 रुपये (d) 12000 रुपये

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2021 को दिल्ली मंत्रिमंडल ने 'मुख्यमंत्री विज्ञान प्रतिभा परीक्षा' छात्रवृत्ति योजना को मंजूरी प्रदान की।
- इस योजनांतर्गत दिल्ली के स्कूलों में कक्षा 9 के 1000 मेधावी छात्रों को विज्ञान छात्रवृत्ति के रूप में 5000 रुपये की राशि प्रदान की गई।
- इसका उद्देश्य स्कूली स्तर पर माध्यमिक कक्षाओं में विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देना है।
- इस योजना के तहत दिल्ली के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र, जिन्होंने कक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, वे परीक्षा के लिए पात्र हैं।
- एससी, एसटी, पीएच (दिव्यांग) या ओबीसी श्रेणी से संबंधित छात्रों को 5 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.businessworld.in/article/Delhi-cabinet-approves-Mukhyamantri-Vigyan-Pratibha-Pariksha-scholarship-scheme/05-02-2021-374269/

जम्मू-कश्मीर में बाढ़ पूर्वानुमान संबंधी एक सहयोगात्मक परियोजना

प्रश्न-हाल ही में जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश ने किस संस्था के साथ मिलकर बाढ़ का पूर्वानुमान लगाने के लिए अनुबंध किया है?

(a) यूनाईटेड किंगडम स्पेस एजेंसी (b) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (c) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (d) नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेश एडमिनिस्ट्रेशन

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 12 फरवरी, 2021 को जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश के द्वारा 'प्रभाव आधारित बाढ़ पूर्वानुमान तंत्र' (Impact based Flood forecasting system) के लिए यूनाईटेड किंगडम स्पेस एजेंसी के साथ अनुबंध स्थापित किया गया।
- यह परियोजना नेशनल स्पेस इनोवेशन प्रोग्राम (NSIP) के अंतर्गत आती है।
- प्रभाव आधारित बाढ़ पूर्वानुमान तंत्र 'परियोजना कार्य एचआर वालिंगफोर्ड (HRWallingford) आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय सेयर्स एंड पार्टनर्स (Sayers and Partners) लिमिटेड तथा डी-ऑर्बिट (D-orbit) यूके के सहयोग से पूरा किया जायेगा।
- इस परियोजना पर खर्च जम्मू-कश्मीर सरकार को नहीं उठाना पड़ेगा।
- प्रभाव आधारित बाढ़ पूर्वानुमान तंत्र से लोगों को उनके घरों, फसलों, पशुधन एवं परिवहन मार्गों पर बाढ़ के प्रभाव की भविष्यवाणी की जा सकेगी जो कि सरकार द्वारा बाढ़ की घटनाओं के दौरान आने वाली चुनौतियों को कम करने के लिए उपयोग किया जाएगा।
- यह प्रणाली बाढ़ जोखिमों, जानमाल के नुकसान की आशंका, लोगों को चोट, अवसंरचनात्मक नुकसान एवं आर्थिक जोखिमों की भविष्यवाणी करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/nation/2021/feb/12/j-k-joins-hands-with-uk-space-agency-for-impact-based-flood-forecasting-2263082.html

देश की पहली भू-तापीय बिजली परियोजना

प्रश्न-देश की पहली भू-तापीय बिजली परियोजना कहां स्थापित की जाएगी?

(a) पूगा गांव में (b) निमो गांव में (c) न्योमा गांव में (d) खेमी गांव में

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार, देश की पहली भू-तापीय परियोजना पूर्वी लद्दाख के पूगा गांव में स्थापित की जाएगी।
- वैज्ञानिकों ने पूगा की पहचान देश में भू-तापीय ऊर्जा के हॉटस्पॉट के रूप में की है।
- इस प्रायोगिक परियोजना के पहले चरण में 1 मेगावॉट बिजली उत्पादन की क्षमता सृजित की जाएगी।
- पहले चरण हेतु परियोजना की स्थापना और कार्यान्वयन के संबंध में 6 फरवरी, 2021 को त्रिपक्षीय समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।

- त्रिपक्षीय समझौता-ज्ञापन पर ओएनजीसी ऊर्जा, एलएएचडीसी, लेह और लेह के विद्युत विभाग ने हस्ताक्षर किए।
- देश की पहली भू-तापीय बिजली परियोजना, जिसे भू-तापीय क्षेत्र विकास परियोजना, के रूप में जाना जाता है, को वर्ष 2022 के अंत तक चालू करने की योजना है।
- इस परियोजना का दूसरा चरण अनुसंधान और विकास चरण होगा।
- तीसरे चरण में, संयुक्त उद्यमों और वाणिज्यिक परियोजनाओं को बढ़ावा दिए जाने की योजना है।
- पहले चरण में ओएनजीसी-ओईसी द्वारा कार्यान्वित पायलट प्रोजेक्ट के तहत 500 मीटर की गहराई में स्थित भू-तापीय ऊर्जा का उपयोग किया जाएगा और इसके तहत 10 पड़ोसी गांवों को 24 घंटे मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी।
- ये गांव बिजली आपूर्ति के लिए उत्तरी ग्रिड से नहीं जुड़े हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/pact-signed-to-establish-indias-first-geothermal-field-development-project-in-leh/article33774760.ece

देश की पहली चिकित्सा शिक्षा छात्र बीमा योजना

प्रश्न-किस राज्य में देश की पहली चिकित्सा शिक्षा छात्र बीमा योजना शुरू की जाएगी?

(a) आंध्र प्रदेश (b) महाराष्ट्र (c) मध्य प्रदेश (d) उत्तर प्रदेश

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2021 को मध्य प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री कैलाश सारंग ने जानकारी प्रदान की कि देश की पहली चिकित्सा शिक्षा छात्र बीमा योजना मध्य प्रदेश में शुरू की जाएगी।
- इस योजनांतर्गत प्रदेश के चिकित्सा विभाग द्वारा शासकीय/स्वशासी चिकित्सा, दंत चिकित्सा, नर्सिंग महाविद्यलायों एवं शासकीय पैरामेडिकल में पढ़ रहे चिकित्सा छात्रों को उनकी पढ़ाई के दौरान स्वास्थ्य बीमा एवं व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवच प्रदान किया जाएगा।
- यह देश की पहली चिकित्सा शिक्षा छात्र बीमा योजना है, जिसमें चिकित्सा छात्र को उनकी पढ़ाई की पूरी अवधि में राज्य सरकार द्वारा बीमा प्रदान किया जा रहा है।
- प्रदेश के मेडिकल, डेंटल, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के 18 से 35 वर्ष के चिकित्सा छात्रों को उनकी पढ़ाई के दौरान स्वास्थ्य बीमा एवं व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा का लाभ भी प्रदान किया जाएगा।
- योजनांतर्गत छात्रों को 2 लाख का मेडिक्लेम प्राप्त होगा।

- व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा के अंतर्गत स्थाई डिसेबिलिटी और मृत्यु होने पर 10 लाख रुपये का मेडिक्लेम (कैशलेस कार्ड) प्रदान किया जाएगा।
- योजनांतर्गत 5 लाख रुपये का अस्थायी डिसेबिलिटी कवर भी शामिल है।
- इस योजनांतर्गत प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन शासकीय/स्वशासी शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत 15 हजार से अधिक छात्र लाभान्वित होंगे।
- इस कैशलेस कार्ड से चिकित्सा छात्र देश के किसी भी शासकीय/निजी अस्पताल में अपना इलाज और जांच करा सकेंगे।
- मेडिक्लेम में क्रिटिकल बीमारियों का इलाज भी शामिल है।
- साथ ही योजनांतर्गत छात्रों को पूर्व से मौजूद बीमारियों को भी मेडिक्लेम में शामिल किया जाएगा।
- ओपीडी सेवा, जांच और अस्पताल में भर्ती होने पर सभी उपचार इस बीमा योजना के लाभ में शामिल रहेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20210205N16&LocID=1

भारत-नेपाल सीमा को जोड़ने वाली नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन

प्रश्न-हाल ही में भारत ने किस पड़ोसी देश के साथ 108 किलोमीटर लंबी सड़क बनाई है?

(a) भूटान (b) म्यांमार (c) चीन (d) नेपाल

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में भारत एवं नेपाल ने संयुक्त रूप से नवनिर्मित 108 किलोमीटर लंबी सड़क का उद्घाटन किया। यह सड़क भारत-नेपाल सीमा को हिमाचल क्षेत्र से जोड़ती है।
- इस सड़क का उद्घाटन बीरगंज स्थित भारतीय महावाणिज्यिक दूतावास के महावाणिज्य दूत नीतेश कुमार तथा चंद्रनिगाहपुर में सड़क विभाग के मंडलीय प्रमुख विनोद कुमार मौवार ने संयुक्त रूप से किया।इस सड़क को भारत की सहायता से बनाया गया है।
- यह सड़क भारतीय सीमा स्थिति लक्ष्मीपुर-बलारा को नेपाल के सरवाही जिले के गढैया को जोड़ती है।
- सड़क निर्माण में भारत सरकार द्वारा 44.48 करोड़ रुपये की अनुदान राशि का उपयोग किया गया।
- गौरतलब है कि विगत वर्ष मानसरोवर लिंक को लेकर दोनों देशों के मध्य तनाव पैदा हो गया था, जब भारत के सड़क निर्माण करने पर नेपाल ने आपत्ति जताई थी।

- इस सड़क से दैनिक सीमा संपर्क में सुधार होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/nepal-india-jointly-inaugurate-road-link-connecting-indo-nepal-border/articleshow/80726678.cms

लखवाड़ बिजली परियोजना

प्रश्न-4 फरवरी, 2021 को केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने यमुना नदी पर लखवाड़ बिजली परियोजना को मंजूरी प्रदान की। इस परियोजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) बिजली उत्पादन के अलावा 5 राज्यों को इस परियोजना से सिंचाई और शुद्ध पेयजल प्राप्त होगा।

(b) इस परियोजना से उत्तराखंड को प्रतिवर्ष 572.54 मिलियन यूनिट बिजली मिलेगी।

(c) इस परियोजना की कुल लागत राशि 5747.17 करोड़ रुपये है।

(d) इस परियोजना से 300 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होगा।

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2021 को केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने यमुना नदी पर लखवाड़ परियोजना को मंजूरी प्रदान की।
- बिजली उत्पादन के अलावा 6 राज्यों को इस परियोजना से सिंचाई और शुद्ध पेयजल भी प्राप्त होगा।
- इन 6 राज्यों में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश शामिल हैं।इस परियोजना से उत्तराखंड को प्रतिवर्ष 572.54 मिलियन यूनिट बिजली मिलेगी।
- इस परियोजना की कुल लागत राशि 5747.17 करोड़ रुपये है।
- परियोजना से जुड़ी सिंचाई और पेयजल व्यवस्था पर केंद्र सरकार कुल 90 प्रतिशत खर्च करेगी और शेष 10 प्रतिशत राशि को 6 राज्यों के बीच समान रूप से साझा किया जाएगा।
- हरियाणा को 123.29 करोड़ रुपये, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को 86.75 करोड़ रुपये, राजस्थान को 24.08 करोड़ रुपये दिल्ली को 15.58 करोड़ रुपये और हिमाचल प्रदेश को 8.13 करोड़ रुपये देने होंगे।इस परियोजना से 300 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होगा।
- परियोजना के निर्माण को कार्य उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।
- लखवाड परियोजना को वर्ष 1976 में मंजूरी प्रदान की गई थी, किंतु इस परियोजना का कार्य वर्ष 1992 में रोक दिया गया था।

- इस परियोजनांतर्गत उत्तराखंड़ के देहरादून के लोहारी गांव के निकट यमुना नदी पर 204 मीटर ऊंचा कंक्रीट बांध बनाया जा रहा है।
- इस परियोजनांतर्गत संग्रहीत जल का बंटवारा यमुना के बेसिन क्षेत्र वाले 6 राज्यों के बीच 12 मई, 1994 को किए गए समझौता-ज्ञापन की व्यवस्थाओं के अनुरूप होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.businessworld.in/article/Uttarakhand-Union-Environment-Ministry-approves-Lakhwar-electricity-project-/04-02-2021-373671

आंध्र प्रदेश द्वारा बिजली क्षेत्र सुधारों को लागू किया गया

प्रश्न-बिजली क्षेत्र में सुधार लागू करने वाला भारत का दूसरा राज्य है?

(a) छत्तीसगढ़ (b) असम (c) बिहार (d) आंध्र प्रदेश

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2021 को आंध्र प्रदेश की राज्य सरकार ने बिजली क्षेत्र के सुधारों को लागू किया।
- आंध्र प्रदेश बिजली क्षेत्र में सुधारों को लागू करने वाला दूसरा राज्य बन गया है।
- आंध्र प्रदेश को बिजली क्षेत्र में सुधारों को लागू करने के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा 1,515 करोड़ राशि का अतिरिक्त कर्ज लेने की अनुमति दी।
- इन सुधारों के तहत सितंबर, 2020 से किसानों के बैंक खातों में बिजली सब्सिडी को हस्तातंरित करना शुरू किया।सुधार लागू करने के पश्चात, आंध्र प्रदेश अब सकल राज्य घरेलू उत्पाद (Gross State Domestic Product) के 0.15 प्रतिशत के बराबर अतिरिक्त वित्तीय संसाधन जुटाने के लिए पात्र हैआंध्र प्रदेश द्वारा 'वन नेशन वन राशन कार्ड, सुधार, इज ऑफ डूइंग बिजनेस रिफार्म्स, और शहरी स्थानीय निकाय सुधारों को भी पूरा किया है।
- राज्य को इन नागरिक केंद्रित क्षेत्रों में सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए 9.190 करोड़ अतिरिक्त राशि जुटाने की अनुमति दी गई है।
- केंद्र सरकार द्वारा उन राज्यों के लिए दिशा-निर्देश बनाए गए हैं, जो बिजली क्षेत्र में सुधार कर रहे हैं।दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 0.25 प्रतिशत तक अतिरिक्त वित्तीय संसाधन है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1695867

गोबर्धन योजना की प्रगति की निगरानी के लिए एकीकृत वेब पोर्टल

प्रश्न-निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने गोबर्धन (GOBAR-DHAN) योजना शुरू की है?

(a) पशुपालन (b) पेट्रोलियम (c) कृषि (d) पेयजल और स्वच्छता

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 3 फरवरी, 2021 को देशभर में गोबर्धन गतिविधियों की प्रगति की निगरानी के लिए एकीकृत वेबपोर्टल का शुभारंभ किया गया।
- 30 अप्रैल, 2018 को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सुश्री उमा भारती द्वारा हरियाणा के करनाल स्थिति राष्ट्रीय डेयरी शोध संस्थान (NDRI) से गोबर धन (GOBAR Dhan) योजना का शुभारंभ किया गया था।
- उद्देश्य
- गोबर धन योजना बहुआयामी उद्देश्य रखती है। इसके उद्देश्यों को 6 प्रमुख बिंदुओं में रखा जा सकता है-

I. गांवों को बायो ऊर्जा उपलब्ध कराकर उन्हें स्वच्छ ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाना।

(ii) स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा उपलब्धता के द्वारा ग्रामीण परिवारों का सशक्तीकरण करना।

(iv) कृषि हेतु कार्बनिक उर्वरक प्रदान कर कृषि की धारणयीता एवं उत्पादकता में वृद्धि करना।

(iii) बायोगैस संयंत्रों के निर्माण, प्रबंधन आदि कार्यों के माध्यम से गांवों में रोजगार के नए अवसरो का सृजन करना।

(iv) कृषि हेतु कार्बनिक उर्वरक प्रदान कर कृषि की धारणीयता एवं उत्पादकता में वृद्धि करना।

(v) कार्बनिक अपशिष्टों के उचित प्रबंधन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को प्रोत्साहित करना।

(vi) स्वच्छ परिवेश तथा स्वच्छ ईंधन के प्रयोग के माध्यम से अनेक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान करना।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1694941

बौद्धिक संपदा अधिकार योजना एवं गुणवत्ता परीक्षण और प्रमाणन योजना का प्रारंभ

प्रश्न-फरवरी, 2021 में प्रारंभ किए गए 'बौद्धिक संपदा अधिकार योजना' 'गुणवत्ता परीक्षण और प्रमाणन योजना'के संबंध में निम्नलिखित कथनों का परीक्षण करे

(a) यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ की गई है।

(b) बौद्धिक संपदा अधिकार योजना के तहत दाखिल करने वाले आवेदकों को 10 लाख रुपये की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी।

(c) गुणवत्ता परीक्षण और प्रमाणन योजना के तहत सरकार द्वारा 5 लाख रुपये की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

(d) इस योजना के पहले चरण के तहत लगभग 125 से 150 स्टार्टअप को शामिल किया जाएगा।

उपर्युक्त दिए गए कथनों का परीक्षण करते हुए सत्य कथनों का चुनाव करे-

(a) 1 व 2 (b) 2 व 3 (c) 3 व 4 (d) 2 व 4

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2021 को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने राज्य में 'बौद्धिक संपदा अधिकार योजना' (Intellectual Property Rights Scheme) एवं 'गुणवत्ता परीक्षण और प्रमाणन योजना' (Quality Testing and Certification Scheme) का प्रारंभ किया है।
- इस योजना का उद्देश्य बौद्धिक संपदा अधिकारों तथा गुणवत्ता परीक्षण प्रमाणपत्र के पंजीकरण के लिए स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्रदान करना है।
- इस योजना के तहत महाराष्ट्र सरकार पेटेंट पंजीकरण एवं उत्पाद पंजीकरण तथा प्रमाणन लागत (Product testing & Certification Cost) को 80 प्रतिशत तक की प्रतिपूर्ति (Rlimburse) करेगा।
- बौद्धिक संपदा अधिकार योजना के तहत महाराष्ट्र सरकार बौद्धिक संपदा अधिकार दाखिल करने वाले आवेदकों को 10 लाख रुपये तक की प्रतिपूर्ति करेगी।
- गुणवत्ता परीक्षण और प्रमाणन योजना के तहत सरकार द्वारा 2 लाख रुपये की प्रतिपूर्ति की जाएगी।
- ध्यातव्य है कि उक्त दोनों योजनाएं महाराष्ट्र स्टेट इनोवेशन सोसायटी द्वारा लागू की जाएंगी।
- इस योजना के पहले चरण के तहत लगभग 125 से 150 स्टार्टअप को शामिल किया जाएगा।
- ध्यातव्य है कि ये योजनाएं रोजगार सृजन तथा भारत सरकार के उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने में सहायक होंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.freepressjournal.in/mumbai/maharashtra-cm-uddhav-thackeray-launches-scheme-for-startups-to-help-file-it-patents

ओमान में सौर ऊर्जा परियोजना

प्रश्न-27 जनवरी, 2021 को स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर लिमिटेड ने ओमान में कितनी क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना की शुरुआत की है?

(a) 25 मेगावॉट (b) 50 मेगावॉट (c) 75 मेगावॉट (d) 125 मेगावॉट

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 27 जनवरी, 2021 को स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर लिमिटेड ने ओमान में 25 मेगॉवाट की सौर ऊर्जा परियोजना की शुरुआत की।
- यह स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर लिमिटेड द्वारा ओमान में चालू की गई दूसरी परियोजना है।
- 25 मेगावॉट की सौर परियोजना को वैश्विक ऊर्जा कंपनी शेल ने एसडब्ल्यूएसएल को दिया था।
- कंपनी ने जून, 2020 में ओमान में अपनी पहली 125 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना शुरु की थी।
- ओमान अपनी बिजली उत्पादन क्षमताओं का विस्तार अक्षय ऊर्जा पर आधारित बिजली परियोजनाओं के माध्यम से करना चाहता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/industry/energy/power/sterling-and-wilson-solar-commissions-25-mw-solar-energy-project-in-oman/articleshow/80475367.cms?from=mdr

https://www.outlookindia.com/newsscroll/sterling-and-wilson-solar-commissions-25mw-solar-energy-project-in-oman/2017949

राजक्विक, सक्षम एवं समर्थन योजना

प्रश्न-3 फरवरी, 2021 को प्रदेश के युवाओं के साथ सभी वर्गों को कौशल विकास से जोड़ने हेतु किस राज्य में राजक्विक, सक्षम एवं समर्थ नामक तीन योजनाएं शुरू की गई हैं?

(a) झारखंड (b) छत्तीसगढ़ (c) राजस्थान (d) हरियाणा

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 3 फरवरी, 2021 को राजस्थान के कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता राज्य मंत्री अशोक चंदाना ने तीन योजनाओं राजक्विक, सक्षम एवं समर्थ योजना का शुभारंभ किया।
- ये तीनों योजनाएं प्रदेश के युवाओं के साथ सभी वर्गों को कौशल विकास से जोड़ने हेतु राजस्थान कौशल एवं आजीविका निगम द्वारा शुरू की गई है।
- समर्थ (समर्थ कौशल से आत्मनिर्भर) योजना का उद्देश्य प्रदेश की महिलाओं, विशेष एवं वंचित वर्गों, पिछड़े एवं हाशिए पर मौजूद परिवारों के लोगों की क्षमताओं को बढ़ाना एवं रोजगार स्वरोजगार एवं उद्यमिता आधारित कौशल को बढ़ावा देना तथा युवाओं को आजीविका अर्जन के लिए समर्थ बनाना है।
- योजनांतर्गत पात्रता आयु सीमा 15 से 50 वर्ष तक है।
- शत-प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित इस योजनांतर्गत नि:शुल्क प्रशिक्षण की सुविधा मिलेगी।
- सक्षम (सक्षम युवा, सक्षम राजस्थान) योजना-स्वरोजगार आधारित कौशल शिक्षा महाभियान है।
- इस योजनांतर्गत प्रदेश के युवाओं एवं महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर अपना स्वयं का व्यवसाय या सामूहिक रोजगार के लिए तैयार किया जाएगा।
- पात्रता आयु सीमा 15 से 45 वर्ष रखी गई है।
- इस योजना में भी नि: शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
- पंजीयन शुल्क में सामान्य पुरुष श्रेणी के लिए 400 रुपये एवं अन्य सभी श्रेणियों, यथा-महिलाओं, एससी, एसटी, ओबीसी के लिए 200 रुपये निर्धारित किया गया है।
- राजक्विक (रोजगार आधारित जन कौशल विकास कार्यक्रम) योजना में राज्य के बेरोजगार युवाओं को बाजार-प्रासंगिक कौशल का प्रशक्षिण देकर रोजगार के अवसर प्रदान करना है।
- इसमें 36 आर्थिक सेक्टरों में 328 पाठ्यक्रमों के तहत कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की उपलब्धता रहेगी।
- इसमें आयु सीमा 15 से 35 वर्ष रखी गई है।
- महिलाओं एवं विशेष योग्यजन के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष रहेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.dipr.rajasthan.gov.in/content/dipr/en/news-detail.224339.html#

24 घंटे में कंक्रीट की सबसे लंबी सड़क बनाने का विश्व रिकॉर्ड

प्रश्न-2 फरवरी, 2021 को एनएचआई के ठेकेदार पटेल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने 4 लेन के राजमार्ग पर 24 घंटे में 2850 मीटर लंबी पेवमेंट क्वालिटी कंक्रीट (पीक्यूसी) सड़क बिछाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया। यह रिकॉर्ड किस एक्सप्रेस-वे परियोजना का हिस्सा है?

(a) दिल्ली-बड़ोदरा-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे (b) दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस-वे

(c) दिल्ली-सहारनपुर-देहरादुन एक्सप्रेस-वे (d) बंगलुरू-चेन्नई एक्सप्रेस-वे

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2021 को एनएचआई के एक ठेकेदार ने 4 लेन के राजमार्ग पर 24 घंटे में 2580 मीटर लंबी पेवमेंट क्वालिटी कंक्रीट (पीक्यूसी) सड़क बिछाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया गया।
- इस ठेकेदार ने इस राजमार्ग पर 2580 मीटर (लगभग 10.32 लेन किमी.) कंक्रीट सड़क बनाने की शुरूआत 1 फरवरी, 2021 को सुबह 8 बजे की और अगले दिन सुबह 8 बजे इस लक्ष्य को पूरा कर लिया।
- एक्सप्रेस-वे पर 18.75 मीटर चौड़ाई के साथ लगभग 48,711 वर्ग मीटर एरिया में सड़क बिछाने के लिए 24 घंटे का समय लगा।
- इस दौरान 24 घंटे में कंक्रीट की सर्वाधिक मात्रा 14,613 क्युबिक मीटर रिकॉर्ड की गई।
- एनएचआई के ठेकेदार 'पटेल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड' के इस कारनामे को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्डस और गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्डस में मान्यता प्रदान की गई है।
- यह रिकॉर्ड ग्रीनफील्ड दिल्ली-बड़ोदरा मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे परियोजना का हिस्सा है।
- इस रिकॉर्ड को विश्व की पूर्णत: ऑटोमेटिक अल्ट्रा माडर्न कंक्रीट बिछाने की मशीन से बनाया गया है।
- उल्लेखनीय है कि चालू वित्त वर्ष 2020-21 में सरकार ने अप्रैल, 2020 से 15 जनवरी, 2021 के मध्य 28.16 किमी. प्रतिदिन की गति से 8,196 किमी. लंबाई के राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1694823#:~:text=An%20NHAI%20contractor%20has%20created,by%208%20am%20next%20morning.

असम का सबसे पुराना खादी संस्थान पुनर्जीवित

प्रश्न-जनवरी, 2021 में असम के सबसे पुराने संस्थान को खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) द्वारा सिल्क रिलिंग सेंटर के रूप में पुनर्जीवित किया गया है। यह संस्थान किस जिले में स्थित है?

(a) बारपेटा (b) बंगाईगांव (c) बक्शा (d) चिरांग

उत्तर–(c)

- 28 जनवरी, 2021 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार असम के सबसे पुराने खादी संस्थान को खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने सिल्क रीलिंग सेंटर के रूप में पुनर्जीवित किया गया है।
- यह खादी संस्थान असम के बक्सा जिले के कावली गांव में स्थित है।
- इस संस्थान को वर्ष 1989 में बोडो विद्रोहियों द्वारा जला दिया गया था।
- फरवरी के दूसरे सप्ताह में 15 महिला कारीगरों और 5 अन्य कर्मचारियों के साथ यहां कताई और बुनाई की गतिविधियां पुन: शुरू होंगी।
- वर्ष 1962 में चीन आक्रमण के बाद अरुणाचल प्रदेश से असम स्थानांतरित हुए तामुलपुर आंचलिक ग्रामदान संघ नामक संस्था द्वारा इसका निर्माण किया गया था।
- प्रारंभ में सरसों के तेल का उत्पादन यहां शुरू हुआ था और वर्ष 1970 से यहां कताई और बुनाई गतिविधियां शुरू की गई थीं।
- इससे 50 परिवारों को यहां से अजीविका प्राप्त होती थी।
- प्रारंभ में केवीआईसी इस संस्थान में असम की एरी सिल्क को विकसित करेगा।
- भविष्य में अन्य खादी उत्पादों का निर्माण भी शुरू किया जाएगा।
- यह पहल खादी के मुख्य गांधीवादी सिद्धांत ग्रामीण पुनरुत्थान से जुड़ी हुई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1692913

रतले पनबिजली परियोजना

प्रश्न-रतले पनबिजली परियोजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं हैं?

(a) 20 जनवरी, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रतले पनबिजली परियोजना के लिए 5281.94 करोड़ रुपये के निवेश हेतु मंजूरी प्रदान की।

(b) इस पनबिजली परियोजना की विद्युत उत्पादन क्षमता 650 मेगावॉट है।

(c) यह पनबिजली परियोजना जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर

निर्मित की जा रही है।

(d) भारत सरकार द्वारा इस परियोजना के निर्माण हेतु गठित संयुक्त उद्यम कंपनी में जेकेएसपीडीसी के इक्विटी योगदान हेतु 776.44 करोड़ रुपये का अनुदान प्रदान किया गया है।

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 20 जनवरी, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा रतले पनबिजली परियोजना के लिए 5281.94 करोड़ रुपये के निवेश हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- 850 मेगावॉट की क्षमता वाली यह पनबिजली परियोजना जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर निर्मित की जा रही है।
- यह निवेश राष्ट्रीय जल विद्युत निगम (एनएचपीसी) और जम्मू-कश्मीर राज्य विद्युत विकास निगम लिमिटेड (जेकेएसपीडसी) के संयुक्त उद्यम द्वारा किया जाएगा।
- इस संयुक्त उद्यम में एनएचपीसी की 51 प्रतिशत और जेकेएसपीडीसी की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है।
- भारत सरकार द्वारा इस पनबिजली परियोजना के निर्माण हेतु गठित संयुक्त उद्यम कंपनी में जेकेएसपीडीसी के इक्विटी योगदान के लिए 776.44 करोड़ रुपये का अनुदान प्रदान किया गया है।
- एनएचपीसी अपने आंतरिक संसाधनों से 808.14 करोड़ रुपये की अपनी इक्विटी का निवेश करेगी।
- इस परियोजना को 60 माह की अवधि में चालू किया जाएगा।
- इस परियोजना से उत्पन्न बिजली ग्रिड को संतुलन प्रदान करने में मदद करेगी।
- परियोजना को व्यवहार्य या लाभप्रद बनाने हेतु जम्मू-कश्मीर की सरकार इस परियोजना के चालू होने के बाद 10 वर्ष तक जल उपयोग शुल्क लगाने से छूट प्रदान करेगी, जीएसटी (अर्थात एसजीएसटी) में राज्य की हिस्सेदारी की प्रतिपूर्ति करेगी और जम्मू-कश्मीर को मिलने वाली मुफ्त बिजली में न्यूनीकरण तरीके से छूट प्रदान करेगी।
- केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर को मिलने वाली मुफ्त बिजली इस परियोजना के चालू होने के बाद पहले वर्ष में 1 प्रतिशत होगी और प्रतिवर्ष 1 प्रतिशत की दर से बढ़कर 12वें वर्ष में 12 प्रतिशत हो जाएगी।
- इस परियोजना के निर्माण संबंधी गतिविधियों के फलस्वरूप लगभग 4000 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा।

- जम्मू-कश्मीर 5289 करोड़ रुपये की मुफ्त बिजली पाने के साथ-साथ 40 वर्षों के परियोजना जीवन चक्र के दौरान इस पनबिजली परियोजना से 9581 करोड़ रुपये के जल उपयोग शुल्क के माध्यम से लाभान्वित होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1690419

बाल हृदय योजना

प्रश्न-5 जनवरी, 2021 को किस राज्य सरकार द्वारा हृदय में छेद के साथ जन्में बच्चों के लिए नि:शुल्क उपचार की व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु नई योजना 'बाल हृदय योजना' को स्वीकृति प्रदान की गई है?

(a) मध्य प्रदेश (b) राजस्थान (c) छत्तीसगढ़ (d) बिहार

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 5 जनवरी, 2021 को बिहार मंत्रिमंडल ने एक नई योजना 'बाल हृदय योजना' को स्वीकृति प्रदान की।
- यह योजना स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत सुशासन के कार्यक्रम (2020-25) के अंतर्गत आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय-2 (2020-25) में शामिल है।
- 'सबके लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य सुविधा के अंतर्गत हृदय में छेद के साथ जन्में बच्चों के लिए नि:शुल्क उपचार की व्यवस्था इस योजना के तहत राज्य सरकार प्रदान करेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.jagran.com/bihar/patna-city-bal-hridya-scheme-will-be-implemented-in-bihar-from-january-treatment-of-children-heart-will-be-done-in-patna-and-ahmedabad-21192701.html

आयोग/समिति

प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों पर एक विशेषज्ञ समिति का गठन

प्रश्न: आरबीआई ने प्राथमिक(शहरी) सहकारी बैंकों पर एक विशेषज्ञ समिति के गठन करने का निर्णय लिया है –

(a) 05 फरवरी, 2021 (b) 01फरवरी, 2021 (C) 25 जनवरी, 2021 (d) 31 जनवरी, 2021

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2021 को RBI ने प्राथमिक(शहरी) सहकारी बैंकों पर एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने का निर्णय लिया
- यह 8 सदस्यीय समिति होगी। इस समिति की अध्यक्षता पूर्व RBI डिप्टी गवर्नर N.S. विश्व नाथन करेंगे।
- प्राथमिक(शहरी) सहकारी बैंक क्रेडिट संरचना का एक महत्वपूर्ण खंड है।
- विशेषज्ञ समिति अपनी पहली बैठक से 2 महीने के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=51130

ऑपरेशन/अभियान

'सांस' अभियान

प्रश्न-5 फरवरी, 2021 को किस राज्य में निमोनिया के कारण शिशु मृत्यु दर में कमी लाने हेतु सांस (SAANS-Social Awareness and Action to Neutralise Pneumonia Successfully) अभियान शुरू किया गया है?

(a) छत्तीसगढ़ (b) मध्य प्रदेश (c) राजस्थान (d) बिहार

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2021 को मध्य प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने निमोनिया के कारण शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्द्ेश्य से एक जागरूकता अभियान की शुरुआत की।
- इस जागरूकता अभियान का नाम 'सांस' (SAANS-Social Awareness and Action to Neutralise Pneumonia Successfully) है।
- इस अभियान अंतर्गत राज्य स्तर पर चिकित्सा कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।
- यह अभियान प्रदेश के 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को निमोनिया रोग से बचाने हेतु संचालित किया जा रहा हैं।
- राज्य सरकार ने प्रशिक्षण मॉड्यूल भी विकसित किया है।
- यह प्रशिक्षण मॉड्यूल PGIMER चंडीगढ़ और यूनिसेफ की साझेदारी में विकसित किया गया है।
- इनका उपयोग स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के कौशल को बढ़ाने के लिए किया जाएगा, जिसमें डॉक्टर और पैरा मेडिकल स्टॉफ शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=Madhya-Pradesh-launches-%26%2339%3BSAANS%26%2339%3B-campaign-to-reduce-infant-mortality&id=409336

'स्विच दिल्ली' अभियान

प्रश्न-4 फरवरी, 2021 को दिल्ली में 'स्विच दिल्ली' अभियान की शुरुआत की गई। सरकार ने वर्ष 2024 तक कुल वाहन पंजीकरण में कितने प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है?

(a) 20 प्रतिशत (b) 25 प्रतिशत (c) 30 प्रतिशत (d) 35 प्रतिशत

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2021 को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने हेतु 'स्विच दिल्ली' अभियान की शुरुआत की।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से शहर में प्रदूषण से निपटने हेतु इलेक्ट्रिक को खरीदने की अपील की।
- दिल्ली सरकार अगले छह हफ्तों में विभिन्न उद्देश्यों के लिए केवल इलेक्ट्रिक वाहनों को किराए पर लेगी।

- मुख्यमंत्री ने आपूर्ति शृंखला और बड़ी कंपनियों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, बाजार संगठनों, मॉल एवं सिनेमा हॉल को इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और अपने परिसरों में चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए कहा।
- अगस्त, 2020 में पॉलिसी लांच होने के बाद से 41000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे गए हैं।
- इस अभियान अंतर्गत इलेक्ट्रिक वाहनों के लाभों के विषय में जागरूकता का प्रसार किया जाएगा।
- सरकार ने वर्ष 2024 तक दिल्ली में कुल वाहन पंजीकरण में 25 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।
- 1 अगस्त, 2020 में पॉलिसी लांच होने के बाद से 41000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे गए है।
- दिल्ली सरकार द्वारा शहर भर में 100 चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने हेतु निविदा भी जारी की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/auto/latest-auto-news/story/arvind-kejriwal-launches-switch-delhi-campaign-to-promote-electric-vehicles-1766255-2021-02-05

MASCRADE 2021

प्रश्न-21 जनवरी, 2021को MASCRADE के 7वें संस्करण का उद्घाटन केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डा.हर्षवर्धन द्वारा किया गया था।यह अभियान निम्नलिखित में से किसके द्वारा आयोजित किया गया?

(a) फिक्की कास्केड द्वारा (b) एसोचैम व्यापार संघ द्वारा

(c) विश्व व्यापार संगठन द्वारा (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 21 जनवरी, 2021 को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डा.हर्षवर्धन ने MASCRADE,2021 के 7 वें संस्करण का उद्घाटन किया।
- MASCRADE का पूर्ण नाम- Movement against smuggled & counterfeit Trade
- इस कार्यक्रम का आयोजन फिक्की कास्केड द्वारा किया गया था।
- इसका उद्देश्य विशेष रूप से एक कोविड युग में जालसाजी और तस्करी की चुनौतियों को कम करने के लिए नई और व्यावहारिक रणनीतियों पर एक स्वस्थ चर्चा को बढ़ावा देना है।

- फिक्की (FICCI) MASCRADE को कानून प्रवर्तन एजेंसियों के काम को पहचानने और जालसाजी और तस्करी की रोकथाम में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए प्रत्येक वर्ष सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को सम्मानित करने और तस्करी विरोधी कानूनों को लागू करने के लिए आयोजित किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1690882

हर घर पानी, हर घर सफाई मिशन

प्रश्न-फरवरी, 2021 में किस राज्य में 'हर घर पानी, हर घर सफाई मिशन' शुरू किया गया है?

(a) पंजाब (b) उत्तराखंड (c) मध्य प्रदेश (d) बिहार

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 1 फरवरी, 2021 को पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने 'हर घर पानी, हर घर सफाई' मिशन लांच किया।यह मिशन मार्च, 2022 तक सभी ग्रामीण घरों में 100 प्रतिशत पाइप से जलापूर्ति के लक्ष्य को पूरा करने के सरकार के अभियान का हिस्सा है।
- मुख्यमंत्री द्वारा जल आपूर्ति हेतु योजना को विभिन्न घटको में प्रारंभ किया गया।
- इस योजना के तीन घटकों में मोगा जिले के 85 गांव को, 172 गांवों के लिए 144 नई जलापूर्ति योजनाएं और 121 आर्सेनिक और आयरन (जल से) हटाने वाले प्लांट शामिल हैं।
- इस योजना से अमृतसर, तरनतारन और गुरुदासपुर के 155 गांवों के 1.6 लाख निवासी लाभान्वित होंगे।यह योजना आर्सेनिक प्रभावित बस्तियों की समस्या को हल करेगी।
- इस योजना को विश्व बैंक, नाबॉर्ड, भारत सरकार के जल जीवन मिशन और राज्य बजट द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है।
- सरकार ने 10 नई बहु-ग्राम सतह जलापूर्ति योजना का भी शुभारंभ 1020 करोड़ रुपये के लागत के साथ किया है।
- इस योजनांतर्गत पटियाला, फतेहगढ़ साहिब, अमृतसर, गुरुदासपुर और तरनतारन जिलों में जल गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्रों के 1,018 ग्राम शामिल होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.uniindia.com/amarinder-launches-har-ghar-pani-har-ghar-safai-mission/north/news/2307258.html

किसान कल्याण मिशन

प्रश्न-जनवरी, 2021 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'किसान कल्याण मिशन' का शुभारंभ किया। इस मिशन के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है।

(a) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 6 जनवरी, 2021 को इस मिशन का शुभारंभ किया।

(b) इस कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यमंत्री ने सरोजिनी नगर ब्लॉक के अमावां गांव से की।

(c) यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के सभी 825 विकास खंडों में 21 जनवरी तक संचालित किया जाएगा।

(d) इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक विकास खंड पर कृषि व किसान कल्याण केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 6 जनवरी, 2021 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'किसान कल्याण मिशन' का शुभारंभ किया।
- इस कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने सरोजिनी नगर ब्लॉक के दादूपुर गांव से की।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और नई तकनीकी एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी उन तक पहुंचाना है।
- इस मिशन के माध्यम से किसानों को नए कृषि कानूनों के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।
- यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के सभी 825 विकास खंडों में 21 जनवरी तक तीन चरणों में संचालित किया जाएगा।
- इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक विकास खंड पर कृषि व किसान कल्याण केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- अधिक से अधिक किसान बंधुओं को लाभान्वित करने के उद्देश्य से यह आयोजन अंतर-विभागीय समन्वय से संपन्न किया जाएगा।
- इस अभियान के अंतर्गत कृषि आधारित गतिविधियों जैसे-पशुपालन, बागवानी, गन्ना आदि कृषि आधारित उद्योग शामिल किए गए है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=407354

वर्ष 2021 के लिए देशव्यापी पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत

प्रश्न-हाल ही में वर्ष 2021 के लिए देशव्यापी पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत कब हुई?

(a) 28 जनवरी, 2021 (b) 30 जनवरी, 2021

(c) 25 जनवरी, 2021 (d) 1 फरवरी, 2021

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 30 जनवरी, 2021 को वर्ष 2021 के लिए देशव्यापी पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गयी।
- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर इस अभियान की शुरुआत की।
- भारत सरकार का यह अभियान देश की पोलियो मुक्त स्थिति को बनाए रखने का हिस्सा है।
- इसके तहत 5 वर्ष से कम उम्र के लगभग 17 करोड़ बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।
- इस देशव्यापी अभियान को लगभग 24 स्वयंसेवकों, 1.5 लाख पर्यवेक्षकों और कई नागरिक समाज संगठनों (CSO), WHO, यूनिसेफ और रोटरी आदि द्वारा सहायता दी जाएगी।
- पल्स पोलियो कार्यक्रम वर्ष 1995 में राष्ट्रीय स्तर पर शुरू हुआ था।
- 27 मार्च 2014 को भारत पोलियो मुक्त घोषित हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.firstpost.com/health/three-day-nationwide-polio-immunisation-programme-to-begin-from-today-with-covid-19-precautions-9255651.html

सम्मेलन/समारोह

अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत-बहरीन संयुक्त कार्यसमूह की पहली बैठक संपन्न

प्रश्न-फरवरी, 2021 में संपन्न हुई भारत-बहरीन संयुक्त कार्यसमूह की प्रथम बैठक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

(1) उक्त बैठक में बहरीन प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व डॉ. अब्दुल हुसैन बिन अली मिर्जा ने किया।

(2) उक्त बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने किया।

(3) भारत और बहरीन के मध्य जुलाई, 2020 में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने हेतु समझौता-ज्ञापन किया गया था।

(4) उक्त बैठक में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा तथा स्वच्छ हाइड्रोजन के क्षेत्र में दोनों देशों के निजी क्षेत्र के मध्य सहयोग बढ़ाने हेतु जोर दिया गया।

उपर्युक्त दिए गए कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करें-

(a) (1) व (2) (b) (2) व (3) (c) (3) व (4) (d) (1) व (4)

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2021 को भारत एवं बहरीन के मध्य अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में संयुक्त कार्यसमूह की पहली बैठक संपन्न हुई।
- उक्त बैठक में बहरीन प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सस्टेनेबल एनर्जी अथॉरिटी के अध्यक्ष डॉ. अब्दुल हुसैन बिन अली मिर्जा ने किया।
- उक्त बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के संयुक्त सचिव दिनेश दयानंद जगदाले ने किया।
- ध्यातव्य है कि बहरीन तथा भारत के मध्य जुलाई, 2018 में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समझौता-ज्ञापन किया गया था।
- उक्त बैठक में दोनों पक्षों द्वारा जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों को पूरा करने हेतु अक्षय ऊर्जा के महत्व को रेखांकित करने के साथ-साथ इस क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों को प्रस्तुत किया गया।
- उक्त बैठक में दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल ने क्षमता विस्तार में आपसी सहयोग को बढ़ाने पर बल दिया गया।
- इसके साथ ही अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में विशेष रूप से सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा तथा स्वच्छ हाइड्रोजन के क्षेत्र में दोनों देश के निजी क्षेत्र के मध्य सहयोग बढ़ाने हेतु जोर दिया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1695346

भारत एवं यूनाइटेड किंगडम संयुक्त कार्य समूह की बैठक संपन्न

प्रश्न-आतंकवाद से निपटने के लिए भारत-यूनाइटेड किंगडम संयुक्त कार्य समूह की बैठक संपन्न हुई। यह संयुक्क्त कार्य समूह बैठक का कौन-सा संस्करण था?

(a) 16वां (b) 15वां (c) 14वां (d) 10वां

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 21-22 जनवरी, 2021 को भारत-यूनाइटेड किंगडम संयुक्त कार्य समूह (Joint working group) की 14वें संस्करण की वर्चुअल बैठक संपन्न हुई।इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश मंत्रालय में काउंटर टेररिज्म के संयुक्त सचिव महावीर सिंघवी और युनाइटेड किंगडम की तरफ से टॉम हर्ड ने भाग लिया।इस बैठक के दौरान आतंकवाद से निपटने संबंधी सुझावों पर विचार किया गया तथा आतंकवाद के वैश्विक खतरे से निपटने हेतु अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।दोनों देशों द्वारा संयुक्त राष्ट्र और वित्तीय कार्रवाई कार्यदल (Financial action task force) जैसे बहुपक्षीय मंचों में आतंकवाद के विरुद्ध सहयोग पर भी चर्चा की गई।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/33410/14th+meeting+of+the+IndiaUnited+Kingdom+Joint+Working+Group+on+CounterTerrorism

ग्लोबल चीफ्स ऑफ एयर स्टॉफ, सम्मेलन, 2021

प्रश्न-3-4 फरवरी, 2021 के मध्य ग्लोबल चीफ्स ऑफ एयर स्टॉफ सम्मेलन, 2021 कहां आयोजित हुआ?

(a) नई दिल्ली (b) बंगलुरू (c) कोलकाता (d) हैदराबाद

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 3-4 फरवरी, 2021 के मध्य ग्लोबल चीफ्स ऑफ एयर स्टॉफ सम्मेलन (Global Chiefs of Air Staff Conclave), 2021 का आयोजन बंगलुरू (एयरो इंडिया, 2021 के दौरान) में किया गया।
- इस दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी भारतीय वायुसेना द्वारा की गई थी।इस सम्मेलन का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा किया गया।सम्मेलन में 28 देशों की वायुसेनाओं के प्रमुख/कमांडर शामिल हुए।इस सम्मेलन को एयरोस्पेस क्षेत्र में समकालीन प्रासंगिकता के विषयों पर श्रेष्ठ प्रक्रियाओं और विचारों के आदान-प्रदान के लिए आयोजित किया गया था।
- सम्मेलन में अमेरिका, यूरोप, मिडिल ईस्ट, पश्चिम एशिया, मध्य एशियाई गणराज्य, दक्षिण पूर्व एशिया, अफ्रीका, हिंद महासागर क्षेत्र और हिंद प्रशांत की वायु सेनाओं के साथ महाद्वीप के देशों ने भागीदारी की।

भारत-जापान एक्ट ईस्ट फोरम की 5 वीं संयुक्त बैठक, 2021

प्रश्न-28 जनवरी, 2021 को भारत-जापान एक्ट ईस्ट फोरम की 5 वीं संयुक्त बैठक कहां आयोजित हुई?

(a) टोक्यो (b) नई दिल्ली (c) मुंबई (d) जयपुर

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2021 को भारत-जापान एक्ट ईस्ट फोरम की 5 वीं संयुक्त बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई।
- बैठक की सह-अध्यक्षता हर्षवर्धन शृंगला, विदेश सचिव तथा भारत में जापान के राजदूत सुजुकी सातोशी ने की।
- बैठक में दोनों देशों ने भारत-जापान द्विपक्षीय सहयोग के तहत कुछ नई परियोजनाओं पर चर्चा की।
- साथ ही स्वास्थ्य, कृषि-उद्योग, पर्यटन तथा लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ।
- एक्ट ईस्ट फोरम (AEF) ने कनेक्टिविटी, जल विद्युत, सतत विकास, जल संसाधनों के दोहन, और कौशल विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।
- AEF भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' के तहत और जापान के मुक्त तथा खुला हिंद- प्रशांत दृष्टिकोण के तहत पूर्वोत्तर क्षेंत्र में भारत-जापान तालमेल के लिए मंच मुहैया कराता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/33422/5th_Joint_Meeting_of_the_IndiaJapan_Act_East_Forum

दूसरी भारत-बांग्लादेश कॉन्सुलर वार्ता, 2021

प्रश्न-28 जनवरी, 2021 को दूसरी भारत-बांग्लादेश कॉन्सुलर वार्ता कहां संपन्न हुई?

(a) नई दिल्ली (b) ढाका (c) कोलकाता (d) मुंबई

उत्तर–(a)

Ministry of External Affairs
Government of India

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2021 को दूसरी भारत-बांग्लादेश कॉन्सुलर वार्ता, 2021 नई दिल्ली में संपन्न हुई।
- संजय भट्टाचार्य, सचिव (सीपीवी और ओआईए) ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

- जबकि बांग्लादेश से आए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राजदूत मशफी बिन्ते शम्स, सचिव (पूर्व), एमओएफए ने किया।
- दोनों देशों के बीच कांसुलर संवाद तंत्र को 2017 में कांसुलर, वीजा और आपसी कानूनी सहायता से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए स्थापित किया गया था।
- दोनों पक्षों ने कांसुलर मुद्दों पर समन्वय तथा सहयोग को मजबूत करने के लिए तंत्रों पर व्यापक चर्चा की।
- इनमें कॉन्सुलर एक्सेस, राष्ट्रीयता का सत्यापन और बंदियों की रिहाई, विशेष रूप से हिरासत में लिए गए मछुआरों को जल्द रिहाई के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को अंतिम रूप देना शामिल था।
- दोनों देशों के बीच विशेष संबंध और द्विपक्षीय राजनयिक संबंध की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने और अधिक लोगों से आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की।
- अगली कांसुलर वार्ता ढाका में आयोजित की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.businessworld.in/article/India-Bangladesh-hold-second-consular-dialogue/29-01-2021-371105/

उद्योग मंथन-2021

प्रश्न-उद्योग मंथन-2021 से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(i) यह भारतीय उद्योगों की उत्पादकता तथा गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एक केंद्रीकृत विशेष वेबिनार 'मेराथॉन' है।

(ii) यह 4 जनवरी, 2021 को शुरू हुआ और 2 मार्च, 2021 तक चलेगा।

(iii) उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, भारतीय गुणवत्ता परिषद, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद और अन्य उद्योग निकायों के साथ मिलकर इसका आयोजन कर रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii)

(c) केवल (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- हाल ही में शुरू हुआ 'उद्योग मंथन-2021', उद्योगों की उत्पादकता तथा गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एक केंद्रीकृत विशेष वेबिनार 'मेराथॉन' है।
- यह 4 जनवरी, 2021 को शुरू हुआ और 2 मार्च, 2021 तक चलेगा।
- उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DIIP) भारतीय गुणवत्ता परिषद, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद और अन्य उद्योग निकायों के साथ मिलकर इसका आयोजन कर रहा है।
- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 6 जनवरी, 2021 को इस सत्र की अध्यक्षता की।
- इस आयोजन में भाग लेने वालों में उद्योग, परीक्षण और मानक निकायों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।'उद्योग मंथन' चुनौतियों तथा अवसरों की पहचान करेगा।
- साथ ही, समाधान और सर्वोत्तम प्रथाओं पर ध्यान आकर्षित करेगा।
- यह गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए उद्योगों तथा क्षेत्रों में सीखने के लिए सक्षम बनाएगा।
- इसका उद्देश्य 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देने के लिए 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को साकार करना हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1686172

भारत जलवायु वक्तव्य,2020

प्रश्न-हाल ही में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के भारत जलवायु वक्तव्य 2020 के अनुसार, 1901 के बाद से वर्ष 2020 कौन-सा सबसे अधिक गर्म वर्ष रहा?

(a) सातवां (b) आठवां (c) नौवां (d) पांचवां

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 4 जनवरी, 2021 को भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अपने 'भारत जलवायु वक्तव्य, 2020' जारी किया है।
- भारत जलवायु वक्तव्य 2020 के अनुसार, 1901 के बाद से वर्ष 2020 आठवां सबसे गर्म वर्ष था।
- अन्य प्रमुख बिंदु
- 1901 के बाद से 15 सबसे गर्म वर्षों में से 12 वर्ष 2006 और 2020 के बीच था।
- दक्षिण-पश्चिम मानूसन के दौरान-बारिश (वर्ष 2020 में) सामान्य से अधिक हुई इसका Laog Period Average, 109 प्रतिशत था।
- आंधी-तूफान और आसामानी बिजली के कारण 2020 में 815 मौतें दर्ज की गयी।

- सर्वाधिक मौते बिहार (280) व U.P. (220) में दर्ज की गई।
- पिछला दशक, रिकॉर्ड पर सबसे गर्म दशक था।
- 2020 में भारत में औसत भूमि सतह का तापमान सामान्य से 29oC अधिक था।
- उत्तर प्रदेश और बिहार प्रतिकूल मौसम के कारण सबसे अधिक प्रभावित हुए।
- मानसून और मॉनसून के बाद के मौसमों का औसत तापमान क्रमश: +430oC और +0.53oC दर्ज किया गया था।
- सर्दियों के दौरान औसत तापमान भी सामान्य से अधिक था। यह सामान्य से अधिक 140oC दर्ज किया गया है।भारतीय मौसम विज्ञान विभाग केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन काम करता है।क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता, दिल्ली, चेन्नई, मुंबई, नागपुर और गुवाहाटी में हैं।
- यह मुख्य रूप से चक्रवात की निगरानी तथा चेतावनी जारी करता है।
- यह मलक्का जलडमरूमध्य, अरब सागर, बंगाल की खाड़ी, फारस की खाड़ी सहित उत्तरी हिंद महासागर क्षेत्र में मॉनिटरिंग करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mausam.imd.gov.in/backend/assets/press_release_pdf/Statement_of_Climate_of_India-2020.pdf

संधि/समझौता

भारत और विश्व बैंक के मध्य समझौता

प्रश्न-फरवरी, 2011 में भारत सरकार और विश्व बैंक ने किस राज्य की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया?

(a) नागालैंड (b) त्रिपुरा (c) मिजोरम (d) मणिपुर

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 22 फरवरी, 2021 को भारत सरकार और विश्व बैंक के मध्य नागालैंड की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए एक समझौता संपन्न हुआ।
- इस समझौते पर भारत सरकार की तरफ से वित्त मंत्रालय (अतिरिक्त) सचिव सी.एस महापात्रा, नागालैंड सरकार की तरफ से मुख्य निदेशक, स्कूली शिक्षा विभाग सी शानवास और विश्व बैंक की तरफ से जुवैद अहमद ने हस्ताक्षर किए।
- कुल परियोजना राशि 6.8 करोड़ डॉलर (68 Million)।

- कर्ज की परिपक्वता अवधि 14.5 वर्ष, जिसमें 5 साल की ग्रेस अवधि शामिल।
- उद्देश्य
- नागालैंड में शिक्षण संस्थान और संसाधनों में सुधार
- शिक्षकों के लिए व्यावसायिक विकास का अवसर उत्पन्न करना।
- विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को तकनीक से जोड़ना एवं ऑनलाइन शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करना।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1700111

साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने हेतु समझौता

प्रश्न-15 फरवरी, 2021 को वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक्नâोलॉजीज लिमिटेड (एचसीएल) ने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने हेतु किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

(a) आईआईटी, रुड़की (b) आईआईटी, कानपुर
(c) आईआईटी, दिल्ली (d) आईआईटी, मद्रास

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2021 को वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक्नâोलॉजीज लिमिटेड (एचसीएल) ने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने हेतु आईआईटी, कानपुर के साथ एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- इस समझौता-ज्ञापन के एक हिस्से के रूप में एचसीएल आईआईटी, कानपुर के एक विशेष साइबर सुरक्षा अनुसंधान केंद्र (C3iHub) के साथ काम करेगा।
- यह सहयोग साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में उन्नत समाधान विकसित करने के लिए देश के उज्जवल दिमाग (Country's brightest minds), उन्नत अनुसंधान क्षमताओं और वैश्विक संसाधनों को एक साथ लाएगा।
- एचसीएल और आईआईटी, कानपुर संयुक्त पहल और अनुसंधान करने के लिए वास्तविक दुनिया के उद्योग में निवेश लाएंगे।
- इस समझौते में वर्तमान और भविष्य की परिचालन प्रौद्योगिकियों के रूप में साइबर सुरक्षा चुनौतियों के लिए एक सुरक्षा ढांचा और समाधान विकसित करेंगे।
- वे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के लिए साइबर खतरों, कमजोरियों और जोखिमों की खोज और प्रबंधन के लिए एक साथ मिलकर काम करेंगे।

- एचसीएल और आईआईटी, कानुपर चुनिंदा शोध परियोजनाओं की पहचान करने के लिए मिलकर काम करेंगे, जिससे उन्हें पैमाने पर लाया जा सके।
- उत्पादों और सेवाओं के संभावित व्यावसायीकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क पर परियोजनाओं का परीक्षण एक विशेष एचसीएल वातावरण में परीक्षण और विकास के साथ किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hcltech.com/newsfeed/hcl-signs-mou-iit-kanpur-strengthen-capabilities-fields-cybersecurity

बिहार सरकार-यूएनईपी में समझौता

प्रश्न-12 फरवरी, 2021 को बिहार सरकार ने जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने हेतु किए जा रहे प्रयासों के तहत संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता-ज्ञापन के अनुसार बिहार में किस वर्ष तक कार्बन उत्सर्जन कम करके लोगों को प्रदूषण की समस्या से निजात दिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है?

(a) वर्ष 2025 (b) वर्ष 2030 (c) वर्ष 2040 (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 12 फरवरी, 2021 को बिहार सरकार ने जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने हेतु किए जा रहे प्रयासों के तहत संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के साथ एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता-ज्ञापपन के तहत यूएनईपी की भागीदारी से राज्य में प्रदूषण की समस्या से निजात पाने कâे उपाय किए जाएंगे।
- यूएनईपी कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने और कार्बन सिंक को बढ़ाने की योजना से पूर्व राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में कार्बन पद्चिह्न का आकलन करने के लिए एक बहु-हितधारक टीम का नेतृत्व करेगा।यूएनईपी राज्य में ग्रीन हाउस इनवेंटरी तैयार करने तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव का आकलन करने में तकनीकी सहायता प्रदान करेगा।
- यूएनईपी के साथ साझेदारी से राज्य में हरित प्रयासों जैसे जल जीवन हरियाली मिशन, कृषि रोड मैप, नवीकरणीय ऊर्जा नीति, स्वच्छ ईंधन नीति आदि को बल मिलेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/economy/agri-business/bihar-in-pact-with-unep-to-chalk-out-a-climate-resilient-development-pathway/article33824563.ece

भारतीय रिवर्ज बैंक एवं सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका के मध्य समझौता

प्रश्न-भारतीय रिजर्व बैंक एवं सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका के मध्य मुद्रा विनिमय सुविधा हेतु समझौता किया गया। यह समझौता राशि कितनी है?

(a) 500 मिलियन (b) 200 मिलियन (c) 300 मिलियन (d) 400 मिलियन

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 भारतीय रिजर्व बैंक एवं सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका के मध्य 400 मिलियमन अमेरिकी डॉलर की मुद्रा विनियमन सुविधा लागू की गयी।
- ध्यातव्य है कि भारतीय रिजर्व बैंक एवं सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका के मध्य जुलाई, 2020 में सार्क करेंसी स्वैप फ्रेमवर्क के तहत इस समझौते पर सहमति हो चुकी थी।
- चूंकि 15 नवंबर, 2012 को सार्क मुद्रा विनिमय ढांचा परिचालन में आया।
- मुद्रा स्वैप में ब्याज का विनियमन शामिल होता है।
- यह समझौता नवंबर, 2022 तक मान्य होगा।
- मुद्रा विनियमन व्यवस्था में किसी देश का केंद्रीय बैंक अन्य देश के केंद्रीय बैंक को डॉलर प्रदान करता है, जिसे विदेशी केंद्रीय बैंक निर्धारित समय में बाजार विनियमन दर के अनुसार उस देश की मुद्रा के अनुसार धन राशि लौटा देता है।
- भारतीय रिजर्व बैंक का मुख्यालय मुंबई में स्थित है तथा इसके गवर्नर शक्तिकांत दास है।
- इसकी स्थापना 1 अप्रैल, 1935 को की गयी थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/current-affairs/sri-lanka-settles-400-million-currency-swap-facility-with-india-121020501615_1.html

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड तथा विप्रो 3D के मध्य समझौता-ज्ञापन

प्रश्न-फरवरी, 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने धातु आधारित 3D प्रिंटिंग एयरक्राफ्ट इंजन के उपकरणों के निर्माण के लिए किसके साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है?

(a) भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर (b) DRDO (c) विप्रो 3D (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2021 को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने धातु आधारित 3D प्रिंटिंग एयरक्राफ्ट इंजन के उपकरणों के निर्माण के लिए विप्रो 3D के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था।
- ध्यातव्य है कि हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित एयरक्राफ्ट इंजनों के लिए विप्रो 3D द्वारा उपकरणों का निर्माण किया जाएगा।
- यह पहल एयरोस्पेस एप्स के विकास और उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनी है, जबकि विप्रो निजी क्षेत्र की प्रौद्योगिकी कंपनी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/defence/hal-wipro3d-collaborate-to-manufacture-metal-3d-printed-aircraft-engine-component/articleshow/80764369.cms

संयुक्त उन्नत प्रौद्योगिकी कार्यक्रम हेतु समझौता

प्रश्न-8 फरवरी, 2021 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने वर्तमान संयुक्त उन्नत प्रौद्योगिकी कार्यक्रम के दायरे और उद्देश्य का विस्तार करने हेतु जेएटीपी-सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (जेएटीपी-सीओई) के निर्माण हेतु किस संस्थान के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

(a) वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली

(b) भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलुरू

(c) अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र, अहमदाबाद (d) विज्ञान प्रसार, नोएडा

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 8 फरवरी, 2021 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने वर्तमान संयुक्त उन्नत प्रौद्योगिकी कार्यक्रम के दायरे और उद्देश्य का विस्तार करने हेतु आईआईएससी के परिसर में जेएटीपी-सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (जेएटीपीसीओई) के निर्माण के लिए भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बंगलुरू के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- आईआईएससी, बंगलुरू के परिसर में स्थित संयुक्त उन्नत प्रौद्योगिकी कार्यक्रम-उत्कृष्टता केंद्र (जेएटीपी-सीओई) निर्देशित बेसिक एंड एप्लाइड रिसर्च को सक्षम बनाएगा और बहु-अनुशासनात्मक और बहु-संस्थागत सहयोग के माध्यम से प्रमुख अनुसंधान संस्थानों के साथ जुड़ सकेगा।
- इस समझौता-ज्ञापन के अनुसार डीआरडीओ संयुक्त उन्नत प्रौद्योगिकी कार्यक्रम (जेएटीपी) को उन्नत और अनूठी अनुसंधान सुविधाओं से लैस करने में सहयोग प्रदान करेगा, जिससे संकाय और विद्वान उन्नत स्तर पर अनुसंधान करने में सक्षम होंगे।

- डीआरडीओ के वैज्ञानिक और इंजीनियर अनुसंधान के उन्नत क्षेत्रों में एक अभिनव समाधान खोजने के लिए चुनौतीपूर्ण वैज्ञानिक समस्याओं के समाधान में आदमिक अनुसंधान संकाय और विद्वानों के साथ मिलकर काम करेंगे।
- इन 5 चिह्नित उन्नत क्षेत्रों में उन्नत एयरोस्पेस सिस्टम एंड मैटेरियल्स, हाई टेम्परेचर मैटेरियल्स, माइक्रो एंड नैनो सिस्टम साइंस एंड टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड रोबोटिक्स और क्वांटम टेक्नोलॉजीज शामिल है।
- जेएटीपी-सीओई अपनी शोध व्यक्तियों के आधार पर देश के अन्य प्रमुख संस्थानों को शामिल कर सकते हैं।
- जेएटीपी को भारत के दिवंगत राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने वर्ष 1983 में (आईजीएमडीपी कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए) बनाया था, जहां डीआरडीओ के वैज्ञानिकों ने विभिन्न मिसाइल प्रौद्योगिकियों पर काम करते हेतु आईआईएसी के संकाय के साथ सक्रिय रूप से सहयोग किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1696259

स्विट्जरलैंड और हरियाणा के मध्य समझौता

प्रश्न-फरवरी, 2021 में स्विट्जरलैंड तथा हरियाणा राज्य के बीच किन-किन क्षेत्रों में विशेषज्ञता साझा करने हेतु सहमति हुई है?

(i) कौशल प्रशिक्षण (ii) पर्यटन (iii) डेयरी क्षेत्र (iv) मत्स्य क्षेत्र

(a) केवल (i) (b) (i),(ii) और (iii) (c) (ii) और (iv) (d) (iii) और (iv)

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2021 को स्विट्जरलैंड के राजदूत राल्फ हेकनर और हरियाणा के मुख्यमंत्री के बीच विभिन्न मुद्दों पर अपने-अपने क्षेत्रों की विशेषज्ञता को लेकर सहमति बनी।
- परस्पर सहमति के क्षेत्र कौशल शिक्षण, पर्यटन और डेयरी क्षेत्र में बने हैं।
- ये शिक्षक-छात्र और सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों के लिए भी संभावना तलाश रहे है।
- हरियाणा में स्विट्जरलैंड की 34 कंपनियां कार्यरत हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/swiss-ambassador-ralf-heckner-calls-on-khattar/2024422

आईआईटी खड़गपुर और एनआईयूए ने बीएएसआईआईसी के लिए हस्ताक्षर किए

प्रश्न-किस बिल्डिंग एक्सेसिबल सेफ एंड इनक्लूसिव इंडियन सिटीज के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स तथा किसके मध्य समझौता-ज्ञापन हुआ।

(a) आई.आई.टी. खड़गपुर (b) आई.टाई.टी. मद्रास

(c) आई.आई.टी. बंगलुरू (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 3 फरवरी, 2021 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर ने बिल्डिंग एक्सेसिबल सेफ एंड इनक्लूसिव इंडियन सिटीज या सुलभ, सुरक्षित और समावेशी भारतीय शहरों का निर्माण (बीएएसआईआईसी) के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अफेयर्स के साथ समझौता-हस्ताक्षरित हुआ।
- इसका उद्देश्य विकलांग और बुजुर्ग व्यक्तियों सहित समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित करने के लिए भारत में सुलभ, सुरक्षित और समावेशी शहरों के लिए सार्वभौमिक शहर नियोजन के लिए एक रूपरेखा विकसित करना।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://kgpchronicle.iitkgp.ac.in/iit-kharagpur-and-niua-collaborate-to-build-accessible-safe-and-inclusive-indian-cities/

फोन पे एवं एक्सिस बैंक के मध्य समझौता

प्रश्न-फोन पे (PhonePe) द्वारा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) मल्टी बैंक की स्थापना हेतु किस बैंक के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है।

(a) आईसीआईसीआई बैंक (b) एक्सिस बैंक

(c) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (d) पंजाब नेशनल बैंक

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में डिजिटल पेमेंट प्लेटफार्म कंपनी फोन पे (Phone Pe) द्वारा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) मल्टी बैंक मॉडल की स्थापना में भागीदारी हेतु एक्सिस बैंक (Axis Bank) के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- अब फोन पे उपयोगकर्ताओं को एक्सिस बैंक के "@axi" हैंडल के साथ कई यूपीआई आईडी बनाने और उपयोग करने में सहायता प्रदान करेगा।

- अब तक फोन पे का प्रमुख बैंकिंग साझेदार यस बैंक (Yes Bank) था।
- नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) के अनुसार, फोन पे माह जनवरी, 2021 में सर्वश्रेष्ठ यूपीआईऐप के रूप में उभरा।
- अब तक फोन पे ऐप के माध्यम से 968.72 मिलियन का लेन-देन हो चुका है।
- फोन पे के कुल पंजीकृत ग्राहकों की संख्या 265 मिलियन है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/phonepe-partners-with-axis-bank-on-upi-multi-bank-model/article33781512.ece

भारत-आईईए में समझौता

प्रश्न-जनवरी, 2021 में भारत ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (एआईईए) के सदस्यों के साथ रणनीतिक साझेदारी हेतु बने फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) भारत ने 24 जनवरी, 2021 को इस पर हस्ताक्षर किए।

(b) इस साझेदारी के माध्यम से सदस्य देश एक-दूसरे के बीच ज्ञान का आदान-प्रदान कर सकेंगे।

(c) रणनीतिक साझेदारी की रूपरेखा भारत और आईईए के सदस्यों द्वारा निर्धारित की जाएगी।

(d) आईईए सचिवालय भारत में आपसी सहयोग बनाने वाली गति विधियों के कार्यान्वयन हेतु जिम्मेदार होगा।

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 27 जनवरी, 2021 को भारत ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (एआईईए) के सदस्यों के साथ रणनीतिक साझेदारी हेतु बने फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर किया।
- इस समझौते के तहत सदस्य देशों के बीच आपसी विश्वास, मजबूत सहयोग और वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा, स्थिरता और टिकाऊपन को बढ़ावा मिलेगा।
- इस साझेदारी के माध्यम से सदस्य देश एक-दूसरे के बीच ज्ञान का आदान-प्रदान कर सकेंगे।
- यह समझौता भारत के आईइए का पूर्ण सदस्य बनने की दिशा में एक और कदम होगा।
- रणनीतिक साझेदारी की रूपरेखा भारत और आईईए के सदस्यों द्वारा निर्धारित की जाएगी।

- इस समझौते के तहत स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण कार्यक्रम (सीईटीपी) जैसे ऊर्जा सुरक्षा, स्वच्छ और सतत ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, भारत में पेट्रोलियम क्षमता में वृद्धि करना, भारत में गैस आधारित अर्थव्यवस्था का विस्तार देने से संबंधित कार्यकम संचालित किए जाएंगे।
- आईईए सचिवालय भारत में आपसी सहयोग बढ़ाने वाली गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार होगा।
- इसके अतिरिक्त एजेंसी के सदस्यों और भारत के बीच सहयोग हेतु रणनीतिक साझेदारी निर्धारित करने का काम भी आईईए करेगा।
- भारत सरकार द्वारा फ्रेमवर्क समझौते के अनुसार, ऊर्जा क्षेत्र में सामरिक और तकनीकी सहयोग को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने वाले आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.iea.org/news/india-and-the-iea-enter-new-phase-of-closer-collaboration-with-signing-of-strategic-partnership-framework

भारत सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार और विश्व बैंक में समझौता

प्रश्न-12 फरवरी, 2021 को भारत सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार और विश्व बैंक ने छत्तीसगढ़ के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में पोषण आधारित कृषि को बढ़ावा देने हेतु कितनी राशि की परियोजना पर हस्ताक्षर किए?

(a) 10 करोड़ डॉलर (b) 15 करोड़ डॉलर (c) 20 करोड़ डॉलर (d) 25 करोड़ डॉलर

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 12 फरवरी, 2021 को भारत सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार और विश्व बैंक ने छत्तीसगढ़ के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में पोषण आधारित कृषि को बढ़ावा देने हेतु 10 करोड़ डॉलर की परियोजना पर हस्ताक्षर किए।
- इस परियोजना के तहत छत्तीसगढ़ के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जनजातीय समुदायों को विविधतापूर्ण और पोषण आधारित फसलों का प्रतिवर्ष उत्पादन करने हेतु प्रेरित किया जाएगा।
- छत्तीसगढ़ के दक्षिणी हिस्सों में जहां पर बड़ी जनजातीय आबादी कुपोषित और गरीब है, वहां पर CHIRAAG (छत्तीसगढ़ समावेशी ग्रामीण और त्वरित कृषि विकास परियोजना) परियोजना लागू की जाएगी।
- इस परियोजना से छत्तीसगढ़ के 8 जिलों में 1000 गांवों के 1.80 लाख परिवार लाभान्वित होंगे।

- पोषण आधारित कृषि को बढ़ावा देने हेतु परियोजना के तहत उन गतिविधियों की शृंखला लागू की जाएगी, जो कृषि को जलवायु के अनुकूल और लाभदायक बनाएंगे।
- इसके तहत जल-संचयन की बुनियादी संरचनाओं और सिंचाई सुविधाओं में निवेश किया जाएगा।
- साथ ही एकीकृत कृषि प्रणालियों के तहत फसल, मत्स्य और पशुपालन को एक साथ लेकर मॉडल विकसित किया जाएगा।
- इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट (IBRD) से प्रदत्त, 10 करोड़ डॉलर के ऋण की परिपक्वता (Maturity) अवधि 17.5 वर्ष है, जिसमें 5.5 वर्ष की छूट अवधि भी शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1697427#:~:text=The%20Government%20of%20India%2C%20the,of%20diversified%20and%20nutritious%20food.

आईईपीएफए-इग्नू में समझौता

प्रश्न-9 फरवरी, 2021 को निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष प्राधिकरण (आईईपीएफए) और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के मध्य दूरस्थ शिक्षा मोड के माध्यम से निवेशक जागरूकता के प्रसारण हेतु शिक्षा से संबंधित किस चैनल की टेली-लेक्चरिंग सुविधा के उपयोग हेतु एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?

(a) ज्ञान दर्शन (b) ज्ञान वाणी (c) ज्ञान धारा (d) स्वयं प्रभा

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2021 को निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष प्राधिकरण (आईईपीएफए) और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के मध्य दूरस्थ शिक्षा मोड के माध्यम से निवेशक जागरूकता के प्रसारण हेतु ज्ञान दर्शन चैनल (ईपीएमसी) की टेली लेक्चरिंग सुविधा के उपयोग के लिए एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- यह पहली बार है जब आईईपीएफ प्राधिकरण आईएपी (इनवेस्टर अवेयरनेस प्रोग्राम) के संचालन के लिए इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करने हेतु एक एसोसिएशन में शामिल हुआ है।
- अब तक आईईपीएफए ने सीएसडीसी-ई-गांव, आईपीपीबी, नेहरू युवा केंद्र संगठन जैसे विभिन्न संगठनों के साथ सहयोग करके लगभग 50,000 आईएपी का संचालन किया है।
- प्रारंभ में 26 टेली लेक्चरिंग कार्यक्रम पर सहमति हुई है।

- इग्नू 30 लाख भारतीय और विदेशी बच्चों को 21 स्कूलों और 67 क्षेत्रीय केंद्रों के नेटवर्क के माध्यम से शिक्षा प्रदान कर रहा है। इसके लगभग 2000 लर्नर सपोर्ट सेंटर और विदेशी संस्थान हैं।
- इग्नू का ज्ञान दर्शन चैनल एक वेब आधारित एजुकेशन टीबी चैनल है, जिसमें स्टूडेंट्स विभिन्न शिक्षा से संबंधित प्रोग्राम देख सकते हैं।
- यह मानव संसाधन विकास मंत्रालय (वर्तमान में शिक्षा मंत्रालय), सूचना और प्रसारण मंत्रालय, प्रसार भारती और इग्नू का ज्वाइंट वेंचर है।
- इग्नू के छात्रों के लिए ज्ञान दर्शन का शुभारंभ वर्ष 2000 में किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1696619

भारत के लिए स्वदेशी मानचित्रण समाधान करने प्रदान करने हेतु इसरो ने किया करार

प्रश्न-हाल ही में निम्नलिखित में से किस भू-स्थानिक सेवा प्रदाता ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के साथ मिलकर, भारत हेतु स्वदेशी मानचित्रण समाधान प्रस्तुत करने के लिए एक समझौता किया है?

(a) आर्गिस सॉल्यूशंस (Argis Sotions) (b) गूगल

(c) जीआईएस क्लाउड (d) मैपमाईइंडिया

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 11 फरवरी, 2021 को देश के लिए स्वदेशी मानचित्रण समाधान की पेशकश करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) एवं MapmyIndia के बीच एक समझौता हुआ।
- इस सहयोग से आत्मनिर्भर-भारत को बढ़ावा मिलेगा और भारतीय उपयोगकर्ताओं के लिए स्वदेशी मानचित्रण समाधान भी भरोसेमंद साबित होंगे।
- इन प्रयासों के परिणामस्वरूप लोगों को अब भारत में Google Maps/Earth पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं रहेगी।
- 11 फरवरी, 2021 को अंतरिक्ष विभाग (DoS) जिसके तहत ISRO आता है, ने CE Info systems PVT.Ltd के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- CE Info systems PVT.Ltd एक भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी कंपनी है, जिसका स्वामित्व MapmyIndia के पास है।

- करार के हिस्से के रूप में, इसरो और मैपमाइइंडिया अपने Geoportals का लाभ उठाकर समाधान विकसित करेंगे और भू-स्थानिक विशेषज्ञता बढ़ाने पर काम करेंगे।
- इसरो के अनुसार यह सहयोग उन्हें संयुक्त रूप से समग्र-भू-स्थानिक समाधानों की पहचान करने और निर्माण करने में सक्षम करेगा।
- इस उद्देश्य के लिए वे अब NavIC, Web Services, Bhuvan, VEDAS एवं MOSDAC ज्योतिपोर्टल्स सहित MapmyIndia के (Application Programming Interface) का उपयोग करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.isro.gov.in/update/11-feb-2021/mou-signed-with-m-s-ce-info-systems-pvt-ltd-mapmyindia

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया-यूनिसेफ में समझौता

प्रश्न-फरवरी, 2021 में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और यूनिसेफ ने एस्ट्राजेनेका/ऑक्सफोर्ड और नोवावैक्स वैक्सीन के लिए दीर्घकालीन आपूर्ति समझौता किया। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के अनुसार टीकों की 1.1 बिलियन खुराक तक लगभग कितने देशों की पहुंच होगी?

(a) 65 (b) 75 (c) 85 (d) 100

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 3 फरवरी, 2021 को सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) और यूनिसेफ ने एस्ट्रानेजेका/ऑक्सफोर्ड और नोवावैक्स (NOVAVAX) वैक्सीन के लिए दीर्घकालिक आपूर्ति समझौता किया।
- संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के अनुसार, टीकों की 1.1 बिलियन खुराक तक लगभग 100 देशों की पहुंच होगी।
- ऑक्सफोर्ड एस्ट्राजेनेका के कोविशील्ड का निर्माण पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा किया जा रहा है और नोवावैक्स का उत्पादन यूएस-आधारित नोवाक्स इंक द्वारा किया जा रहा है।
- कोविड-19 टीकों तक उचित पहुंच के लिए संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाली कोवैक्स (COVAX) पहल के तहत 145 देशों के प्रमुख श्रमिकों और अन्य कमजोर व्यक्तियों को वर्ष 2021 की पहली छमाही में कोविड-19 टीके प्राप्त होंगे।
- फाइजर-बायोएनटेक वैक्सीन की कुल 40 मिलियन में से लगभग 1.2 मिलियन खुराक 18 देशों को इस वर्ष की पहली तिमाही में वितरित की जाएगी।

- जिम्बाब्वे से लेकर अफगानिस्तान तक कोवैक्स योजना पर हस्ताक्षर करने वाले सभी देशों के लिए ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका टीकों की अतिरिक्त 336 मिलियन खुराक प्रेषित की जानी है।
- इस योजना से लाभान्वित होने वाले देशों की आबादी का औसतन 3.3 प्रतिशत इस टीके की कुल खुराक के माध्यम से कवर किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.unicef.org/press-releases/unicef-executive-director-henrietta-fores-remarks-briefing-covax-publishing-interim

https://www.seruminstitute.com/news.php

पहला आसियान-भारत हैकाथॉन, 2021

प्रश्न-पहला आसियान-भारत हैकाथॉन, 2021 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 2 फरवरी, 2021 को पहले असियान-भारत हैकाथॉन, 2021 का समापन हुआ।

(b) इसमें 10 आसियान देशों और भारत के 300 से अधिक छात्रों, मार्गदर्शकों और अधिकारियों ने भाग लिया।

(c) इस हैकाथॉन का लक्ष्य भारत और आसियान देशों के बीच विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना है।

(d) शिक्षा मंत्रालय के नवाचार प्रकोष्ठ, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (विदेश मंत्रालय) और आसियान देशों के सहयोग से इस हैकाथॉन का आयोजन किया गया।

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2021 तक पहला आसियान-भारत हैकाथॉन, 2021 आयोजित हुआ।
- 5 फरवरी, 2021 को केंद्रीय शिक्षा मंत्रीय रमेश पोखरियाल 'निशंक' और विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने आसियान देशों के मंत्रियों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ आसियान भारत-2021 के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में भाग लिया।
- इसमें 10 आसियान देशों और भारत के 300 से अधिक छात्रों, मार्गदर्शकों और अधिकारियों ने भाग लिया।
- आसियान-भारत हैकॉथान आसियान के दृष्टिकोण-विज्ञान और प्रौद्योगिकी और नवाचार की कार्य योजना (एपीएएसटीआई) 2016-2025 के अनुरूप है।
- इस हैकाथॉन का लक्ष्य भारत और आसियान देशों के बीच विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना था।

- ब्लू इकोनॉमी और शिक्षा के दो व्यापक विषयों के मामले में सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने हेतु अभिनव समाधान प्रदान करने की इस अनूठी पहल में सभी आसियान देशों ने भागीदारी की।
- भारत के साथ-साथ इसमें 10 आसियान देशों के छात्रों ने भाग लिया।
- इन टीमों में 330 छात्र और 90 संरक्षक शामिल थे।
- छात्रों को 54 टीमों में विभाजित किया गया था, जिनमें लगभग सभी देशों का प्रतिनिधित्व था।
- प्रत्येक टीम में 6 छात्र और 2 संरक्षक शामिल थे।
- इन विविध टीमों ने विभिन्न प्रतिष्ठित संगठनों और सरकारी निकायों द्वारा प्रदान की गई 11 समस्याओं के लिए सबसे अच्छा समाधान विकसित करने का प्रयास किया।
- शिक्षा मंत्रालय के नवाचार प्रकोष्ठ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (विदेश मंत्रालय) और आसियान देशों के सहयोग से इस हैकाथॉन का आयोजन किया गया।
- कोविड-19 प्रतिबंधों के कारण, हैकॉथान को उस डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करके ऑनलाइन आयोजित किया गया, जिसे स्वदेशी रूप से शिक्षा मंत्रालय के नवाचार प्रकोष्ठ द्वारा विकसित किया गया था।
- उल्लेखनीय है कि आसियान के 10 सदस्य देश-इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, लाओस, म्यांमार, कंबोडिया और वियतनाम हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/companies/spearuav-paras-aerospace-ink-pact-to-unveil-ninox-40-system-in-india/article33751021.ece

डीईए-विश्व बैंक में समझौता

प्रश्न-29 जनवरी, 2021 को आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) और विश्व बैंक के बीच स्टार्स परियोजना के क्रियान्वयन को वित्तीय मदद प्रदान करने हेतु समझौता हस्ताक्षरित हुआ। इस समझौते एवं परियोजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) स्टार्स परियोजना की कुल लागत राशि 5718 करोड़ रुपये है।

(b) 5 वर्ष की अवधि में विश्व बैंक इसमें 45 करोड़ डॉलर की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।

(c) स्टार्स परियोजना शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के अंतर्गत नई केंद्रीय सहायता प्राप्त योजना के रूप में क्रियान्वित की जाएगी।

(d) इस परियोजना के अंतर्गत 6 राज्य शामिल है।

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 29 जनवरी, 2021 को आर्थिक मामलों के विभाग (डीएई) और विश्व बैंक के बीच राज्यों में शिक्षण, सीखने और परिणामों को बेहतर बनाने की शिक्षा मंत्रालय की स्टार्स (STARS-Strengthening Teaching learning and Results for States) परियोजना के क्रियान्वयन को वित्तीय मदद प्रदान करने हेतु समझौता हस्ताक्षरित हुआ।
- स्टार्स परियोजना की कुल लागत राशि 5718 करोड़ रुपये है।
- 5 वर्ष की अवधि में विश्व बैंक इसमें 50 करोड़ डॉलर (लगभग 3700 करोड़ रुपये) की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।
- शेष राशि योजना में भागीदारी कर रहे राज्यों द्वारा राज्य अंश के रूप में प्रदान की जाएगी।
- स्टार्स परियोजना शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के अंतर्गत नई केंद्रीय सहायता प्राप्त योजना के रूप में क्रियान्वित की जाएगी।
- 14 अक्टूबर, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा इस परियोजना के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया था।
- इस परियोजना के अंतर्गत 6 राज्य-हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, केरल और ओडिशा शामिल हैं।
- चिह्नित राज्यों को शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के कदमों के लिए सहायता प्रदान की जाएगी।
- कार्यक्रम के अंतर्गत चुने गए राज्यों में भारतीय स्कूल व्यवस्था में समग्र निगरानी और मापांकन गतिविधियों में हस्तक्षेप करके सुधार किए जाने की परिकल्पना की गई है।
- स्टार्स समग्र शिक्षा के अंतर्गत मौजूदा संरचना में क्रियान्वित की जाएगी, जिसमें कि शिक्षा मंत्रालय का स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य क्रियानवयन एजेंसी होगा।
- राज्य स्तर पर परियोजना का क्रियान्वयन समग्र शिक्षा की समेकित राज्य क्रियान्वयन सोसाइटी के माध्यम से किया जाएगा।
- स्टार्स के तहत विश्व बैंक की प्रस्तावित सहायता मूलत: परिणाम आधारित वित्तीय उपकरण के रूप में है, जिसे प्रोग्राम फॉर रिजल्ट्स (पीफॉरआर) कहते हैं।
- इससे राज्य स्तर पर संवितरण से संबद्ध संकेतकों (डीएलआई) के माध्यम से प्रमुख सुधार सुनिश्चित किए जाएंगे।
- परियोजना के अंतर्गत वांछित परिणामों को हासिल करने हेतु राज्यों को प्रोत्साहन अनुदान प्रदान करके प्रेरित किया जाएगा।

- स्टार्स परियोजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विभिन्न अनुशंसाओं यथा- आरंभिक बाल्यावस्था शिक्षा और आधारभूत शिक्षण, शिक्षण आकलन सुधार प्रणाली, शिक्षा में आईसीटी सहायतित उपागम, शिक्षक विकास और व्यवसायपरक शिक्षा को लागू करने में सहायक बनेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1693142

वस्त्र मंत्रालय की वस्त्र समिति और एम/एस निसेनकेन क्वालिटी इवैल्युएशन सेंटर के मध्य समझौता

प्रश्न-27 जनवरी, 2021 को वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार की वस्त्र समिति और किस देश के एम/एस निसेनकेन क्वालिटी इवैल्युएशन सेंटर के मध्य समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ था?

(a) ब्रिटेन (b) दक्षिण अफ्रीका (c) जापान (d) अमेरिका

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 27 जनवरी, 2021 को वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार की वस्त्र समिति और जापान के एम/एस निसेनकेन क्वालिटी इवैल्युएशन सेंटर के मध्य एक औपचारिक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ था।
- इस समझौता-ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य परीक्षण, निरीक्षण और अनुरूपता मूल्यांकन, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, अनुसंधान एवं विकास और परामर्श के माध्यम से जापानी खरीददारों की आवश्यकता के दृष्टिगत गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु वस्त्र व्यापार और उद्योग को आवश्यक सहायता प्रदान करना है।
- अन्य उद्देश्य- जापान के बाजारों में भारतीय वस्त्र और परिधान को बढ़ावा देना है।
- दोनों संस्थानों के बीच आवश्यक तकनीकी सूचनाएं और दस्तावेजों को नियमित रूप से साझा करने पर सहमति बनी है।
- दोनों संस्थानों के बीच मानक, गुणवत्ता आश्वासन मानदंड, परीक्षण पर आधारित संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं, उद्योग तक डाटा प्रसार हेतु उपयोगकर्ताओं के अनुकूल उपकरणों का विकास और दोनों देशों से कपड़ा मूल्य शृंखला (टीवीसी) के विभिन्न स्रोतों को मुहैया कराना जैसी गतिविधियां करने पर भी सहमति हुई है।

- भारत और जापान के बीच वर्ष 2011 में एक व्यापक अर्जित भागीदारी समझौता (सीईपीए) हस्ताक्षरित हुआ था, जो शून्य शुल्क पर भारत से जापान में कपड़ों के आयात की सुविधा प्रदान करता है।
- वर्ष 1963 में वस्त्र समिति का गठन संसद के एक अधिनियम के तहत किया गया था।
- वस्त्र समिति के देशभर में 28 कार्यालय और 19 स्टेच ऑफ आर्ट प्रयोगशालाएं हैं, जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1692730

पुपिल उपग्रह को लांच करने हेतु समझौता

प्रश्न-जनवरी, 2021 में भारत और बांग्लादेश ने दोनों देशों के छात्रों द्वारा विकसित किए जाने वाले पुपिल उपग्रह को लांच करने हेतु समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

(a) श्रीलंका (b) बांग्लादेश (c) ब्रिटेन (d) स्वीडन

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2021 में भारत-बांग्लादेश की 50 वर्षों की दोस्ती और शेख मुजीबुर रहमान की 100वीं जयंती मनाने हेतु दोनों देशों वेâे छात्रों द्वारा पूर्णत: विकसित किए जाने वाले उपग्रह को डिजाइन और लांच करने हेतु 25 जनवरी, 2021 को समझोता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- इस समझौता-ज्ञापन पर भारत की ओर से स्पेस किड्स इंडिया (Space kidz India) और बांग्लादेश की ओर से ग्लोबल लॉ थिंकर्स सोसायटी नामक एक वैश्विक युवा संगठन ने समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।
- इस समझौते के तहत स्पेस किड्स इंडिया (SKI) बांग्लादेश के 5 कॉलेज छात्रों को उपग्रह सिस्टम और तकनीक का प्रशिक्षण प्रदान करेगा।
- छात्र 10 सेमी. × 10 सेमी. × 10 सेमी. मापन वाले उपग्रह विकसित करेंगे।
- इस उपग्रह को इसरो के ध्रुवीय प्रक्षेपण यान (PSLV) के माध्यम से वर्ष 2021 की तीसरी या चौथी तिमाही में लांच करने की योजना है।
- IU क्यूब उपग्रह में तापमान, सेंसर, विकिरण काउंटर और एक प्रस्तावित कैमरा होगा।
- छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम अप्रैल या मई, 2021 में शुरू किये जाने की संभावना है।

भारत-उज्बेकिस्तान के मध्य समझौता

प्रश्न-20 जनवरी 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल को भारत और उज्बेकिस्तान के मध्य किस क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बारे में जानकारी प्रदान की गई?

(a) सूचना एवं प्रौद्योगिकी (b) सौर ऊर्जा (c) कृषि एवं वानिकी (d) पारंपरिक चिकित्सा

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 20 जनवरी, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल को भारत और उज्बेकिस्तान के मध्य सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षर किए जाने के बारे में जानकारी प्रदान की गई।
- इस समझौता-ज्ञापन के तहत कार्य का मुख्य क्षेत्र राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (एनआईएसई), नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालत्रय, भारत तथा अंतरराष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (आईएसईआई), उज्बेकिस्तान के बीच परस्पर पहचान किए गए सोलर फोटोवोल्टिक, भंडारण प्रौद्योगिकी और प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण क्षेत्रों में अनुसंधान/प्रदर्शन/पायलट परियोजनाओं की पहचान करना है।
- परस्पर अनुबंध के आधार पर दोनों पक्ष अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) सदस्य देशों में पायलट परियोजना के कार्यान्वयन और तैनाती के लिए कार्य करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1690263

पर्यटन सुधार हेतु मध्य प्रदेश एवं केरल के मध्य समझौता

प्रश्न-हाल ही में पर्यटन सुधार हेतु मध्य प्रदेश सरकार ने किस राज्य के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है?

(a) छत्तीसगढ़ (b) पंजाब (c) केरल (d) सिक्किम

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 13 जनवरी, 2021 को मध्य प्रदेश सरकार ने पर्यटन में सुधार हेतु केरल राज्य के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- इस समझौते का उद्देश्य राज्य भर में एक जिम्मेदार पर्यटन की विचारधारा का विकास करना तथा उसे कार्यान्वित करना है।

- इसके लिए मध्य प्रदेश सरकार ने 16 सूत्री कार्यक्रम के तहत पर्यटन सेवाओं की एक शृंखला को विस्तार देने की योजना बनाई है।
- यह पहल पर्यावरण संरक्षण के अलावा सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्थिरता सुनिश्चित करता है तथा समाज की आर्थिक भलाई की जिम्मेदारी लेता है।
- इस समझौते से मध्य प्रदेश सरकार को अपने राज्य की ग्रामीण सुंदरता, जीवन और विरासत को उजागर करने की उम्मीद है।
- यह समझौता आदिवासियों पारंपरिक मूल्य, पोशाक, और भोजन और भील, सहरिया तथा गोंड जनजातीय जीवन को एक स्तर से दिखाने में मदद करेगा।
- ज्ञात हो कि 12 जनवरी, 2021 को मध्य प्रदेश दौरे पर केरल सरकार की 13 सदस्यी प्रतिनिधिमंडल 7 दिनों के लिए आई थी, जिसने मध्य प्रदेश में अन्य पर्यटन परियोजनाओं में रुचि भी दिखाई।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/kerala/kerala-mp-exchange-mou-on-responsible-tourism/article33573944.ece

टाटा पॉवर एवं सिडबी के मध्य समझौता

प्रश्न-हाल ही में टाटा पॉवर ने MSME के लिए आसान और किफायती वित्तपोषण योजना शुरू करने लिए किस संस्था के साथ साझेदारी की है?
(a) SIDBI (b) NABARD (c) RBI (d) PNB
उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 5 जनवरी, 2021 को टाटा पॉवर एवं सिडबी (लघु उद्योग विकास बैंक ऑफ इंडिया) ने संयुक्त रूप से एक समझौता को मंजूरी दी।
- यह समझौता रूफटॉप सोलर सेगमेंट (Rooftop Solar Segment) के क्षेत्र में 'सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग' (MSMEs) के ग्राहकों के लिए आसान और सस्वी वित्तपोषण योजना शुरू करने के लिए की गई।
- यह योजना एमएसएमई व्यवसायियों को उनके व्यवसायों के लिए सतत् ऊर्जा अपनाने और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए हैं।
- टाटा पॉवर और सिडबी ने एमएसएमई ग्राहकों के लिए 10 प्रतिशत से कम ब्याज पर बिना किसी गारंटी के सोलर रूफटॉप की उपलब्धता सुनिश्चित की है।

- यह वित्तपोषण योजना केवल टाटा पॉवर के एएमएसएमई ग्राहकों के ऑफग्रिड व ऑन ग्रिड कनेक्शन दोनों के लिए है।
- ध्यातव्य है कि सिडबी की स्थापना 2 अप्रैल, 1990 को हुई थी।
- इसकी मुख्यालय लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में है।
- सिडबी के अध्यक्ष और एमडी देवेंद्र कुमार सिंह है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.tatapower.com/media/PressReleaseDetails/1827/tata-power-partners-with-sidbi-to-launch-affordable-collateral-free-financing-for-rooftop-solar-for-msmes-consumers

ट्राइफेड-अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के मध्य समझौता

प्रश्न-3 जनवरी, 2021 को ट्राइफेड और अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के मध्य किस राज्य में ट्राइफूड (जनजातीय खाद्य) पार्कों की स्थापना हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?

(a) छत्तीसगढ़ (b) मध्य प्रदेश (c) झारखंड (d) उत्तर प्रदेश

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 3 जनवरी, 2021 को ट्राइफेड और अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के मध्य मध्य प्रदेश में ट्राइफूड (जनजातीय खाद्य) पार्कों की स्थापना हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौते के तहत मध्य प्रदेश के 5 जिलों में ट्राइफूड पार्क की स्थापना की जाएगी।
- इस समझौते के अनुसार, ट्राइफेड और अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम मिलकर वन धन योजना को क्रियान्वित करेंगे।
- यह कार्य स्वयं सहायता समूहों और वन धन विकास केंद्रों (वीडीवीके/वीपीसी, ट्राइफूड पार्क) के माध्यम से किया जाएगा।
- संरक्षक संगठन के रूप में ट्राइफेड के साथ यह सहमति बनी है कि वनवासी कल्याण आश्रम आदिवासी क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों की पहचान करके, प्रशिक्षण का आयोजन, संरचना निर्माण, मशीनरी और उपकरण तथा अन्य सहायता प्रदान करके नए वन धन केंद्र स्थापित किए जाएंगे।
- इसके अलावा कई अन्य गतिविधियां भी होंगी, जिनमें कल्याण आश्रम अन्य क्षेत्रों जैसे कि-कृषि, बागवानी, फूलों की खेती, मत्स्य पालन, पशुपालन, हथकरघा तथा शिल्प उद्योग से पूरे वर्ष काम करने के लिए प्रयासरत रहेगा और यह वनधन योजना को सर्व-समावेशी और व्यवहार्य बनाने में भी शामिल होगा।

- ट्राइफूड जनजातीय मामले मंत्रालय, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय और ट्राइफेड की एक संयुक्त पहल है, जिसे अगस्त, 2020 में वनधन योजना के तहत लांच किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1686008

संघ/संगठन

गेल ने भारतीय गैस एक्सचेंज में भारतीय ऊर्जा विनिमय की **5%** हिस्सेदारी का अधिग्रहण

प्रश्न-प्राकृतिक गैस संचरण कंपनी ने भारतीय गैस एक्सचेंज में भारतीय ऊर्जा विनिमय में कितने प्रतिशत हिस्सेदारी अधिग्रहण किया।
(a) 10% (b) 15% (c) 5% (d) 3%
उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2021 इंडियन एनर्जी एक्सचेंज ने कहा कि राज्य के स्वामित्व वाली गेल (इंडिया) लिमिटेड ने अपने आर्म इंडियन गैस एक्सचेंज में भारतीय ऊर्जा विनिमय की 5% हिस्सेदारी हासिल कर ली है।अदानी टोटल गैस एंड टोरेंट गैस के बाद इंडियन गैस एक्सचेंज में गेल तीसरा रणनीतिक निवेश बन गया।
- गेल भारत की सबसे बड़ी गैस पाइपलाइन, विपणन और प्रसंस्करण कंपनी है।
- इसके तहत आई जी एक्स और गेल के बीच साझेदारी एक महत्वपूर्ण विकास है जो एक लंबा रास्ता तय करेगा और देश में गैस बाजारों के विकास में मजबूत मूल्यवर्धन को जोड़ेगा।
- गैस ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के रूप में 15 जून, 2020 को शुरू किया गया, आईजीएक्स पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड से हाल ही में अधिसूचित गैस एक्सचेंज विनियम 2020 के तहत प्राधिकरण प्राप्त करने वाला पहला गैस एक्सचेंज बन गया है।
- आईजीएक्स प्राकृतिक गैस की भौतिक डिलीवरी के लिए भारत का पहला स्वचालित राष्ट्रीय स्तर का व्यापारिक मंच है।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://economictimes.indiatimes.com/markets/stocks/news/gail-acquires-iexs-5-stake-in-indian-gas-exchange/articleshow/80769305.cms?from=mdr

इंडो गल्फ फर्टिलाइजर्स का अधिग्रहण

प्रश्न-28 जनवरी, 2021 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने किस कंपनी द्वारा इंडो गल्फ फर्टिलाइजर्स के अधिग्रहण हेतु मंजूरी प्रदान की?

(a) राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (b) नागार्जुन फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड

(c) इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (d) मैक्लियोड रसेल इंडिया लिमिटेड

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2021 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (आईआईपीएल) द्वारा इंडो गल्फ फर्टिलाइजर्स के अधिग्रहण हेतु मंजूरी प्रदान की।
- यह मंजूरी प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31 (1) के तहत प्रदान की गई है।
- प्रस्तावित संयोजन इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (आईआईपीएल) द्वारा इंडो गल्फ फर्टिलाइजर्स (लक्षित कारोबार) के अधिग्रहण से संबंधित है, जो ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड (जीआईएल/विक्रेता) का उर्वरक प्रभाग है।
- आईआईपीएल उर्वरकों विशेष रूप से फॉस्फेट उर्वरक और विशेष पादप पोषक तत्वों का उत्पादन, व्यापार और बिक्री का कारोबार करता है।
- जीआईएल विस्कोस स्टेपल फाइबर, क्लोरलकली, उर्वरक, कपड़ा और इंसुलेटर के उत्पादन कारोबार से जुड़ा है।
- यह अपनी सहायक कंपनियों के माध्यम से सीमेंट का भी उत्पादन करता है और वित्तीय सेवाएं भी प्रदान करता है।
- इंडो गल्फ फर्टिलाइजर्स यूरिया, अनुकूलित उर्वरकों, कृषि-इनपुट फसल सुरक्षा, संयंत्र और गिट्टी उर्वरा उत्पादों और विशेष उर्वरकों के निर्माण, व्यापार और बिक्री के कारोबार में संलग्न है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cci.gov.in/sites/default/files/press_release/PR572020-21.pdf

भारतीय गैस एक्सचेंज

प्रश्न-अडानी टोटल गैस एवं टोरेंट गैस का भारतीय गैस एक्सचेंज में निवेश हिस्सेदारी कितनी है?

(a) 10 प्रतिशत (b) 20 प्रतिशत (c) 15 प्रतिशत (d) 5 प्रतिशत

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2021 में अडानी टोटल गैस एवं टोरेंट गैस दोनों कंपनियां भारतीय गैस एक्सचेंज के पहले रणनीतिक निवेशक बन गए हैं।
- दोनों कंपनियों ने भारतीय गैस एक्सचेंज में पांच-पांच प्रतिशत की हिस्सेदारी की खरीद की है।
- भारतीय गैस एक्सचेंज भारत का पहला प्राकृतिक गैंस एक्सचेंज है।
- पांच-प्रतिशत के हिस्सेदारी खरीद के लिए प्रत्येक कंपनियों ने 3.69 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।
- भारतीय गैस एक्सचेंज के अनुसार, एक्सचेंज में अब कुल 16 सदस्य हैं।
- इसके 500 से अधिक पंजीकृत ग्राहक हैं।
- जून 2020 में लांच होने के बाद से भारतीय गैस एक्सचेंज 75000 मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट का व्यापार कर चुका है।
- इसकी दो नई हब शुरू करने की योजना है, एक ढाबोल महाराष्ट्र में तथा दूसरी पश्चिम बंगाल में।
- भारतीय गैस एक्सचेंज का लक्ष्य ऊर्जा में गैस की भूमिका को वर्ष 2030 तक 15 प्रतिशत करना है।
- वर्तमान में ऊर्जा स्रोत में गैस का 6 प्रतिशत योगदान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/companies/adani-total-torrent-pay-rs-3-7-cr-each-for-5-stake-in-indian-gas-exchange-121012200831_1.html#:~:text=Adani%20Total%20Gas%20and%20Torrent,Indian%20Energy%20Exchange%20(IEX).

जम्मू और कश्मीर बैंक की 8.23 प्रतिशत हिस्सेदारी लद्दाख को हस्तांतरित

प्रश्न-जम्मू और कश्मीर (J&K) बैंक के बोर्ड ने बैंक की कितने प्रतिशत हिस्सेदारी केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख को हस्तांतरित करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी?

(a) 8 प्रतिशत (b) 8.15 प्रतिशत (c) 8.23 प्रतिशत (d) 8.25 प्रतिशत

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 19 जनवरी, 2021 को जम्मू और कश्मीर (J & K) बैंक के बोर्ड ने बैंक की 8.23 प्रतिशत हिस्सेदारी केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख को हस्तांतरित करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी।

- बैंक के बोर्ड ने जम्मू और कश्मीर सरकार के सामान्य प्रशासनिक विभाग को कार्यान्वयन के लिए अपनी सहमति दे दी है।
- 31 अक्टूबर, 2019 (जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के प्रभावी होने की तिथि) को जम्मू और कश्मीर बैंक के समता अंशों की कुल संख्या 4,58,29,445 थी, जिसका 8.23 प्रतिशत स्वामित्व केंद्रशासित प्रदेश लद्दोख को हस्तातरित किया जाएगा।
- ध्यातव्य है कि वर्ष 2019 में भारत सरकार ने भारतीय संविधान से अनुच्छेद 370 और 35-A के में संशोधन कर जम्मू और कश्मीर राज्य के विशेष दर्जे को समाप्त कर दो केंद्रशासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख में बांट दिया था। यह निर्णय 31 अक्टूबर, 2019 से प्रभावी हुआ।

विधि/न्याय

प्रमुख बंदरगाह प्राधिकरण विधेयक, 2020

प्रश्न-प्रमुख बंदरगाह प्राधिकरण विधेयक, 2020 से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) 10 फरवरी, 2021 को यह विधेयक संसद (राज्य सभा) में पारित हुआ।

(ii) यह विधेयक प्रमुख बंदरगाह ट्रस्ट अधिनियम का स्थान लेगा। उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) (b) केवल (ii) (c) (i) और (ii) दोनों (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 10 फरवरी, 2021 को संसद (राज्यसभा) ने प्रमुख बंदरगाह प्राधिकरण विधेयक, (Major Port Authorities Bill), 2020 पारित किया।
- यह विधेयक लोकसभा में 23 सितंबर, 2020 को ही पास हो चुका था।
- यह प्रमुख बंदरगाह ट्रस्ट अधिनियम-1963 की जगह लेगा।
- इस विधेयक का उद्देश्य सफल वैश्विक प्रथाओं के अनुरूप केंद्रीय बंदरगाहों में प्रशासन के मॉडल का पुनर्विन्यास लैंडलॉर्ड पोर्ट मॉडल के रूप में करना है।
- इस विधेयक से प्रमुख बंदरगाहों के संचालन में पारदर्शिता लाने में भी मदद मिलेगी।
- प्रमुख बंदरगाह प्राधिकरण विधेयक, 2020 की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं:-
- यह विधेयक प्रमुख बंदरग्राह ट्रस्ट कानून 1963 की तुलना में ज्यादा सुगठित है, क्योंकि इसमें ओवरलैपिंग करने वाले और पुराने पड़ चुके अनुच्छेदों को समाप्त करके अनुच्छेदों की कुल संख्या 134 से घटाकर 76 कर दी गई है।

- नए विधेयक में बंदरगाह प्राधिकरण के बोर्ड की सरल संरचना का प्रस्ताव किया गया है, जिसमें विभिन्न हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले मौजूदा 17 से 19 सदस्यों की जगह 11 से 13 सदस्य ही होंगे।
- प्रमुख बंदरगाहों के लिए तटकर प्राधिकरण की भूमिका नए सिरे से तय की गई है। बंदरगाह प्राधिकरण को अब तटकर तय करने के अधिकार दिए गए हैं, जो कि सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) वाली परियोजना के लिए बोली लगाने के उद्देश्यों के लिए एक संदर्भ तटकर के तौर पर काम करेगा।
- पीपीपी ऑपरेटर बाजार की स्थितियों के आधार पर तटकर तय करने के लिए स्वतंत्र होंगे।
- बंदरगाह प्राधिकरण बोर्ड को भूमि संहित बंदरगाह से जुड़ी अन्य सेवाओं और परिसंपत्तियों के लिए शुल्क का पैमाना तय करने के अधिकार दिए गए हैं।
- एक न्यायिक निर्णय करने वाला (एडजुडीकेटरी) बोर्ड बनाने का प्रस्ताव किया गया है।
- बंदरगाह प्राधिकरण बोर्डों को अनुबंध करने, योजना और विकास, राष्ट्र हित को छोड़कर शुल्क तय करने, सुरक्षा और निष्क्रियता व डिफॉल्ट के चलते उपजी आपातकालीन स्थिति से निपटने के मामले में पूरी शक्तियां दी गई हैं।
- मौजूदा एमपीटी कानून 1963 में 22 मामलों में केंद्र सरकार की पूर्व स्वीकृति जरूरी थी।
- प्रत्येक प्रमुख बंदरगाह का बोर्ड, किसी भी किस्म के विकास या बुनियादी ढांचे के संदर्भ में विशिष्ट मास्टर प्लान तैयार करने का अधिकार होगा। बंदरगाह प्राधिकरण द्वारा सीएसआर और बुनियादी ढांचे के विकास से संबंधित प्रावधान पेश किए गए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/nation/2021/feb/10/major-port-authorities-bill-2020-passed-by-rajya-sabha-2262163.html

आईएनएस विराट को डिस्मैंटल करने पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

प्रश्न-फरवरी, 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने आईएनएस विराट को डिस्मैटल करने पर रोक लगा दी है। इससे संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करे-

(1) आईएनएस विराट को डिस्मैंटल करने पर रोक लगाने हेतु याचिका 'मैसर्स एनविटेक मरीन कॅसल्टेंट्स प्रा. लि. द्वारा दायर किया गया था।

(2) याचिकाकर्ता ने आईएनएस विराट को डिस्मैंटल करने के स्थान पर म्यूजियम के रूप में संरक्षित करने की पेशकश की है।

(3) आईएनएस विराट, 1959 से 1984 के बीच एचएमएस हर्मीस के रूप में फ्रांस

नेवी में अपनी सेवा प्रदान की है।

(4) आईएनएस विराट को 2001 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।

उपर्युक्त दिए गए कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करें-

(a) 1 एवं 3 (b) 2 एवं 4 (c) 1 एवं 2 (d) 2 एवं 3

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 10 फरवरी, 2021 को सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय नौ सेना के विमानवाहक पोत 'आईएनएस विराट' को डिस्मैंटल करने पर रोक लगा दी है।
- ध्यातव्य है कि उक्त याचिका 'मैसर्स एनविटेक मरीन कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा दायर किया गया था।
- उक्त कंपनी द्वारा दायर यात्रिका में आईएनएस विराटा को डिस्मैटल करने के स्थान पर म्यूजियम के रूप में संरक्षित करने की पेशकश की गई थी।
- जुलाई, 2020 में आईएनएस विराट को एक मेंटल स्क्रैप कंपनी 'श्री राम शिप ब्रेकर ग्रुप' को 38.54 करोड़ रुपये में बेच दिया गया था।
- वर्तमान में आईएनएस विराट को गुजरात के अलंग में समुद्र तट पर रखा गया है, जहां इसे डिस्मैंटल किया जा रहा है।
- गौरतलब है कि आईएनएस विराट को एचएमएस हर्मीस (H.M.S. HERMES) के रूप में टॉयल ब्रिटिश नेवी में 1959 में सम्मिलित किया गया था।
- एचएमएस हर्मीस ने 1959 से 1984 तक टॉयल ब्रिटिश नेवी में अपनी सेवा प्रदान की।
- आईएनएस विराट को भारतीय नौ सेना में 1987 में शामिल किया गया था। इसने लगभग 30 वर्षों तक भारतीय नौ सेना को अपनी सेवा उपलब्ध कराई।
- भारतीय नौ सेना द्वारा 2017 में आईएनएस विराट को सेवामुक्त (Decommissionesd) कर दिया गया।
- ध्यातव्य है कि 'मैसर्स एनविटेक मरीन कंसल्टेंट्स प्रा.लि. के निदेशक विष्णुकांत शर्मा तथा रूपासी विष्णुकांत शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में आईएनएस विराट को डिस्मैंटल करने के स्थान पर म्यूजियम में परिवर्तित करने हेतु यात्रिका दायर की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/sc-orders-status-quo-on-dismantling-of-decommissioned-aircraft-carrier-viraat/article33799492.ece

मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक, 2020

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में मध्य प्रदेश मंत्रिपरिषद की मंजूरी प्राप्त मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक, 2020 निम्नलिखित में से किस वर्ष पारित मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम को प्रतिस्थापित करेगा?

(a) 1965 (b) 1968 (c) 1970 (d) 1972

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 29 दिसंबर, 2020 को मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल ने मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक, 2020 को अध्यादेश के रूप में जारी करने की सहमति प्रदान की।
- अध्यादेश को मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास भेजा गया है।
- इससे पहले 26 दिसंबर, 2020 को मत्रिमंडल ने मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक-2020 को विधानसभा में प्रस्तुत करने के लिए अनुमोदित किया था।
- कोविड-19 के बढ़ते प्रभाव और नए स्ट्रेन के कारण विधानसभा का सत्र नहीं बुलाया जा सका, जिससे विधेयक को अध्यादेश के रूप में जारी करने का निर्णय लिया गया।
- उक्त अध्यादेश मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 1968 को प्रतिस्थापित करेगा।
- साथ ही म.प्र. धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक सीआरपीसी की धारा 125 के अधीन शासित होगा।
- धोखाधड़ी के साधनों का उपयोग कर धार्मिक रूपातरंण पर अकुंश लगाने हेतु विधेयक में 25000 रुपये के जुर्माने के साथ एक से पांच साल तक की जेल का प्रावधान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/india/mp-freedom-to-religion-bill-2020-love-jihad-shivraj-singh-chouhan-7124154/

वर्ष/दिवस/सप्ताह

विश्व पैंगोलिन दिवस

प्रश्न-हाल ही में विश्व पैंगोलिन दिवस कब मनाया गया?

(a) 15 फरवरी (b) 20 फरवरी (c) 10 फरवरी (d) 22 फरवरी

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 20 फरवरी, 2021 को विश्व भर में 'विश्व पैंगोलिन दिवस' मनाया गया।
- यह प्रत्येक वर्ष 'फरवरी के तीसरे शनिवार' को मनाया जाता है।
- यह विश्व पैंगोलिन दिवस का 10वां संस्करण है।
- पैंगोलिन दिवस मनाने का उद्देश्य इन अद्वितीय स्तनधारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा इनके संरक्षण के प्रयासों में तेजी लाना है।
- ध्यातव्य है कि पैंगोलिन स्तनधारियों की संख्या में तेजी से गिरावट जारी है, जिनमें प्रमुख रूप से एशिया तथा अफ्रीका के क्षेत्र शामिल हैं।पैंगोलिन फोलिडोटा गण का एक स्तनधारी प्राणी है।
- पैंगोलिन की 8 प्रजातियों में से एक भारतीय एवं चीनी पैंगोलिन भारत में पाये जाते हैं।
- चीनी पैंगोलिन उत्तर-पूर्वी भारत और भारतीय पैंगोलिन अत्यधिक शुष्क क्षेत्र, हिमालय और उत्तर-पूर्वी भारत के अलावा संपूर्ण भारत में पाया जाता है।
- भारतीय पैंगोलिन भारत के अलावा श्रीलंका, बांग्लादेश, एवं पाकिस्तान में पाये जाते हैं।
- इन दोनों प्रजातियों को वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम की अनुसूची एक में संरक्षण प्राप्त है।
- हालांकि वनविभाग और वाइल्ड लाईफ कंजर्वेशन ट्रस्ट ने भारतीय पैंगोलिन की पास्थितिकी को समझने और उसके प्रभावी संरक्षण के लिए संयुक्त परियोजना शुरू की है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pangolins.org/

अंतरराष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 27 जनवरी (b) 24 जनवरी (c) 26 जनवरी (d) 20 जनवरी

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 26 जनवरी, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस' (International Customs Day) मनाया गया।वर्ष 2021 में इस दिवस का स्लोगन था-"Customs bolstering recovery, Renewal and Resilience for a Sustainable Supply Chain"।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस 'विश्व सीमा शुल्क, संगठन (WCO) के गठन की स्मृति में मनाया जाता है।WCO की स्थापना 1952 में हुई थी।इसका मुख्यालय ब्रुसेल्स, बेल्जियम में हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.wcoomd.org/en/about-us/what-is-the-wco/discover-the-wco.aspx

अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 20 जनवरी (b) 24 जनवरी (c) 25 जनवरी (d) 18 जनवरी

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य



- 24 जनवरी, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस' (International Day of Education) मनाया गया।
- वर्ष 2021 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) "Recover and Revitalize Education for the Covid-19 Generation"।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 3 दिसंबर, 2018 को प्रतिवर्ष 24 जनवरी को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- यूनेस्को के अनुसार, वर्तमान में 258 मिलियन बच्चे और युवा अभी भी स्कूल नहीं जाते हैं।
- 617 मिलियन बच्चे और किशोर बुनियादी गणित भी हल नहीं कर सकते हैं।
- उप-सहारा अफ्रीका में 40 प्रतिशत से कम लड़कियों ने निम्न माध्यमिक स्कूल पूरा किया और कुल 4 मिलियन बच्चे और युवा स्कूल से बाहर हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://en.unesco.org/commemorations/educationday

विश्व यूनानी दिवस

प्रश्न-'विश्व यूनानी दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 10 फरवरी (b) 11 फरवरी (c) 9 फरवरी (d) 5 फरवरी

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 11 फरवरी, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व यूनानी दिवस' (World Unani Day) मनाया गया।
- यह दिवस प्रत्येक वर्ष प्रसिद्ध यूनानी विद्धान और समाज सुधारक हाकिम अजमल खां के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है।
- वह एक प्रसिद्ध यूनानी चिकित्सक और भारतीय यूनानी चिकित्सक पद्धति के जनक थे।
- इस दिवस का मुख्य उद्देश्य है निवारक और उपचारात्मक दर्शन के माध्यम से यूनानी चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल वितरण के बारे में जागरूकता।

- आयुष मंत्रालय भारत सरकार ने वर्ष 2016 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- ज्ञातव्य है कि यूनानी चिकित्सा पद्धति का भारत में एक लंबा और प्रभावशाली रिकॉर्ड है।
- यह भारत में 11 वीं शताब्दी के पास-पास अरबों और फारसियों द्वारा पेश किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatvnews.com/lifestyle/news-world-unani-day-2021-why-is-it-celebrated-history-and-significance-684142

शहीद दिवस

प्रश्न-प्रतिवर्ष शहीद दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 31 जनवरी (b) 30 जनवरी (c) 28 जनवरी (d) 25 जनवरी

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 30 जनवरी, 2021 को राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी की पुण्यतिथि की स्मृति में शहीद दिवस मनाया गया।
- 30 जनवरी, 1948 को नाथूराम गोडसे ने दिल्ली स्थित बिड़ला हाउस में महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।
- गांधी जी का जन्म 2 अक्टूबर, 1969 को पोरबंदर गुजरात में हुआ था।
- वर्ष 1893 में गांधी जी एक मुकदमें के सिलसिले में दक्षिण अफ्रीका चले गए और वहां उन्होंने अश्वेतों और भारतीयों के विरुद्ध गहरे भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाई।
- उन्हें अग्रेजों से स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष और सत्य एवं अहिंसा की उनकी नीति के लिए याद किया जाता है।
- गांधी जी ने अपनी संपूर्ण अहिंसक कार्य पद्धति को 'सत्याग्रह' नाम दिया।
- गांधी जी के लिए सत्याग्रह का अर्थ सभी प्रकार के अन्याय, अत्याचार और शोषण के खिलाफ शुद्ध आत्मबल का प्रयोग करने से था।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या के लिए नाथूराम गोडसे और सह-साजिशकर्ता नारायण आप्टे को 15 नवंबर, 1949 को फांसी दी गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.timesnownews.com/india/article/martyrs-day-2021-heres-why-we-observe-january-30-as-shaheed-diwas/713687

विश्व रेडियो दिवस

प्रश्न-'विश्व रेडियो दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 13 फरवरी, (b) 12 फरवरी (c) 9 फरवरी (d) 10 फरवरी

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 13 फरवरी, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व रेडियो दिवस' मनाया गया।
- वर्ष 2021 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-New World. New Radio है।
- यह दिवस रेडियो के महत्व के बारे में आम जनता और समाचार माध्यमों में जागरूकता बढ़ाने तथा रेडियो के जरिए सूचना उपलब्ध कराने के लिए नीति-निर्माताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।
- ज्ञातव्य है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2012 में 13 फरवरी को 'विश्व रेडियो दिवस' के रूप में स्वीकार करने का निर्णय लिया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/radio-day

बाल सैनिकों के विरुद्ध अन्तरराष्ट्रीय दिवस, 2021

प्रश्न- 'बाल सैनिकों के विरुद्ध अन्तरराष्ट्रीय दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 8 फरवरी (b) 5 फरवरी (c) 10 फरवरी (d) 12 फरवरी

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 12 फरवरी, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'बाल सैनिकों के विरुद्ध अन्तरराष्ट्रीय दिवस' (International Day against the Use of Child Soldiers) मनाया गया।
- 'बाल सैनिकों के विरुद्ध अन्तरराष्ट्रीय दिवस' को 'लाल हाथ दिवस' (Red Hand Day) के नाम से भी जाना जाता है।
- इस दिवस को मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में, संघर्षों और लड़ाइयों में फँसे हुए बच्चों को ध्यान में रखके उन्हें इस स्थिति से बाहर निकालने हेतु प्रयासों को बल देना है।
- इसके साथ ही, इस दिवस को, दुनिया भर की सरकारों को, युद्धक स्थितियों में बाल सैनिकों के इस्तेमाल की प्रथा को ख़त्म करने के लिये सक्रिय होने और प्रयास करने के रूप में भी मनाया जाता है।

- संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, दुनिया भर में, 20 से भी ज़्यादाअधिक देशों में, सशस्त्र बलों और सशस्त्र गुटों द्वारा, लड़ाई में हिस्सा लेने और बाल सैनिक के रूप में इस्तेमाल करने के लिये, लाखों लड़के और लड़कियाँ को भर्ती किया जाता है।
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस बात की चिन्ता व्यक्त की गई है कि बच्चों के कोरोना वायरस महामारी के प्रभाव के कारण, सशस्त्र गुटों और सशस्त्र बलों के हत्थे चढ़ जाने का जोखिम और भी ज़्यादा बढ़ गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://news.un.org/hi/story/2021/02/1038432

विज्ञान में महिलाओं एवं बालिकाओं का अंतरराष्ट्रीय दिवस

प्रश्न-11 फरवरी, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विज्ञान में महिलाओं एवं बालिकाओं का अंतरराष्ट्रीय दिवस' मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने किस वर्ष इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी
(a) वर्ष 2010 (b) वर्ष 2015 (c) वर्ष 2013 (d) वर्ष 2005
उत्तर-(b)
संबंधित तथ्य

- 11 फरवरी, 2021 को संपूर्ण विश्व में विज्ञान में महिलाओं एवं बालिकाओं का अंतरराष्ट्रीय दिवस (International Day of Women and Girls in Science) मनाया गया।
- मुख्य विषय- कोविड -19 के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे महिला वैज्ञानिक (Women Scientists at the forefront of the fight against COVID-19) ।
- उद्देश्य-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी समुदायों में प्रमुख भूमिका निभाने वाले महिलाओं और बालिकाओं की पहचान करना।उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 22 दिसंबर, 2015 को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।वर्तमान में विश्व भर में 30 प्रतिशत से कम शोधकर्ता महिलाएं हैं।
- यूनेस्को के आंकड़ों (वर्ष 2014-16) के अनुसार, लगभग 30 प्रतिशत महिलाएं उच्च शिक्षा में एसटीईएम (STEM : Science, Technology, Engineering and Mathematics) से संबंधित क्षेत्रों का चयन करती हैं।
- वैश्विक स्तर पर महिला छात्रों का नामांकन विशेष रूप से आईसीटी (3 प्रतिशत) प्राकृतिक विज्ञान, गणित और सांख्यिकी (5 प्रतिशत) और इंजीनियरिंग, विनिर्माण और निर्माण (8 प्रतिशत) से कम है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.un.org/en/observances/women-and-girls-in-science-day/

विश्व दलहन दिवस

प्रश्न-'विश्व दलहन दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 8 फरवरी (b) 5 फरवरी (c) 10 फरवरी (d) 12 फरवरी



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 10 फरवरी, 2021 को संपूर्ण विश्व में विश्व दलहन दिवस मनाया गया।
- वर्ष 2021 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-"# Love Pulese for a Healthy diet and Planet" है।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रतिवर्ष 10 फरवरी, को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2016 को 'अंतरराष्ट्रीय दलहन वर्ष' के रूप में मनाया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/information/story/world-pulses-day-2021-significance-history-theme-and-benefits-1767826-2021-02-10

विश्व आर्द्रभूमि दिवस

प्रश्न-2 फरवरी, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व आर्द्रभूमि दिवस' मनाया गया। इस दिवस का मुख्य विषय क्या है?

(a) आर्द्रभूमि और जल (b) आर्द्रभूमि और जलवायु परिवर्तन
(c) सतत पोषणीय विकास के लिए आद्रभूमि (d) पर्यावरण संरक्षण के लिए आर्द्रभूमि

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व आर्द्रभूमि दिवस' (World Wetland Day) मनाया गया।
- वर्ष 2021 में इस दिवस का मुख्य विषय है- 'आर्दभूमि और जल' (Wetlands and Water)।
- उद्देश्य - आर्द्रभूमियों के संरक्षण के लिए जागरूकता पैदा करना एवं इस बारे में सकारात्मक और स्वीकारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करना है।

- ज्ञातव्य है कि 2 फरवरी, 1971 को विश्व के अंतरराष्ट्रीय महत्व के आर्द्रभूमियों (Wetlands) के संरक्षण के लिए 'रामसर कन्वेंशन' ईरान के शहर रामसर में हस्ताक्षर हुए थे।
- यह दिवस वर्ष 1997 से प्रतिवर्ष मनाया जाता है।
- उल्लेखनीय है कि नमी या दलदली भूमि वाले क्षेत्र को आर्द्रभूमि या वेटलैंड कहा जाता है।
- आर्द्रभूमि को भूदृश्य के गुर्दे (Kidneys of the land space) भी कहा जाता है।
- वर्तमान में देश में कुल 42 रामसर आर्द्रभूमि स्थल चिह्नित हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://whc.unesco.org/en/news/2245

विश्व कैंसर दिवस

प्रश्न-'विश्व कैंसर दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 2 फरवरी (b) 1 फरवरी (c) 5 फरवरी (d) 4 फरवरी

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व कैंसर दिवस' (World Cancer Day) मनाया गया।
- वर्ष 2021 में इस दिवस के अभियान की थीम है-'I am and I Will'।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस विश्व कैंसर घोषणा के लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए 'अंतरराष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ' (UICC) द्वारा स्थापित किया गया था।इसकी स्थापना 1933 में हुई थी।
- इसका मुख्यालय जेनेवा (स्विट्जरलैंड) में है। यह संपूर्ण विश्व में कैंसर के प्रति जागरूकता लाने और चिकित्सा अनुसंधान में सहायता एवं मरीजों के हितों का ध्यान रखने वाला संगठन है।
- इस दिवस को मनाने का उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना और रोग के बारे में जल्दी पता लगाने की जरूरत तथा कैंसर के उपचार पर ध्यान केंद्रित करना है।
- इस दिवस की स्थापना 4 फरवरी, 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के विरुद्ध विश्व सम्मेलन में पेरिस चार्टर द्वारा की गई थी।
- WHO के अनुसार, विश्व स्तर पर कैंसर मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है।
- इसके अनुसार, वर्ष 2018 में अनुमानित रूप से 9.6 मिलियन लोगों की मृत्यु या 6 में से एक मौत के लिए कैंसर प्रमुख कारक रहा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.uicc.org/events/world-cancer-day-2021

विश्व हिंदी दिवस

प्रश्न-10 जनवरी, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व हिंदी दिवस' मनाया गया। इस दिवस को मनाने की घोषणा कब की गई थी?

(a) वर्ष 2006 (b) वर्ष 1975 (c) वर्ष 1985 (d) वर्ष 2005

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 10 जनवरी, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व हिंदी दिवस' मनाया गया।
- उद्देश्य-विश्व में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता पैदा करना तथा हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में मान्यता दिलाना।
- उल्लेखनीय है कि 10 जनवरी, 1975 को नागपुर में प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन हुआ था।
- इसलिए इस दिन को 'विश्व हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।
- ध्यातव्य है कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए वर्ष 2006 में प्रति वर्ष 10 जनवरी को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- यह दिवस '14 सितंबर' को मनाए जाने वाले 'राष्ट्रीय हिंदी दिवस' का एक भाग है।
- उल्लेखनीय है कि 12 वां विश्व हिंदी सम्मेलन वर्ष 2021 में फिजी में प्रस्तावित है।
- जबकि 11वां विश्व हिंदी सम्मेलन वर्ष 2018 में पोर्ट लुईस मॉरीशस में आयोजित हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/education/study-abroad/world-hindi-day-2021-here-are-the-top-universities-across-the-world-that-offer-hindi-courses-7138834/

वित्तीय साक्षरता सप्ताह

प्रश्न- 8-12 फरवरी, 2021 के मध्य भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 'वित्तीय साक्षरता सप्ताह' मनाया जा रहा है। इसका मुख्य विषय क्या है?

(a) ऋण अनुशासन और औपचारिक संस्थाओं से ऋण

(b) माइक्रो, लघु और मध्यम उद्योग

(c) ग्राहक सेवा (d) ग्राहक संरक्षण

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 8-12 फरवरी, 2021 के मध्य भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 'वित्तीय साक्षरता सप्ताह' मनाया जा रहा है।
- इस वर्ष इसका मुख्य विषय (Theme)- 'ऋण अनुशासन और औपचारिक संस्थाओं से ऋण' है।
- यह विषय वित्तीय शिक्षा के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति 2020-2025 के कार्यनीतिक उद्देश्यों में से एक है।
- इसके अलावा, रिज़र्व बैंक आम जनता के लिए आवश्यक वित्तीय जागरूकता संदेशों को प्रसारित करने के लिए फरवरी 2021 माह के दौरान एक केंद्रीकृत जन मीडिया अभियान चलाएगा।
- ज्ञातव्य है कि भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक) 2016 से हर वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह (एफ़एलडब्ल्यू) का आयोजन कर रहा है।
- जिससे देश भर में किसी विशेष विषय पर वित्तीय शिक्षा संदेशों का प्रचार किया जा सके।

पुस्तकें

पुस्तक-अनफिनिश्ड: ए मेमॉयर

प्रश्न-पुस्तक-'अनफिनिश्ड: ए मेमॉयर' किसने लिखी है?

(a) हेमामालिनी (b) विद्या बालन (c) प्रियंका चोपड़ा जोनस (d) माधुरी दीक्षित

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2021 को पुस्तक 'अनफिनिश्ड: ए मेमॉयर' (Unfinished: A Memoir) प्रकाशित की गई।
- यह पुस्तक बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने लिखी है, जो उनके द्वारा लिखी गई पहली पुस्तक है।
- इस संस्मरण में उन्होंने भारत में बिताए बचपन, अमेरिका में किशोरी के तौर पर बिताए समय के बारे में एवं कई अनकही और अनसुनी बातों का उल्लेख किया है।
- इसमें उनके यूनिसेफ गुडविल एंबेसडर, मिस इंडिया और मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने सहित अभिनय कैरियर का भी उल्लेख है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/books/unfinished-priyanka-chopra-jonas-s-tell-all-memoir-to-hit-stands-in-january-2021/story-TapgHlJ2gCYjqm2frWyYsK.html

पुस्तक-बाई मेनी ए हैप्पी एक्सीडेंट: रीकलेक्शन्स ऑफ ए लाइफ

प्रश्न-पुस्तक-बाई मेनी ए हैप्पी एक्सीडेंट: रीकलेक्शंस ऑफ ए लाइफ के लेखक कौन हैं?

(a) मनमोहन सिंह (b) मोहम्मद हामिद अंसारी

(c) अभिषक मनु सिंघवी (d) कपिल सिब्बल



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- रूपा पब्लिकेशन्स द्वारा पुस्तक 'बाई मेनी ए हैप्पी एक्सीडेंट: रीकलेक्शन्स ऑफ ए लाइफ' (By Many Happy Accident: Recollections of a life) प्रकाशित की गई है।
- इस पुस्तक के लेखक पूर्व उपराष्ट्रपति मोहम्मद हामिद अंसारी है।
- इस पुस्तक में उन्होंने अपने राजनयिक जीवन और राज्यसभा के सभापति के रूप में अपने कई अनुभवों का उल्लेख किया गया है।
- इस पुस्तक में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत और कई मुलाकातों का भी जिक्र किया है साथ ही अपने कार्यकाल के अंतिम सप्ताह के दौरान कुछ घटनाओं से कुछ वर्गों में हुई नाराजगी का भी जिक्र किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://rupapublications.co.in/books/by-many-a-happy-accident-recollections-of-a-life/

पुस्तक-ब्युटीफुल थिंग्स

प्रश्न-ब्युटीफुल थिंग्स नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(a) डोनाल्ड ट्रंप (b) कमला हैरिस (c) हंटर बिडेन (d) एमी बेरा

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- अप्रैल, 2021 में पुस्तक 'ब्युटीफुल थिंग्स' अमेरिका में गैलरी बुक्स साइमन एंड शूस्टर द्वारा प्रकाशित की जाएगी।
- इस पुस्तक के लेखक वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटे हंटर बिडेन हैं।
- इस पुस्तक में उन्होंने अपने संस्मरण मादक द्रव्यों के सेवन के अपने संघर्षो का उल्लेख किया है।
- इस पुस्तक में बिडेन ने अपनी व्यक्तिगत कहानी के साथ-साथ विभिन्न पारिवारिक घटनाओं का उल्लेख किया है।

- इस पुस्तक में हंटर बिडेन के द्वारा नशा के सेवन करने तथा उसे दूर करने के बारे में बताया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/life-style/books/features/hunter-bidens-memoir-beautiful-things-out-in-april/articleshow/80721575.cms

पुस्तक-फ्लाइंग ब्लाइंड : इंडियाज क्वेस्टर फॉर ग्लोबल लीडरशिप

प्रश्न-पुस्तक फ्लाइंग ब्लाइंड : इंडियाज क्वेस्ट फॉर ग्लोबल लीडरशिप के लेखक कौन हैं?

(a) मोहम्मद जीशान (b) फरीद जकारिया (c) राहुल बनर्जी (d) एम.के. अस्थाना

उत्तर–(a)

- जनवरी, 2021 में पुस्तक 'फ्लाइंग ब्लाइंड : इंडियाज क्वेस्ट फॉर ग्लोबल लीडरशिप' पेंगुइन रैंडम हाउस द्वारा प्रकाशित की गई है।
- इस पुस्तक के लेखक मोहम्मद जीशान हैं, जो विदेशी मामलों के स्तंभ लेखक, सलाहकार और स्वतंत्रता राजपत्र के प्रथम संपादक हैं।
- इस पुस्तक में उन कठिनाइयों का उल्लेख किया गया है जो वर्तमान भारत की विदेश नीति के लिए एक बाधा है, जिसमें से प्रत्येक ने विदेश नीति के अभ्यास में कई अस्थिरताएं उत्पन्न की हैं, जिसके कारण भारत के हित प्रभावित हुए हैं।
- इसमें यह समझाने की कोशिश की गई है कि एक आम भारतीय नागरिक को विदेश नीति की परवाह क्यों करनी चाहिए और एक अधिक सक्रिय विदेश नीति कैसे आर्थिक विकास को घर तक पहुंचा सकती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/book-lays-out-foreign-policy-vision-for-india/2015343

पुस्तक-अनस्क्रिप्टेड : कन्वर्सेशन ऑन लाइफ एंड सिनेमा

प्रश्न-पुस्तक-अनस्क्रिप्टेड: कन्वर्सेशन ऑन लाइफ एंड सिनेमा के लेखक कौन हैं?

(a) राम गोपाल वर्मा एवं विक्रम नायर

(b) विधु विनोद चोपड़ा एवं अभिजात जोशी

(c) करण जौहर एवं फरहान अख्तर (d) प्रकाश झा एवं अनुराग कश्यप



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 25 जनवरी, 2021 को पुस्तक 'अनस्क्रिप्टेड: कन्वर्सेशन ऑन लाइफ एंड सिनेमा' प्रकाशित की जाएगी।
- इस पुस्तक के लखेक फिल्म निर्माता विधु विनोद चोपड़ा और अभिजीत जोशी हैं।
- इस पुस्तक में लेखक ने अपने जीवन और सिनेमा की लंबी यात्रा का उल्लेख किया है।
- इसमें उन्होंने लंबी अवधि से अपने सहयोगी एवं पटकथा लेखक अभिजात जोशी के साथ अपने अभी तक के अनुभवों को साझा किया है।
- कश्मीर के एक छोटे से मुहल्ले बजीर बाघ के रहने वाले चोपड़ा ने अपने 30 वर्ष के फिल्मी कॅरियर में मुन्नाभाई एमबीबीएस, लगे रहो मुन्ना भाई, थ्री इंडियट्स, पीके और संजू जैसी हिट फिल्में दी हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/books-and-literature/vidhu-vinod-chopra-bollywood-journey-book-unscripted-conversations-on-life-and-cinema-7142049/

विविध

इंडियन साइन लैंग्वेज डिक्शनरी का तीसरा संस्करण

प्रश्न-17 फरवरी, 2021 को इंडियन साइन लैंग्वेज डिक्शनरी के तीसरे संस्करण का लोकार्पण किया गया। इस के शब्दकोश तीसरे संस्करण में कुल कितने शब्द हैं?

(a) 3 हजार (b) 5 हजार (c) 6 हजार (d) 10 हजार

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2021 को केंद्रीय सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत ने भारतीय सांकेतिक भाषा शब्दकोश के तीसरे संस्करण का लोकार्पण किया।
- इस शब्दकोष में 10 हजार शब्द (पहले के 6 हजार शब्द सहित) हैं।
- यह शब्दकोश इंडियन साइन लैंग्वेज रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर (ISLRTC) द्वारा तैयार किया गया है।यह सेंटर सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान है।

- आईएसएल डिक्शनरी के तीसरे संस्करण में दैनिक उपयोग के शब्द, अकादमिक शब्द, कानूनी तथा प्रशासनिक शब्द, मेडिकल शब्द, तकनीकी तथा कृषि जैसे विषयों के कुल 10 हजार शब्द हैं।
- इस डिक्शनरी में देश के विभिन्न भागों में उपयोग किए जाने वाले क्षेत्रीय संकेतक भी शामिल किए गए हैं।
- 23 मार्च, 2018 को आईएसएल डिक्शनरी का पहला संस्करण 3000 शब्दों के साथ लांच किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.islrtc.nic.in/isl-dictionary-launch

भारत में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज की मैन्युफैक्चरिंग

प्रश्न-16 फरवरी, 2021 को किस ई-कॉमर्स कंपनी ने भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग शुरू करने की घोषणा की?

(a) अमेजन इंडिया (b) फ्लिपकार्ट (c) स्नैपडील (d) मंत्रा

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2021 को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी, संचार और कानून एवं न्यायमंत्री रविशंकर प्रसाद और अमेजन के ग्लोबल सीनियर वाइस प्रेसीडेंट और कंट्री हेड फॉर इंडिया अमित अग्रवाल के मध्य एक आभासी बैठक संपन्न हुई।
- इस बैठक के बाद अमेजन इंडिया ने भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग शुरू करने की घोषणा की।प्रारंभ में अमेजन इंडिया अमेजन फायर टीवी स्टिक का निर्माण शुरू करेगी।
- अमेजन चेन्नई में फॉक्सकॉन की सहायक कंपनी कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर क्लाउड नेटवर्क टेक्नâोलॉजी के साथ मैन्युफैक्चरिंग की शुरुआत करेगी।
- अमेजन घरेलू मांग के आधार पर अतिरिक्त बाजारों/शहरों के लिए स्केलिंग क्षमता का लगातार मूल्यांकन करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddnews.gov.in/business/amazon-india-start-manufacturing-electronic-products-india#:~:text=To%20begin%20with%2C%20it%20is,India%20Amit%20Agarwal%20on%20Tuesday.

ई-छावनी पोर्टल एवं मोबाइल ऐप

प्रश्न-16 फरवरी, 2021 को किस मंत्रालय द्वारा ई-छावनी पोर्टल एवं मोबाइल ऐप लांच किया गया?

(a) गृह मंत्रालय (b) रक्षा मंत्रालय

(c) इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्रालय (d) आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2021 को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ई-छावनी पोर्टल एवं मोबाइल ऐप लांच किया।यह पोर्टल एवं मोबाइल ऐप देश भर के 62 छावनी बोर्डो के 20 लाख से अधिक निवासियों को ऑनलाइन नागरिक सेवाएं प्रदान करेगा।
- यह पोर्टल ई-गॉव फाउंडेशन, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि डायरेक्टरेट जनरल डिफेंस एस्टेटस (DGDE) तथा नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर (NIC) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया।
- पोर्टल के माध्यम से छावनी क्षेत्रों के निवासी पट्टों के नवीकरण, जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए आवेदन, पानी और सीवरेज कनेक्शन, ट्रेड लाइसेंस, मोबाइल टॉयलेट लोकेटर और विभिन्न प्रकार के करों और शुल्कों के भुगतान जैसी बुनियादी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1698398#:~:text=Raksha%20Mantri%20Shri%20Rajnath%20Singh,Cantonment%20Boards%20across%20the%20country.

मांडू महोत्सव

प्रश्न-मांडू महोत्सव का संबंध किस राज्य से है-

(a) उत्तर प्रदेश (b) राजस्थान (c) मध्य प्रदेश (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 13 से 15 फरवरी 2021 को मांडू महोत्सव का आयोजन मध्य प्रदेश के धार जिले में संपन्न हुआ।
- तीन दिवसीय मांडू महोत्सव का विषय 'खोजने में खो जाओ' था।
- इस महोत्सव का उद्घाटन मध्य प्रदेश की संस्कृति और पर्यटन मंत्री ऊषा ठाकुर ने किया।
- इस महोत्सव में स्थानीय लोगों के लिए 'वोकल फॉर लोकल' को प्रोत्साहित करने के लिए हस्तनिर्मित कला से संबंधित हस्तशिल्प पर भी बल दिया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mandufestival.com/

खुफिया इकाई एवं उपभोक्ता संरक्षण प्रणाली की स्थापना

प्रश्न-वित्तीय अनियमितताओं से निपटने हेतु 'उपभोक्ता संरक्षण प्रणाली' स्थापित करने का निर्णय लेने वाली बैठक की अध्यक्षता किसने की थी?

(a) स्मृति जुबिन ईरानी (b) रविशंकर प्रसाद
(c) प्रकाश जावड़ेकर (d) पीयुष गोयल

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में भारत सरकार द्वारा देश में बढ़ती वित्तीय अनियमितताओं एवं धोखाधड़ी के खिलाफ सख्त कार्रवाई हेतु एक खुफिया ईकाई (Intelligence Unit) और उपभोक्ता संरक्षण प्रणाली की स्थापना का निर्णय लिया गया।
- यह इकाई मोबाइल फोन पर अनचाहे संदेशों पर उपभोक्ताओं की बढ़ती चिंता और उत्पीड़न, धोखाधड़ी वाले तथा ऋण लेन-देन को बढ़ावा देने वाले घटको के विरूद्ध सख्त कार्रवाई का कार्य करेगा।
- यह एक डिजिटल इंटेलीजेंस यूनिट (Digital Intelligence Unit) होगी तथा इसकी स्थापना धोखाधड़ी प्रबंधन एवं उपभोक्ता संरक्षण प्रणाली (TAFCOP) के लिए दूरसंचार विश्लेषिकी लाइसेंस सेवा के स्तर पर बनाई जायेगी।
- कोई भी व्यवसायिक संचार जो एक ग्राहक को प्राप्त न होने का विरोध करता है उसे अवांछित वाणिज्यिक संचार (UCC) कहा जाता है।
- हालांकि इससे केंद्र सरकार या राज्य सरकार या सरकार द्वारा अधिकृत किसी भी एजेंसी के निर्देशानुसार प्रेषित कोई संदेश या आकड़े शामिल नहीं होते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/govt-to-set-up-digital-intelligence-unit-to-deal-with-telecom-frauds/article33848268.ece

कर्नाटक डिजिटल अर्थव्यवस्था मिशन का कार्यालय

प्रश्न-9 फरवरी, 2021 को कर्नाटक डिजिटल अर्थव्यवस्था मिशन (केडीईएम) के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस कर्नाटक डिजिटल इकोनामी मिशन (के डी ई एम उद्घाटन सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में डिजिटल अर्थव्यवस्था के योगदान को 30 प्रतिशत तक बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है।

(b) इस कर्नाटक डिजिटल इकोनामी मिशन (केडीईएम) को उद्योगों के और अधिक बनाने हेतु उद्योगों में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी की अनुमति प्रदान की गई है।

(c) 49 प्रतिशत हिस्सेदारी सरकार के पास रखी गई है।

(d) केडीईएम का लक्ष्य राज्य में आईटी और आईटीईएस क्षेत्र के लिए निवेश को आकर्षित करना और वर्ष 2023 तक 10 लाख नौकरियों का सृजन करना है।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 9 फरवरी, 2021 को कर्नाटक डिजिटल अर्थव्यवस्था मिशन (केडीईएम) के कार्यालय का उद्घाटन किया गया।
- इस कार्यालय का उद्घाटन सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में डिजिटल अर्थव्यवस्था के योगदान को 30 प्रतिशत तक बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है।
- इसके साथ 'बियॉन्ड बंगलुरू' रिपोर्ट, जो इस लक्ष्य को प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करती है, का भी शुभारंभ किया गया।
- इस कार्यालय को उद्योगों के और अधिक अनुकूल बनाने के लिए उद्योगों में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी की अनुमति प्रदान की गई है।
- 49 प्रतिशत हिस्सेदारी सरकार के पास रखी गई है।
- डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार, दूरदराज के हिस्सों तक कनेक्टिविटी में सुधार करने, 24×7 बिजली प्रदान करने और आवश्यक बुनियादी ढांचे की स्थापना करके ग्रामीण-शहरी विभाजन को कम करने पर ध्यान केंद्रित करेगी।
- केडीईएम का लक्ष्य राज्य में आईटी और आईटीईएस (IT/ITeS) क्षेत्र के लिए निवेश को आकर्षित करना और वर्ष 2025 तक 10 लाख नौकरियों का सृजन करना है।
- यह कार्यालय आईटी के 5 कार्यक्षेत्रों आईटी उत्पादों और सेवाओं इनोवेशन और स्टार्टअप्स, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण, बियॉन्ड बंगलुरू और टैलेंट एक्सेलरेटर पर ध्यान केंद्रित करेगा।

- केडीईएम कर्नाटक को आईटी निर्यात में 150 बिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचने में वर्ष 2025 तक 300 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में मदद करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://government.economictimes.indiatimes.com/news/digital-india/karnataka-digital-economy-mission-office-inaugurated-beyond-bengaluru-report-launched/80781807

सैल्यूट टू केयरगिवर्स

प्रश्न-'सैल्यूट टू केयरगिवर्स' के संबंध में कौन-सा कथन सत्य हैं?

(a) यह रक्त दान के संबंध में एक अभियान है।

(b) यह विश्व बैंक की देशी भाषा विकास संबंधी अभियान है।

(c) यह कैंसर पीडितों के लिए एक अभियान है।

(d) यह बुजुर्गों के देख-रेख से संबंधित अभियान है।

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2021 को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस ने कैंसर पीडितों के लिए 'सैल्यूट टू केयरगिवर्स' एक नया नजरिया अभियान शुरू किया है।
- इस अभियान का विषय (टैगलाइन) है-'इस जंग में हम संग है'।
- भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस कंपनी सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के माध्यम से कैंसर के प्रति जागरूकता अभियान शुरू किया हैं।
- WHO की रिपोर्ट के अनुसार, हर 10 में से एक भरतीय कैंसर से पीड़ित है। तथा समय, बीमारी का पता न होने के कारण लगभग 13.5 लाख लोग प्रतिवर्ष कैंसर से मर जाते हैं।
- भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस एक संयुक्त उद्यमी कंपनी है, जिसका मुख्यालय मुंबई में है।
- भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) संजीव श्रीनिवासन हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://newscrazy.in/bharti-axa-general-insurance-launches-salute-to-caregivers-ek-naya-nazariya-campaign-to-support-cancer-survivors/

शिपिंग मंत्रालय और 'नेपच्यून घोषणा'

प्रश्न: समुद्री निकाय MUI ने भारतीय नौवहन मंत्रालय से 'नेपच्यून घोषणा' का संज्ञान लेने का आग्रह कब किया ?

(a) 31 जनवरी, 2021 (b) 2, जनवरी 2021 (C) 26 जनवरी, 2021

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर (b)

संबंधित तथ्य

- 31 जनवरी, 2021 को समुद्री निकाय एमयूआई ने भारतीय नौवहन मंत्रालय से 'नेपच्यून घोषणा' का संज्ञान लेने का आग्रह किया।
- यह तात्कालिकता समुद्री भारत विजन 2030(Maritime India Vision 2030) के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक है।
- सीफेयरर वेलबीइंग और क्रू चेंज पर नेपच्यून घोषणा दुनिया भर में सभी सरकारों द्वारा नेपच्यून घोषणा सीफेयरर(नाविकों) को श्रमिकों के रूप में मान्यता देने पर केंद्रित है।
- मेरीटाइम इंडिया विजन 2030
- भारतीय समुद्री क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाने के उद्देश्य से एक 10 वर्षीय कार्य योजना 'मैरीटाइम इंडिया विजन -2030' जल्द ही लागू की जाएगी।
- MUI
- मैरीटाइम यूनियन ऑफ इंडिया(MUI), मर्चेंट नेवी ऑफिसर्स का एक यूनियन है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://newsrush.in/bussiness/maritime-body-mui-urges-indian-shipping-ministry-to-take-cognisance-of-neptune-declaration/

सबसे लंबी मालगाड़ी 'वासुकी'

प्रश्न-22 जनवरी, 2021 को रेलवे के किस जोन ने भारतीय रेलवे के इतिहास में सबसे लंबी मालगाड़ी (वासुकी) परिचालित कर एक नया कीर्तिमान बनाया?



(a) उत्तर रेलवे (b) दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे

(c) उत्तर पश्चिम रेलवे (d) पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 22 जनवरी, 2021 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने भारतीय रेलवे के अइतिहास में सबसे लंबी मालगाड़ी परिचालित कर एक नया कीर्तिमान बनाया।
- हवयह मालगाड़ी छत्तीसगढ़ के रायपुर रेल मंडल के भिलाई डी केबिन से विलासपुर के कोरबा तक चलाई गई।
- इस मालगाड़ी की कुल लंबाई लगभग 3.5 किमी. थी।
- इसमें 300 वैगनों को जोड़ा गया था।
- इस ट्रेन का नाम 'वासुकी' रखा गया है।
- इससे पूर्व 29 जून, 2020 को तीन लोडेड मालगाड़ियों को एक साथ जोड़कर लांग हाल सुपर एनाकोंडा गाड़ी चलाई गई थी।
- लांग हॉल रैक के परिचालन से क्रू-स्टॉफ की बचत तो होती ही है, रेलवे ट्रैक का सही इस्तेमाल और उपभोक्तओं को त्वरित डिलीवरी भी प्राप्त होती है।

लेखक-विजय प्रताप सिंह

https://www.newindianexpress.com/nation/2021/jan/23/indian-railways-longest-freight-train-vasuki-creates-new-record-in-secr-zone-2254053.html#:~:text=Home%20Nation-,Indian%20Railways%20longest%20freight%20train%20'Vasuki'%20creates%20new%20record%20in,and%20took%20about%20seven%20hours.

एशियन ऑनलाइन शूटिंग चैंपियनशिप, 2021

प्रश्न-30 जनवरी, 2021 को संपन्न हुई ऑनलाइन शूटिंग चैंपियनशिप, 2021 में भारत कितने पदक प्राप्त करके पदक तालिका में शीर्ष पर रहा?

(a) 16 (b) 14 (c) 12 (d) 11

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 29-30 जनवरी, 2021 को एशियन ऑनलाइन शूटिंब्ग चैंपियनशिप कुवैत शूटिंग फेडरेशन द्वारा आयोजित की गई।
- इस चैंपियनशिप में 22 एशियाई देशों के 274 निशानेबाजों ने भाग लिया।
- भारत, डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में एशियन ऑनलाइन शूटिंग चैंपियनशिप में 11 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा।
- भारत के इन 11 पदकों में 4 स्वर्ण, 2 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं।
- इसमें भारत के 24 सदस्यीय दल ने भाग लिया।

- एयर पिस्टल निशानेबाज तथा एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता सौरभ चौधरी भी स्वर्ण पदक विजेता रहे।
- उनके अलावा अन्य स्वर्ण पदक विजेताओं में दिव्यांश सिंह पवार (पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल), कियान चेनाई (पुरुष ट्रैप) और राजेश्वरी कुमारी (महिला ट्रैप) शामिल रहीं।
- अर्जुन बाबुटा (पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल) और श्रेयसी सिंह (महिला ट्रैप) ने रजत पदक जीता।
- मनु भाकेर (महिला 10 मीटर एयर पिस्टल), सरबजोत सिंह (पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल), दीपक कुमार (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल), पृथ्वीराज टोंडिमन (पुरुष ट्रैप) और मनीष कोर (महिला ट्रैप) ने कांस्य पदक जीते।
- सौरभ चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 588 का स्कोर बनाया और स्वर्ण पदक जीता।
- सरबजोत सिंह ने 582 का स्कोर बनाया और कांस्य पदक जीता।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.news18.com/news/sports/with-11-medals-india-top-tally-at-asian-online-shooting-championship-3367346.html

सीड ट्रेसबिलिटी मोबाइल ऐप

प्रश्न-28 जनवरी, 2021 को सीड ट्रेसबिलिडी मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया?

(a) एम.वेंकैया नायडू (b) संजीव कुमार बालियान

(c) नरेंद्र सिंह तोमर (d) एस. अयप्पन

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2021 को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास, पंचायती राज तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा लाभांश वितरण के अवसर पर 'सीड ट्रेसबिलिटी मोबाइल ऐप' का शुभारंभ किया।
- इस ऐप के माध्यम से असली बीजों की जानकारी प्राप्त होगी और किसान धोखाधड़ी से बच सकेंगे।
- इस अवसर पर तोमर ने गुण नियंत्रण एवं डीएनए प्रयोगशाला का भी शुभारंभ किया।
- पूसा स्थित राष्ट्रीय बीज निगम (एनएससी) के मुख्यालय में आयोजित समारोह में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक विनोद कुमार गौड़ ने भारत सरकार के लिए लगभग 9 करोड़ रुपये का लाभांश चेक मंत्री जी को सौंपा।

- इस कार्यक्रम में तोमर ने पुस्तक 'एनएससीस जर्नी इन द सर्विस ऑफ फार्मर्स' का विमोचन किया।यह पुस्तक श्री शंकरन द्वारा संपादित की गई है।
- एनएससी ने विभिन्न कदमों के माध्यम से दुर्गम व दूरस्थ क्षेत्रों के किसानों को अनाजों, दलहन-तिहलन, चारा, सब्जी, बीज आदि की सभी महत्वपूर्ण फसलों के गुणवत्तापूर्ण बीजों की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराया है।
- वर्ष 2019-20 में एनएससी की कुल आय 1085.44 करोड़ रुपये रही एवं कर पूर्व लाभ 60.68 करोड़ रुपये रहा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://krishijagran.com/news/agriculture-minister-launches-seed-traceability-mobile-app-for-farmers/

उद्यम सारथी ऐप

प्रश्न-24 जनवरी, 2021 को किस राज्य में उद्यम सारथी ऐप लांच किया गया है?

(a) मध्य प्रदेश (b) हरियाणा (c) उत्तर प्रदेश (d) उत्तराखंड

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 24 जनवरी, 2021 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के 71 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 'उद्यम सारथी ऐप' का शुभारंभ किया।
- इस ऐप से युवाओं को राज्यभर में स्वरोजगार और नौकरी उद्योग से जुड़ी हर जानकारी मिल सकेगी।इस ऐप को एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत लांच किया गया है।
- उत्तर प्रदेश दिवस समारोह 24 से 26 जनवरी, 2021 तक आयोजित हुआ।
- उत्तर प्रदेश दिवस, 2021 का मुख्य विषय (Theme) 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश का सम्मान, महिला, युवा, किसानों सभी का विकास (Respect for self reliant Uttar Pradesh, Women, Young, Farmers, development of all) था।
- इस ऐप में राज्य और केंद्र सरकारों सहित विभिन्न विभागों और क्षेत्रों में कहीं भी किसी भी समय व्यापार के अवसरों के बारे में डेटा की एक विविध श्रेणी शामिल होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/national/general-news/adityanath-launches-udyam-sarathi-for-youth-to-explore-self-employment-opportunities20210124214450/

'जेल पर्यटन' पहल

प्रश्न-जनवरी, 2021 में किस राज्य में 'जेल पर्यटन' पहल की शुरुआत की गई है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) महाराष्ट्र (c) कर्नाटक (d) गोवा

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2021 में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने एक ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से 'जेल पर्यटन' पहल की शुरुआत की।
- पुणे स्थित 150 वर्ष पुरानी यरवदा जेल से शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य आम लोगों को ऐतिहासिक जेलों को निकट से देखने की सुविधा प्रदान करना है।
- इस पहल के माध्यम से स्कूल और कॉलेज के छात्रों, इतिहास के जानकारों और आम नागरिकों को हमारे इतिहास के एक नवीन पहलू को अनुभव कराने में मदद मिलेगी।
- इस पहल के पहले चरण में लगभग 500 एकड़ में फैली महाराष्ट्र की यरवदा जेल के कुछ हिस्सों को आम जनता के लिए खोला जाएगा।
- आगामी चरणों में इस पहल को नागपुर, नासिक, ठाणे, रत्नागिरी, जैसी अन्य जेलों तक विस्तारित किया जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि यरवदा जेल न केवल महाराष्ट्र की अपितु दक्षिण एशिया में सबसे बड़ी जेलों में से एक है।
- ब्रिटिश शासन के दौरान इस जेल में महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक और नेताजी सुभाष चंद बोस सहित विभिन्न भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को रखा गया था, उन्हें स्मारक के रूप में संरक्षित किया गया है।
- यह जेल ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता पाने में इन महान नेताओं द्वारा दिए गए बलिदानों को चिह्नित करती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/city/pune/thackeray-launches-unique-jail-tourism-initiative-at-yerawada-central-prison/articleshow/80488706.cms

भारत का पहला डीजल परिवर्तित सीएनजी ट्रैक्टर लांच

प्रश्न-12 फरवरी, 2021 को किसने भारत के पहले डीजल परिवर्तित सीएनजी ट्रैक्टर को लांच किया?

(a) पीयूष गोयल (b) नितिन गडकरी (c) नरेंद्र मोदी (d) निर्मला सीतारमण

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 12 फरवरी, 2021 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारत का पहला डीजल परिवर्तित सीएनजी ट्रैक्टर लांच किया।
- डीजल परिवर्तित सीएनजी ट्रैक्टर बनाने का काम रॉमैट टेव्नâो सॉल्यूशंस और टोमोसेटो अचीले इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।
- यह प्रायोगिक स्तर की पायलट परियोजना है।
- इसे बाद में बाजार में उपलब्ध कराया जाएगा।
- इस अवसर पर नितिन गडकरी ने कहा कि सीएनजी ट्रैक्टर से केवल ईंधन लागत में वार्षिक लगभग 1 लाख रुपये से अधिक बचत का अनुमान है।
- उल्लेखनीय है कि सीएनजी एक स्वच्छ ईंधन है क्योंकि इसमें कार्बन एवं अन्य प्रदूषक सामग्री की मात्रा कम होती है।
- इसमें सीसे की मात्रा भी शून्य है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1697555

भारत खिलौना मेला, 2021

प्रश्न-भारत सरकार द्वारा वर्चुअल माध्यम से भारत खिलौना मेला, 2021 कब से कब तक आयोजित किया जाएगा?

(a) 27 फरवरी से 2 मार्च, 2021 (b) 11 फरवरी से 20 फरवरी, 2021

(c) 20 फरवरी से 1 मार्च, 2021 (d) 13 फरवरी से 20 फरवरी, 2021

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 27 फरवरी से 2 मार्च, 2021 के मध्य भारत सरकार द्वारा वर्चुअल माध्यम से भारत खिलौना मेला (The India Toy Fair), 2021 का आयोजन किया जाएगा।

- इस मेले का उद्देश्य स्वदेशी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा शुरू किए गए 'आत्मनिर्भर भारत' और 'वोकल फॉर लोकल' अभियानों के बुनियादी विषयों को एक प्रोत्साहन प्रदान करना है।
- इसके अलावा, इसका उद्देश्य शिक्षा में सभी उम्र के लोगों की सीखने की प्रक्रिया को आनंदपूर्ण बनाने में खिलौने की क्षमता का लाभ भी उठाना है।
- इसके साथ ही इस मेले का उद्देश्य नीति निर्माताओं एवं वितरकों, निवेशकों, उद्योग विशेषज्ञों, सूक्ष्म लघु स्टार्ट-अप्स, बच्चों, माता-पिता और शिक्षकों को एक आम मंच पर लाना है।
- भारतीय खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने में यह एक वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त देता है।
- इस मेले के प्रमुख आकर्षणों में 1000 से अधिक वर्चुअल स्टॉलों के साथ एक वर्चुअल प्रदर्शनी, राज्य सरकारों द्वारा आयोजित वेबीनार, खिलौनों पर आधारित शिक्षण सहित अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा विविध विषयों पर पैनल/चर्चाओं/वेबीनारो के साथ ज्ञान सत्र, शिल्प प्रदर्शनियां, प्रतियोगिताएं, क्विज, वर्चुअल टूर्स और उत्पादों को उतारना आदि शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1697173

उत्तर प्रदेश में लैंड होल्डिंग की पहचान करने के लिए यूनिकोड

प्रश्न-7 फरवरी, 2021 को उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में सभी प्रकार के लैंड होल्डिंग को चिह्नित करने के लिए कितने अंको का यूनिकोड जारी करने की प्रणाली शुरू की है?

(a) 12 (b) 14 (c) 16 (d) 20

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 7 फरवरी, 2021 को उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में सभी प्रकार के लैंड होल्डिंग को चिह्नित करने के लिए एक 16 अंकों का यूनिकोड जारी करने की प्रणाली शुरू की है।
- इस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य भूमि विवादों के मामलों की जांच करना, विवादित भूमि की नकली रजिस्ट्रियों को समाप्त करना और लोगों को धोखबाजों के जाल में फंसने से बचाना है।
- भूमि की यूनिकोड संख्या 16 अंकों वाली होगी।
- पहले 6 अंक भूमि की संख्या पर आधारित होंगे।
- अगले 4 अंक भूमि की विशिष्ट पहचान का निर्धारण करेंगे।
- 11 से 14 तक के अंक भूमि के विभाजन की संख्या होगी।

- अंतिम 2 अंकों में श्रेणी के संबंध में विवरण होगा, जिसके माध्यम से कृषि, आवासीय और वाणिज्य भूमि की पहचान की जाएगी।
- यूनिकोड उत्तर प्रदेश सरकार के राजस्व विभाग द्वारा जारी किया जाएगा।
- यह सभी प्रकार की कृषि, आवासीय और वाणिज्यिक भूमि के लिए जारी होगा।
- यूनिकोड भूमि विवाद के मामलों की जांच करने में मदद करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.uniindia.com/news/north/administration-up-land/2312429.html

8वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय सिल्क, मेला 2021

प्रश्न-31 जनवरी से 4 फरवरी 2021 के मध्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 8वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय सिल्क मेला का आयोजन किया गया । इसका उद्घाटन किया

(a) स्मृति जुबिन ईरानी (b) वैंकेया नायडू (c) रामनाथ कोविंद (d) प्रकाश जावडेकर

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 31 जनवरी से 4 फरवरी, 2021 के मध्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 8 वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय सिल्क मेला, 2021 का आयोजन किया गया।
- केंद्रीय महिला एवं बाल विकास और कपड़ा मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने इसका उद्घाटन किया।
- कपड़ा मंत्रालय के तत्वाधान में भारतीय रेशम निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा इस मेले का आयोजन किया गया।
- यह मेला भारत का सबसे बड़ा रेशम मेला माना जाता है।
- रेशम और रेशम मिश्रण उत्पादों के स्रोत के तौर पर इस मेला को वाणिज्य विभाग ने प्रायोजित किया है।
- गौरतलब है कि भारत रेशम का सबसे बड़ा उत्पादक देश है।
- भारत दुनिया का एकमात्र देश है जो रेशम, शहतूत, एरी, तसर और मूंगा की सभी चार प्रमुख किस्मों का उत्पादन करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1693764

आसियान-इंडिया हैकथॉन, 2021

प्रश्न-1-3 फरवरी, 2021 के मध्य 'आसियान-इंडिया हैकथॉन' वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है।

(a) शिक्षा मंत्रालय (b) विदेश मंत्रालय

(c) कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (d) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 1-3 फरवरी, 2021 के मध्य आसियान-इंडिया हैकथॉन, 2021 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है।
- यह केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एक पहल है।
- यह सभी 10आसियान देशों और भारत के लिए शिक्षा एवं विज्ञान और प्रौद्योगिकियों में सहयोग से आपसी आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने इसका शुभारंभ किया।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में सिंगापुर इंडिया हैकथान के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आसियान देशों के साथ हैकथॉन आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की थी।
- यह हैकथॉन, भारत और आसियान देशों को 'नीली अर्थव्यवस्था' और 'शिक्षा' के दो व्यापक विषयों के तहत उनकी साझा चुनौतियों को हल करने के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1693833

ग्रेट इंडियन बस्टर्ड की सुरक्षा के लिए 'फायरफ्लाई बर्ड डायवर्टर पहल

प्रश्न-ग्रेट इंडियन बस्टर्ड को IUCN के किस श्रेणी में रखा गया है-

(a) संकट ग्रस्त (b) निम्न संकटग्रस्त (c) गंभीर संकटग्रस्त (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 22 दिसंबर, 2020 को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और वन्य जीव संरक्षण सोसाइटी (WCS) ने 'ग्रेट इंडियन बस्टर्ड' की भारत में आबादी वाले क्षेत्रों के ऊपर से गुजरने वाली

बिजली की लाइनों को संकेत करने के लिए 'जुगनू पक्षी डायवर्टर' (Firefly bird Diverter) का प्रयोग किया।

- यह डायवर्टर राजस्थान के पोखरण तहसील में 6.5 km में लगाये गये हैं।
- यह प्रयोग ग्रेट इंडियन बस्टर्ड की 'मृत्यु दर' को कम करने के लिए किया गया।
- IUCN के अनुसार, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड को गंभीर रूप से संकटग्रस्त श्रेणी में रखा गया है।
- ग्रेट इंडियन बस्टर्ड मुख्यतया मध्य भारत, पश्चिम भारत और पूर्वी पाकिस्तान में पाए जाते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sci-tech/energy-and-environment/pokhrans-firefly-bird-diverters-shine-to-save-the-great-indian-bustard/article33396148.ece

गिधवा-परसदा पक्षी विहार महोत्सव

प्रश्न-31 जनवरी से 2 फरवरी, 2021 तक किस राज्य में गिधवा-परसदा पक्षी विहार महोत्सव का आयोजन किया गया?

(a) झारखंड (b) छत्तीसगढ़ (c) ओडिशा (d) मध्य प्रदेश

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 31 जनवरी से 2 फरवरी, 2021 तक गिधवा-परसदा में पक्षी विहार महोत्सव आयोजित हुआ।
- छत्तीसगढ़ में पहली बार पक्षी महोत्सव का आयोजन किया गया है।
- बेमेतरा जिले में स्थित गिधवा-परसदा स्थल मुख्यत: जलीय नमी युक्त क्षेत्र है, जिसका भौगोलिक विस्तार लगभग 6 किमी. क्षेत्र में है।
- यहां किए गए अध्ययन में पक्षियों की कुल 143 प्रजातियां, जिसमें कुल 26 स्थानीय प्रवासी प्रजातियां, 11 विदेशी प्रवासी प्रजातियां और 106 स्थानीय आवासीय प्रजातियां पाई जाती हैं।
- इस पक्षी महोत्सव में मुख्यमंत्री भूपेश सिंह बघेल ने गिधवा-परसदा पक्षी विहार को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा की।
- इस क्षेत्र में पक्षी जागरूकता एवं प्रशिक्षण केंद्र की भी स्थापना की जाएगी।
- राज्य के समस्त वेटलैंड के संरक्षण एवं प्रबंधन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड बनाया जाएगा।
- गिधवा एवं परसदा ग्रामों के आस-पास जिन क्षेत्रों में प्रवासी पक्षी आते हैं, उनके संरक्षण की योजना बनाकर छत्तीसगढ़ जैव विविधता बोर्ड द्वारा कार्य कराया जाएगा।

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विविध प्रजातियों के पक्षियों की जानकारी वाली पुस्तिका 'बर्ड्स' का विमोचन किया।
- उल्लेखनीय है कि वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा हमर चिरई-हमर चिन्हारी के अंतर्गत इस 3 दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://dprcg.gov.in/post/1612273512/%E0%A4%B0%E0%A4%BE%E0%A4%AF%E0%A4%AA%E0%A5%81%E0%A4%B0_:_%E2%80%98%E0%A4%97%E0%A4%BF%E0%A4%A7%E0%A4%B5%E0%A4%BE-%E0%A4%AA%E0%A4%B0%E0%A4%B8%E0%A4%A6%E0%A4%BE_%E0%A4%AA%E0%A4%95%E0%A5%8D%E0%A4%B7%E0%A5%80_%E0%A4%B5%E0%A4%BF%E0%A4%B9%E0%A4%BE%E0%A4%B0%E2%80%99_%E0%A4%AC%E0%A4%A8%E0%A5%87%E0%A4%97%E0%A4%BE_%E0%A4%B5%E0%A4%BF%E0%A4%B6%E0%A5%8D%E0%A4%B5_%E0%A4%B8%E0%A5%8D%E0%A4%A4%E0%A4%B0%E0%A5%80%E0%A4%AF_%E0%A4%AA%E0%A4%B0%E0%A5%8D%E0%A4%AF%E0%A4%9F%E0%A4%A8_%E0%A4%B8%E0%A5%8D%E0%A4%A5%E0%A4%B2_:_%E0%A4%B6%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A5%80_%E0%A4%AD%E0%A5%82%E0%A4%AA%E0%A5%87%E0%A4%B6_%E0%A4%AC%E0%A4%98%E0%A5%87%E0%A4%B2_

सुंदरम्न में हैं पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां

प्रश्न-हाल ही में सुंदर वन के पक्षियों के संबंध में प्रकाशित ZSI की रिपोर्ट के अनुसार वहां वर्तमान में पक्षियों की कितनी प्रजातियां निवास करती हैं?

(a) 328 (b) 428 (c) 500 (d) 528

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2021 के प्रारंभ में जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (ZSI) ने सुंदरबन के पक्षियों के संबंध में एक रिपोर्ट प्रकाशित की।
- ZSI की इस नई रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में सुंदरबन में पक्षियों की कुल 428 प्रजातियां निवास करती हैं।
- उल्लेखनीय है कि भारत का सुंदरवन विश्व के सबसे बड़े मैंग्रोव वन का एक हिस्सा हैं।
- जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (ZSI) ने 'Birds of the Sundarban Biorsphere Reserve' नाम से यह रिपोर्ट प्रकाशित की है।
- इस रिपोर्ट में सुंदरबनों के पक्षियों का व्यापक विवरण प्रस्तुत किया गया है।

- यह रिपोर्ट क्षेत्र की सभी प्रजातियों के लिए विस्तृत विवरण और स्थानीय डेटा के साथ-साथ व्यापक फोटोग्राफिक फील्ड गाइड के रूप में भी कार्य करती है।
- नर एवं मादा पक्षियों की पहचान कराने वाले चित्रों से युक्त इस पुस्तिका के प्रकाशन का उद्देश्य जीवन के सभी क्षेत्रों से संबद्ध लोगों में पक्षियों के प्रति दिलचस्पी एवं ज्ञानवर्धन करना है।
- भारतीय सुंदरबन लगभग 4200 वर्ग किमी. क्षेत्र में विस्तृत है, जिससे 2585 वर्ग किमी. क्षेत्रफल टाइगर रिजर्व के रूप में आरक्षित है।
- सुंदरबन टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 96 रॉयल बंगाल टाइगरों (2020 की गणना के अनुसार) का निवास है।
- ये वन यूनेस्को द्वारा वैश्विक विरासत एवं रामसर साइट की श्रेणी में रखे गए हैं।
- इन वनों में भारत में पाए जाने वाले किंगफिशर पक्षी की 12 प्रजातियों में से 9 प्रजातियां पाई जाती हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/other-states/sunderbans-home-to-428-species-of-birds-records-zsi/article33651099.ece

एनआईएफ-भारत द्वारा विकसित इनोवेशन पोर्टल लांच

प्रश्न-जनवरी, 2021 में लांच किए गए 'इनोवेशन पोर्टल' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

(i) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पोर्टल को भारत में लांच किया।

(ii) इस पोर्टल का विकास नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन-भारत (NIF-INDIA) द्वारा किया गया है।

(iii) यह पोर्टल कृषि, इंजीनियरिंग, पशु चिकित्सा और मानव स्वास्थ्य के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए लगभग 1.15 लाख नवाचारों का संग्रह है।

(iv) नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन-भारत, भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय है।

उपर्युक्त दिए गए कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करें-

(a) (i) व (ii) (b) (ii) व (iii) (c) (iii) व (iv) (d) (i) व (iv)

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 14 जनवरी, 2021 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने नई दिल्ली में नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन भारत द्वारा विकसित 'इनोवेशन पोर्टल' लांच किया।

- ध्यातव्य है कि नेशनल इनोवेशन पोर्टल इंजीनियरिंग, कृषि, पशु चिकित्सा तथा मानव स्वास्थ्य के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए देश के आम लोगों से संकलित लगभग 1.15 लाख नवाचारों का संग्रह है।यह इनोवेशन पोर्टल स्थानीय समस्याओं के समाधान ढूंढ़ने की दिशा में आम लोगों द्वारा प्रस्तुत नए विचारों को संस्थागत रूप देने में मदद करेगा।
- यह पोर्टल छात्रों, उद्यमियों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, प्रौद्योगिकी के व्यवसाय से जुड़े इन्क्यूबेटर तथा विभिन्न व्यवसायों से जुड़े आम लोगों के लिए एक उत्कृष्ट संसाधन है।
- गौरतलब है कि नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन (NIF) भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1688583

आंध्र प्रदेश ने पंचायत से संबंधित ऐप लांच किया

प्रश्न-आंध्र प्रदेश, राज्य निर्वाचन आयोग ने ग्राम पंचायत चुनाव संबंधी शिकायतों को प्राप्त करने हेतु कौन- सा ऐप लांच किया है?

(a) 'ई-वॉच' (b) 'ई-पंच' (c) 'ई-प्रधान' (d) ई-मिंटिंग

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 3 फरवरी, 2021 को आंध्र प्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त निम्मगड्डा रमेश कुमार ने ग्राम पंचायत चुनाव संबंधी शिकायतों को प्राप्त करने हेतु 'ई वॉच' ऐप लांच किया।
- राज्य निर्वाचन आयुक्त निम्मगड्डा रमेश कुमार ने 'ई-वॉच' ऐप के साथ ही पंचायत चुनाव संबंधी शिकायतों को प्राप्त करने के लिए एक काल सेंटर नंबर भी लांच किया।
- इस ऐप व कॉल सेंटर नंबर को लांच करने का मुख्य उद्देश्य पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से पंचायत चुनाव कराना है।इस ऐप से प्राप्त शिकायतों को सरकार गंभीरता से लेगी, साथ ही शिकायतकर्ता की निजी जानकारी को गोपनीय रखी जाएगी।
- राज्य निर्वाचन आयोग, जिला कलेक्टर के साथ मिलकर, चुनाव संबंधित समस्या का समाधान करेगी।21 फरवरी, 2021 से आंध्र प्रदेश ग्राम पंचायत चुनाव होना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/national/general-news/andhra-sec-launches-e-watch-app-designed-to-receive-gram-panchayat-elections-related-complaints20210203212453/

वर्ष 2020 का ऑक्सफोर्ड हिंदी शब्द

प्रश्न-2 फरवरी, 2021 को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने किस शब्द को वर्ष 2020 का ऑक्सफोर्ड हिंदी शब्द नामित किया?



(a) आधार (b) नारीशक्ति (c) आत्मनिर्भरता (d) जलवायु परिवर्तन

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 2 फरवरी, 2021 को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (OUP) ने 'आत्मनिर्भरता' शब्द को वर्ष 2020 का ऑक्सफोर्ड हिंदी शब्द नामित किया।
- उल्लेखनीय है कि ऑक्सफोर्ड द्वारा चयनित वर्ष का हिंदी शब्द एक ऐसा शब्द या उक्ति है जो बीते हुए वर्ष की प्रकृति,मिजाज, माहौल और मानसिकता को व्यक्त करता है।
- ओयूपी के अनुसार, यह शब्द असंख्य भारतीयों की रोजाना की उपलब्धियों को मान्यता देता है, जिन्होंने महामारी के संकट का सामना किया।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2019 का ऑक्सफोर्ड हिंदी शब्द 'संविधान' था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://languages.oup.com/word-of-the-year/2020/

'कृषि सखा' ऐप

प्रश्न-जनवरी, 2021 में किस इंश्योरेंस कंपनी ने किसानों के लिए 'कृषि सखा ऐप' लांच किया?

(a) एलआईसी (b) बिरला सनलाइफ इंश्योरेंस

(c) भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस (d) एचडीएफसी एग्रो जनरल इंश्योरेंस

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2021 में भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस ने किसानों के लिए 'कृषि सखा ऐप' लांच किया।
- यह ऐप देश में किसानों की विशेष जरूरतों को पूरा करेगा और खेती के सर्वश्रेष्ठ तरीकों को लिए उनका मार्गदर्शन करेगा।
- इस कंपनी का उद्देश्य 'कृषि सखा ऐप' के माध्यम से किसानों को खेती की कस्टमाइज्ड जानकारी देकर निर्णय लेने में मदद करना है।
- यह ऐप मुख्य फसलों की खेती, फसल की पैदावार, बुआई एवं कटाई के वैज्ञानिक तरीकों के बारे में उपयोगी जानकारी देगा।

- ऐप के जरिए किसानों को विशेषज्ञों से फसल विशेष के लिए सलाह भी उपलब्ध होगी।
- जिससे उन्हें अपनी फसल की रक्षा करने और खेत की उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।
- यह किसानों को मौसम के पूर्वानुमान, बाजार, फसल के मूल्यों, फसल बीमा प्रीमियम की गणना और बीमा व कृषि संबंधी सरकारी योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन भी देगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.apkonline.net/download-android-apks/app-krishi-sakha

'इनोवेशन सैंडबॉक्स' वेब पोर्टल

प्रश्न-29 जनवरी, 2021 को लांच किए गए 'इनोवेशन सैंडबॉक्स' वेब पोर्टल के संबंध में निम्नलिखित कथनों का परीक्षण करे-

(a) इस पोर्टल को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के द्वारा लांच किया गया है।

(b) इस वेब पोर्टल को भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्थापित किया गया है।

(c) यह एक वर्कफ्लो आधारित प्लेटफार्म है, जहां आवेदक एपीआई डिपॉजिटरी तथा योग्य रजिस्ट्रार तथा शेयर ट्रांसफर एजेंटों का उपयोग करने में सक्षम होंगे।

(d) इस सुविधा का उपयोग करने वाले आवेदक भारत सरकार के गृह मंत्रालय के वेबपोर्टल पर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

उपर्युक्त दिए गए कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करे-

(a) 1 व 2 (b) 1, 2 व 3 (c) 2 व 3 (d) 1, 3 व 4

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2021 में बम्बई स्टॉक एक्सचेंज CBSE ने एक 'इनोवेशन सैंडबॉक्स' वेब पोर्टल लांच किया है, जो फिनटेक फर्मों एवं व्यक्तियों को अपने अनुप्रयोगों का ऑफलाइन परीक्षण करने में सक्षम बनाता है।
- ध्यातव्य है कि 'इनोवेशन सैंडबॉक्स' (Innovation Sandbox) वेब पोर्टल को बॉम्बे स्टाक एक्सचेंज द्वारा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के दिशा निर्देशों के अनुसार स्थापित किया गया है।
- 'इनोवेशन सैडबॉक्स' वेब पोर्टल एक वर्कफ्लो (Work flow) आधारित प्लेटफार्म है, जहां आवेदक एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (API) स्टॉक एक्सचेंजों के परीक्षण डेटा, डिपॉजिटरी और योग्य रजिस्ट्रार तथा शेयर ट्रांसफर एजेंटो (QRTA) आदि का उपयोग करने में सक्षम होंगे।

- इस सुविधा का उपयोग करने वाले आवदेक अपने सुझाव (Proposal) के साथ इस वेबपोर्टल पर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।
- 'इनोवेशन सैंडबाक्स' समिति के द्वारा अनुमोदन के उपरान्त आवेदक को अपने उत्पाद/सुझाव का परीक्षण करने की सुविधा प्राप्त होगी।
- ध्यातव्य है कि 'बम्बई स्टॉक एक्सचेंज' एशिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज है, जिसकी स्थापना 1875 में की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/markets/stocks/news/bse-sets-up-innovation-sandbox-web-portal/articleshow/80588521.cms

वर्चुअल इंटेलिजेंस टूल-तेजस

प्रश्न-28 जनवरी, 2021 को किसने नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरेटेड (NICSI) की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर वर्चुअल इंटेलिजेंस टूल- 'तेजस' लांच किया?

(a) जितेन्द्र सिंह (b) प्रकाश जावड़ेकर (c) रविशंकर प्रसाद (d) अमित शाह

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरीं, 2021 को केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकार्पोरेटेड (NICSI) की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल इंटेलिजेंस टूल 'तेजस' लांच किया।
- यह टूल नागरिकों को नीतिगत निर्णयों और सरकारी सेवाओं एवं उनके वितरण से जुड़ी दक्षता में सुधार के उद्देश्य से सार्थक जानकारी जुटाने हेतु उपलब्ध डेटा के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने में मददगार होगा।
- इसके अलावा रविशंकर प्रसाद ने ई-नीलामी भारत (यह सरकारी संस्थानों की इलेक्ट्रॉनिक फॉरवर्ड और रिवर्स नीलामी आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से 24×7 ऑनलाइन सेवा उपलब्ध कराएगी) और 'वर्क फ्रॉम एनीवेयर' पोर्टल का भी शुभारंभ किया।
- यह पोर्टल महामारी के दौरान सोशल डिस्टैंसिंग और काम की सुगमता सुनिश्चित करने हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संचार की सुविधा उपलब्ध कराएगा।
- नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज इंकॉर्पोरेटेड, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) के अधीनस्थ सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है।

- इसका प्राथमिक कार्य केंद्र एवं राज्य सरकारों और देश भर के अन्य सार्वजनिक उपक्रमों को ई-गवर्नेंस से जुड़ी परियोजनाओं के लिए एंड-टू-एंड आईटी समाधान प्रदान करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1692955

उच्च गतिशीलता वाहनों की आपूर्ति हेतु **BEML** को निर्देश

प्रश्न-जनवरी, 2021 में रक्षा मंत्रालय द्वारा किस रक्षा उपकरण निर्माता कंपनी को 758 करोड़ रुपये मूल्य के उच्च गतिशीलता वाहनों की आपूर्ति के लिए आदेश दिया गया है?

(a) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (b) हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड
(c) टाटा एडवांस्ड (Advanced) सिस्टम (d) भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2021 में रक्षा मंत्रालय द्वारा 'भारत अर्थ मूवर्स लि.' नामक रक्षा उपकरण निर्माता कंपनी को भारतीय सेना हेतु उच्च गतिशीलता वाहनों की आपूर्ति के लिए आदेश दिया गया है।
- भारतीय सेना हेतु उच्च गतिशीलता वाहनों (High Mobility Vehicles) की लागत अनुमानत: 758 करोड़ रुपये है।
- गौरतलब है कि 'भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड' रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत 'समूह A' (Schedule A) में शामिल एक रक्षा उपकरण निर्माता कंपनी है। इसके अतिरिक्त यह बिजली, खनन एवं बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में भी सम्मिलित है।
- ध्यातव्य है कि इसे उपकरणों का निर्माण भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड के केरल में स्थित पलक्कड़ (Palakkad) प्लांट में किया जाएगा।
- भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड द्वारा इन उच्च गतिशीलता युक्त वाहनों की आपूर्ति भारतीय सेना को एक वर्ष की अवधि में (In a Span of a year) करेगी।
- ये वाहन भारतीय सेना के बख्तरबंद वाहनों (armoured Fighting Vechicles) सेना, गोला-बारूद तथा स्टोर्स को दूरदराज स्थित कठिन इलाकों के परिचालन क्षेत्रों में ले जाने में सक्षम होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/companies/news/beml-bags-order-for-the-supply-of-high-mobility-vehicles-to-indian-army-11609850994992.html

मास्टकार्ड द्वारा छोटे व मध्यम उद्यमों के लिए डिजिटल एक्सेलेरेशन की सुविधा का प्रारंभ

प्रश्न-जनवरी, 2021 में कौन-सी वैश्विक भुगतान प्रौद्योगिकी कंपनी ने अपने एशिया-प्रशांत वेब साइटों पर छोटे व मध्यम उद्यमों के लिए डिजिटल एक्सेलेरेशन की सुविधा प्रारंभ किया है?

(a) माइक्रोसॉफ्ट (b) मास्टरकार्ड (c) गूगल पे (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 18 जनवरी, 2021 को मास्टरकार्ड ने अपने एशिया-प्रशांत वेबसाइटों पर छोटे व मध्यम उद्यमों के लिए डिजिटल एक्सेलेरेशन (acceleration) की सुविधा प्रारंभ की है।
- मास्टरकार्ड द्वारा यह सुविधा छोटे व मध्यम उद्यमों को कोविड-19 महामारी से उबरने व भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है।
- मास्टरकार्ड द्वारा लघु व्यवसाय केंद्र के डिजिटल एक्सेलेरेशन की सुविधा सिंगापुर, मलेसिया, फिलीपींस, हांगकांग, भारत तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए अपने अंग्रेजी-भाषा की वेबसाइटों पर उपलब्ध कराई जाएगी।
- मास्टरकार्ड द्वारा इस सुविधा को भविष्य में चुनिंदा गैर-अंग्रेजी साइटों पर भी प्रारंभ किया जाएगा।
- छोटे व मध्यम उद्यमों हेतु संसाधनों को बढ़ाने के लिए मास्टरकार्ड ने लोकप्रिय वेबसाइट बिल्डर 'विक्स' (WIX) तथा जोहो (Zoho) के साथ साझेदारी की है, जो 60 मिलियन से अधिक यूजर्स के साथ क्लाउड सॉल्यूसन प्रोवाइडर उपलब्ध कराएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/small-biz/sme-sector/mastercard-launches-resource-site-to-support-digital-transformation-of-smes-in-asia-pacific/articleshow/80344750.cms?from=mdr

दिल्ली सरकार द्वारा नई 'स्कूल बैग नीति' लागू करने का निर्देश

प्रश्न-जनवरी, 2021 में दिल्ली सरकार ने सभी स्कूलों को नई 'स्कूल बैग नीति' लागू करने का निर्देश दिया है। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार करें-

(1) नई 'स्कूल बैग नीति' छात्रों के स्कूल बैंग के बोझ को कम करने पर आधारित है।

(2) नई 'स्कूल बैग नीति' राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के प्रावधानों के अनुरूप है।

(3) नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार छात्रों के बैग का वजन छात्रों के कुल भार का 15 प्रतिशत होगा।

(4) नई शिक्षा नीति के अनुसार कक्षा 1 व 2 के लिए कोई भी टेक्स्ट बुक अनिवार्य नहीं है।

उपर्युक्त दिए गए कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का परीक्षण करें-

(a) (1) व (2) सही हैं (b) (2) व (3) सही हैं

(c) केवल (1) सही हैं (d) केवल (3) सही हैं

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2021 में दिल्ली सरकार द्वारा स्कूलों को नई 'स्कूल बैग नीति' लागू करने का निर्देश दिया है।
- यह नीति छात्रों के स्कूल बैग के बोझ को कम करने पर आधारित है।
- नवीन निर्देशक के अनुसार स्कूल बैग का भारत 3.5-5Kg के मध्यम होना चाहिए।
- गौरतलब है कि नई 'स्कूल बैग नीति', नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (New National Education Policy) के अनुरूप है, जिसे शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिसंबर, 2020 में अधिसूचित किया गया।
- ध्यातव्य है कि अधिक वजन वाले स्कूल बैग, छात्रों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समस्या है, जिसके कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है।
- नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार कक्षा 1 से लेकर कक्षा 10 तक के छात्रों के लिए स्कूल बैग का वजन छात्रों के शरीर के कुल वजन का 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।
- इस नीति के अनुसार पूर्व-प्राथमिक कक्षा (Pre-Primary Class) के लिए कोई टेक्स्ट बुक अनिवार्य नहीं है, जबकि कक्षा 1 व 2 के लिए सिंगल नोटबुक होगी।
- इसके अतिरिक्त इस शिक्षा नीति में छात्रों द्वारा भारी वजन उठाने के लिए स्कूल बैग की निरंतर जांच करने, छात्रों तथा अभिभावकों को उचित प्रकार के स्कूल बैग के बारे में सूचित करने का प्रावधान निहित है।
- इसके अलावा छात्रों को बैग के दोनों स्ट्रैप्स (Straps) दोनों कंधों पर रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे बैग का वजन शरीर पर बराबर बंटा रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/city/delhi/delhi-govt-asks-schools-to-implement-new-school-bag-policy/articleshow/80118243.cms

सीएसआईआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस कम्युनिकेशन एंड पॉलिसी रिसर्च (CSIR-NIScPR)

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन द्वारा सीएसआईआर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस कम्युनिकेशन एंड पॉलिसी रिसर्च नामक नए संस्थान का उद्घाटन किया गया, यह किन दो संस्थानों का विलय करके बनाया गया है?

(a) राष्ट्रीय विज्ञान परिषद एवं भारतीय स्वरोजगार मिशन परिवार

(b) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद स्रोत: राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं सूचना श्रोत संस्थान एवं सीएसआईआर राष्ट्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और विकास संस्थान

(c) पुणे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एवं टेक्नâोलॉजी एवं डाटा टेक कॉलेज ऑफ कॉलेज

(d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 14 जनवरी, 2021 को केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने नई दिल्ली में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के नए संस्थान सीएसआईआर-राष्ट्रीय विज्ञान संचार नीति अनुसंधान संस्थान (CSIR-NISCPR) का उद्घाटन किया।
- यह नया संस्थान सीएसआईआर-राष्ट्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और विकास अध्ययन संस्थान तथा सीएसआईआर-राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं सूचना स्रोत संस्थान नामक दो प्रतिष्ठित संस्थानों के विलय के बाद स्थापित किया गया है।
- इस नए संस्थान का उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार नीति अनुसंधान और संचार के क्षेत्र में समझ विकसित करने के लिए वैश्विक स्तर पर सम्मानित थिंक टैंक और संसाधन केंद्र के रूप में उभरने की दृष्टि से दो संस्थानों की शक्ति को एकीकृत प्रारूप में संग्रहित करना है।
- वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान (CSIR) परिषद के महानिदेशक डॉ. शेखर सी. मंडे है।
- वैज्ञानिक और औद्योगिकी अनुसंधान परिषद का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1688585

भारत में बर्ड फ्लू का पुन: आगमन

प्रश्न-भारत में बर्ड फ्लू की नई लहर के कारण मध्य प्रदेश में इस रोग के किस विषाणु के कारण अनेक कौवे मारे गए हैं?

(a) H5NI (b) H5N2 (c) H5N4 (d) H5N8

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2021 के प्रारंभ में भारत में बर्ड फ्लू के कारण विभिन्न राज्येां में अनेक पक्षी की अचानक मृत्यु हो गयी।
- भारत में वर्तमान में बर्ड फ्लू का प्रकोप, हिमाचल प्रदेश में जंगली गीज, केरल में बत्तख, राजस्थान और मध्य प्रदेश में कौवों की मृत्यु के रूप में पाया गया है।
- पिछले कुछ दिनों में हरियाणा में भी एक लाख से अधिक पोल्ट्री पक्षियों की मृत्यु हो गई।
- अभी तक भारत में पांच राज्यों में बर्ड फ्लू के मामले पाए गए हैं-ये राज्य हैं राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, केरल और हरियाणा।
- केरल सरकार ने हाल ही में बर्ड फ्लू (Avian Influenza) को राज्य आपदा घोषित कर दिया है।
- केरल में बर्ड फ्लू की इस वर्तमान लहर के कारण 1700 के लगभग बत्तखों की मृत्यु हो गई।
- वर्तमान बर्ड फ्लू प्रकोप की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए केरल सरकार ने बड़ी संख्या में बत्तखों एवं मुर्गों को मरवा दिया है।
- बर्ड फ्लू वायरस के वर्तमान H5N8 स्ट्रेन के कारण मध्य प्रदेश में बड़ी संख्या में कौवे तथा हिमाचल प्रदेश के पोंग डैम अभयारण्य में आए प्रवासी पक्षियों की मौत हुई है।
- राजस्थान में, कोटा और बारां क्षेत्र में भी अनेक पक्षी इस संक्रमण के कारण मृत पाए गए है।
- H5N8 विषाणु से मध्य प्रदेश में जनवरी प्रथम सप्ताह तक लगभग 400 पक्षियों की मौते दर्ज की गयी थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.firstpost.com/india/bird-flu-confirmed-in-dead-crows-found-in-madhya-pradeshs-mandsaur-and-agar-malwa-districts-9174961.html#:~:text=Bhopal%3A%20After%20Indore%2C%20bird%20flu,an%20official%20said%20on%20Tuesday.&text=Since%2023%20December%2C%202020%2C%20about,the%20Public%20Relations%20Department%20official.

इसरो द्वारा अटल टिकरिंग लैब्स को अपनाना

प्रश्न-11 जनवरी, 2021 को एक ऑनलाइन कार्यक्रम में अटल नवाचार मिशन, नीति आयोग और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा की गई घोषणा के अनुसार इसरो देश के कितने अटल टिकरिंग लैब्स (एटीएल) को अपनाएगा?

(a) 50 (b) 75 (c) 100 (d) 105

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 11 जनवरी, 2021 को एक ऑनलाइन कार्यक्रम में अटल नवाचार मिशन, नीति आयोग और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने घोषणा की कि इसरो देश के 100 अटल टिकरिंग लैब्स (एटीएल) को अपनाएगा।
- इसरो द्वारा इन अटल टिकरिंग लैब्सों को अपनाने का उद्देश्य स्कूली छात्रों के लिए एसटीईएम, अंतरिक्ष शिक्षा और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से संबंधित नवाचारों के क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देना है।
- 100 एटीएल देश में इसरो की मौजूदगी के अनुसार भौगोलिक रूप से स्थापित किए गए हैं।
- इन्हें अपने से इसरो आत्मनिर्भर भारत के एक हिस्से में छात्रों के अंतरिक्ष के सपनों को आगे बढ़ाने तथा उन्हें इसमें जोड़ने की दिशा में एक छोटा कदम उठा रहा है।
- इसरो केंद्रों के वैज्ञानिक और इंजीनियर क्षमता निर्माण कार्यक्रम कार्यालय, इसरो मुख्यालय के साथ नजदीकी समन्वय में, छात्रों का सक्रिय रूप से संरक्षण करने के साथ-साथ प्रयोगों को प्रोत्साहित करने, विचारों पर विचार-विमर्श करने और अंतरिक्ष गतिविधियों में जागरूकता पैदा करने के लिए एटीएल में शिक्षकों के साथ बातचीत भी करेंगे।
- नीति आयोग अटल नवाचार मिशन के माध्यम से अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति के लिए इसरो के साथ सहयोग कर रहा है, जिसमें एआरआईएसई, अटल इन्क्यूबेशन सेंटर, अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर्स और अटल टिकरिंग लैब्स शामिल हैं।
- इससे पूर्व अटल नवाचार मिशन ने भारतीय एमएसएमई और स्टार्टअप में व्यावहारिक अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहन देने हेतु 4 अन्य मंत्रालयों के साथ आत्मनिर्भर भारत एआरआईएसई एनआईसी पहल के लिए दूसरों के साथ सहयोग किया है।
- उल्लेखनीय है कि एक अटल टिकरिंग लैब्स ऐसा कार्य स्थल उपलब्ध कराता है, जहां युवा डू-इट योअरसेल्फ मोड के आधार पर अपने विचारों को आकार प्रदान करने के साथ-साथ नवाचार कौशल सीख सकते हैं।

- उद्यमशीलता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग ने देश में 7000 से अधिक एटीएल की स्थापना की है।
- इस एटीएल में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के 30 लाख से अधिक छात्र समस्याओं का समाधान, टिकरिंग और नवाचार ज्ञान प्राप्त करते हैं।
- इस सहयोग के माध्यम से इसरो 21 वीं सदी की अंतरिक्ष से संबंधित आधुनिक प्रौद्योगिकियों में छात्रों को कोचिंग और मेंटरिंग की सुविधा प्रदान करेगा।
- ये छात्र न केवल सैद्धांतिक, अपितु इलेक्ट्रॉनिक्स, भौतिकी, प्रकाशिकी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, सामग्री विज्ञान और अन्य अनेक अंतरिक्ष शिक्षा से संबंधित अवधारणाओं और एसटीईएम का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1687635

सीमा पर तैनात जवानों को मिलेगी खादी की दरियां

प्रश्न-निम्नलिखित में से किस सुरक्षा बल ने सीमा पर तैनात जवानों के लिए खादी की दरी उपलब्ध कराने हेतु समझौता- ज्ञापन किया है?

(a) बी.एस.एफ (b) आई.टी.बी.पी (c) थल सेना (d) सी.आर.पी.एफ

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 6 जनवरी, 2021 को आई. टी.बी.पी ने अपने जवानों के लिए खादी की दरियों की आपूर्ति हेतु एक समझौता ज्ञापन किया।
- इस संबंध में इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस ने खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- उल्लेखनीय है कि आईटीबीपी चीन की सीमा से लगे 3,448 किलोमीटर लंबे पर्वतीय क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) की सुरक्षा में तैनात है।
- इस समझौता ज्ञापन में इंडो-तिब्बत वॉर्ड पुलिस ने खादी ग्रामोद्योग आयोग से 1 लाख 71 हजार 520 दरियों की मांग रखी है।
- यह समझौता एक साल के लिए किया गया है जिसके बाद इसका पुन: नवीनीकरण किया जायेगा।
- आई.टी.बी.पी के अनुसार एजेंसी, विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के लिए खादी ग्रामोद्योग आयोग Khadi and Village Industries Commission-KVIC) से 8.73 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की खादी की दरियां खरीदेगी।

- केंद्र सरकार द्वारा पिछले वर्ष ही घोषणा की जा चुकी है कि सीएपीएफ की कैंटीन में सिर्फ 'स्वदेशी' या देश में ही निर्मित उत्पादों की बिक्री की जाएगी।
- एक जानकारी के अनुसार सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज (CAPF) के सभी अस्पतालों के लिए खादी ग्रामोद्योग (KVIC) के चादर और तकिए के खोल खरीदने को प्रक्रिया पर भी काम चल रहा है।
- इन केंद्रीय बलों (Central Forces) में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए खादी ग्रामोद्योग से ऐसे और समान खरीदे जाएंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1686532

माल ढुलाई उपभोक्ता पोर्टल का प्रारंभ

प्रश्न-जनवरी, 2021 में माल ढुलाई उपभोक्ताओं की सभी आवश्यकतों को पूरा करने के लिए वन स्टॉप सॉल्यूरान के रूप में 'माल ढुलाई उपभोक्ता पोर्ट' (Freight Business Development Portal) का उद्घाटन किसके द्वारा किया गया?

(a) नितिन गडकरी (b) प्रहलाद सिंह पटेल (c) पीयूष गोयल (d) डॉ. जितेंद्र सिंह

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 5 जनवरी, 2021 को केंद्रीय रेल मंत्री पीयूष गोयल द्वारा माल ढुलाई उपभोक्ताओं की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु वन स्टॉप सॉल्यूसन के रूप में 'माल ढुलाई उपभोक्ता पोर्टल' का उद्घाटन किया गया।
- इस पोर्टल के माध्यम से माल परिवहन की प्रक्रिया को सरल बनाने, आपूर्तिकर्ताओं के लिए ऑनलाइन ट्रैकिंग सुविधा सुनिश्चित करने ताकि लॉजिस्टिक्स प्रदान करने वालों की लागत में कमी लाने का प्रयास किया जाएगा।
- इस पोर्टल का विकास, वर्तमान तथा नये उपभोक्ताओं की अलग-अलग आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस पोर्टल का फोकस व्यापार-सुगमता, पारदर्शिता लाने तथा पेशेवर समर्थन प्रदान करने पर आधारित है।
- गौरतलब है कि इस पोर्टल का विकास भारत सरकार के 'डिजिटल इंडिया मिशन' के अनुरूप एक बड़ा कदम है। इससे माल ढुलाई में न केवल सुगमता आएगी बल्कि लागत में भी कमी आएगी।
- इस पोर्टल पर टर्मिनल अनुकूल वैगन, माल ढुलाई शुल्क, अनुमानित समय तथा चुनिंदा सामग्री के लिए प्रोत्साहन योजनाएं शामिल हैं।

- गौरतलब है कि भारतीय रेलवे के लिए दिसंबर, 2020 में आय तथा लोडिंग के संदर्भ में माल ढुलाई आंकड़े उत्साहवर्धक रहे हैं।
- दिसंबर, 2020 में भारतीय रेलवे द्वारा लोडिंग 118.13 मिलियन टन रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की लोडिंग (108.84 मिलियन टन) की तुलना में 8.54 प्रतिशत अधिक है।
- इस दौरान भारतीय रेलवे द्वारा माल ढुलाई से 11788.11 करोड़ रुपये अर्जित किए, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि (6.87%) (11030.37 करोड़) से 757.74 करोड़ रुपये अधिक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1686228

प्रवासी श्रमिक प्रकोष्ठ (Migrant Workers Cell)

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुजरात के किस शहर में प्रवासी श्रमिक प्रकोष्ठ का उद्घाटन किया?

(a) कच्छ (b) सूरत (c) बनासकाठा (d) गांधीनगर

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 4 जनवरी, 2021 को केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सूरत के उधना में एक प्रवासी श्रमिक प्रकोष्ठ का उद्घाटन किया।यह पहल सूरत नगर निगम द्वारा ओडिशा से तथा देश के अन्य राज्यों से आए प्रवासी मजदूरों की सहायता के लिए है।
- सूरत नगर निगम द्वारा देश में पहली बार 'राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन' के तहत प्रवासी श्रमिक प्रकोष्ठ बनाया गया।हाल ही में कोविड-19 से जुड़े लॉकडाउन अवधि के दौरान ऐसे प्रकोष्ठ की आवश्यकता पड़ी थी।सूरत प्रवासी श्रमिकों को किराए पर किफायती आवास इकाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने वाला पहला जनपद है।सूरत में प्रवासी श्रमिकों को उनके कौशल के आधार पर वर्गीकृत किया जाएगा।इन श्रमिकों को सरकार की स्थानीय योजनाओं से भी जोड़ा जायेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/News?title=Union-Minister-Dharmendra-Pradhan-inaugurates-migrant-worker-cell-in-Surat&id=407275

भारत और पाकिस्तान द्वारा परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान

प्रश्न-जनवरी, 2021 तक भारत और पाकिस्तान ने एक पूर्व समझौते के तहत अपने नाभिकीय प्रतिष्ठानों की सूची का कितनी बार आदान-प्रदान किया है?

(a) 27 (b) 28 (c) 30 (d) 25

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 1 जनवरी, 2021 को भारत और पाकिस्तान ने एक समझौते के तहत अपने नाभिकीय प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया।
- दोनों देशों के बीच इस तरह की सूची का यह लगातार 30वां आदान-प्रदान है।
- ϖइस सूची का पहला आदान-प्रदान 1 जनवरी, 1992 को हुआ था।
- भारत और पाकिस्तान के मध्य परमाणु प्रतिष्ठानों एवं सुविधाओं के खिलाफ हमले पर प्रतिबंध' समझौते के तहत दोनों देशों ने अपनी नाभिकीय ठिकानों की सूची का आदान-प्रदान किया।
- यह समझौता 31 दिसंबर, 1988 को हस्ताक्षरित किया गया था।
- इसे 27 जनवरी, 1991 को लागू किया गया था।
- इस समझौते में कहा गया कि दोनों देश एक-दूसरे के नाभिकीय ठिकानों पर हमला नहीं करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/33356/India_and_Pakistan_exchanged_list_of_Nuclear_Installations

जीरो कूपन बांड

प्रश्न-दिसंबर, 2020 को भारत सरकार द्वारा किस बैंक के पुनर्पूजीकरण हेतु जीरो कूपन बांड जारी किया गया है?

(a) बैंक ऑफ इंडिया (b) इंडिया बैंक (c) सेंटर बैंक ऑफ इंडिया (d) पंजाब और सिंद बैंक

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 को भारत सरकार द्वारा पंजाब और सिंध बैंक के पुनर्पूजीकरण हेतु जीरो कूपन बांड जारी किया गया।
- यह बैंकों के पुनर्पूजीकरण हेतु एक नया वित्तीय नवाचार है।

- जीरो कूपन बांड, 5500 करोड़ रुपये की कीमत के गैर-ब्याज धारक बाड्स के रूप में जारी किया गया है।
- जीरो कूपन बांड, भारत सरकार की गैर-ब्याज धारक, गैर-हस्तांतरणीय विशेष प्रतिभूतियां हैं।
- इस बांड की परिपक्वता अवधि सामान्यत: 10 से 15 वर्ष होगा।
- यह बांड व्यापार योग्य नहीं है तथा न ही इसका हस्तांतरण किया जा सकता हैं।
- इस बांड को RBI के दिशा-निर्देशानुसार बैंक की परिपक्व प्रतिभूतियों की श्रेणी में शामिल किया जाता हैं।
- इस बांड को परिपक्वता अवधि तक के लिए खरीदा जाता है।
- इसकी गणना अंकित मूल्य के आधार पर की जाती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/govt-re-caps-punjab-sind-bank-via-zero-coupon-bonds/article33419614.ece

गुजरात सौर ऊर्जा नीति, 2021

प्रश्न-हाल ही में घोषित गुजरात सौर ऊर्जा नीति, 2021 का उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों की बिजली की लागत को लगभग कितना कम करना है?

(a) 30 प्रतिशत (b) 50 प्रतिशत (c) 20 प्रतिशत (d) 60 प्रतिशत

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 29 दिसंबर, 2020 को गुजरात सरकार ने राज्य की सौर ऊर्जा नीति, 2021 की घोषणा की।
- गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपणी ने अगले पांच वर्षों के लिए इस नीति की घोषणा की है।
- सौर ऊर्जा नीति, 2021 का उद्देश्य राज्य में सौर परियोजना स्थापित करने के लिए किसी भी क्षमता सीमा को निरस्त करते हुए औद्योगिक इकाइयों की बिजली लागत को 50% तक कम करना है।
- इस नीति के तहत सरकार द्वारा उपभोक्ताओं को अपने परिसर या छत को सौर ऊर्जा उत्पादन हेतु तीसरे पक्ष (Third Party) को स्थान पट्टे पर देने की छूट दी जाएगी।
- इस नीति के तहत उपभोक्ता अपने परिसर में उत्पादित सौर ऊर्जा आधारित बिजली के अतिरिक्त
- हिस्से को बेचने के भी हकदार होंगे।
- सौर ऊर्जा नीति, 2021 के प्रमुख उद्देश्य:-

(i) इससे उद्योगों के लिए उत्पादन लागत में कमी आएगी।

(ii) यह 'मेड इन गुजरात ब्रांड' की वैश्विक बाजार में उपस्थिति बढ़ाने में सहायक होगी।

- नई सौर ऊर्जा नीति, 2021 सौर ऊर्जा संयंत्र के आकार से प्रतिबंध हटाने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को अपने घर की छत इस हेतु इस्तेमाल करने की अनुमति प्रदान करती है।
- नई नीति के अनुसार सरकार, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, और आवासीय उपभोक्ताओं से अधिशेष ऊर्जा की खरीद भी कर सकेगी।
- इस नीति के तहत राज्य के बिजली उपभोक्ता अपनी अतिरिक्त सौर ऊर्जा को 2.25 रुपये/यूनिट के हिसाब से बेच भी सकेंगे।
- वर्ष 2022 तक हरित ऊर्जा के माध्यम से 30000 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य गुजरात सरकार ने निर्धारित किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/india/gujarat-solar-power-policy-2021-states-new-solar-power-policy-removes-capacity-ceiling-for-setting-up-plant-7125126/#:~:text=Chief%20Minister%20Vijay%20Rupani%20announced,a%20solar%20project%20in%20Gujarat.

पंजाब राज्य डेटा नीति

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य ने 'डेटा नीति' को मंजूरी दी है?

(a) जम्मू-कश्मीर (b) मध्य प्रदेश (c) पंजाब (d) हिमाचल प्रदेश

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 30 दिसंबर, 2020 को पंजाब सरकार ने 'पंजाब राज्य डेटा नीति' को मंजूरी दी।
- इस नीति का उद्देश्य सेवा वितरण एवं सरकारी योजनाओं तक आम नागरिकों की पहुंच को अनुकूल करना है।
- पंजाब सरकार इस नीति के माध्यम से राज्य की योजनाओं पर नजर रखती है।
- पंजाब अब एक व्यापक डेटा नीति तैयार करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है।
- यह नीति पंजाब राज्य में एकीकृत और अंतर-संचारित डेटा अवसरंचना का निर्माण करेगी।
- इससे राज्य में सरकारी संगठनों, विभागों और संस्थाओं द्वारा उत्पन्न आकंड़ों की उपयोगिता एवं महत्व की पहचान होगी।

- यह नीति राज्य के नागरिकों के लिए प्रभावी, कुशल, पारदर्शी और सुलभ सेवा सुव्यवस्थित करने में मार्गदर्शन करेगी।
- इससे सरकारी आकड़ों को जानने व साझा करने की सुविधा प्राप्त होगी।
- यह नीति उन आकड़ों को संग्रहित करने में मदद करेगी जो विकास कार्यक्रमों, वैज्ञानिक अनुसंधानों और आपदाओं के प्रबंधन में निगरानी करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://diprpunjab.gov.in/?q=content/cabinet-okays-punjab-state-data-policy-aimed-optimal-use-data-governance#:~:text=Chandigarh%2C%20December%2030%3A,and%20efficient%20access%20to%20services.

रिमोट सेंसिंग उपग्रह-याओगन-33

प्रश्न-हाल ही में लांच किए गए नए रिमोट सेंसिंग उपग्रह याओगन-33 का संबंध निम्नलिखित में किस देश से है?

(a) जापान (b) चीन (c) दक्षिण कोरिया (d) उत्तर कोरिया

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 27 दिसंबर, 2020 को चीन ने याओगन-33 नामक एक रिमोट सेंसिंग उपग्रह लांच किया।
- इस उपग्रह को चीन ने अपने लांग मार्च-4 सी रॉकेट द्वारा निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है।
- चीन की समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, उपग्रह को उत्तर-पश्चिम चीन के जियुकान सैटेलाइट लांच सेंटर से प्रक्षेपित किया गया।
- यह लांग मार्च वाहक रॉकेट शृंखला का 357 वां मिशन था।
- मिशन के तहत एक सूक्ष्म और नैनो प्रौद्योगिकी प्रयोग उपग्रह को भी कक्षा में भेजा गया है।
- दोनों उपग्रहों का उपयोग वैज्ञानिक प्रयोगों, भूमि-संसाधन सर्वेक्षण, फसल उपज अनुमान और आपदा रोकथाम तथा इनमें कमी लाने संबंधी उपायों के लिए भी किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.businesstoday.in/current/world/china-launches-remote-sensing-satellite-yaogan-33/story/426233.html

भारत का पहला सोशल इम्पैक्ट बांड

प्रश्न-दिसंबर, 2020 में पिंपरी-चिंचवाड़ नगर-निगम (PCMC) द्वारा भारत के पहले 'सोशल इम्पैक्ट बॉण्ड' के निर्माण के लिए किसके साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है?

(a) डब्ल्यू.एच.ओ (b) क्रिसिल (c) यूनेस्को (d) यूएनडीपी-इंडिया

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2020 में पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम (PCMC) द्वार भारत के पहले 'सोशल इम्पैक्ट बॉण्ड (Social Impact Bond) के निर्माण के लिए 'यूएनडीपी-इंडिया' (United Nation Development Programme-India) के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है।
- इस तरह के बॉण्ड अनुबंध के प्रारंभ में प्राप्त किए जाने वाले परिणाम आधारित लक्ष्य को पूरा करते हैं।
- यह सुविधा निवेशकों के लिए परिणाम की प्रगति को ट्रैक करने की अनुमति प्रदान करता है।
- यह तंत्र यह भी सुनिश्चित करता है कि धन का उपयोग परियोजना के लिए प्रभावी ढंग से तथा कुशलता से किया जाय।
- यह -सोशल इम्पैक्ट बॉण्ड' न्यूनतम निवेश जोखिम को कम करते हुए महामारी के संबंध में अपने नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में पिंपरी-चिंचवाड़ नगर-निगम का समर्थन करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/undp-and-pimpri-chinchwad-municipal-corporation-to-co-create-indias-first-social-impact-bond/articleshow/80012354.cms

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आकाश मिसाइल प्रणाली के निर्यात को मंजूरी दी

प्रश्न-30 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आकाश मिसाइल प्रणाली के निर्यात को मंजूरी दी। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) यह हवा-से-हवा में मार करने वाली एक मिसाइल है।

(ii) इस मिसाइल को वर्ष 2014 में भारतीय वायु सेना तथा वर्ष 2015 में भारतीय सेना में शामिल किया गया था।

(iii) इसके साथ ही, इसके निर्यातों की त्वरित मंजूरी के लिए एक समिति गठित की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं?

कूट-

(a) केवल (ii) एवं (iii) (b) केवल (i) एवं (iii) (c) केवल (i) एवं (ii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 30 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आकाश मिसाइल प्रणाली के निर्यात को मंजूरी दी है।
- यह सतह से हवा में मार करने वाली एक मिसाइल है।
- इसकी मारक क्षमता 25 किमी. तक है।
- इस मिसाइल को वर्ष 2014 में भारतीय वायु सेना तथा वर्ष 2015 में भारतीय सेना में शामिल किया गया था।
- आकाश मिसाइल का निर्यात संस्करण वर्तमान में भारतीय सशस्त्र बलों में तैनात सिस्टम से भिन्न होगा।
- आकाश के अलावा, अन्य प्रमुख प्लेटफॉर्मों जैसे तटीय निगरानी प्रणाली, रडार और एयर प्लेप्टफार्मों में भी रुचि दिखाई जा रही है।
- ऐसे प्लेटफॉर्मों के निर्यात के लिए तेजी से अनुमोदन प्रदान करने के लिए, रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की एक समिति गठित की गई है।
- यह समिति विभिन्न देशों के लिए प्रमुख स्वदेशी प्लेटफॉर्मों के निर्यात को अधिकृत करेगी।
- समिति एक सरकार से दूसरी सरकार द्वारा खरीद सहित विभिन्न उपलब्ध विकल्पों का भी पता लगाएगी।
- भारत सरकार ने 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के रक्षा निर्यात के लक्ष्य को प्राप्त करने और मित्र देशों के साथ रणनीतिक संबंधों को बेहतर बनाने के लिए उच्च मूल्य वाले रक्षा प्लेटफॉर्मों के निर्यात पर ध्यान केंद्रित करने का विचार किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1684667

भारत द्वारा तटीय निगरानी नेटवर्क का विस्तार

प्रश्न-दिसंबर-2020 में भारत तटीय निगरानी नेटवर्क के तहत अपने क्षेत्र का विस्तार करने की योजना बना रहा है। इससे संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

(1) भारत द्वारा इस योजना के तहत मालदीव, भूटान तथा नेपाल में तटीय रडार स्टेशन स्थापित करने की योजना बना रहा है।

(2) भारत द्वारा मॉरीशस, सेशेल्स तथा श्रीलंका को पहले ही तटीय निगरानी नेटवर्क में शामिल कर लिया है।

(3) तटीय रडार श्रंखला नेटवर्क के पहले चरण के तहत46 कुल तटीय रडार स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

(4) इस श्रंखला के दूसरे चरण के तहत 56 तटीय रडार स्टेशन स्थापित करना है।

इनमें से सत्य कथन का चुनाव करे-

(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3 (c) 3 एवं 4 (d) 1 एवं 4

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर 2020 में भारत द्वारा तटीय निगरानी नेटवर्क (Coastal Surveillance Network) के अंतर्गत अपने क्षेत्र का विस्तार करने की योजना बनायी गई है।
- इस विस्तारित योजना के तहत भारत द्वारा मालदीव, म्यांमार तथा बांग्लादेश में तटीय रडार स्टेशन स्थापित करने हेतु योजना बना रहा है।
- इस क्षेत्र में तटीय निगरानी नेटवर्क को स्थापित करने से तटीय रडार नेटवर्क का विस्तार होगा, जिसके द्वारा खुले सागरों के खतरों से वास्तविक समय में निगरानी करने में सक्षमता प्राप्त होगी।
- यह हिंद महासागर के तटवर्ती देशों में क्षमता निर्माण के लिए भारत की सहायता का विस्तार करेगा।
- भारत द्वारा तटीय रडार नेटवर्क के पहले चरण के तहत मॉरीशिस, सेशेल्स तथा श्रीलंका को पहले ही तटीय निगरानी नेटवर्क में शामिल किया जा चुका है।
- तटीय रडार श्रंृखला नेटवर्क के प्रथम चरण के तहत देश के समुद्र तट पर 46 तटीय रडार स्टेशन स्थापित किए गए हैं।
- इस श्रंृखला के दूसरे चरण के तहत 38 स्थैतिक रडार स्टेशन तथा 4 मोबाइल रडार स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं, जो पूरा होने के अंतिम चरण में हैं।
- गौरतलब है कि गुरुग्राम स्थित भारतीय नौसेना सूचना प्रबंधन एवं विश्लेषण केंद्र, (I MAC) जिसे 26 नवंबर, 2008 को हुए मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद स्थापित किया गया था, समुद्री डेटा संलयन के लिए नोडल एजेंसी है।
- खुले सागर में यातायात से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान के भाग के रूप में सरकार द्वारा नौसेना को 36 देशों तथा तीन बहुपक्षीय संगठनों के साथ 'व्हाइट शिपिंग एग्रीमेंट' करने के लिए अधिकृत किया गया है।
- ध्यातव्य है कि अब तक 22 देशों तथा एक बहुपक्षीय संगठन के साथ समझौते सम्पन्न किए जा चुके हैं।

- समुद्री क्षेत्र में जागरुकता को बढ़ावा देने वाले 'हिंद महासागर क्षेत्र हेतु सूचना संलयन केंद्र' में शीघ्र ही तीन अंतरर्राष्ट्रीय सम्पर्क अधिकारियों के सम्मिलित होने का अनुमान है।
- गौरतलब है कि फ्रांस, जापान तथा अमेरिका के अंतरर्राष्ट्रीय संपर्क अधिकारी 'हिंद महासागर क्षेत्र हेतु सूचना संलयन केन्द्र' में शामिल हो चुके है।
- हिंद महासागर क्षेत्र हेतु सूचना केन्द्र को भारतीय नौसेना द्वारा दिसंबर, 2018 में हरियाणा के गुरुग्राम में 'सूचना प्रबंधन और विश्लेषण केन्द्र में स्थापित किया गया है।'
- इसका उद्देश्य हिन्द महासागर क्षेत्र में विभिन्न देशों के साथ समुद्री सुरक्षा के लिए कार्य करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/india-looks-at-integrating-more-countries-into-coastal-radar-network/article33379243.ece

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा नए भारतीय मिशन खोलने को मंजूरी

प्रश्न-30 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2021 में कितने नए भारतीय मिशन खोलने को मंजूरी दी है?

(a) 2 (b) 4 (c) 3 (d) 7

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 30 दिसंबर, 2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2021 में 3 नए भारतीय मिशन खोलने को मंजूरी दी है।
- मंत्रिमंडल ने एस्टोनिया, पराग्वे और डोमिनिकन गणराज्य में 3 भारतीय मिशन खोलने को मंजूरी दी।
- इन देशों में भारतीय मिशन खोलने से भारत की विदेश नीति उद्देश्यों के लिए निम्न प्रमुख विषयों पर समर्थन जुटाने में मदद मिलेगी-

i. भारत का राजनयिक, दायरा बढ़ाने एवं राजनीतिक संबंधों को मजबूत करने में
ii. द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और आर्थिक जुड़ाव में विकास को सक्षम करने में
iii. लोगों से लोगों के मजबूत संपर्कों को कायम करने में
iv. बहुपक्षीय मंचों में राजनीतिक पहुंच को बढ़ावा देने में आदि।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1684621

एयर एशिया इन्वेस्टमेंट लिमिटेड में हिस्सेदारी का अधिग्रहण

प्रश्न-29 दिसंबर, 2020 को एयर एशिया बेरहाद (Berhad) ने एयर एशिया (इंडिया) लिमिटेड की पूर्ण स्वात्वि वाली सहायक कंपनी एयर एशिया इन्वेस्टमेंट लिमिटेड में अपने कितनी प्रतिशत इक्विटी शेयरों की बिक्री करने की घोषणा की?

(a) 25.37 (b) 30.25 (c) 32.67 (d) 33.78

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 29 दिसंबर, 2020 को एयर एशिया ग्रुप बेरहाद (Berhad) ने घोषणा की कि वह एयर एशिया (इंडिया) लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एयर एशिया इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (एसआईएल) में अपनी 32.67 प्रतिशत इक्विटी शेयरों की बिक्री करेगा।
- 32.67 प्रतिशत इक्विटी शेयरों को टाटा संस लिमिटेड 37.6 मिलियन डॉलर राशि में खरीदेगा।
- इसके बाद टाटा संस लिमिटेड की एयर एशिया (इंडिया) लिमिटेड में हिस्सेदारी बढ़कर 83.67 प्रतिशत हो जाएगी।
- वर्तमान में टाटा संस लिमिटेड की इस विमानन कंपनी में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है।
- एयर एशिया बेरहाद अपनी बची हुई 16.33 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री हेतु दो चरणों पुट ऑप्शन लाएगी।
- इस सौदे के मार्च, 2021 के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है, और यदि ऐसा नहीं होते है, तो समझौते के अनुसार टाटा संस इस सौदे को रद्द कर सकती है।
- विमानन वफनी एयरएिशया (इंडिया) लिमिटेड टाटा संस लिमिटेड और एयर एशिया बेहरहाद का एक संयुक्त उपक्रम है।
- इसका मुख्यालय बंगलुरू में स्थित है।
- यह 30 एयर बस ए 320 विमानों के साथ भारत भर में 19 घरेलू गंतव्यों के लिए उड़ान संचालित करती है।एयर एशिया मलेशिया और थाईलैंड से भारत के 9 गंतव्यों के लिए 100 से अधिक साप्ताहिक उड़ाने संचालित करता है।
- एयर एशिया गुरुप द्वारा बंगलुरू में क्षेत्रीय प्रौद्योगिकी केंद्र भी संचालित किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/business/2020/dec/29/tata-sons-to-acquire-3267-per-cent-more-in-airasia-india-for-usd-3766-million-2242759.html

सुशासन दिवस के अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाएं

प्रश्न-25 दिसंबर, 2020 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा कई योजनाओं की घोषणा की गई। विकल्प में इस दिन घोषित योजनाओं में कौन योजना शामिल नहीं है?

(a) सूक्ष्म सिंचाई से हर खेत में पानी की योजना (b) मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना

(c) हरियाणा जमा धन प्रत्याभूति योजना (d) म्हारा गांव-जगमग गांव योजना

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 25 दिसंबर, 2020 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने महामना पंडित मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर मनाए जा रहे सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में अनेक घोषणाएं की।
- मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वर्ष 2021 को 'सुशासन परिणाम वर्ष' के रूप में मनाया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 'सूक्ष्म सिंचाई से हर खेत में पानी योजना' की घोषणा की।
- इस योजना के तहत किसानों को उनके खेत पर ही नहरी पानी आधारित तथा सीवरेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) द्वारा उपचारित पानी उपलब्ध होगा।
- इस योजना की शुरुआत 1 जनवरी, 2021 से पायलट परियोजना के आधार पर की गई है।
- 9 सीवरेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) तथा महेंद्रगढ़ (नारनौल), चरखी दादरी, भिवानी तथा फतेहाबाद जिलों की नहरों को चयनित किया गया है।
- इस परियोजना के पहले चरण में अनुमानित लागत 600 करोड़ रुपये होगी।
- मुख्यमंत्री ने बागवानी फसलों के लिए 'मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना' की घोषणा की।
- इस योजना के तहत किसानों की फसलों में प्रतिकूल मौसम में प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान की भरपाई सरकार करेगी।
- योजना के तहत 20 फसलों को शामिल किया गया है, जिसमें 14 सब्जियां, 2 मसाले (हल्दी, लहसुन) और 4 फल (आम, किन्नू, बेर, अमरूद) शामिल हैं।
- इस योजना के तहत फसलों की आश्वसत राशि 30,000 रुपये प्रति एकड़ सब्जियों व मसालों और फलों के लिए 40,000 रुपये प्रति एकड़ होगी।
- इसमें किसान का योगदान/हिस्सा आश्वस्त राशि का मात्र 2.5 प्रतिशत होगा।
- इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 'हरियाणा जमाधन प्रत्याभूति योजना' की घोषणा की।
- इस निधि का उपयोग हरियाणा राज्य में चिकित्सा एवं तकनीकी कोर्स सहित उच्चतर शिक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए शिक्षा ऋण उपलब्ध कराने हेतु किया जाएगा, जिससे वह चिंता मुक्त होकर फीस का भुगतान कर सकें।

- वित्त विभाग द्वारा सृजित किए जा रहे क्रेडिट गारंटी निधि के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण 7.5 प्रतिशत की दर पर उपलब्ध कराया जाएगा।
- विद्यार्थियों द्वारा बाद में ऋण का भुगतान नहीं कर पाने की स्थिति में उपर्युक्त निधि का उपयोग बैंकों के ऋण के पुतर्भुगतान करने हेतु किया जाएगा।
- कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने म्हारा गांव-जगमग गांव योजना के तहत प्रदेश के 202 और गांवों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति देने की घोषणा की।
- अब इस योजना के तहत 24 घंटे बिजली पाने वाले गांवों की संख्या 5080 हो गई है।
- स्वामित्व योजना के तहत मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 81 गांवों के 5437 लाभार्थियों को स्वत्व विलेख (टाइटिल डीड) वितरित किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://prharyana.gov.in/en/haryana-chief-minister-mr-manohar-lal-today-announced-that-the-coming-year-2021-would-be-observed

हरियाणा सरकार द्वारा अर्जुन , द्रोणाचार्य और अन्य प्राप्त व्यक्तियों की मानदेश राशि में वृद्धि

प्रश्न-25 दिसंबर, 2020 को हरियाणा सरकार ने अर्जुन, द्रोणाचार्य और ध्यानचंद अवॉर्ड प्राप्त व्यक्तियों का मानदेय 5000 रुपये मासिक से बढ़ाकर कितना कर दिया है?

(a) 10,000 रुपये (b) 15,000 रुपये
(c) 20,000 रुपये (d) 25,000 रुपये

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 25 दिसंबर, 2020 को सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अर्जुन अवॉर्डी, द्रोणाचार्य अवॉर्डी तथा ध्यानचंद्र अवॉर्डियों के मानदेय में वृद्धि तथा तेनजिंग नोर्गे अवॉर्डी और भीम अवॉर्डियों को मानदेय प्रदान करने की घोषणा की।
- अर्जुन, द्रोणाचार्य और ध्यानचंद अवॉर्डियों का मानदेय 5000 रुपये मासिक से बढ़ाकर 20,000 रुपये मासिक कर दिया गया है।
- बढ़ा हुआ मानदेय 1 जनवरी, 2021 से लागू होगा।
- इस निर्णय से प्रदेश के 80 अर्जुन अवॉर्डी, 15 द्रोणाचार्य अवॉर्डी तथा 9 ध्यानचंद अवॉर्डी लाभान्वित होंगे।

- हरियाणा सरकार ने राज्य के तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार विजेताओं को अर्जुन अवॉर्डी विजेताओं की तरह अब 20,000 रुपये की दर से प्रतिमाह मानदेय देने का निर्णय लिया है।
- सभी भीम पुरस्कार विजेताओं को भी 5,000 रुपये प्रतिमाह दर से मानदेय प्रदान किया जाएगा।
- इस निर्णय से राज्य के 3 तेनजिंग नोर्गे अवॉर्डी और 130 भीम अवॉर्डी लाभान्वित होंगे।
- ज्ञातव्य है कि हरियाणा वर्ष 2021 में पहली बार खेलों इंडिया, 2021 की मेजबानी करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://prharyana.gov.in/en/haryana-sports-and-youth-affairs-minister-mr-sandeep-singh-on-behalf-of-the-sportspersons-of-the

भारत-फ्रांस पर्यावरण वर्ष

प्रश्न-हाल ही में किस तिथि को 'वर्ष 2021:भारत फ्रांस पर्यावरण वर्ष' लांच किया गया?

(a) 28 जनवरी, 2021 (b) 30 जनवरी, 2021

(c) 31 जनवरी, 2021 (d) 25 जनवरी, 2021

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2021 को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और फ्रांस की इकोलॉजिकल ट्रांजिशन मंत्री बारबरा पोम्पिली ने नई दिल्ली में वर्ष 2021 को भारत-फ्रांस पर्यावरण वर्ष के रूप में लांच किया।इसका मुख्य उद्देश्य सतत विकास के क्षेत्र में भारत-फ्रांस सहयोग को मजबूत करना, वैश्विक पर्यावरण संरक्षण के पक्ष में होने वाली कार्रवाई के प्रभाव को बढ़ाना और इसे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है।
- वर्ष 2021-2022 तक आयोजित होने वाला यह 'भारत-फ्रांस पर्यावरण वर्ष' मुख्य रूप से निम्न 5 विषयों पर केंद्रित होगा-

(i) पर्यावरण संरक्षण (ii) जलवायु परिवर्तन (iii) जैव-विविधता संरक्षण (iv) सतत शहरी विकास और नवीकरणीय (v) ऊर्जा एवं ऊर्जा दक्षता का विकास।

- यह पर्यावरण और संबद्ध क्षेत्रों में सहभागिता से जुड़े महत्वपूर्ण क्षेत्रों के बारे में चर्चा करने का एक मंच भी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1692975